सूर्योदय 7:03 सूर्यास्त 5:19

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 6.8 न्यू | 18 अधि |
| धर्मशाला | 5.8 न्यू | 20.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 85,265.32 |
| निफ्टी | 26,033.75 |
| सोना 1,27,845 | चांदी 1,76,625 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 5 दिसंबर 2025 | 20 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 338, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### इंडिगो फ्लाइट में बम की धमकी से मचा हड़कंप

**एजेंसी, अहमदाबाद।** सऊदी अरब के मदीना से हैदराबाद जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट को बम की धमकी के बाद गुजरात के अहमदाबाद एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। पुलिस ने बताया कि बम की धमकी के कारण इंडिगो की मदीना-हैदराबाद उड़ान का रूट डायवर्ट कर उसे अहमदाबाद लाया गया। अधिकारी ने बताया कि इमरजेंसी लैंडिंग विमान में बम की सूचना के बाद कराई गई है। विमान को एक यात्री की संदिग्ध गतिविधियों के कारण इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। (अनंत ज्ञान)

### एसपी सीटीएस राजेश वर्मा सस्पेंड

**अनंत ज्ञान, शिमला।** प्रदेश सरकार ने एसपी सीटीएस (कम्युनिकेशन एंड टेक्निकल सर्विसेज) राजेश वर्मा को सस्पेंड कर दिया है। सस्पेंशन आदेश जारी होने के बाद उन्हें पुलिस मुख्यालय में अटैच किया गया है। मुख्य सचिव ने गृह विभाग की सिफारिश पर विभागीय जांच पूरी होने के बाद यह कार्रवाई की है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की अनुमति के बिना राजेश वर्मा मुख्यालय नहीं छोड़ पाएंगे। जानकारी अनुसार एसपी सीटीएस पर विभागीय आदेशों का पालन न करने के आरोप लगे थे।

### पाक पीएम और आर्मी चीफ पर लगे प्रतिबंध

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका के 44 सांसदों ने विदेश मंत्री मार्को रुबियो को पत्र लिखकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की है। सांसदों का आरोप है कि पाकिस्तान में सेना प्रभावी रूप से शासन चला रही है और मानवाधिकारों का बड़े पैमाने पर हनन हो रहा है। डेमोक्रेटिक सांसद प्रमिला जयपाल और ग्रेग कासर के नेतृत्व में लिखे गए पत्र में कहा गया कि पत्रकारों और आलोचकों को धमकाया और जबरन चुप कराया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### शिमला का आइस स्केटिंग रिंक खुला

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला के लक्कड़ बाजार स्थित एशिया के चर्चित ओपन आइस स्केटिंग रिंक को वीरवार से स्केटिंग प्रेमियों के लिए खोल दिया गया। सफल ट्रायल के बाद हुए पहले सेशन में क्लब सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में बच्चे पहुंचे और सुबह 5 बजे से ही रिंक में रौनक दिखी। कड़ाके की सर्दी और अनुकूल मौसम से इस बार सीजन एक सप्ताह पहले शुरू हो गया। प्राकृतिक बर्फ पर बनने वाले इस रिंक के खुलते ही स्थानीय लोगों और पर्यटकों में उत्साह दौड़ गया।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- प्रदेश में आठ हजार रिक्त पदों पर पदोन्नति का इंतजार पेज 2
- बजट सत्र में होगा अर्ध सैनिक कल्याण बोर्ड का गठन: सीएम सुक्खू -पेज 5
- लघु हरिद्वार कांढापतन में अवैध कब्जे बरकरार, प्रशासन खामोश -पेज 9
- 18 दिसंबर से पहले होंगे होटल एसोसिएशन के चुनाव: अनिल -पेज 11
- सरकार व पुलिस की छात्र-विरोधी कार्रवाई के खिलाफ एबीवीपी -पेज 12

# धर्मशाला में कांग्रेस की नाकामियों के खिलाफ भाजपा की महारैली

## दस गारंटियों पर सरकार को घेरा, रैली में रहीं राधे-राधे और जय श्री राम की गूंज

राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**धर्मशाला।** कांग्रेस सरकार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी ने वीरवार को धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में रैली का आयोजन किया। कांग्रेस सरकार के तीन वर्ष पूरे होने जा रहे हैं, ऐसे में सरकार जहां मंडी में जश्न मनाने जा रही है, वहीं भाजपा ने इससे पहले सुक्खू सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

जोरावर में आयोजित जन आक्रोश महारैली में भाजपा द्वारा 'व्यवस्था पतन के तीन साल, बदलो-बदलो भ्रष्ट कांग्रेस सरकार' के नारों के साथ जोरावर स्टेडियम, धर्मशाला में विराट धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस जनआंदोलन का नेतृत्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने किया।



जोरावर स्टेडियम में जन आक्रोश रैली के दौरान उपस्थित श्रीकांत शर्मा, डॉ. राजीव बिंदल, अनुराग ठाकुर व जयराम ठाकुर।

### कांग्रेस की झूठी सरकार बेनकाब : श्रीकांत शर्मा

**रैली** को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने अपने संबोधन की शुरुआत 'राधे-राधे' से करते हुए मुख्यमंत्री की सनातन विरोधी मानसिकता पर करारा तंज कसा। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति किसी की बपौती नहीं, यह करोड़ों लोगों की आस्था है। उन्होंने 2022 की कांग्रेस गारंटियों का आइना दिखाते हुए कहा कि तीन साल में एक भी गारंटी पूरी नही की गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार झूठी और धोखेबाज है, जिसने झूठे वादों पर सत्ता पाई। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा आपदा के समय हिमाचल को दिए गए 5500 करोड़ और अतिरिक्त 1500 करोड़ का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जबकि केंद्र ने भरपूर मदद की, कांग्रेस ने केवल राजनीति की।

### चुनाव कभी भी हों, कांग्रेस सरकार का अंत तय : बिंदल

**प्रदेश** भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि यह रैली नहीं, बल्कि कांग्रेस के कुशासन के खिलाफ जन आक्रोश का विस्फोट है। उन्होंने कहा कि 'व्यवस्था परिवर्तन' के नाम पर सत्ता में आई कांग्रेस ने पूरे हिमाचल की व्यवस्था का पतन कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए जगह-जगह नाकेबंदी कर लोकतंत्र की हत्या की गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने कांगड़ा सहित पूरे प्रदेश के साथ अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा तूफान की तरह आएगी और कांग्रेस का सुपड़ा साफ कर देगी।

### 3 साल में सुक्खू सरकार ने की मौज-मस्ती : अनुराग

**पूर्व** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि यह सरकार विकास की नहीं, बल्कि मौज-मस्ती और भ्रष्टाचार की सरकार है। पेंशनरों और कर्मचारियों का मजाक उड़ाया जा रहा है। उन्होंने कांग्रेस को 'कौरवों की फौज' करार देते हुए कहा कि यह सरकार विनाश की ओर ले जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भाजपा द्वारा दिए गए विशेष राज्य के दर्जे को छीना, केंद्रीय परियोजनाएं रोक दीं और सिरमौर जैसे जिलों में बुनियादी सुविधाएं तक नहीं दे पाई। उन्होंने ऐलान किया कि कांग्रेस की 10 की 10 गारंटियां, राहुल गांधी का 'खटाखट मॉडल' और प्रियंका गांधी के सारे वादे पूरी तरह फेल हो चुके हैं।

### भाजपा कार्यकर्ताओं की भीड़ से 'तप गया तपोवन' : जयराम

**जोरावर** मैदान में भाजपा की जन आक्रोश रैली में भारी भीड़ को देखकर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि इस भीड़ को देखकर 'तपोवन भी तप गया'। उन्होंने कहा कि जब भी वे विधानसभा में जाते हैं, तो राधे-राधे बोलते हैं, और अब मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू भी राधे-राधे बोलने को मजबूर हो गए हैं। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि सत्ता में आने के बाद सुक्खू ने सनातन का अपमान शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार तीन साल में केवल टॉयलेट टैक्स, समोसा जांच और जंगली मुर्गे जैसी चीजों की चर्चा करती है और तीन प्रमुख योजनाओं पर कोई काम नहीं हुआ।

## प्रश्नकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष के सवाल पर दिया जवाब

# राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, मानवीय आधार पर दी ओपीएस : सीएम सुक्खू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान सरकार ने एक लाख 36 हजार के करीब सरकारी कर्मियों को 2003 से बंद ओल्ड पेंशन को दोबारा देने का फैसला किया। केंद्र से इसके लिए 1600 करोड़ अतिरिक्त मिलते थे, वह राशि बंद कर दी गई है।

5356 कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने पर ओल्ड पेंशन स्कीम प्रदान की जा रही है। सरकार की ओर से अब सभी पात्र कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने पर ओपीएस प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री ने यह जानकारी प्रश्नकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष द्वारा पूछे गए



सवाल के जवाब में सदन में दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस निर्णय से आने वाले समय में राज्य की आर्थिक स्थिति पर असर जरूर पड़ेगा, लेकिन उसके लिए आर्थिक स्थिति को सुधारने को लिए कार्य किया जा रहा है। सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारियों के बेहतर जीवन-यापन के लिए पहली केबिनेट में इस वायदे को पूरा किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जवाब में जॉब ट्रेनी के पद स्वीकृति की जानकारी दी गई है। ओपीएस से एनपीएस में जाने का शेयर 50-50 फीसदी जाता है, जोकि 10 हजार के करीब ईपीएफ फंड केंद्र सरकार में जमा है। इसमें ओपीएस मिलने पर वह राज्य सरकार के फंड में जमा होने चाहिए, जबकि वह अभी शेयर मार्केट में लगाया जा रहा है।

पूर्व सरकार के समय के एरियर को भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे एक लाख 17 हजार को लाभ दिया जा रहा है। अपना अंशदान जमा करवाने पर ही ओपीएस में शिफ्ट किया जा रहा है।

### शिमला से स्थानांतरित किए गए सात कार्यालय : मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि शिमला में अत्यधिक ट्रैफिक कंजेशन है। जिसमें 25 हजार की बजाय पांच लाख से अधिक जनसंख्या हो चुकी है। उन्होंने बताया कि कामगार कल्याण बोर्ड हमीरपुर, वन्य प्राणी विभाग कांगड़ा, पर्यटन विकास निगम सहित सात कार्यालय स्थानांतरित किए हैं। एक हजार करोड़ के भवन हिमाचल में खाली पड़े हैं, जिनमें सबसे अधिक जिला कांगड़ा में खाली हैं। शिमला में निजी भवनों को किराया देने की बजाय खाली भवनों को सरकारी कार्यालय के रूप में चलाया जा रहा है। ऊना में स्टेट डिजास्टर कार्यालय को शिफ्ट किया जाएगा। नयनादेवी के विधायक रणधीर शर्मा ने शिमला से स्थानांतरित कार्यालयों को लेकर सवाल उठाया, जिसमें उन्होंने कहा कि कार्यालयों को किस आधार पर शिमला से शिफ्ट किया जा रहा है।

### बार-बार प्रश्न पूछने पर मिल गया उत्तर : जयराम ठाकुर

**इस** दौरान नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि बार-बार प्रश्न पूछने के बाद उत्तर आज मिल पाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से सवाल उठाया कि वर्ष 2022 से 31 अक्तूबर 2025 तक कितने कर्मचारी ओपीएस में शामिल हुए हैं। इसमें 26 हजार 324 संख्या बताई जा रही है, जबकि सिर्फ 5356 कर्मचारी ही एनपीएस से ओपीएस में भेजे गए हैं, तो इसमें वित्तीय स्थिति घटी या बढ़ी वो भी बता दीजिएगा। इसमें कर्मियों को कितना लाभ हुआ है। जयराम ने कहा कि चुनावों में उनकी गारंटी थी, तो ये राजनीतिक रूप से प्रेरित था। इस अवधि में आठ हजार से अधिक पदों को सृजित किया गया। कितने पदों पर नियुक्ति की गई, इस पर कोई जबाव ही नहीं दिया जा रहा है। वहीं, विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि ओपीएस लागू करके कर्मचारियों को बहुत बड़ा आर्थिक लाभ दिया है, जबकि जो आंकड़ा आया है उसमें 26 हजार 324 सेवानिवृत्त हुए, उनमें मात्र 5356 ने ही ओपीएस ली, जबकि 21 हजार से अधिक ने एनपीएस ही ली है, इसका क्या कारण है।

# स्टाफ की कमी से इंडिगो की 300 फ्लाइट्स हुईं रद्द

एजेंसी, नई दिल्ली

एविशन सेक्टर के नए सुरक्षा नियमों की वजह से देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो लगातार तीसरे दिन क्रू की कमी से जूझ रही है। इससे इंडिगो के ऑपरेशन पर बुरा असर पड़ा है। सूत्रों के अनुसार, वीरवार को दिल्ली, मुंबई सहित 10 से ज्यादा एयरपोर्ट में इंडिगो की 300 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हुई हैं।

पुणे एयरपोर्ट पर एक पैसेंजर ने बताया कि आठ घंटे से ज्यादा का इंतजार करना पड़ रहा है। एयरपोर्ट के दोनों फ्लोर यात्रियों से भरे हैं। तीन पैसेंजर्स बेहोश भी हो गए। एयरलाइन की तरफ से फ्लाइट कैंसिलेशन का कोई मैसेज भी नहीं आ रहा है।




दिल्ली एयरपोर्ट पर आज इंडिगो की कुल 95 उड़ानें रद्द हुई हैं। वहीं, मुंबई में 86, बेंगलुरु में 50, हैदराबाद में 70, जयपुर में 4 और इंदौर में 3 उड़ानें रद्द हुई हैं। दरअसल, डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने सभी एयरलाइंस के लिए एक नवंबर से पायलटों और अन्य क्रू मेंबर्स के काम से जुड़े सुरक्षा नियमों में बदलाव किए हैं। इसका सबसे ज्यादा असर इंडिगो एयरलाइन पर पड़ा है। (अनंत ज्ञान)

## धर्मशाला के होटल धौलाधार में भीषण आग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के धर्मशाला के मुख्य होटल धौलाधार में अज्ञात कारणों से वीरवार को आग लग गई। आरंभिक जानकारी के अनुसार होटल के किचन में लगी आग छत से रिसेप्शन के ऊपरी छत तक जा पहुंची। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड धर्मशाला की टीम ने आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। वहीं, घटना की सूचना मिलने पर कैबिनेट रैंक मंत्री आरएस बाली भी घटनास्थल पर पहुंचे।

हालांकि, इसके लिए दमकल दल को घंटों मशक्कत करनी पड़ी। जानकारी के अनुसार धर्मशाला के कोतवाली में स्थित निगम के धौलाधार होटल में आग लगने से



अफरा-तफरी मच गई। दरवाजे-खिड़कियां तोड़ कर लोगों को सुरक्षित निकाला गया। हालांकि, आग से किसी मानवीय नुकसान की बात सामने नहीं आई है।

खबर लिखे जाने तक होटल स्टाफ, दमकल विभाग तथा पुलिस व प्रशासन इस मौके पर मौजूद था। आग को पूरी तरह से काबू पाने की कोशिश की जा रही थी।

# भारत पहुंचे पुतिन, पीएम मोदी ने लगाया गले

एजेंसी, नई दिल्ली

रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन के 23वीं भारत-रूस शिखर बैठक में शामिल होने के लिए वीरवार शाम यहां पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रोटोकॉल को छोड़ कर स्वयं हवाई अड्डे पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मोदी करीब पौने सात बजे ही पालम वायुसैनिक अड्डे पर पहुंच गए थे। लगभग सात बजे पुतिन का विमान उतरा। इसके करीब सात बजकर बीस मिनट पर पुतिन विमान से उतरे।

दोनों नेताओं ने गर्मजोशी से हाथ मिलाया और फिर गले मिले। हवाई अड्डे पर इस मौके पर भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव, रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार, दोनों देशों के वरिष्ठ राजनयिक एवं सैन्य अधिकारी मौजूद थे। पुतिन ने सबसे हाथ मिलाया। इसके बाद मोदी के साथ भारतीय कलाकारों के एक दल का स्वागत नृत्य का आनंद उठाया।

इसके बाद दोनों नेता एक साथ एक विशेष रूप से तैयार कार में एक साथ बैठकर सात लोक कल्याण मार्ग स्थिति प्रधानमंत्री निवास के लिए रवाना हो गए, जहां दोनों नेताओं के बीच एकांत में वार्ता होगी। मोदी ने पुतिन के सम्मान में एक निजी भोज का भी आयोजन किया है। भारत एवं रूस के बीच 23वीं शिखर बैठक कल हैदराबाद हाउस में 11 बजकर 50 मिनट पर होगी। दोनों नेता भारत रूस बिजनेस फोरम को भी संबोधित करेंगे। पुतिन कल रात राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वाराआयोजित राजकीय भोज में शामिल होने के बाद स्वदेश लौट जाएंगे। (अनंत ज्ञान)



हवाई अड्डे पर रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन को गले लगाते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### राहुल बोले- विदेशी मेहमानों से मिलने नहीं देती सरकार

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने वीरवार को आरोप लगाया कि सरकार, विदेश से आने वाले शीर्ष नेताओं (दिग्निटरीज) से मिलने नहीं देती। उनसे कहती है कि वे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) से न मिलें। इसका कारण सरकार की असुरक्षा है।



राहुल का यह बयान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के दो दिवसीय भारत दौरे से कुछ घंटे पहले आया। उन्होंने कहा कि आमतौर पर परंपरा है कि विदेश से आने वाले नेता एलओपी से मिलते हैं। वाजपेयी के समय यह होता था, मनमोहन सिंह के समय भी होता था। लेकिन अब सरकार उन्हें यह संदेश देती है कि एलओपी से न मिलें। जब मैं विदेश जाता हूं तब भी यही किया जाता है। पीएम मोदी और विदेश मंत्रालय इस प्रोटोकॉल का पालन नहीं कर रहा। राहुल ने कहा कि विपक्ष भारत का प्रतिनिधित्व करता है और उनका दृष्टिकोण जानना भी जरूरी होता है, लेकिन सरकार नहीं चाहती कि विपक्षी नेताओं की विदेश नेताओं से मुलाकात हो। जब पूछा गया कि सरकार ऐसा क्यों कर रही है, तो राहुल ने कहा, 'यह उनकी असुरक्षा है।'

**उपलब्धि** तीन कोच वाला ट्रेन सेट आधुनिक सुविधाओं से लैस, बढ़ेगा पर्यटकों का आकर्षण

# कालका-शिमला रेलवे ट्रैक पर डीएचएचयू का सफल ट्रायल

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**सोलन।** विश्व धरोहर कालका-शिमला रेलवे ट्रैक पर उत्तर रेलवे ने वीरवार को आधुनिक सुविधाओं से लैस तीन कोच वाला ट्रेन सेट डीजल हाइड्रोलिक मल्टीपल यूनिट (डीएचएचयू) का सफल ट्रायल किया। यह पहली बार है जब डीजल हाइड्रोलिक मल्टीपल यूनिट कालका से शिमला बिना किसी बाधा के पहुंचा। इससे पहले इस यूनिट का ट्रायल धर्मपुर तक किया गया था।



कालका-शिमला ट्रैक पर ट्रायल के लिए उतरा गया तीन कोच वाला ट्रेन सेट डीजल हाइड्रोलिक मल्टीपल यूनिट।

रेलवे की इस सफलता से प्रदेश में भ्रमण के लिए आने वाले देश विदेश से आने वाले पर्यटकों को आधुनिक सुविधाओं से लैस ट्रेन सेट से विश्व धरोहर कालका-शिमला रेलवे ट्रैक के प्राकृतिक सौंदर्य को निहारने के साथ आरामदायक सफर का आनंद मिलेगा। उत्तर रेलवे की इस पहल से प्रदेश में आने वाले पर्यटकों को कम खर्च में हवाई जहाज और डीलक्स बसों जैसी सुविधा मिलेगी।

### खामियां की दूर

**रेलवे** के तकनीकी टीम इससे पहले हुए ट्रायल में सामने आई इंजन हीट की खामियों को दूर कर ट्रायल को सफल किया है। रेलवे कोच कंपनी ने अब डीएचएमयू ट्रेन सेट में हर कोच में इंजन कूलिंग के लिए रेडिएटर लगा दिए हैं। अधिकारियों का दावा है कि अब हीट की अब किसी भी मौसम में ट्रेन सेट का इंजन हीट नहीं लेगा। खास बात ये रही कि ट्रेन सेट का 110 डिग्री तक आने वाला तापमान अब सोलन तक पहुंचने में भी 50 डिग्री तक ही रहा। इससे ट्रेन सेट को ट्रायल के पहले दिन कोई दिक्कत नहीं आई।

### कोच अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस

**डीएचएमयू** तीन कोच वाला ट्रेन सेट है। सभी कोच अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। इसमें न केवल एलईडी लाइटें हैं। ट्रेन सेट के बाहर भी चित्रकला बनाई है जो लोगों को आकर्षित कर रही है। खास बात है कि ट्रेन सेट में एक से दूसरी बोगी को भी जोड़ा गया है। इंजन भी बोगी भी ही दोनों ओर दिया है। इंजन के साथ बोगी में 19-19 सीटें हैं जबकि बीच वाले कोच में 21 सीटें दी गई है। एलईडी और फायर सेफ्टी सिस्टम भी जोड़ा गया है।

> डीजल हाइड्रोलिक मल्टीपल यूनिट (डीएचएचयू) में खामियों को दूर करने के लिए कालका-शिमला तक तीसरा ट्रायल किया गया जो सफल रहा। अब इसकी रिपोर्ट तकनीकी टीम की ओर से दी जाएगी। आने वाले कुछ समय में यात्रियों को ट्रेन सेट की सुविधा भी कालका-शिमला रेलवे ट्रैक पर मिलेगी।
>
> -नवीन कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेल मंडल अंबाला।

# लोकसभा में गूंजा बरमाणा लेह रेललाइन का मुद्दा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

मंडी की सांसद कंगना रनौत धर्मशाला के जोरावर सिंह मैदान में हुई भाजपा की सरकार विरोधी रैली में तो गुरुवार को नहीं पहुंच पाई मगर उसने लोक सभा में भानुपल्ली से बरमाणा बैरी तक बन रही रेलवे लाइन को मंडी होते हुए मनाली लेह तक ले जाने का मुद्दा जरूर उठा दिया।

गौरतलब है कि इस रेलवे लाइन का सर्वे हो चुकाहै। यह देश की सामरिक महत्व की परियोजना है जिसे लेकर दशकों से चर्चा हो रही है। बीते दिनों एक बार फिर से इसका सर्वे हुआ और बकायदा बुर्जियां भी लगा दी गई हैं। इसे लेकर कंगना रनौत ने लोकसभा में कहा कि यह

### कंगना ने मंडी संसदीय क्षेत्र में रेल सुविधा की उठाई मांग



बेहद महत्वपूर्ण परियोजना है, अभी तक मंडी संसदीय क्षेत्र रेल सुविधा से वंचित है। भानपुल्ली बैरी बरमाणा रेल लाइन को आगे बढ़ा कर मंडी मनाली तक करने की पहल होनी चाहिए। इस दिशा में जो काम हो रहा है उसकी गति धीमी है। इसे तेज करने की जरूरत है। उन्होंने रेल मंत्री से आग्रह किया कि वह इस परियोजना को तवज्जो दें, ताकि मंडी संसदीय क्षेत्र के लोग भी रेल सुविधा प्राप्त कर सकें। इधर, एक दिन पहले हमीरपुर के लोकसभा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने बिना तारांकित सवालों के जरिए प्रदेश में चल रही रहे परियोजनाओं को मुद्दा उठाया था।

उन्होंने बताया कि बिलासपुर से लेकर रेलवे परियोजना का सर्वे व डीपीआर का काम पूरा हो चुका है और इसकी अनुमानित लागत 1 लाख 31 हजार करोड़ है। लोकसभा में इस विषय पर बात रखते हुए उन्होंने कहा था कि रक्षा मंत्रालय ने इस सामरिक महत्व की परियोजना को महत्वपूर्ण माना है।

## न्यूज ब्रीफ

### तकनीकी विवि हमीरपुर में परीक्षाएं शुरू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर की परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। तकनीकी विवि व संबंधित शिक्षण संस्थानों में बीटेक, बी-फार्मेसी, एमटेक, एम फार्मेसी, एमबीए, एमसीए, एमएससी, एमबीए पर्यटन, बीएचएमसीटी, योग विषयों के नियमित सेमेस्टर और री-अपीयर और विशेष मौके के तहत डिग्री पूरा करने वाले अभ्यर्थियों की परीक्षाएं सात जनवरी तक चलेंगी। इसी कड़ी में वीरवार को तकनीकी विवि में स्थापित परीक्षा केंद्र में बीटेक की परीक्षा देते परीक्षार्थी।

### हिम आंचल पेंशनर्स संघ की बैठक 7 को

**अनंत ज्ञान, नादौन।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ, नादौन खंड इकाई की मासिक बैठक 7 दिसंबर को 10.30 बजे खंड प्रधान जगदीश चंद शर्मा (कारगू) की अध्यक्षता में कांगू, जिला हमीरपुर में पूर्व निर्धारित जगह पर होगी। बैठक में पेंशनरों की लंबित मांगों एवं समस्याओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। पेंशनर दिवस समारोह के आयोजन में शामिल होने व संघ गतिविधियों बारे विस्तार से चर्चा अपेक्षित है। इसके अतिरिक्त अन्य विषयों पर विभिन्न जानकारियां भी उपलब्ध करवाई जाएंगी।

### जूनियर की रैगिंग, पुलिस ने शुरू की जांच

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** प्रदेश के एक मात्र प्रतिष्ठित स्कूल सुजानपुर में रैगिंग का मामला सामने आने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा एक टीम गठित की है, जो इस मामले में कार्रवाई कर रही है। स्कूल के आठवीं कक्षा के एक छात्र के परिजनों ने हमीरपुर जिला पुलिस अधीक्षक के पास स्कूल के आधा दर्जन भर छात्रों के खिलाफ रैगिंग संबंधी शिकायत दर्ज करवाई है। पीड़ित छात्र के पिता ने शिकायत दर्ज करवाते हुए बताया कि उसके बेटे के साथ स्कूल के सीनियर छात्र लगातार गलत व्यवहार करते हैं। मारपीट करते थे, कभी उसे मुर्गा बनाते थे कभी उसके शर्ट के बटन खुलवाने के लिए कहते थे। इसके साथ-साथ अन्य तरीके से उसका शोषण करते थे। बेटे के साथ इस तरह की हरकत यहां लगातार हो रही थी। इसको लेकर उन्होंने स्कूल प्रशासन को भी सूचित किया था और शिकायत दर्ज करवाई थी, लेकिन उचित करवाई न होने के चलते अभी उन्हें पुलिस के पास जाना पड़ा। बहरहाल पुलिस ने पीड़ित छात्र के पिता की शिकायत के आधार पर ममला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने एंटी रैगिंग एक्ट के तहत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस की टीम ने स्कूल परिसर का दौरा किया है और संबंधित शिकायत पर स्कूल प्रशासन से जवाब तलब किया है। उधर, इस संबंध में स्कूल प्रवक्ता ने संबंधित विषय पर कुछ भी कहने से इनकार किया। एसएचओ सुजानपुर राकेश धीमान ने बताया कि शिकायत आई है व मामले की जांच की जा रही है। एसपी बलवीर सिंह ठाकुर ने बताया कि सैनिक स्कूल की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है, छानबीन की जा रही है।

### यातायात नियमों का पालन करने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में रोड सेफ्टी क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए एक व्यापक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने की। मुख्यातिथि द्वारा सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलन के पश्चात छात्रों को वाहन तीव्र गति से न चलाने और यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया। जागरूकता अभियान के अंतर्गत पूरे दिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें नारा-लेखन, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर मेकिंग, तथा निबंध लेखन प्रतियोगिताएं शामिल थीं। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य छात्रों में सड़क सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता एवं जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर, रोड सेफ्टी क्लब के कार्यक्रम अधिकारी लेफ्टिनेंट राजेश खरवाल, डॉ. सुमन सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। विविध गतिविधियों के साथ सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह की शुरुआत उत्साहपूर्ण ढंग से हुई।

### पुलिस थाना भोरंज में गुमशुदगी की शिकायत

**अनंत ज्ञान, जाहू।** थाना भोरंज के अंतर्गत एक युवती की गुमशुदगी का मामला प्रकाश में आया है। शिकायतकर्ता कैलाशो देवी, जो मूलतः जिला बदायूं की निवासी हैं तथा वर्तमान में कंज्याण क्षेत्र में किराये पर रह रही हैं, उन्होंने अपनी 19 वर्षीय पुत्री आशा देवी की गुमशुदगी संबंधी रिपोर्ट दर्ज करवाई है। शिकायत के अनुसार आशा देवी बीते दिवस प्रातः सिलाई केंद्र, तरक्वाड़ी के लिए घर से निकली थी, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटी। शिकायतकर्ता द्वारा युवती के मोबाइल नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, जो स्विच-ऑफ पाया गया। परिजनों द्वारा की गई निजी तलाश भी निष्फल रही। भोरंज थाना प्रभारी कुलवंत सिंह ने बताया कि मामला इंसान फरारगी का प्रतीत होता है। थाना भोरंज पुलिस द्वारा गुमशुदगी संबंधी सूचना सभी थाना/चौकियों को प्रेषित कर दी गई है तथा पुलिस टीमों को क्षेत्र में तलाश के लिए रवाना किया गया है। उपलब्ध तथ्यों के आधार पर जांच प्रक्रिया जारी है। थाना भोरंज पुलिस आम जनता से भी निवेदन करती है कि यदि उक्त युवती के संबंध में कोई सूचना प्राप्त हो तो तत्काल नजदीकी पुलिस थाना/चौकी को सूचित करें।

### भाजपा की सोच का हो चुका है पतन : सुमन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर जिला के कांग्रेस के निवर्तमान जिला अध्यक्ष सुमन भारती ने पत्रकार वार्ता में भाजपा के प्रवक्ता राजेंद्र राणा के दिए बयानों पर पलटवार किया है। सुमन भारती ने कहा कि भाजपा ने मंडी में आपदा के नाम पर लोगों से पैसा एकत्रित किया था उसे मुख्यमंत्री रिलीफ फंड में भी जमा नहीं करवाया था। उन्होंने भाजपा से सवाल किया है कि मंडी में जो लोगों से पैसा एकत्रित किया था उसे पैसे का खर्च कहां किया है, इसको लेकर भाजपा जवाब दे। सुमन भारती ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों होने के बावजूद भी हिमाचल के आपदा ग्रस्त लोगों को मुख्यमंत्री द्वारा मंत्रियों ने सहायता प्रदान की है। वहीं, भाजपा की धर्मशाला में हो रही रैली को लेकर सुमन भारती ने कहा कि कांग्रेस के तीन सालों के नहीं, बल्कि भाजपा की सोच का पतन हो चुका है। विपरीत परिस्थितियां होने के बावजूद भी मुख्यमंत्री द्वारा हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा झूठी बयान बाजी करके जनता को गुमराह करने का काम कर रही है।

### अमृत सरोवर में लगाया जा रहा एक्सपायरी डेट का सीमेंट

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान, जाहू।** भोरंज ब्लाक की कक्कड़ पंचायत में वाटरशेड परियोजना के तहत बनाए जा रहे अमृत सरोवर में एक्सपायरी डेट का सीमेंट प्रयोग में लाने का मामला प्रकाश में आया है। कक्कड़ पंचायत की कमला देवी पत्नी प्रेमचंद ने इसकी शिकायत बीडीओ भोरंज से करके इस मामले में जांच की मांग की है। कमला देवी ने शिकायत में कहा है कि इस सरोवर के कार्य में जो सीमेंट लगाया जा रहा है, वह खराब हो चुका है और जम चुका है उस पर 25 मई 2025 की दिनांक अंकित है। उन्होंने कहा कि सरोवर के निर्माण में जो टाइलें लगाई जा रही हैं, वह कार्य भी सही तरीके से नहीं हो रहा है। उसने इस मामले में जांच किए जाने की मांग की है। कक्कड़ पंचायत में वाटरशेड परियोजना के तहत एक अमृत सरोवर का निर्माण कार्य शुरू किया गया था। करीब 15 साल पहले भी इस पर करीब 4 लाख की धनराशि खर्च की जा चुकी है, लेकिन अभी करीब 8 लाख की धनराशि और खर्च की जा रही है। उधर, बीडीओ भोरंज कुलवंत सिंह छुट्टी पर बताए गए। कनिष्ठ अभियंता अनुराधा ने बताया कि शिकायत मिलने पर उन्होंने मौके पर जाकर जांच की है। कार्य बिलकुल सही तरीके से किया जा रहा है और सीमेंट भी खराब नहीं है। पंचायत प्रधान विनोद कुमार ने बताया कि सरोवर का काम सही तरीके से चल रहा है कुछ लोग बेवजह बखेड़ा खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं।

### बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत क्षेत्र में बाल विकास परियोजना कार्यालय की ओर से बुधवार को बाल विवाह रोकथाम के लिए एक जागरूकता व शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं तथा विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई तथा इस सामाजिक बुराई को समाप्त करने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि बाल विवाह एक कानूनी अपराध है, जो बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य व संपूर्ण विकास में गंभीर बाधा उत्पन्न करता है। बाल विवाह बालिकाओं के भविष्य, अवसरों और उनके सपनों को सीमित करता है। इस मौके पर सीडीपीओ सुनील ने सभी उपस्थित लोगों को बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलाई। शपथ के माध्यम से सभी ने वचन दिया कि वे अपने परिवार, पड़ोस व समुदाय में किसी भी प्रकार का बाल विवाह नहीं होने देंगे। साथ ही, यदि कहीं बाल विवाह का प्रयास होता है, तो उसकी सूचना तुरंत पंचायत और प्रशासन को देंगे। इसके अतिरिक्त, सभी प्रतिभागियों ने बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा व अधिकारों के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का भी संकल्प लिया।

# सहारा योजना के लाभार्थियों को 5 माह से नहीं मिली आर्थिक सहायता

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** प्रदेश सरकार की सहारा योजना के तहत लाभार्थियों को प्रतिमाह 3 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है, लेकिन पिछले पांच महीनों से सहारा योजना के लाभार्थी राशि न आने से परेशान हैं। बता दें कि प्रदेश भर में सैकड़ों ऐसे गरीब लोगों को यह राशि दी जा रही है, जो अपना इलाज करवा सकें। हालांकि, सहारा योजना की यह राशि क्यों लाभार्थियों के खाते में आ रही है।

इस बारे में अधिकारी भी कुछ नहीं कह रहे। प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना के तहत पार्किंसंज रोग, घातक कैंसर रोग, मस्कुलर, डिस्ट्राफी, हिमोफिलिया, थेलिसिमिया, गुर्दे की विफलता व पक्षाघात या अन्य कोई ऐसी शारीरिक अवस्था या रोग जो व्यक्ति को सामान्य जीवन यापन के लिए अक्षम बनाती है, ऐसे व्यक्ति को 3 हजार रुपए की मासिक वित्तीय सहायता सरकार द्वारा प्रदान की जाती है। प्रदेश में हजारों लोग जो विभिन्न बीमारियों से पीड़ित हैं और इस योजना का मुख्य उद्देश्य लंबी अवधि तक रोग उपचार के दौरान रोगियों व उनके परिवार को आने वाली वित्तीय समस्याओं से निजात दिलाना है। इस योजना के पात्र वही व्यक्ति होता है, जिसकी सालाना आय 4 लाख रुपए से कम हो। साथ ही बीमारी के संबंध में उपचार संबंधी दस्तावेज लगाने पड़ते हैं। अभी हाल ही में कुछ नए मामले कैंसर के आए हैं, उन्हें भी इस योजना के तहत वित्तीय सहायता के लिए आवेदन करने के लिए कहा जा रहा है, लेकिन यह भी कहा जा रहा है कि पिछले कुछ महीनों से इस योजना की राशि खातों में नहीं डाली जा रही है। जिला हमीरपुर की बात करें तो 4911 लाभार्थी इस योजना से जुड़े हैं, लेकिन यह भी अपने खातों की बार बार जांच कर थक चुके हैं, क्योंकि पिछले पांच महीनों से सहारा योजना की राशि जारी नहीं की गई है।

अधिकारी भी इस मामले में इतना ही बता रहे हैं कि यह प्रदेश सरकार की योजना है और जो भी वित्तीय सहायता दी जाती है, वह शिमला से ही जारी की जाती है। प्रदेश सरकार द्वारा पात्र लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन भी दी जा रही है और यह सामाजिक सुरक्षा पेंशन लोगों के खातों में आ रही है, जबकि सहारा योजना गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को इलाज करवाने के लिए आर्थिक सहायता दी जाती है। इस बारे में सीएमओ परवीण चौधरी ने बताया कि सहारा योजना की राशि खातों न आने का मामला ध्यान में है। उन्होंने बताया कि इस बारे में उच्च अधिकारियों को अवगत करवा दिया है।

# यशपाल के क्रांतिकारी योगदान पर प्रस्तुतियां

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**




करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में हिंदी साहित्य के महान कथाकार, भोरंज के टिक्कर खरवाड़ियां से संबंध रखने वाले स्वतंत्रता संग्राम के प्रखर योद्धा और पद्म भूषण से सम्मानित यशपाल की जयंती पर एक गरिमामयी एवं प्रेरणादायी समारोह का आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों की सहभागिता से आयोजित यह कार्यक्रम विद्यार्थियों, शोधार्थियों और संकाय सदस्यों के लिए साहित्य और इतिहास के प्रति नई प्रेरणा लेकर आया। यशपाल का जन्म 3 दिसंबर, 1903 को हुआ था। किशोरावस्था से ही वे स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ गए थे और भगत सिंह के क्रांतिकारी समूह से भी उनका गहरा नाता रहा। देश की आजादी के लिए संघर्ष करते हुए उन्होंने अपने लेखन को भी क्रांति का सशक्त माध्यम बनाया। उनकी रचनाएं दादा कामरेड, झूठा सच, देशद्रोही, तरुणों के लिएकृ आज भी सामाजिक यथार्थ और स्वतंत्रता आंदोलन की चेतना को पाठकों तक पहुँचाती हैं। साहित्य और राष्ट्र सेवा के अतुलनीय योगदान के लिए भारत सरकार ने वर्ष 1970 में उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया था। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में यशपाल जी के पुत्र आनंद यशपाल उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यशपाल केवल लेखक ही नहीं, बल्कि एक विचारधारा थे, जिन्होंने भारतीय समाज, राजनीति और स्वतंत्रता आंदोलन को गहराई से प्रभावित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे यशपाल की रचनाओं को केवल साहित्य के रूप में न पढ़ें, बल्कि उनमें छिपी सामाजिक चेतना, संघर्ष और मानवता के संदेश को भी जीवन में उतारें। समारोह के दौरान छात्रों व शोधार्थियों ने यशपाल के जीवन, क्रांतिकारी गतिविधियों और साहित्यिक योगदान पर आधारित वाचन, पोस्टर प्रेजेंटेशन और व्याख्यान के साथ नाट्य प्रस्तुत किए और बताया कि आधुनिक भारत के संदर्भ में उनकी कहानियां और उपन्यास आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने स्वतंत्रता आंदोलन के समय थे। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. संजीव शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को केवल अकादमिक ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि उन्हें राष्ट्र के इतिहास, साहित्यिक परंपरा और समाजिक उत्तरदायित्व से भी जोड़ते हैं। यशपाल जैसे साहित्यकारों का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जो संघर्ष, प्रतिबद्धता और लेखन के साहस का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करता है। डॉ. शर्मा ने कहा कि यशपाल के विचार आज भी समाज को नई दिशा देने में सक्षम हैं। उन्होंने शिक्षा, साहित्य और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में उनके योगदान को अत्यंत प्रेरणादायक बताया। टी.आर.शर्मा जी ने कहा कि विद्यार्थियों में अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ राजनीति, स्वतंत्रता और स्माजिक व्यापकता के प्रति भी जागृति उत्पन्न करते हैं। यशपाल जैसे सुभाषक लेखकों का जीवन युवाओं के लिए एक प्रेरणा के रूप में सामने है जो उनके जीवन में संघर्ष, अपनाने तथा ज्ञान की कोशिश को अपनाने पर और अधिक बल देते हैं।


# चलती स्कूटी में आग लगी व्यक्ति घायल

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर उपमंडल के बणी स्थित आईटीआई के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अचानक चलती स्कूटी में आग लग गई। इस हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान जोगिंदर कुमार, निवासी गांव सहेली के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, स्कूटी में आग लगते ही जोगिंदर कुमार चीखने लगा, जिसके बाद आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। व्यक्ति काफी हद तक जल चुका था, जिसके चलते उसे तुरंत प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल हमीरपुर रेफर कर दिया गया है। घटना के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# इंडोर स्टेडियम की बेसमेंट सहित 5 मंजिलों का कार्य प्रगति पर

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** नादौन शहर को मुख्यमंत्री सुक्खू की इंडोर स्टेटियम की एक बड़ी सौगात मिली है। इस स्टेडियम में खिलाड़ियों को विभिन्न प्रकार की खेलों को खेलने की सुविधा मिलेगी। इस इंडोर स्टेडियम की बेसमेंट सहित 6 मंजिलें होंगी। इसमें 17 प्रकार की खेलों का आयोजन किया जा सकेगा, जिसे लेकर विशेषकर युवाओं में काफी उत्साह है। नादौन बस स्टैंड के साथ लगते खरीड़ी मैदान में 112 करोड़ की लागत से बन रहे इस इंडोर स्टेडियम का निर्माण जोरों पर चला है। इसमें विभिन्न प्रकार की खेलों के आयोजनों की सुविधा होगी। मुख्यमंत्री के इस ड्रीम प्रोजेक्ट पर संबंधित विभाग तत्परता से कार्य कर रहा है। इस इंडोर स्टेडियम की बेसमेंट सहित पांच मंजिलों में लेंटर स्लैब डल चुका है और बेसमेंट में शूटिंग रेंज की फिनिशिंग का कार्य भी शुरू हो गया है।



## क्या कहते हैं नेशनल कोच

**वॉलीबाल** के इंटरनेशनल कोच जगीर सिंह रंधावा का कहना है कि सरकार द्वारा युवा खिलाड़ियों की समस्याओं को मध्यनजर रखते हुए नादौन में मल्टीपर्पज स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का निर्माण काफी सार्थक होगा। यह खेल परिसर युवा प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनाने के लिए मील पत्थर सावित होगा। सरकार ने युवाओं को नशे से दूर रखने और स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली के लिए खेलों के महत्व पर बल दिया, जिसका युवाओं की जीवनशैली पर अच्छा प्रभाव पड़ेगा।

## आकर्षण का केंद्र बन रहा निमार्णाधीन इंडोर स्टेडियम

**नादौन** शहर में बस स्टैंड के पास खरीड़ी में 112 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा मल्टीपर्पज इंडोर स्टेडियम आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। इसका शिलान्यास मुख्यमंत्री सुक्खू ने इसी साल 17 अगस्त को किया था। इस अत्याधुनिक बहुउद्देशीय खेल परिसर का निर्माण कार्य काफी तेजी से चला है।

## अत्याधुनिक बहुउद्देशीय खेल परिसर में इन खेलों की होगी सुविधा

बेसमेंट में शूटिंग रेंज, स्विमिंग पूल के पानी के लिए फिल्ट्रेशन टैंक आदि होंगे। धरातल मंजिल में स्विमिंग पूल, रिसेप्शन ऑफिस, वेटिंग रूम, किचन आदि होंगे। प्रथम मंजिल में 12 डोरमेटरी होगी। इसके अलावा ऑफिस, कोच रूम्स व मेडिकल रूम भी होगा। दूसरी मंजल में एक बड़ा मल्टीपर्पज हाल होगा, रेशलिंग, बॉक्सिंग, कबड्डी, योगा, टेबल टेनिस, स्टेज आदि होंगे, जबकि तीसरी मंजिल में वॉलीबाल, बॉस्केटबॉल, बैडमिंटन कोर्ट आदि खेलों का आयोजन होगा। इस मल्टीपर्पज स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में किसी प्रकार की कोई खामी न रहे। मुख्यमंत्री ने स्पोर्ट्स एक्सपर्ट की टीम नादौन भेजी थी। टीम ने उस समय कुछ खामियां भी गिनाई थीं और कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए, ताकि नेशनल खेलों का आयोजन हो सके और खिलाड़ियों को किसी प्रकार की कोई असुविधा की गुंजाईश न रहे। मुख्यमंत्री स्वयं भी इस आधुनिक परिसर का निरीक्षण कर चुके हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस कार्य को गुणवत्ता के साथ जल्द पूरा किया जाए, ताकि यहां पर नेशनल स्तर की खेलों का आयोजन किया जा सके। उधर, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता पंकज कौशल का कहना है कि इस बहुमंजिला इंडोर स्टेडियम का निर्माण कार्य दो महीने के भीतर पूरा कर लिया जाएगा।

# एबीवीपी के कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज निंदनीयः सोमदत्त

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण व लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन कर रहे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के



कार्यकर्ताओं पर पुलिस द्वारा किया गया लाठीचार्ज अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण व लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा प्रहार है। ढटवाल मंडल मीडिया प्रभारी सोम दत्त जारी ने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार पूरी तरह तानाशाही रवैया अपनाए हुए है। प्रदेश का युवा, छात्र वर्ग व आम जनता सरकार की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त हो चुकी है। छात्र अपने अधिकारों के लिए आवाज उठा रहे थे, लेकिन सरकार ने उनकी आवाज़ को दबाने के लिए बर्बरता का रास्ता चुना। उन्होंने कहा कि यह छात्र शक्ति है, इसे न तो डराया जा सकता है और न ही दबाया जा सकता है। एबीवीपी सदैव छात्रों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्षरत रही है और आगे भी छात्र हितों से जुड़ी हर लड़ाई मजबूती से लड़ी जाएगी। भाजपा मंडल बड़सर ढटवाल लाठीचार्ज की कड़ी निंदा करते हुए सरकार से मांग की कि दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए और छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का सम्मान करते हुए बातचीत का रास्ता अपनाया जाए।

# प्रदेश में 8 हजार रिक्त पदों पर पदोन्नति का इंतजार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

शिक्षा विभाग में आठ हजार रिक्त पदों पर जल्द भर्ती पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण करते हुए भरा जाए। शिक्षा विभाग में प्रमोशन सूचियां जल्द निकालते हुए रिक्त पदों को भरा जाए। हाईकोर्ट ने निर्देशानुसार हेडमास्टर व प्रिंसिपल प्रमोशन में शीघ्रता की जाए।

शिक्षा विभाग में पिछले 3 साल में 6221 शिक्षक सेवानिवृत्त हुए हैं, लेकिन 2 साल से शिक्षक प्रधानाचार्य, हेडमास्टर, प्रवक्ता व टीजीटी आदि पदों पर फीडिंग कैडर से प्रमोशन की राह देख रहे हैं। संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने कहा कि जनवरी, 2022 से फरवरी 2025 के मध्य 1036 प्रधानाचार्य, 130 मुख्याध्यापक, 964 प्रवक्ता, 41 डीपीई, 249 टीजीटी आर्ट्स, 57 टीजीटी नॉन-मेडिकल, 32 टीजीटी मेडिकल, 231 शास्त्री, 123 भाषा शिक्षक, 1159 जेबीटी शिक्षक, 962 मुख्य शिक्षक, 757 केंद्रीय मुख्य शिक्षक, 164 खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी सहित 157 कला शिक्षक, 136 पीईटी, 16 क्राफ्ट शिक्षक, 4 गृह विज्ञान शिक्षक, 3 संगीत शिक्षक सेवानिवृत्त हुए हैं। गत वर्ष से टीजीटी आर्ट्स के 342, टीजीटी मेडिकल के 258 और टीजीटी नॉन मेडिकल के 444 पद, जेबीटी के 3395, सीएचटी के 195 और हेड टीचर के 546 पद रिक्त हैं, ऐसे में प्रदेश सरकार शिक्षकों की 2 वर्ष से लंबित पदोन्नति सूचियां अविलंब जारी करे। प्रधानाचार्य के 825 पद, मुख्याध्यापक के 247 पद, प्रवक्ता वर्ग के 64 रिक्त पद, डीपीई व प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा (स्कूल न्यू) के 112 पद, प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक (टीजीटी) कला के 510 पद, मेडिकल के 270 पद तथा नॉन-मेडिकल के 538 पद रिक्त हैं। शास्त्री के 737 पद, उर्दू अध्यापक के 13 पद व पंजाबी भाषा अध्यापक के 17 पद भी रिक्त हैं, जिनको भर्ती पदोन्नति से भरा जा रहा है, ऐसे में 247 टीजीटी व प्रमोटी प्रवक्ता से हेडमास्टर, प्रवक्ता व हेडमास्टर से 800 प्रधानाचार्य पदोन्नति सूची अविलंब जारी की जाए। जेबीटी व सी एंड वी से टीजीटी प्रमोशन के लिए डीपीसी जल्द आयोजित की जाए।



भरवाणा गांव के लोग उपायुक्त को भी सौंप चुके हैं शिकायत, नहीं हुआ समाधान।

# भरवाना गांव में सार्वजनिक रास्ता बंद होने से ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

विकासखंड टौणी देवी की ग्राम पंचायत दरोगण पति कोट के भरवाना गांव के ग्रामीण पिछले एक महीने से सार्वजनिक रास्ता बंद होने की समस्या से परेशान हैं। ग्रामवासियों का कहना है कि यह रास्ता सदियों पुराना है और पंचायत द्वारा पक्का भी किया गया है, जिससे लोगों का नियमित आवागमन रहता है, लेकिन गांव के ही एक परिवार द्वारा कभी लकड़ियां रखकर, तो कभी गेट लगाकर इस मार्ग को अवरुद्ध कर दिया जाता है।

ग्रामीणों के अनुसार, जब कोई इस रास्ते से गुजरने की कोशिश करता है तो उनके साथ अभद्र व्यवहार भी किया जाता है। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने डीसी हमीरपुर अमरजीत सिंह से भी मुलाकात की, लेकिन अभी तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। परिणामस्वरूप लोग मजबूर होकर दूसरे मार्ग से अपने घरों तक पहुंच रहे हैं। बाबू राम, संसार चंद, रूप लाल सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि जगदीश चंद और उनके बेटे आशीष कुमार द्वारा रास्ता बंद किए जाने से पूरे गांव को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत प्रधान गुलशन ने बताया कि पंचायत ने दो दिन पहले ही संबंधित परिवार को नोटिस जारी किया है। उपप्रधान भी कई बार मौके पर जाकर स्थिति देख चुके हैं, लेकिन परिवार मानने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि 5 दिसंबर को पंचायत में कोरम रखा गया है, जिसमें इस मामले पर विस्तृत चर्चा कर समाधान तलाशने की कोशिश की जाएगी।

# बस्सी बाजार में मिला पर्स, पेश की मिसाल

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज थाना क्षेत्र के बस्सी बाजार में एक स्थानीय निवासी ने ईमानदारी की अनूठी मिसाल पेश की। क्षेत्र निवासी सुशील ठाकुर को सड़क किनारे एक पर्स मिला, जिसकी तत्काल जानकारी उन्होंने पुलिस थाना भोरंज को देकर जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दिया। पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में यह पुष्टि हुई कि यह पर्स स्थानीय दुकानदार जीत कुमार का है। रिपोर्ट करने वाले व्यक्ति द्वारा किसी भी प्रकार की हेराफेरी न पाए जाने पर पुलिस प्रशासन ने उनकी सराहना की। पुलिस ने नागरिकों से आग्रह किया है कि किसी भी खोई हुई संपत्ति या संदिग्ध वस्तु की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनी रहे। इस घटना की पुष्टि एसएचओ भोरंज, प्रशांत सिंह ठाकुर ने की है।

# जन संकल्प सम्मेलन के लिए जाने वाले वाहनों की सूचना दें अधिकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** डीसी अमरजीत सिंह ने वीरवार को यहां हमीर भवन में आयोजित एक बैठक के दौरान प्रदेश सरकार के तीन वर्ष के कार्यकाल के पूर्ण होने पर 11 दिसंबर को मंडी में आयोजित होने वाले जन संकल्प सम्मेलन के लिए जिला हमीरपुर से जाने वाले वाहनों के बारे में भी सभी एसडीएम और विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन के लिए जिले के सभी उपमंडलों से बड़ी संख्या में लोग छोटे और बड़े वाहनों से रवाना होंगे। इनमें विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थी भी शामिल होंगे। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि वे सभी छोटे-बड़े वाहनों की संभावित संख्या और उनके रूट की जानकारी मंडी जिला प्रशासन के साथ साझा करें, ताकि मंडी में इन वाहनों की पार्किंग एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए आवश्यक प्रबंध किए जा सकें। बैठक में उच्चतम न्यायालय द्वारा आवारा कुत्तों की समस्या के संबंध में हाल ही में जारी किए गए आदेशों के बारे में भी चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेशों एवं दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी सभी उपमंडल अधिकारियों और संबंधित विभागों को प्रेषित कर दी गई है। इन आदेशों की अक्षरशः अनुपालना के लिए सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में त्वरित कदम उठाएं। बैठक में एसपी बलवीर सिंह, एडीसी अभिषेक गर्ग, विभिन्न उपमंडलों के एसडीएम और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# मेगा वॉकथॉन के लिए आवश्यक प्रबंध करें अधिकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

उपायुक्त अमरजीत सिंह ने सभी विभागों के अधिकारियों, शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों और सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए हैं कि वे प्रदेश सरकार द्वारा आरंभ किए गए चिट्टा विरोधी अभियान के तहत हमीरपुर में 16 दिसंबर को आयोजित किए जाने वाले मेगा वॉकथॉन में अधिक से अधिक लोगों, विशेषकर युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करें, ताकि इस अभियान को एक जन आंदोलन का रूप दिया जा सके और जिला को चिट्टा मुक्त बनाया जा सके।

वीरवार को हमीर भवन में मेगा वॉकथॉन की तैयारियों के संबंध में जिला के अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने ये निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री स्वयं इस मेगा वॉकथॉन की अगुवाई करेंगे और इसमें हजारों लोग भाग लेकर जिला को चिट्टा मुक्त बनाने का संकल्प लेंगे। उपायुक्त ने बताया कि यह मैगा वॉकथॉन ब्वायज स्कूल के मैदान से शुरू होकर, नादौन चौक, गांधी चौक, मुख्य बाजार, अस्पताल चौक और बस स्टैंड से वापस स्कूल मैदान में समाप्त होगी।



उपायुक्त ने मेगा वॉकथॉन की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों के साथ की बैठक।

उन्होंने आयोजन स्थल और मैगा वॉकथॉन के रूट पर सभी आवश्यक प्रबंधों को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। उपायुक्त ने कहा कि इस आयोजन में स्कूली विद्यार्थियों सहित हजारों लोग भाग लेंगे। इसलिए, स्कूल ग्राउंड के सभी गेटों पर पानी की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। स्कूल और खेल परिसर के शौचालयों में सफाई रहनी चाहिए। आयोजन स्थल पर सभी मरम्मत कार्य अतिशीघ्र पूरे होने चाहिए। ग्राउंड और पूरे रूट से कूड़े को उठाने के लिए नगर निगम आवश्यक प्रबंध करे। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को आयोजन स्थल के लिए लेआउट प्लान के साथ-साथ ट्रैफिक एवं पार्किंग, पेयजल एवं रिफ्रेशमेंट वितरण के लिए भी एक समग्र प्लान तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि इस बड़े आयोजन को सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक ढंग से संपन्न करवाया जा सके। उपायुक्त ने विद्यार्थियों की आवाजाही, चिकित्सा सुविधा और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर एसपी बलवीर सिंह ने मेगा वॉकथॉन रूपरेखा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिमला और धर्मशाला के बाद यह तीसरा बड़ा आयोजन होगा। इसमें भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों और अन्य लोगों के लिए पुलिस की ओर से विशेष व्यवस्था की जाएगी। पुलिस का प्रसिद्ध आर्केस्ट्रा 'हॉरमनी ऑफ पाइन्स' और ब्रास बैंड शानदार प्रस्तुतियों से प्रतिभागियों का उत्साहवर्द्धन एवं भरपूर मनोरंजन करेगा। बैठक में एडीसी, एएसपी राजेश कुमार, एसडीएम हमीरपुर, एसडीएम भोरंज शशिपाल शर्मा, एसडीएम बड़सर स्वाति डोगरा, एसी टू डीसी चिराग शर्मा और अन्य अधिकारियों ने भी महत्वपूर्ण सुझाव रखे।

# आईटीआई हमीरपुर में टाटा और अन्य बड़ी कंपनियां 15 को लेंगी साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हमीरपुर में 15 दिसंबर को टाटा मोटर्स सहित कई बड़ी कंपनियां कैंपस इंटरव्यू लेंगी।

संस्थान के प्रधानाचार्य सुभाष शर्मा ने बताया कि उत्तराखंड के पंतनगर में स्थित टाटा मोटर्स के प्लांट में प्रोडक्शन असेंबली, क्वालिटी और मेंटेनेंस में विभिन्न पदों के लिए महिला एवं पुरुष उम्मीदवारों की भर्ती की जाएगी। अभ्यर्थी विज्ञान संकाय में बारहवीं पास और एमएमवी, फिटर, टर्नर, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रीशियन, मशीनिस्ट ग्राइंडर, इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक, वायरमैन, इलेक्ट्रीशियन, तकनीशियन, मेकाट्रॉनिक्स और मेंटेनेंस मैकेनिक ट्रेड में आईटीआई डिप्लोमा धारक तथा 18 से 25 वर्ष तक की आयु के होने चाहिए। महिलाओं के लिए न्यूनतम अंकों की प्रतिशतता 40 रखी गई है, जबकि पुरुष उम्मीदवारों के लिए 50 प्रतिशत निर्धारित की गई है। गुड़गांव की कंपनी एनडीआर ऑटो में प्रोडक्शन टेऊनी के पदों के लिए 18 से 34 वर्ष तक के दसवीं एवं बारहवीं पास पुरुष पात्र होंगे। गाजियाबाद की कंपनी श्रीराम पिस्टंस में भी प्रोडक्शन टेऊनी के पदों के लिए 18 से 32 वर्ष तक के बारहवीं पास या फीटर, टर्नर, मशीनिस्ट, फाउंडरी ट्रेड में आईटीआई डिप्लोमाधारक अभ्यर्थी पात्र होंगे। डिक्सोन इलेक्ट्रो एपलाइंसिस नोयडा में एनएपीएस टेऊनी हेतु दसवीं, बारहवीं, आईटीआई, पॉलिटैक्निक डिप्लोमाधारक और बीटैक डिग्रीधारक साक्षात्कार दे सकते हैं। पुणे और सानंद में स्थित टाटा मोटर्स के प्लांट्स में मेंटेनेंस मैकेनिक के लिए एमएमवी, फिटर, टर्नर, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रीशियन, मशीनिस्ट ग्राइंडर, इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक, वायरमैन, इलेक्ट्रीशियन, तकनीशियन, मेकाट्रॉनिक्स, एडवांस्ड सीएनी मशीनिंग, टूल एंड डाई मेकिंग और मेंटेनेंस मैकेनिक ट्रेड में आईटीआई डिप्लोमा धारक एवं बारहवीं पास 18 से 23 वर्ष तक के युवा पात्र हैं। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स होसुर, तमिलनाडु में जूनियर टेक्नीशियन के लिए बारहवीं पास, डिप्लोमा या डिग्री धारक केवल 18 से 23 वर्ष की महिलाएं पात्र होंगी।

# गीता जयंती में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को नवाजा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** गीता प्रचार-प्रसार संस्थान हमीरपुर द्वारा गीता जयंती महोत्सव में डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर ने भजन गायन प्रतियोगिता में प्राप्त किया प्रथम स्थान। गीता प्रचार-प्रसार संस्थान हमीरपुर द्वारा गीता जयंती महोत्सव बड़े उत्साह व श्रद्धा के साथ आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। अनेक विद्यालयों ने इस आयोजन में बढ़-चढ़कर सहभागिता की। इस अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की भजन गायन टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस टीम में कुल 27 विद्यार्थियों ने सहभागिता की और विजेता टीम को पुरस्कार स्वरूप 2800 रुपए की राशि प्रदान की गई। इसके साथ ही विद्यालय के एक छात्र ने श्लोक वाचन प्रतियोगिता में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि को सम्मानित करने हेतु विद्यालय में विशेष प्रात:कालीन सभा का आयोजन किया गया।



# एबीवीपी पर लाठीचार्ज के विरोध में विपक्ष का वॉकआउट

## धर्मशाला शीत सत्र के सातवें दिन भी भाजपा विधायकों ने सरकार के खिलाफ किया विरोध-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**

धर्मशाला के तपोवन में चल रहे विधानसभा के शीत सत्र में कभी विपक्ष तो कभी सत्तापक्ष द्वारा विभिन्न मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन का दौर वीरवार को सातवें दिन भी जारी रहा। वीरवार को एक बार फिर सत्र शुरू होने से पूर्व विपक्षी दल भाजपा के विधायकों ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के नेतृत्व में प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। विधानसभा शीतकालीन सत्र के सातवें दिन सत्र शुरू होने से पहले सुबह हाथों में बैनर लेकर भाजपा विधायकों ने सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। जश्न मनाना बंद करो, राहत का प्रबंध करो और धारा 118 खेल है, हिमाचल का सेल है, जैसे नारे लगाते हुए विपक्ष के विधायक विपक्ष लॉन्ज से निकले और विधानसभा परिसर में जमकर नारेबाजी की।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सरकार के तीन साल के कार्यकाल और उसके जश्न के विरोध में यह प्रदर्शन किया गया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि हद तो इस बात की है कि सरकार द्वारा जश्न भी उस जिला में मनाया जा रहा है जहां सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि 3 साल के कार्यकाल में हिमाचल सरकार के निर्णयों से प्रदेश को बड़ा नुकसान हुआ है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि धर्मशाला सहित पूरा प्रदेश यह सवाल उठा रहा है कि 30 करोड़ जो केंद्रीय विश्वविद्यालय के जमा करवाने थे उसका क्या हुआ। पर्यटन विलेज के नाम पर कृषि विश्वविद्यालय की भूमि को क्यों बेचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि धारा 118 के तहत जो बिल लाया जा रहा है उसके पीछे सरकार का क्या एजेंडा है। सरकार ऐसा कर हिमाचल को बेचने का प्रयास कर रही है जिसका भाजपा विरोध करती है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जो गारंटियां दी थी उनमें 3 साल में एक भी गारंटी पूरी नहीं हो पा रही है। अब सभी वर्ग कांग्रेस सरकार की उखाड़ फेंकने की बात कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि विद्यार्थी परिषद ने जो प्रदर्शन किया उसके लिए बाकायदा उन्होंने परमिशन ली थी। यह अनुमति टैक्सी स्टैंड से जोरावर स्टेडियम तक की थी लेकिन उसके बावजूद उन्हें रोक कर उनके ऊपर लाठी चार्ज किया जो निंदनीय है। इस विरोध में भी भाजपा विधायकों ने प्रदर्शन किया है।



एबीवीपी पर लाठीचार्ज के विरोध में धर्मशाला विधानसभा शीतकालीन सत्र से वॉकआउट कर भाजपा विधायक व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर प्रदर्शन करते हुए।

# पांच साल होगा मेयर व डिप्टी मेयर का कार्यकाल, विधानसभा में विधेयक पारित

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

- विक्रमादित्य सिंह ने किया द्वितीय संशोधन विधेयक को पारित करने का प्रस्ताव

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के शीत सत्र के सातवें दिन वीरवार को नगर निगम द्वितीय संशोधन विधेयक 2025 को पारित करने का प्रस्ताव सदन में रखा गया। इसके तहत नगर निगम के महापौर और उप महापौर के कार्यकाल को बढ़ाकर पांच साल कर दिया जाएगा। विपक्ष की गैरहाजिरी में इस विधेयक को सदन में ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। भाजपा विधायक दल इससे पूर्व प्रश्नकाल के बाद ही सदन से वाकआउट कर गया था।

विक्रमादित्य सिंह ने गुरुवार को सदन में हिमाचल प्रदेश नगर निगम द्वितीय संशोधन विधेयक 2025 को पारित करने का प्रस्ताव किया। इस संशोधन के तहत नगर निगम के महापौर और उपमहापौर की पदावधि मौजूदा ढाई वर्ष से बढ़ाकर पांच वर्ष कर दी गई है। यह संशोधन हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1994 की धारा 36 में बदलाव के रूप में लाया गया है। विधानसभा में प्रस्तुत विवरण के अनुसार ढाई वर्ष की अवधि महापौर और उपमहापौर को नगर निगम के विकास, प्रशासनिक निरंतरता और दीर्घकालिक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पर्याप्त समय नहीं देती। अल्प अवधि के चलते शहरों में विकासात्मक गति प्रभावित होती है और निरंतरता टूटती है। इसलिए पदावधि बढ़ाकर पांच वर्ष करने का निर्णय लिया गया है। विधानसभा सत्र न होने पर इस संशोधन को लागू करने के लिए 28 अक्तूबर 2025 को राज्यपाल की मंजूरी के बाद अध्यादेश लाया गया था, जिसे विधेयक के रूप में पेश गया गया। शून्यकाल में भोरंज के कांग्रेस विधायक सुरेश कुमार ने शारीरिक शिक्षकों के बारे में प्रश्न पूछा। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से शारीरिक शिक्षकों के पदों को नहीं भरा गया है।

# शीतकालीन सत्र में दिखी दोनों तरफ की तल्खी

## धर्मशाला के तपोवन में सियासी तपिश में थमा मुद्दों का शोर, ठहरे रहे ज्वलंत मुद्दे

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

अनंत ज्ञान खास खबर

- नौ दिनों में रहा विरोध प्रदर्शनों और नारेबाजी का शोर
- सदन के भीतर बहसों के बजाय आरोपों का शोर रहा हावी

**तपोवन ( धर्मशाला )।** धर्मशाला की खूबसूरत शिवालिक पहाड़ियों के सम्मुख शीतकालीन सत्र यूं उतरा। जैसे वादियों में फैला कोई धुंधला दृश्य उभर आया हो, जिसमें उम्मीदों की रोशनी भी थी और सियासी शोर की चुभन भी। तपोवन का परिसर नौ दिनों से मानो राजनीति के किसी विशाल रसायन-घर में बदल गया हो, जहाँ मुद्दों की भट्टी कम और नारों की आग ज़्यादा सुलग रही थी। सदन के भीतर की गरमाहट और बाहर की सड़क की सियासत ने इस सत्र को एक अनोखा, कुछ विचित्र और कुछ अराजक रूप दे गया।

इस बार सदन की कार्यवाही, विषयों की गंभीरता से ज़्यादा, विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच सवाल-जवाब की तल्ख़ झड़पों का रंग लेती हुई दिखाई दी। 744 सवालों की सूची ने संकेत दिया कि मुद्दे बहुत थे, मगर उन पर बहसें कई बार आरोप-प्रत्यारोप की आंधी में बह गईं। नौ दिनों की कार्रवाई में यह साफ़ दिखा कि सत्र अपने आकार के अनुरूप गहराई नहीं ला पाया। विषय थे आपदा प्रबंधन, सड़कें, रोज़गार, स्वास्थ्य, पर राजनीतिक शब्दों की तेज़ी ने उन्हें पीछे धकेल दिया।

तपोवन के बाहर हालात इस बार असाधारण रहे। भाजपा का गुरुवार को जोरावर स्टेडियम में विशाल प्रदर्शन तो था ही, पर दिलचस्प यह भी रहा कि सत्ता पक्ष के विधायक भी कभी-कभी विपक्ष के खिलाफ नारेबाज़ी और आरोपों के साथ मैदान में उतर आए। यह दुर्लभ दृश्य रहा कि सत्ता और विपक्ष, दोनों ही सड़क पर सक्रिय दिखे। मगर दोनों के हाथों में मुद्दों की धार उतनी तेज़ नहीं थी, जितनी राजनीतिक शोर की गूँज। आम तौर पर विपक्ष प्रदर्शन करता है और सत्ता पक्ष जवाब देता है, लेकिन इस बार भूमिकाएं उलझी-सी नज़र आईं। नौ दिनों की हलचल के बाद यह साफ हुआ कि इस सत्र में जनहित के ठोस मुद्दे उतने उभरकर सामने नहीं आ सके। विरोध की दोतरफ़ा राजनीति ने चर्चा की ज़मीन को उथला कर दिया। विपक्ष सत्ता पक्ष पर वादों और व्यवस्था को लेकर तीखे सवाल दागता रहा, पर सत्ता पक्ष भी विपक्ष पर पुरानी नीतियों, वित्तीय बोझ और जनसमर्थन की कमी के तीर चलाता रहा। इस दोतरफ़ा संघर्ष में ऐसा लगा कि जनहित की प्राथमिकताएं कहीं पीछे छूटती गईं।

### सियासी गहमागहमी के बीच दबे मूल प्रश्न।

कल यानी शुक्रवार को जब यह दस दिवसीय सत्र समाप्त होगा, तब यह प्रश्न हवा में तैरता रहेगा कि इतने लंबे सत्र का सार क्या रहा? क्या जनता के लिए कोई ठोस दिशा निकली, या राजनीतिक तकरार की आवाजें ही ज्यादा गूंजती रहीं? सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की सक्रियता दिखी, मगर मुद्दों की गहराई पर जो ठहराव आया, उसने इस सत्र को असमंजस और अव्यवस्था की छाया में रख दिया। सरकार कल शिमला लौट जाएगी, लेकिन तपोवन की वादियों में उठी आवाज़ें आने वाले समय में राजनीतिक समीकरणों को ज़रूर प्रभावित करेंगी। जनता अब इस इंतज़ार में है कि अगले सत्र में मुद्दों की बात सिर्फ़ शोर न बने, बल्कि समाधान की राह भी दिखे।

# 742 करोड़ की सीवरेज योजनाओं पर चल रहा काम : मुकेश अग्निहोत्री

## उपमुख्यमंत्री ने विधायक केवल सिंह पठानिया के सदन में पूछे सवाल के जवाब में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश में 742 करोड़ की सीवरेज योजनाओं पर काम चल रहा है। इसमें राज्य सरकार की ओर से ही पैसा दिया जाएगा। 56 करोड़ की स्कीम शाहपुर के लिए स्वीकृत कर ली है, जिसमें 20 करोड़ जारी किया है। इसमें सात करोड़ खर्च किए गए है, जबकि 80 लाख अभी आया है। उपमुख्यमंत्री ने यह जानकारी विधायक केवल सिंह पठानिया द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में सदन में दी।

डिप्टी सीएम ने कहा कि पाईप पहले खरीदने के विषय में 15 करोड़ से अधिक की स्कीमों में ठेकेदार को पाइपें खरीदने की अनुमति दी जाती है। उन्होंने कहा कि ठेकेदार के स्कीम मिलने पर अपने तर्ज पर कार्य किया जाता है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि स्कीम को आगे बढ़ाने को काम होगा। पीजीआई सेटेलाइट सेंटर ऊना में बन रहा है, इसमें चार करोड़ 55 लाख राज्य सरकार की ओर से दिया जाना है। उन्होंने कहा कि पीजीआई से भी



निवेदन आया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से जल्द ही राशि जारी किए जाने की बात रखी। डिप्टी सीएम ने कहा सीवरेज के लिए राज्य सरकार की ओर से ही पैसा दिया जाता है। 800 करोड़ की स्कीमों को स्टेट हेड से पैसे नहीं मिल पाएंगे। ऐसे में केंद्र से व नाबार्ड से बजट के लिए कार्य करना होगा। अग्निहोत्री ने कहा कि एमएलए प्राथमिकता के तहत कार्य करवाने के लिए काम करना चाहिए। जिससे कार्य को पूरा करने में दिक्कत हो रही है। स्कीम को सेंटर में भेजने के लिए प्रपोजल मिलने पर केंद्र को भेजी जाएगी।

डॉ. जनक राज ने कहा कि सीवरेज के लिए सडक़ को खोद दिया गया है, जिसमें भरमौर, किलाड़, पांगी व मेहला में कार्य में देरी हो रही है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र की चार सड़कें लंबित हैं। जिनको पूरा किए जाने के लिए पीएमजीएसवाई-तीन व चार के तहत शामिल किया जा रहा है। 2011 जनगणना के तहत प्रधानमंत्री सडक़ योजना के तहत ही सड़कों को अनुमति के लिए शामिल किया जा रहा है।

### राज्य में रखी गई हैं करोड़ों की स्कीमें

**केवल** सिंह पठानिया ने सीवरेज की स्थिति को लेकर सवाल किया है। इसमें राज्य में करोड़ों की स्कीमें रखी गई हैं। इसमें जैसे टेंडर होता है, पाइपें निकट भविष्य में सोर्स को डवलपमेंट का कार्य करने की बात रखी है।

### सत्ती ने जल्द बजट जारी करने की रखी मांग



**ऊना** में पीजीआई सेटेलाइट हॉस्पिटल को बनाने के लिए 403 कनाल जमीन प्रदान की गई थी। इसमें केंद्र सरकार की ओर से पौने चार सौ करोड़ का कार्य होने वाला है। इसमें सीवरेज के लिए चार करोड़ 55 लाख में से मात्र एक करोड़ ही उसके लिए जारी किया गया। जिसमें काम थोड़ा ही हो पाया है। उन्होंने तीन करोड़ 55 लाख जल्द जारी करने की मांग रखी। विधायक सतपाल सत्ती ने मुख्यमंत्री से इस विषय में जल्द ही बजट जारी करने की मांग रखी। जिससे 400 बेड को शुरू किया जा सकें।

### नेरवा, चौपाल में रुके सीवरेज कार्य : बलबीर

**चौपाल** के विधायक बलबीर वर्मा ने कहा कि उनके क्षेत्र में सीवरेज के नेरवा व चौपाल में काम रुके हुए हैं। अरबन डवलपमेंट के लिए उक्त दोनों की प्रपोजल भेजने की भी मांग रखी है।

# मेरी लंदन की यात्रा पूरी तरह से निजी थी, निजी तौर पर किया खर्च : सीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि लंदन की यात्रा मेरी पूरी तरह से निजी है। इसमें खर्चा निजी रूप से खर्च किया गया है। व्यक्तिगत के तौर पर हम व परिवार को सुविधा मिलती है। उन्होंने कहा कि विधायक के रूप में भी सुविधा को नहीं लिया गया। उन्होंने कहा कार्ड से ही ऑनलाइन पेमेंट चाय तक कि खुद की है। एबीवीपी के मामले में सीएम ने कहा कि जोरावर मैदान तक दी अनुमति दी गई थी, जबकि सडक़ रोकी जा रही थी। सीएम ने कहा कि इस बात को लेकर विपक्ष अपनी राजनीतिक रैली में जाने का बहाना ढूंढ रहे था। विपक्षी सदस्य मुद्दे की बजाय राजनीति के लिए सदन से बाहर गए। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि सीएम ने स्थिति इस पर स्पष्ट की थी।

### एसडीएम ने दी थी मार्च की अनुमति : जयराम



**इस** पर नेता विपक्ष जयराम ठाकुर ने प्वाइंट ऑफ आर्डर के तहत जोरावर सिंह मैदान में लाठीचार्ज को लेकर कहा कि मार्च पास्ट की अनुमति एसडीएम की ओर से जारी की गई थी, जिसमें पुलिस थाना धर्मशाला एसएचओ को भी जानकारी दी गई थी। सीएम को अधिकारियों की ओर से गलत जानकारी दी गई। जयराम ने कहा कि शिमला में दृष्टि बाधित लोगों के खिलाफ अभद्र व्यवहार किया गया। जबकि देश के प्रधानमंत्री के पुतले जलाने के अनुमति व उस पर कोई कार्रवाई की गई।

### मलेंद्र ने बाढ़ से हुए नुकसान का मुद्दा उठाया

**तपोवन** में चल रहे शीत सत्र के दौरान वीरवार को इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन द्वारा प्वाइंट ऑफ ऑर्डर के तहत बरसात में आई बाढ़ से इंदौरा में हुए नुकसान का विषय सदन में उठाया। सदन में अपनी बात रखते हुए विधायक ने कहा कि इस दौरान इंदौरा की तारा खड्डु का पानी शहरी रियाहशी इलाकों में पहुंच गया। मण्ड क्षेत्र में भी भारी बाढ़ के कारण फसलों, जमीनों सहित संपत्ति को भी काफी नुकसान हुआ है। व्यास नदी के रास्ता बदलने से इंदौरा में तीन से चार स्थानों में पुल बनाने की जरूरत पड़ गई है। विधायक ने कहा कि इंदौरा में विशेष राहत पैकेज प्रदान किया जाए। उन्होंने पौंग डैम से हो रहे नुकसान को लेकर बांध प्रबंधन से भी उचित राहत राशि प्राप्त की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सीएम की ओर से पैकेज जारी किया गया, जिसे जल्दी प्रदान किया जाए। वहीं सदन में विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि इस विषय पर उचित कार्रवाई के लिए निर्देश दिए जाएंगे।

# कई वर्षों से नहीं भरे शारीरिक शिक्षकों के खाली पद : सुरेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** तपोवन में शीतकालीन सत्र के दौरान वीरवार को शून्यकाल में हमीरपुर के विधायक सुरेश कुमार ने पिछले कई वर्षों से शारीरिक शिक्षकों के पदों को भरा नहीं गया है। स्कूलों में शारीरिक शिक्षा का महत्व है, ऐसे उन्हें जल्दी भरा जाना चाइए। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा इस संबंध में उचित दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। कृषि एवं पशुपालन मंत्री चन्द्र कुमार ने कहा कि संबंधित अधिकारियों को पशु धन की बीमारी के जांच पड़ताल के निर्देश दिए जाएंगे। साथ ही दवाइयों व टीकों की उचित व्यवस्था की जाएगी। शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि गद्दी समुदाय के भेड़पालक रोशन की इंदौरा में 50 भेड़ बकरियों की मौत हुई, जबकि लगातार महामारी से भेड़-बकरियों की मौत से बचाने के लिए उचित कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि महामारी को रोकने को उचित कदम उठाया जाए।

# छात्र शक्ति को नहीं दबा पाएगी सरकार : एबीवीपी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कई महीनों से हिमाचल प्रदेश के प्रत्येक जिले, महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों में शांतिपूर्ण आंदोलन, धरने और प्रदर्शन किए। एबीवीपी की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने कहा कि बार-बार ध्यान आकर्षित कराने के बावजूद प्रदेश सरकार ने छात्रों के मुद्दों को लगातार नजरअंदाज किया। शिक्षा व्यवस्था को सुधारने, कॉलेजों में स्थाई स्टाफ नियुक्त करने, छात्रावास-परिषद से जुड़े मूलभूत सुधारों सहित कई आवश्यक मुद्दों पर सरकार की उदासीनता ने पूरे छात्र समुदाय में गहरी नाराजगी पैदा की है। नैंसी अटल ने कहा कि इन्हीं उपेक्षित मांगों को लेकर कल जिला कांगड़ा इकाई द्वारा विधानसभा का शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर सरकार ने लोकतांत्रिक संवाद की जगह दमन का रास्ता चुना। शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे परिषद के कार्यकर्ताओं पर पुलिस द्वारा बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज किया गया। नैंसी अटील ने कहा कि यह स्पष्ट है कि यह सब मुख्यमंत्री सुक्खू सरकार के इशारों पर हुआ है। अपनी विफलताओं का आईना देखकर प्रदेश सरकार इतने बौखला गई कि उसने तानाशाही रवैया अपनाते हुए पुलिस को छात्रों पर हमला करवाया। शिक्षा सुधार की बात करने वाली सरकार ने छात्रों की आवाज को दबाने का शर्मनाक प्रयास किया है।अभाविप हिमाचल प्रदेश स्पष्ट करती है कि छात्रों पर हुए इस अत्याचार का जवाब प्रदेश सरकार को देना होगा। जब तक 11 सूत्रीय मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता और दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती, विद्यार्थी परिषद अपना संघर्ष और अधिक तेज करेगी।

**दौरा** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल साहला के बच्चों ने देखी सदन की कार्यवाही

# पठानिया ने छात्रों को समझाई संसदीय प्रणाली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

तपोवन विधानसभा में चल रहे शीतकालीन सत्र की कार्यवाही देखने आए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल साहला (भटियात) के छात्र-छात्राओं ने सदन की कार्यवाही को देखने से पहले प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से मुलाकात की।

इस अवसर पर छात्रों ने विधानसभा अध्यक्ष से आज होने वाली कार्यवाही तथा विधान सभा की भूमिका, गठन तथा स्पीकर पद के महत्व पर प्रकाश डालने का आग्रह किया जिसका विधानसभा अध्यक्ष ने सलिसिलेवार उत्तर देते हुए कहा कि विधानसभा एक राज्य का कानून बनाने वाला सदन है। जैसे हमारे स्कूल में अलग-अलग कक्षाएं होती है, वैसे ही राज्य में अलग अलग क्षेत्र होते हैं. और हर क्षेत्र से एक नेता चुना जाता है जिसे विधायक कहते हैं। ये विधायक मिलकर विधानसमा बनाते हैं। विधानसभा का मुख्य काम राज्य के लोगों के लिए कानून बनाना है। जैसे स्कूल में नियम होते है. वैसे ही राज्य को चलाने के लिए कानून जरूरी होते हैं।


सदन की कार्यवाही देखने आए स्कूली बच्चों के साथ कुलदीप सिंह पठानिया।

इस अवसर पर छात्र- छात्राओं से संवाद के दौरान पठानिया ने कहा कि जिस राजनीतिक दल के सबसे ज्यादा विधायक जीतते हैं वह दल मिलकर सरकार बनाता है। सरकार का मुखिया मुख्यमंत्री कहलाता है। विधान सभा में विधायक सरकार से लोगों की समस्याओं के बारे में सवाल पूछते हैं और सरकार को उसका जवाब देना होता है। सरकार हर साल बताती है कि यह लोगों के लिए क्या- क्या काम करेगी और उसके लिए कितना पैसा खर्च होगा। इसे बजट कहते हैं और विधान सभा इसे पास करती है। उन्होने कहा कि विधान सभा में एक स्पीकर होता है जो सदन की कार्यवाही को नियंत्रित करता है जैसे स्कूल में प्रिंसिपल असेंबली को चलाते हैं। इसके अतिरिक्त जो दल सरकार नहीं बनाते वे विपक्ष कहलाते हैं।

विपक्ष का काम सरकार के कामों पर नजर रखना और लोगों की आवाज उठाना होता है। विधान सभा में किसी भी मुद्दे पर खूब वहस होती है जिसमें विधायक अपनी-अपनी राय रखते हैं। जब कोई कानून बनाना होता है तो विधायक उस पर वोट करते हैं। जिस तरफ ज्यादा वोट होते हैं वह कानून बन जाता है। पठानिया ने कहा कि विधान सभा लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह लोगों को अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से सरकार में भाग लेने का मौका देता है। विधान सभा अध्यक्ष ने सभी छात्र-छात्राओं को सदन के अन्दर होने वाली कार्यवाही को देखने के लिए आमंत्रित भी किया और सभी बच्चों को अपनी ओर से शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सीएम खुद खज्जल, जनता भी कर दी खज्जल : परमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि जोरावर स्टेडियम गवाह रहा है कि जब भी यहां से हुंकार भरी है, जनता ने बदलाव किया है। आक्रोश रैली में परमार ने तंज कसते हुए कहा कि सीएम खुद खज्जल हैं और जनता को भी खज्जल कर रहे हैं, जबकि मित्रों को पदों से नवाजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की जॉब ट्रेनी पॉलिसी युवाओं के साथ धोखा है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के सैलाब का कारवां रुकेगा नहीं, बल्कि निरंतर जारी रहेगा।

## भीड़ है संकेत, आने वाला है बदलाव : बिक्रम ठाकुर

**जसवां** परागपुर के विधायक बिक्रम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार में किसान, बागवान, कर्मचारी दुख हैं। जन आक्रोश रैली में उमड़ी भीड़ संकेत दे रही है कि प्रदेश में बदलाव आने वाला है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता, प्रदेश सरकार की नाकामियों व भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं।

# खेलो इंडिया में खेलने गए खिलाड़ियों को दी जाएगी किराए की राशि : यादविंद्र गोमा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने बताया कि खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चे खेल में भाग लेने के लिए गए, उसकी कोई सूचना नहीं दी गई थी। जबकि अब सूचना मिलने पर उन्हें रीवर्समेंट जारी कर दी जाएगी। खेल मंत्री ने यह जानकारी विधायक राकेश जंवाल द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब ने सदन में दी। उन्होंने बताया कि खेलो इंडिया में अभी तक इस प्रकार का बजट नहीं आया है। मंत्री ने बताया कि वर्तमान सरकार में खेलों में विकास हो रहा है।



उन्होंने कहा कि ओलंपिक खिलाडियों को 14 करोड़ की सम्मान राशि आबंटित की गई है। डाइट मनी 200 से 400, 240 से 300, जिला स्तर पर, राज्य से बाहर 500 रुपये डाइट मनी प्रदान की जा रही है। ये डाइट मनी सभी खिलाडियों को प्रदान की जा रही है। बॉक्सिंग में एक लडक़ी विजेता बनी है, लेकिन बॉक्सिंग को भी इसमें शामिल किया जाएगा। इंटर यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए भी डाइट मनी बढ़ाई है। विधायक सुंदरनगर राकेश जंबाल ने राज्य में खिलाडियों के किराए को लेकर सवाल पूछा। उन्होंने कहा कि खेलों में जाने वाले खिलाडियों को एसी थ्री टियर व 200 किलोमीटर हवाई यात्रा का क्या प्रावधान है। उन्होंने कहा कि कबड्डी वर्ल्ड कप में पांच खिलाड़ियों सहित अन्य गेम्स में भी नाम कमाया है। उन्होंने खिलाडियों को यात्रा भत्ता देने की बात रखी। ज्वालामुखी विधायक संजय रत्न ने कहा कि यूएसए से एक बेटी गोल्ड मेडल लेकर आई है, उसे अभी कोई प्रोत्साहन राशि प्रदान नहीं की गई है।

### बरसात में मनाली विधानसभा की 14 सड़कें क्षतिग्रस्त : विक्रमादित्य



**लोक** निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि मनाली में मॉनसून के दौरान 14 सडक़ें क्षतिग्रस्त हुई हैं, जिनमें छह सुचारू चल रही हैं। जबकि आठ को छोटे वाहनों के लिए खोल दिया गया है। उन्होंने कहा कि बड़े वाहनों के लिए सडक़ों को जल्द खोलने का कार्य किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि व्यास नदी के लेफ्ट बैंक में विकास कार्य चल रहा है। जबकि राइट बैंक एनएचएआई की ओर से 9.30 करोड़ का बजट प्रदान किया गया है। इसके लिए सडक़ के चौड़ीकरण के लिए कार्य किया जाएगा, हालांकि इसमें लोगों की ओर से आपत्ति जताई जा रही है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि यह सडक़ मार्ग मनाली को लेह से जोड़ता है। मनाली के विधायक नरेंद्र गौड़ ने क्षेत्र में क्षतिग्रस्त सडक़ों को लेकर सवाल उठाया है। उन्होंने पूछा कि सडक़ों की स्थिति को सुधारने के लिए क्या नेशनल हाईवे की ओर से राशि मिलती है।



प्रदेश कांग्रेस सरकार के तीन वर्ष के कार्यकाल के विरोध में भाजपा ने तपोवन के समीप जोरावर मैदान में वीरवार को आक्रोश रैली का आयोजन किया। रैली में भाजपा नेताओं ने प्रदेश सरकार को दस गारंटियों और कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर घेरा। साथ ही पूरी रैली स्थल पर राधे-राधे नारों की गूंज भी रही।

# रैली में भीड़ देख संजय टंडन बोले, 'यह रैली नहीं रैला है'




जोरावर स्टेडियम में जन आक्रोश रैली में उमड़ी भीड़ ।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रदेश भाजपा सह प्रभारी संजय टंडन ने जोरावर स्टेडियम में जन आक्रोश रैली में उमड़ी भीड़ को देखकर कहा कि, जितनी भीड़ जमा है, इसको देखकर कह सकते हैं कि यह रैली नहीं रैला है।

उन्होंने कहा कि इस रैली के बाद सुक्खू सरकार को उखाड़ने का काम शुरू हो गया है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार कोई भी वायदा पूरा नहीं कर पाई। हिमाचल सरकार पूरे देश की सबसे निकम्मी और भ्रष्ट सरकार है। शिक्षण संस्थान और कार्यालय बंद किए जा रहे, लोगों को नौकरी से हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दो हजार के करीब स्कूल और तहसील कार्यालय बंद किए हैं। कांग्रेस ने अपना वायदा पूरा नहीं किया, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा चुनावों से पहले 70 वर्ष के अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने का वायदा किया था, जिसे पूरा कर दिया गया है।

## तेंदुए ने किया पशुधन पर हमला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला के साथ लगते चोहला-इंद्रूनाग के पास बनगोटू में तेंदुए ने संध्या देवी की गोशाला में पशुधन पर हमला कर दिया। जिससे आधा दर्जन बकरियों को तेंदूआ ले गए हैं, जबकि कई घायल भी हैं। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार-गुरूवार को रात 12 से एक बजे गांव बनगोटू धर्मशाला हिमाचल प्रदेश, कि रहने वाली संध्या देवी के पशु घर में तेंदूए ने किया हमला। यहां करीब सात से आठ बकरियों को तेंदुआ ले गया है, जबकि एक बकरी घायल अवस्था में बची है। बुजुर्ग महिला संध्या देवी भी साथ ही कच्चे मकान में रहती हैं, इनकी जान पर भी खतरा है। साथ ही शाम के वक्त पूरे गांव में इंद्रूनाग पैराग्लाइडिंग साइट से ऊपर वाले दुर्गम क्षेत्र टऊ-बनगोटू में बच्चों बूढ़ों सभी पर खतरा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन व वन विभाग से उचित मदद प्रदान करने सहित उचित कदम उठाए जाने की मांग रखी है।

# सीएम ने कलियारा में बहुउद्देशीय इंडोर स्टेडियम का किया लोकार्पण

## मुख्यमंत्री सुक्खू बोले- कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार के लिए अतिरिक्त धन राशि शीघ्र की जाएगी जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है तथा विपक्ष के विरोध के बावजूद कई महत्वपूर्ण सुधार लागू किए गए हैं। इन ईमानदार प्रयासों के परिणामस्वरूप, प्रदेश अब गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में देश में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है, जबकि पूर्व सरकार के कार्यकाल में यह 21वें स्थान पर था।

यह बात मुख्यमंत्री ने शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के कलियारा में नवनिर्मित बहुउद्देशीय इंडोर स्टेडियम का लोकार्पण करने के उपरांत कही। यह स्टेडियम 3.36 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है, जिसमें बास्केटबॉल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट और फिटनेस सेंटर की सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के कलियारा विद्यालय में भी सीबीएसई पाठयक्रम लागू करने को स्वीकृति दी गई है। यहां विज्ञान और वाणिज्य वर्ग शुरू किए जाएंगे तथा उचित ड्रेस कोड लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीबीएसई पाठयक्रम वाले स्कूलों में विद्यार्थियों को मोबाइल फोन लेकर आने की अनुमति नहीं होगी, ताकि वे अपनी पढ़ाई, खेल व सह-पाठय गतिविधियों



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कलियारा में बहुउद्देशीय इंडोर स्टेडियम का उद्घाटन करते हुए।

पर ध्यान केंद्रित कर सकें। सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार के लिए 460 करोड़ रुपये जारी कर चुकी है, जिससे यहां बड़े विमानों की आवाजाही संभव हो सकेगी। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, हवाई सम्पर्क सुविधा में सुधार होगा और क्षेत्र में रोजगार के और अधिक अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए शीघ्र ही और धनराशि भी जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र राज्य सरकार की दूसरी सर्वोच्च प्राथमिकता है और पुराने उपकरणों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की नवीन मशीनरी से बदलने पर बल दिया गया है। सरकार आईजीएमसी शिमला, टांडा चिकित्सा महाविद्यालय तथा चमियाणा स्थित सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में एम्ज दिल्ली जैसी अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं स्थापित करने के लिए 78 करोड़ रुपये जारी कर चुकी है। इससे विभिन्न बीमारियों के लिए अधिक सटीक रक्त जांच रिपोर्ट उपलब्ध होंगी।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री (डॉ.) कर्नल धनी राम शांडिल ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के दूरदर्शी नेतृत्व में राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों के जीवन में बड़ा परिवर्तन लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने कांगड़ा जिले के लुथान में सुख-आश्रय परिसर के माध्यम से बेसहारा बच्चों, महिलाओं और वृद्धजनों को आश्रय सहयोग प्रदान करने की पहल की है। यह आधुनिक आवासीय परिसर मुख्यमन्त्री सुख-आश्रय योजना के तहत 400 व्यक्तियों की क्षमता के साथ बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नशे के समूल नाश के लिए व्यापक अभियान चला रही है। समाज के सभी वर्गों को आगे आकर युवाओं को इस सामाजिक बुराई को जड़ से उखाड़ने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों में सहयोग देना चाहिए।

उप-मुख्य सचेतक एवं स्थानीय विधायक केवल सिंह पठानिया ने कांगड़ा हवाई अड्डे का विस्तार कार्य शुरू करवाने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस हवाई अड्डे के विस्तार से निकट भविष्य में क्षेत्र में समृद्धि आएगी। उन्होंने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की पहल की भी सराहना करते हुए कहा कि यह पहल किसानों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है।

# किसानों को सही दाम नहीं, कॉरपोरेट के लालच की 'मुद्रास्फीति' से बढ़ती है महंगाई

## खाद्यान्न महंगाई का ठीकरा किसान पर क्यों?

**जब भी हम खाद्यान्न की बात करते हैं, देश के हर नागरिक के दिमाग में यही सवाल आता है कि भोजन तो सभी के लिए जरूरी है, पर अनाज, दूध, सब्जी, फल लगातार महंगे क्यों होते जा रहे हैं? यह भी स्वाभाविक है कि हर आदमी चाहता है कि उसे सस्ता भोजन मिले, लेकिन महंगाई बढ़ने के असली कारणों की बात आते ही सारा ठीकरा किसान पर फोड़ दिया जाता है। हर साल रबी और खरीफ फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (रूस्क) घोषित होते ही मीडिया में यह शोर मच जाता है कि इससे देश में महंगाई बढ़ जाएगी और गरीबों को खाना नहीं मिलेगा। टीवी डिबेट में अर्थशास्त्रियों के नाम पर बैठे कई लोग गलत तथ्यों को जनता के सामने पेश करते हैं और वातावरण ऐसा बनाया जाता है जैसे एमएसपी में 2—3 बढ़ोतरी से ही देश की अर्थव्यवस्था टूट जाएगी। सवाल यह भी है कि क्या सांसद और विधायकों की सुविधाएं देश पर बोझ नहीं? मीडिया जनता को यह नहीं बताती कि सांसद और विधायक जो वेतन, पेंशन, भत्ते और अन्य मुफ्त सुविधाएं लेते हैं, वह देश की अर्थव्यवस्था पर कितना बोझ डालती हैं। क्या इन माननीयों पर होने वाला सरकारी खर्च, खाद्यान्न के MSP पर खर्च होने वाले धन से ज्यादा है या कम? क्या यह हमारी अर्थव्यवस्था को कमजोर नहीं करता, परंतु इस पर कोई बहस नहीं होती। बस किसानों पर उंगली उठाई जाती है।**



## महंगाई की मार सबसे ज्यादा मध्यम और गरीब वर्ग पर

**जब** टमाटर, प्याज, लहसुन जैसी चीजें कम होती हैं, तो व्यापारी उस कमी का हवाला देकर 600 प्रतिशत तक कीमत बढ़ा देते हैं। यह है कृत्रिम महंगाई, जो हर साल होती है, परंतु सरकार देखने के बावजूद अनदेखा करती है।
इस कृत्रिम महंगाई की मार सबसे ज्यादा मध्यम और गरीब वर्ग पर पड़ती है। 'लालच की मुद्रास्फीति' ही महंगाई का असली चेहरा है।
जब कंपनियां लागत से कहीं ज्यादा कीमत बढ़ाएं, जब व्यापारी जमाखोरी कर कृत्रिम संकट पैदा करें, जब आपदा को अवसर मानकर दाम आसमान पर पहुंचा दिए जाएं और जब खुदरा मूल्य कई गुना बढ़े, परंतु इसे महंगाई की गणना में शामिल न किया जाए। इसे ही कहा जाता है 'लालच की मुद्रास्फीति' (Greedflation) और इस पूरी प्रक्रिया में किसान कहीं नहीं है।
मोबाइल कंपनियों का खेल भी कम नहीं होता है। 300 रुपए का रिचार्ज आज 700 रुपए में होता है। जब जियो बाजार में आया था, तो 3 महीने फ्री देकर पूरी मार्केट हथिया ली। BSNL को 4 रुपए लाने से रोका गया। जब लोग जियो पर आ गए, तो प्लान 90 दिन से घटाकर 84 कर दिए गए, 300 का रिचार्ज 700 रुपए का हो गया, परंतु कोई विरोध नहीं, न मीडिया, न जनता, पर यदि किसान रूस्क की कानूनी गारंटी मांग ले, तो पूरा सिस्टम उसके खिलाफ खड़ा हो जाता है। मोबाइल टैरिफ को मुद्रास्फीति की गणना में शामिल नहीं किया जाता, आखिर क्यों? किसान बेचता 5-8 रुपए किलो, उपभोक्त । खरीदता 40-50 रुपए में, लाभ कौन ले रहा है?

किसान आलू 5 रुपए किलो बेचता है-बाजार में वही आलू 20 रुपए। प्याज किसान 6-8 रुपए में देता है-बाजार में 40 रुपए। नारियल किसान 8 रुपए में देता है- दुकान में 50 रुपए। तो फायदा कौन ले रहा है? व्यापारी। और सरकार किसी व्यापारी के खिलाफ वैसा व्यवहार नहीं करती जैसा किसान के साथ करती है, क्योंकि व्यापारी सभी पार्टियों को चंदा देते हैं, किसान नहीं। सप्लाई चेन में सात गुना मुनाफा, परंतु महंगाई का दोष किसान पर कृषि सप्लाई चेन में उपभोक्त । से 7 गुना तक वसूला जाता है, पर महंगाई की गणना में सिर्फ किसान से खरीदे थोक मूल्य को ही शामिल किया जाता है।
यह महंगाई की गलत गणना है, यह लालच की मुद्रास्फीति है।

मॉल में दाम दोगुने-तिगुने, पर कोई सवाल नहीं। आज ज्यादातर लोग मॉल से सब्जी-फल, अनाज खरीदते हैं। 100 ग्राम चाय पैक : 40-50 रुपए। 500 ग्राम पैक : 400 रुपए तक। कंपनियां वजन घटाकर दाम वही वाला खेल भी कर रही हैं, पर यहां कोई बहस नहीं, कोई शिकायत नहीं। किसान से 2 रुपए बढ़े तो लोग तर्क करने लगते हैं। कंपनियों का मुनाफा 80 प्रतिशत बढ़ रहा-महंगाई कम दिखाई जाती है। यह भी बड़ा सवाल है कि कंपनियों का मुनाफा हर साल 80 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है, फिर महंगाई कैसे कम बताई जा रही है? यह साफ संकेत है कि देश में लालच की मुद्रास्फीति चल रही है,न कि वास्तविक महंगाई।

## यह खर्च महंगाई में शामिल क्यों नहीं?

**भारत** सरकार अपने सरकारी आवासों, किराये के घरों, यात्रा आदि पर होने वाले खर्च को कभी मुद्रास्फीति में शामिल नहीं करती है। डीजल, बस, ट्रेन, हवाई जहाज का किराया लगातार बढ़ रहा है। क्या इसे महंगाई की गणना में जोड़ा जाता है?

***कुंभ के समय प्रयागराज का एयरफेयर तीन-चार गुना बढ़ गया, गर्मी में कश्मीर-दिल्ली का किराया 25,000 तक पहुंच गया***

परंतु कहीं कोई शोर नहीं, कोई टीवी बहस नहीं। बस किसान की फसलों में 2–3 बढ़ोतरी होती है तो महंगाई-महंगाई का शोर मच जाता है। कृषि कभी महंगाई की वजह नहीं- कारण हैं मौसम, बिचौलिए और कॉरपोरेट।

### देश में महंगाई बढ़ने के मुख्य कारण हैं

- मौसम की मार से उत्पादन कम होना
- बड़े व्यापारियों द्वारा जमाखोरी
- कॉरपोरेट द्वारा कृत्रिम महंगाई
- सप्लाई चेन में लालच

## आपदा में कंपनियों का लाभ, किसान का नहीं

***कोविड-19 के समय अस्पताल महंगे हो गए, हवाई किराया बढ़ गया, होटल के दाम आसमान पर पहुंच गए, पर किसान ने अपनी उपज सस्ते में ही बेची।***

***किसान कभी आपदा को अवसर नहीं कहता, व्यापारी-कॉरपोरेट हमेशा कहते हैं। किसान पर आरोप गलत-महंगाई का असली कारण सिस्टम की लालच***

**महंगाई** बढ़ने में किसान की कोई भूमिका नहीं। किसान उत्पादन की लागत से ज्यादा कीमत नहीं बढ़ाता, लेकिन व्यापारी और कंपनियां अवसर देखकर दाम कई गुना बढ़ा देती हैं। सरकार जानती है, पर नियंत्रण नहीं करती, क्योंकि गठजोड़ है। किसान नहीं, कॉरपोरेट और बिचौलियों के लालच से बढ़ती है महंगाई, कृषि उत्पाद महंगाई नहीं बढ़ाते।



प्रस्तुति : डॉ. अशोक कुमार चौबे, पूर्व कृषि वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर

महंगाई बढ़ती है जमाखोरी से, कॉरपोरेट लालच से, सप्लाई चेन की लूट से, गलत महंगाई गणना से। किसान को अभी भी उसकी मेहनत का सही दाम नहीं मिलता। उत्पादन किसान करता है, लाभ व्यापारी ले जाता है। देश को वास्तविक महंगाई और लालच की मुद्रास्फीति के बीच का फर्क समझना होगा।



## न्यूज ब्रीफ

### नमांश स्याल को हमेशा किया जाएगा याद

**अनंत ज्ञान, डरोह।** कबीर पंथी समाज के प्रदेशाध्यक्ष मस्त राम, जिला अध्यक्ष मास्टर प्रताप चंद, कल्याण बोर्ड के सदस्य धनी राम पालमपुरी, प्रदेश जिला व तहसील के गण्यमान्यों व्यक्तियों ने वीर नमांश स्याल के माता-पिता से मुलाकात की और इस दुख की घड़ी में उन्हें हौसला देते हुए कहा कि विंग कमांडर नमांश पर उन्हें गर्व है। उन्होंने कहा कि वीर नमांश ने अपनी जान पर खेलकर बहुत से लोगों की जान बचाई।उनके इस सर्वोच्च बलिदान ने देश का मस्तिष्क गर्व से ऊंचा कर दिया है। उनके इस बलिदान को राष्ट्र कभी भूल नहीं पाएगा और देश के युवा इसे एक प्रेरणा स्रोत के रूप में देखेंगे। वे भी देश की रक्षा की खातिर सर्वस्व बलिदान करने के लिए तत्पर रहेंगे।कबीर पंथी समाज विंग कमांडर नमांश स्याल के परिवार के साथ हमेशा खड़ा रहेगा।

### इग्नू का री-रजिस्ट्रेशन 15 जनवरी तक

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** इग्नू स्टडी सेंटर 1187 के समन्वयक डॉ. दीप कुमार ने बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय का री-रजिस्ट्रेशन पोर्टल 1 दिसम्बर से 15 जनवरी तक पूर्णतः सक्रिय रहेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपनी शैक्षणिक प्रगति को निरंतर बनाए रखने हेतु समय सीमा के भीतर ही री-रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूर्ण करें। प्रायः अंतिम दिनों में ऑनलाइन पोर्टल पर अधिक दबाव के चलते तकनीकी समस्याएँ उत्पन्न हो जाती हैं, जिससे विद्यार्थियों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। स्टडी सेंटर ने विद्यार्थियों को सलाह दी है कि वे इग्नू की अधिकृत वेबसाइट पर उपलब्ध दिशा-निर्देशों का सावधानीपूर्वक पालन करें। साथ ही, किसी भी जानकारी या सहायता की आवश्यकता होने पर स्टडी सेंटर से संपर्क कर आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त किया जा सकता है।

### विशेषज्ञों ने योग को जीवनोपयोगी बताया



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में पंचनद शोध संस्थान, अध्ययन केंद्र कांगड़ा द्वारा भारतीय परंपरा में योग का महत्त्व विषय पर एक प्रेरणादायी गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य प्रस्तोता के रूप में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के योग अध्ययन केंद्र के सहायक आचार्य डॉ. विकास नड्डा ने योग के विभिन्न आयामों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। डॉ. नड्डा ने उपस्थित विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को योग की कई महत्त्वपूर्ण मुद्राओं का अभ्यास करवाते हुए बताया कि योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि आत्मिक, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का सशक्त आधार है। उन्होंने कहा कि निरंतर योगाभ्यास व्यक्ति को सकारात्मक ऊर्जा, रचनात्मक सोच और आशावादी दृष्टिकोण प्रदान करता है, जिससे जीवन के हर क्षेत्र में सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है। कार्यक्रम के प्रारंभ में कांगड़ा अध्ययन केंद्र के संयोजक डॉ. संजय पठानिया ने पंचनद शोध संस्थान की कार्यप्रणाली और उद्देश्यों का परिचय दिया। उन्होंने बताया कि यह संस्थान राष्ट्रहित के विषयों पर अध्ययन, शोध और वैचारिक संवाद के लिए समर्पित बुद्धिजीवियों का संगठित मंच है, जिसमें शोधकर्ता, प्रोफेसर, साहित्यकार, पत्रकार, न्यायविद, कवि और कई प्रख्यात शिक्षा-विशेषज्ञ सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं।

### नलेटी में गीता जयंती पर किया गीता पाठ

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** गीता जयन्ती के अवसर पर संस्कृत भारती जिला कांगडा देहरा जनपद के अन्तर्गत नलेटी गांव में गीता पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्कृत भारती देहरा जनपद गीता शिक्षण प्रमुख डॉ.रूपलाल शर्मा द्वारा कार्यक्रम का संयोजन किया गया। इस अवसर पर नलेटी के सांई मन्दिर में गीता पाठ में ग्रामीणों ने भी भाग लिया। जिसमें श्रीमद्भगवद्गीता के अनेक अध्यायों का पाठ तथा परायण कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। इस अवसर डॉ.रूपलाल शर्मा द्वारा भगवद्गीता में उल्लिखित सांख्य योग, कर्म योग, भक्तियोग इत्यादि विषय पर भी चर्चा की गई। डॉ रूपलाल ने बताया कि श्रीमद्भगवद् गीता की शिक्षायें प्रत्येक जनमानस के लिए जीवन के विविध क्षेत्रों में उपयोगी एवं प्रासंगिक हैं,जिससे मानव का सर्वांङ्गीण विकास सम्भव है।उन्होंने बताया कि यह गीता पाठ कार्यक्रम संस्कृत भारती देहरा जनपद के शिक्षण प्रमुख डॉ.विनोदकुमार शर्मा की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में संपन्न किया गया।

### मशरूम खेती के लिए पालमपुर पहुंचे किसान

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** जम्मू-कश्मीर के सांभा जिले के 35 किसानों ने मशरूम की खेती के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए एमडीपी पालमपुर का दौरा किया। इस भ्रमण का समन्वय डॉ. हरविंदर सिंह ने आत्मा योजना के अंतर्गत किया। 'एक जिला, एक फसल' योजना के तहत सांभा जिले के लिए मशरूम को चयनित फसल के रूप में निर्धारित किया गया है। इस पहल का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक और मशरूम की व्यावसायिक खेती के बारे में प्रशिक्षित करना है, जिससे उनकी आय में वृद्धि और स्थानीय स्तर पर कृषि विविधता को बढ़ावा मिल सके।

### क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक 15 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण कांगड़ा धर्मशाला की बैठक 15 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। बैठक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय कांगड़ा स्थित धर्मशाला में आयोजित होगी। इस बैठक में आरटीए से संबंधित मामले पेश किए जाएंगे। बैठक में कार्यालय के अधीन प्राप्त 55 स्टेज कैरिज रूटों (18) सीटर) हेतु जिन प्रार्थियों/ वाहन मालिकों द्वारा28 जुलाई 2025 तक आनलाईन आवेदन किया है, उन पर चर्चा व उनका आवंटन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त रूट परमिट ट्रांसफर, बसों की सीट क्षमता बढ़ाने / घटाने व बसों के रूट परमिट में नवीकरण आदि बारे चर्चा की जाएगी। सचिव क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण मनीष कुमार सोनी ने वाहन मालिकों से अपील की है कि वह इन कार्यो से सबन्धित आवेदन पूर्ण दस्तावेज सहित परिवहन विभाग द्वारा संशोधित प्रपत्रों पर जिसकी फीस कार्यालय दिवस पर 10 दिसंबर तक जमा करवाएं जिनकी जांच के पश्चात आवेदनों को बैठक में क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। 10 दिसंबर के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर बैठक में चर्चा नहीं की जाएगी। जिन प्रार्थियों एवं वाहन मालिकों द्वारा रूट परमिट को ट्रांसफर करने हेतु आवेदन किया गया है व विभाग द्वारा प्रकाशित रूटों हेतु 28 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन किया है, उनसे अपील की गई है कि वे स्वयं क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की इस बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें ताकि उनके आवेदनों पर क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण द्वारा निर्णय लिया जा सके।

### बॉबी गोस्वामी चुने समिति के प्रधान

**अनंत ज्ञान, चामुंडा।** जदरांगल सभा समिति के सभी मनोनीत सदस्यों द्वारा वीरवार को बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से बॉबी गोस्वामी को सोसाइटी का प्रधान और अशोक भट्ट को उप प्रधान बनाया गया। प्रधान बॉबी गोस्वामी और उप प्रधान अशोक भट्ट ने बाकी सभी सदस्यों का धन्यवाद किया और उन सबको विश्वास दिलाया कि सोसाइटी के उत्थान के लिए हम सभी मिलजुल कर कार्य करेंगे।

### एयरपोर्ट की सुनवाई अब आठ दिसंबर को

**अनंत ज्ञान, गग्गल।** उच्च न्यायालय शिमला में चल रहे कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार के मामले की सुनवाई आज भी बहस लंबे समय तक चली जिस कारण अब सुनवाई आठ दिसंबर को होगी। जानकारी देते हुए एयरपोर्ट विस्तार संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने बताया आज भी एयरपोर्ट विस्तार के मामले की सुनवाई लगभग दो घंटे तक चली जिस पर माननीय उच्च न्यायालय के न्याय मूर्ति का फोकस भी एयरपोर्ट के केस पर दिलचस्प से रहा। अब यह एयरपोर्ट का केस मेरिट के आधार पर आ गया है और जल्द फैसला होने वाला है। रजनीश मोना ने कहा कि हमें उच्च न्यायालय के आदेश पर पूर्ण विश्वास है कि फैसला जनता के हक में ही होगा। बहस के चलते सुनवाई अब आठ दिसंबर को होगी।

### प्रमोशन आदेश के लिए जताया आभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित की ओर से 200 से अधिक अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रमोशन आदेश जारी किए हैं। केसीसी बैंक एम्प्लॉइस यूनियन के प्रधान पंकज धीमान ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, बैंक प्रशासक विनोद धीमान, बैंक के प्रबंध निदेशक जफर इकबाल और समस्त बैंक प्रबंधन का धन्यवाद किया है। यूनियन का कहना है कि सरकार ने हमारी सबसे महत्वपूर्ण मांग को पूरा किया है। यूनियन प्रधान ने बैंक के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई देते हुए पंकज धीमान ने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि हमारे बैंक के सभी अधिकारी व कर्मचारी अपनी नई जिम्मेदारियों को पूरी मेहनत और लगन से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि यूनियन की शेष मांगों में लैप्स इंक्रीमेंटस का प्रीयर/कॉमन सर्विस रूल्स, डीए डीलिंग, हेल्थ इंश्योरेंस शामिल हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि बैंक प्रबंधन लंबित मांगों को भी जल्द पूरा करेगा।

# मुख्यमंत्री ने आधुनिक फोरेंसिक डिवीजन और डीपीआरसी भवन का किया उद्घाटन

## प्रयोगशाला में लगाए क्षतिग्रस्त मोबाइल फोन से डेटा निकालने वाले उन्नत उपकरण

**ग्रामीण विकास मंत्री और मुख्य सचिव सहित मौजूद रहे अन्य वरिष्ठ अधिकारी**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने क्षेत्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (आरएफएसएल उत्तरी क्षेत्र) धर्मशाला में डिजिटल फॉरेंसिक डिवीजन और उन्नत उपकरण प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। यह सुविधा लगभग तीन करोड़ रुपए की अत्याधुनिक अवसंरचना से निर्मित की गई है, जिसमें ऐसे उन्नत उपकरण शामिल हैं, जो क्षतिग्रस्त मोबाइल फोन से भी डेटा निकालने और उसका विश्लेषण करने में सक्षम हैं।



धर्मशाला में डिजिटल फोरेंसिक डिवीजन व उन्नत उपकरण प्रयोगशाला का उद्घाटन किया।

इसके अलावा, लगभग 1.05 करोड़ रुपये की लागत से एक उन्नत उपकरण प्रयोगशाला स्थापित की गई हैं, जिसमें अत्याधुनिक वैज्ञानिक उपकरण लगाए गए हैं। इन प्रयोगशालाओं में लगाए गए उपकरणों की कुल कीमत लगभग 1.50 करोड़ रुपए है। ये सुविधाएं हिमाचल प्रदेश के उत्तरी क्षेत्र में फॉरेंसिक जांच में पारदर्शिता, विश्वसनीयता और दक्षता को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगी। यह नया प्रभाग विशेष रूप से उन मामलों में, जहां सजा सात वर्ष या उससे अधिक हो, अपराध स्थल से सबूतों को संरक्षित करने में जांच एजेंसियों की मदद करेगा। इससे पूर्व, मुख्यमंत्री ने जिला पंचायत संसाधन केंद्र (डीपीआरसी) कांगड़ा के 3.92 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नए भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने जिला परिषद, कांगड़ा के डीपीओ कर्मचारी आवास का शिलान्यास भी किया, जिस पर लगभग 2.26 करोड़ रुपये व्यय होंगे। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, विधायक सुरेश कुमार, मुख्य सचिव संजय गुप्ता और सचिव (ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज) सी. पॉलरासु भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### बजट सत्र में होगा अर्ध सैनिक कल्याण बोर्ड का गठनः सीएम सुक्खू

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के दो लाख 67 हजार से अधिक अर्ध सैनिक बलों को बजट सत्र में कल्याण बोर्ड बनाए जाने का ऐलान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने किया है। उन्होंने कहा कि वीरभूमि हिमाचल में इसे लेकर बजट सत्र में कार्य किया जाएगा, इसके लिए उन्होंने संघ के पदाधिकारियों से दोबारा विभिन्न विषयों को लेकर मिलने को कहा। साथ ही मुख्यमंत्री ने अर्ध सैनिक बलों को जिला मुख्यालय धर्मशाला में कार्यालय चलाने के लिए उचित व्यवस्था व भवन उपलब्ध करवाने के लिए तुंरत प्रभाव से डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। वीरवार को अर्ध सैनिक कल्याण बोर्ड की मांग को लेकर सेवानिवृत्त पैरामिलिट्री एसोसिएशन के सदस्य तपोवन पहुंचे। संघ के कांगड़ा जिलाध्यक्ष बीएस राणा ने बताया कि वर्तमान में सात अर्ध सैनिक बल कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री के समक्ष उन्होंने सेवानिवृत्त पैरामिलिट्री सैनिकों के लिए कल्याण बोर्ड बनाने की मांग रखी है।

### हैप्पी बर्थडे



नंगल खुर्द (ऊना) की मायरा बैंस को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### लॉटरी का झांसा देकर 28 लाख से अधिक की ठगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** साइबर थाना नोर्थ रेंज धर्मशाला के समक्ष जिला कांगड़ा के एक व्यक्ति ने उससे लॉटरी में कार निकलने के नाम पर ऑनलाइन शातिरों द्वारा 28,06,809 रुपए की ठगी करने की शिकायत दर्ज करवाई है। जानकारी के अनुसार पीड़ित ने अपनी शिकायत में बताया है कि उसने ऑनलाइन माध्यम से एक हर्बल उत्पाद मंगवाया था। जिसके बाद तीसरे दिन उन्हें एक फोन आया जिसमें उनके नाम लॉटरी निकलने की बात कही गई। इस लॉटरी के ईनाम पर कार निकलने की बात बताई गई। साथ ही यह भी बताया कहा कि वे लॉटरी के तौर पर कार या पैसा भी ले सकते हैं। जिसके बाद लॉटरी प्राप्त करने के तौर पर उन्हें जीएसटी व हेल्पलाइन फंड देने की बात कही गई। प्रलोभन में आकर वे पैसा लूटाते रहे। जिसके बाद उन्होंने कुल 28,06,809 रुपए लूटा दिए, लेकिन जब उन्हें कुछ प्राप्त न होते हुए ठगी का एहसास हुआ तो उन्होंने अपनी शिकायत साइबर थाना में दर्ज करवाई। इस संदर्भ में साइबर थाना नोर्थ जोन के एएसपी प्रवीण धीमान ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## विद्यार्थी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पेशेवर छवि निर्माण को लेकर किए जागरूक

**सीयू के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ की ओर से कार्यशाला आयोजित**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश, धर्मशाला के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ की ओर से परिसर-2 में एक दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को आधुनिक प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण के अनुरूप ई-प्लेसमेंट विवरणिका निर्माण, डिजिटल फुटप्रिंट्स विकसित करने तथा प्रभावी लिंक्डइन प्रोफ़ाइल बनाने के लिए आवश्यक तकनीकी एवं व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना रहा।

इस आयोजन का संचालन कुलपति, प्रो. (डॉ.) सत प्रकाश बंसल के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. मोहिंदर सिंह, निदेशक,आईक्यूएसी सेल रहे। कार्यक्रम का प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के दिशा निर्देशन के रूप में प्रो. अमित गंगोटिया रहे। कार्यशाला के मुख्य संसाधन व्यक्ति डॉ. दीपक कुमार वैष्णव, सहायक प्रोफेसर, नई मीडिया विभाग रहे। इसके अतिरिक्त डॉ. अरुण भाटिया ने भी छात्रों के मार्गदर्शन और सत्र संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इसके साथ कुलदीप सिंह, योग विभाग के सहायक प्रोफेसर भी इस आयोजन में शामिल रहेंगे। डॉ. वैष्णव ने छात्रों को डिजिटल युग में प्रभावी ऑनलाइन उपस्थिति की आवश्यकता पर जोर देते हुए बताया कि एक आकर्षक लिंक्डइन प्रोफ़ाइल, मजबूत डिजिटल फुटप्रिंट और पेशेवर ऑनलाइन पहचान आज के रोजगार बाज़ार में अवसरों को कई गुना बढ़ा देती है।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों को निम्न विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया जैसे ई-ब्रोशर तैयार करने की तकनीक, डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पेशेवर छवि निर्माण, लिंक्डइन पर प्रभावी नेटवर्किंग और प्रोफ़ाइल अनुकूलन, डिजिटल पहचान के माध्यम से करियर अवसरों का विस्तार किया। सत्र के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की एवं अनेक प्रश्न पूछकर अपने संदेह दूर किए। इससे कार्यशाला अत्यंत संवादपरक और ज्ञानवर्धक बनी।

### ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर करीब 30 लाख ठगे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** साइबर थाना नोर्थ जोन धर्मशाला के तहत एक व्यक्ति ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 29,90,000 रुपए की ठगी करने की शिकायत दर्ज करवाई है। जानकारी के अनुसार जिला कांगड़ा के एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि उन्हें ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर एक व्हाटसऐप ग्रुप से जोड़ा गया। जिसके बाद उन्हें ऑनलाइन ट्रेडिंग कर मुनाफा देने का झांसा देकर निवेश करने की बात कही गई। प्रलोभन में आकर पीड़ित निवेश करता गया और यह राशि 29,90,000 रुपए हो गई, लेकिन जब उन्होंनें पैसा निकालना चाहा तो कुछ नहीं मिला। जिसके बाद उन्हें ऑनलाइन धोखाधड़ी का एहसास हुआ और उन्होंने साइबर थाना में अपनी शिकायत दर्ज करवाई। इस बारे में साइबर थाना नोर्थ रेंज धर्मशाला के एएसपी प्रवीण धीमान ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## रेड रिबन क्लब के वॉलंटियर्स ने किया अमेरिकी शोधार्थियों के साथ संवाद




**छात्रों ने टीबी स्टिग्मा और टोबैको फ्री यूथ पर अपने अनुभव साझा किए**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका के शोधार्थी मिस्टर डंकन और मैक्स ने राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय, धर्मशाला के छात्रों के साथ बातचीत की। मिस्टर डंकन जोनल हॉस्पिटल धर्मशाला के साथ मिलकर टीबी स्टिग्मा पर एक शोध कर रहे हैं। जोनल हॉस्पिटल के डॉ. आरके सूद ने उन्हें टोबैको फ्री यूथ पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टी-शर्ट दिखाई जिसे देख क डंकन और मैक्स ने डॉ. सूद से गतिविधयां करने वाले संस्थान के छात्रों से मिलने की इच्छा व्यक्त की। राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय, धर्मशाला के छात्रों ने यूएस शिक्षा वयस्था, और भारत में उनके अनुभव के बारे में बहुत सारे सवाल पूछे। रेड रिबन क्लब के स्वयंसेवकों ने विषय पर चित्रित की हुई सभी टी-शर्ट दिखाईं। कार्यकारी प्राचार्य प्रो. प्रीति शर्मा और नोडल ऑफिसर प्रो. रीता देवी और डॉ. अतुल ठाकुर ने अतिथियों को छात्रों द्वारा चित्रित की गई पांच टी-शर्ट भेंट की गई।

## स्प्रिंग डेल कान्वेंट जवाली को बेस्ट स्कूल अवॉर्ड

### प्रधानाचार्य डॉ. राजीव सिंह निरयाल और शिक्षकों को मिला विशेष सम्मान

**अनंत ज्ञान, जवाली**

हिमाचल के स्प्रिंग डेल कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल ज्वाली को पंजाब यूनिवर्सिटी की ओर से बेस्ट स्कूल अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 4 दिसंबर, 2025 को पठानकोट के 'पठानकोट होटल जॉन' में CT University Punjab की ओर से आयोजित 'गुरुवरस सेलिब्रेटिंग मेंटर्स अवार्ड सेरेमनी' में प्रदान किया गया।




स्प्रिंग डेल कान्वेंट स्कूल जवाली के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव सिंह निरयाल पुरस्कार प्राप्त करते हुए।

इस कार्यक्रम में पंजाब और हिमाचल के चुनिंदा स्कूलों, उनके प्रधानाचार्यों और सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों को पुरस्कृत करने के लिए आमंत्रित किया गया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस सेरेमनी में स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव सिंह निरयाल को उनके वर्षों के समर्पित सेवाओं और उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. निरयाल ने बताया कि स्कूल एनईपी (नई शिक्षा नीति) के तहत छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उनके समग्र विकास पर भी जोर दे रहा है। उनका उद्देश्य है कि छात्र-छात्राएं न केवल शैक्षणिक रूप से बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी बेहतर नागरिक बनें।

साथ ही, स्कूल के अध्यापक अंजना कटोच, अंचल कुमार और मिस श्रुति को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं और विद्यार्थियों के समग्र विकास में योगदान के लिए सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इन शिक्षकों ने न केवल शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने में बल्कि विद्यार्थियों को अच्छे संस्कार और शिक्षा के नए तरीके सिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्प्रिंग डेल कान्वेंट ज्वाली को यह पुरस्कार स्कूल की शिक्षा, खेलकूद, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों और शत प्रतिशत परिणाम जैसी उपलब्धियों के आधार पर प्रदान किया गया। पुरस्कार CT University के चांसलर श्री चरणजीत सिंह चन्नी और पठानकोट के एसएसपी एपी ढिल्लों द्वारा प्रदान किया गया।

प्रधानाचार्य डॉ. निरयाल ने इस सम्मान को प्राप्त करना गर्व की बात बताया और कहा कि स्कूल बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और अन्य गतिविधियों के माध्यम से सीखने का अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर स्कूल अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र, एमडी पवन चौधरी और कमिटी के अन्य सदस्यों ने सभी को बधाई दी और कहा कि यह सम्मान शिक्षकों को प्रेरित करता है, जिन्होंने जीवन भर नई पीढ़ी को ज्ञान देने और समाज को सही दिशा दिखाने में समर्पित किया।

### हैंकी पेंटिंग प्रतियोगिता में दीपा ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राजकीय महाविद्यालय, बैजनाथ में विश्व एड्स दिवस जागरूकता के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शपथ ग्रहण समारोह से हुई, जो राजीव गांधी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सा महाविद्यालय, पपरोला के आईसीटीसी काउंसलर श्री सुशील कुमार की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर रेड रिबन क्लब के 19 छात्र सदस्यों ने एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता, रोकथाम और सामाजिक संवेदनशीलता का संदेश देने हेतु प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में हैंकी पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें बी.एससी तृतीय वर्ष की दीपा ने प्रथम, बी.एससी द्वितीय वर्ष की सुनाक्षी ठाकुर ने द्वितीय और बी.एससी प्रथम वर्ष की प्रीति ठाकुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल ने छात्रों को समाज में जागरूकता, संवेदनशीलता और जिम्मेदार स्वास्थ्य व्यवहार के महत्व पर जोर दिया।

## नौरा गांव की बेटी शैवी शर्मा की डॉक्यूमेंट्री 'जलकन्या' का राष्ट्रपति ने किया अनावरण

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** गांव नौरा, तहसील धीरा की बेटी शैवी शर्मा ने अपने प्रतिभा और परिश्रम से क्षेत्र व प्रदेश का नाम रोशन किया है। भारतीय नौसेना की वीरता तथा नारी सशक्तिकरण पर आधारित डॉक्यूमेंट्री 'जलकन्या' का लोकार्पण 3 दिसंबर को नौसेना दिवस के अवसर पर तिरुवनंतपुरम में महामहीम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा किया गया। अरब सागर तट पर आयोजित इस भव्य समारोह में नौसेना की शक्ति और देश की होनहार बेटियों की प्रतिभा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

डॉक्यूमेंट्री का निर्देशन प्रसिद्ध फिल्मकार जोड़ी संजीव सिवन और दीप्ति सिवन ने किया है। 'जलकन्या' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान से प्रेरित है तथा देश की युवा लड़कियों के साहस, रचनात्मकता और सपनों को उजागर करती है। इस परियोजना के तहत देशभर के नौसैनिक स्कूलों से 25 छात्राओं का चयन कर मुंबई में पांच दिवसीय फिल्म निर्माण कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें आमिर खान, अनुराग कश्यप, शंकर महादेवन,



मशहूर फिल्म अभिनेता जावेद जाफरी के साथ शैवी शर्मा।

ज़ावेद जाफरी और संपादक ए. श्रीकर प्रसाद जैसे दिग्गजों ने मार्गदर्शन दिया। इन छात्राओं द्वारा बनाई गई लघु फिल्में ही 'जलकन्या' की मूल आत्मा हैं। नई पीढ़ी की सोच से बनी यह डॉक्यूमेंट्री समानता, सशक्तिकरण और सामाजिक बदलाव का संदेश देती है। भविष्य में 'जलकन्या' को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय फिल्मोत्सवों में प्रदर्शित किया जाएगा। नेवी चिल्ड्रन स्कूल, चाणक्यापुरी (नई दिल्ली) की कक्षा दसवीं की छात्रा शैवी शर्मा भारतीय शास्त्रीय नृत्य की विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षित है। उनके पिता योगेश्वर शर्मा भारतीय तटरक्षक में वैमानिकीय इंजीनियर हैं। परिवार व क्षेत्र में शैवी की इस उपलब्धि से हर्ष की लहर है।

## डाडासीबा के बेटे आर्यन सिंह स्पेहिया भारतीय नौसेना में बने सब-लेफ्टिनेंट



भारतीय नौसेना में सब-लेफ्टिनेंट बने आर्यन सिंह अपने माता-पिता व बहन के साथ।

**पिंकी, अनंत ज्ञान**

डाडासीबा के बही-घमलेहड़ गांव के होनहार बेटे आर्यन सिंह स्पेहिया ने कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से अपना सपना सच कर दिखाया। आर्यन ने सीडीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर भारतीय नौसेना अकादमी, एझिमाला (केरल) से प्रशिक्षण पूरा किया और 29 नवंबर 2025 को सब-लेफ्टिनेंट के रूप में भारतीय नौसेना में शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने बास्केटबॉल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इंटर अकादमी बख्शी कप में स्वर्ण पदक भी जीता। आर्यन के पिता डॉ. रणजीत सिंह स्पेहिया वरिष्ठ वैज्ञानिक हैं और माता मधु ठाकुर व्याख्याता हैं। सोलन के सेंट ल्यूक्स स्कूल से पढ़ाई पूरी करने के बाद आर्यन ने चितकारा यूनिवर्सिटी से कंप्यूटर इंजीनियरिंग की और पुणे में टाटा टेक्नोलॉजीज में नौकरी भी की, लेकिन देश सेवा का उनका सपना उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता रहा। आर्यन का परिवार रक्षा क्षेत्र में लंबे समय से जुड़ा रहा है, जिसमें उनके दादा, बुआ, फूफा और मामा शामिल हैं। इस गौरवमयी उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र ने आर्यन को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

**उत्साह** पीजी कक्षाएं शुरू करने व 1 करोड़ की सौगात ने जगाई नई उम्मीद

# धर्मशाला कॉलेज को मिला स्वर्णिम उपहार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में आयोजित भव्य झलक-ए-धौलाधार शिव नुआला कार्यक्रम उस क्षण का साक्षी बना जब देर रात पहुंचे हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कॉलेज परिवार को ऐसी ऐतिहासिक सौगातें दीं, जिनसे वर्षों पुरानी मांगें पूरी ही नहीं हुईं बल्कि आने वाली पीढियों के लिए नए अवसर भी सृजित हो गए। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने छात्रों की सबसे महत्वपूर्ण और लंबे समय से प्रतीक्षित मांग एमए राजनीति शास्त्र और एम.ए. इतिहास की पीजी कक्षाएं अगले ही सत्र से शुरू करने की घोषणा कर शिक्षा के क्षेत्र में नई रोशनी जगा दी। इसके साथ ही उन्होंने आर्ट्स ब्लॉक तक सडक़ संपर्क हेतु 1 करोड़ रुपये, कॉलेज मार्गों पर केनोपी निर्माण, शूटिंग रेंज के संपूर्ण उन्नयन, तथा एनएसयूआई द्वारा संचालित सांस्कृतिक गतिविधियों




मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू धर्मशाला कॉलेज छात्रों को पीजी कक्षाओं और विकास कार्यों की घोषणा करते हुए।

के लिए 5 लाख रुपये देने की स्वीकृति देकर कॉलेज विकास की नई कहानी लिख दी। मुख्यमंत्री की इन घोषणाओं ने न केवल छात्रों का मनोबल बढ़ाया बल्कि कॉलेज प्रशासन और नागरिकों में भी उत्साह की लहर दौड़ा दी, क्योंकि इतने बड़े पैमाने पर विकास की पहल एक ही मंच से दुर्लभ रूप से देखने को मिलती है। कार्यक्रम में मौजूद कॉलेज प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया ने इसे महाविद्यालय के इतिहास में मील का पत्थर बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा दी गई यह सौगात हमारे छात्रों के सपनों को नई दिशा देगी और संस्थान को उत्कृष्टता की राह पर और आगे ले जाएगी। वहीं कांग्रेस नेता देवेंद्र सिंह जग्गी ने इसे अपने लंबे संघर्ष और छात्रहित में की गई निरंतर पहल का परिणाम बताते हुए मुख्यमंत्री के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यकम में प्रसिद्ध लोकगायक सुनील राणा की शिव-भक्ति ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया, जबकि मुख्यमंत्री के आगमन और उनके दूरदर्शी निर्णयों ने इस रात को धर्मशाला कॉलेज के इतिहास की सबसे प्रेरणादायी और यादगार रात बना दिया।

# नोग-बधयात सुरंग के प्रभावितों का संघर्ष 196 दिन से जारी, प्रशासन की खामोशी पर सवाल

## 173 दिन से क्रमिक भूख हड़ताल के बावजूद नहीं मिल रहा न्याय; जमीनें दीं, पर पुनर्वास नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

टनल नंबर-17 नोग-बधयात, जिला बिलासपुर में प्रभावित लोगों का विरोध आज 196वें दिन में पहुंच गया, जबकि 173 दिन से क्रमिक भूख हड़ताल जारी है। अजय कुमार, विजय कुमार, कौशल्या देवी, बंटी देवी और मीना देवी आज भी धरने पर बैठे रहे, लेकिन इतने लंबे संघर्ष के बावजूद प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लोग पूछ रहे हैं कि आखिर उनके दर्द और मांगें किस फाइल में दबकर रह गईं, और क्यों जिला प्रशासन और सरकार 196 दिनों से इस शांतिपूर्ण आंदोलन पर खामोश बैठे हैं। धरने पर बैठे प्रभावितों का कहना है कि परियोजना के कारण उनकी जमीनें, घर और आजीविका प्रभावित हुई, लेकिन न पुनर्वास की स्पष्ट नीति सामने आई, न ही मुआवजे पर कोई ठोस निर्णय। रोजाना अधिकारियों से आश्वासन मिलते हैं, लेकिन धरातल पर शून्य प्रगति से लोगों में भारी नाराज़गी है। उनका कहना है कि 'हम भीख नहीं, हक मांग रहे हैं,' और संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक सरकार समाधान नहीं देती। स्थानीय सामाजिक संगठनों के अनुसार बिलासपुर में किसी परियोजना को लेकर इतना लंबा शांतिपूर्ण धरना इससे पहले देखने को नहीं मिला। भाखड़ा से लेकर कोल डैम तक कई बड़े आंदोलन हुए, लेकिन लगातार 196 दिन का धरना और 173 दिन की भूख-हड़ताल यहां के इतिहास में अभूतपूर्व है।

टनल-17 के प्रभावितों का कहना है कि संघर्ष कठिन है, लेकिन रुकने वाला नहीं। उनका यह भी आरोप है कि प्रशासनिक स्तर पर फाइलों को एक विभाग से दूसरे विभाग में धकेला जा रहा है, ताकि जिम्मेदारी तय न हो और मुद्दा दबा रहे। दूसरी तरफ राजनीतिक नेतृत्व की चुप्पी लोगों के गुस्से को और बढ़ा रही है। 196 दिन का यह आंदोलन अब सिर्फ एक स्थानीय मुद्दा नहीं, बल्कि प्रशासन की संवेदनहीनता और व्यवस्था की कमजोरी पर बड़ा सवाल बन चुका है और इसका जवाब लोग अब खुलकर मांग रहे हैं।



ये है वो नोग-बधयात टनल जिस के सामने हो रहा संघर्ष।



वीरवार को धरने पर बैठे ग्रामीण।

### राजनीतिक नेताओं की औपचारिक मौजूदगी, समाधान फिर भी शून्य

**धरने** के शुरुआती दिनों में कुछ राजनीतिक नेता और जनप्रतिनिधि एक-दो बार प्रभावितों से मिलने जरूर पहुंचे, समर्थन के बयान भी दिए, लेकिन कोई ठोस पहल या समाधान की दिशा में कदम नहीं उठाया गया। नेताओं की यह प्रतीकात्मक मौजूदगी मात्र फोटो-औपचारिकता बनकर रह गई, जबकि धरने पर बैठे लोग आज भी उसी स्थिति में हैं। बिना राहत, बिना समाधान।

### जिला प्रशासन की चुप्पी... 196 दिन बाद भी कोई आधिकारिक बयान नहीं

**टनल** नंबर 17 के प्रभावितों का संघर्ष 196 दिन पार कर चुका है, क्रमिक भूख हड़ताल 173वें दिन में है, लेकिन जिला प्रशासन ने अब तक इस मुद्दे पर कोई स्पष्ट, ठोस या आधिकारिक बयान जारी नहीं किया। न किसी प्रकार की जांच की घोषणा, न कोई कार्रवाई, न समाधान की दिशा में आश्वासन-प्रशासन की यह खामोशी लोगों के रोष और अविश्वास को और गहरा रही है।

## बिलासपुर सदर की सियासत का सबसे दमदार चेहरा बंबर ठाकुर

# संघर्षों से निकला कांग्रेस का भरोसेमंद योद्धा

**अरुण डोगरा 'रीतू', अनंत ज्ञान ब्यूरो**

बिलासपुर। बिलासपुर सदर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर आज भी सियासत में वह नाम हैं, जिनकी मौजूदगी मैदान में हलचल पैदा कर देती है। तेज, मुखर और जमीनी—ये तीन शब्द आज भी बंबर की राजनीति का परिचय देते हैं। संघर्षों से निकले इस कांग्रेस नेता ने न सिर्फ सदर की दिशा बदली, बल्कि हर मोर्चे पर जनता का साथ निभाकर अपनी पहचान 'जनता के नेता' के रूप में मजबूत की है।



### जनता की आवाज... बंबर की बेधड़क स्टाइल

**सदर** के मुद्दों पर सबसे पहले आवाज उठाने का श्रेय अक्सर बंबर ठाकुर को ही जाता है। ग्रामीण समस्याएं, युवाओं का रोजगार या सरकारी लापरवाही, वे हर विषय पर खुलकर बोलते रहे। इस बेबाक शैली ने उन्हें सदर क्षेत्र का प्रमुख नेतृत्वकर्ता बना दिया है।

### संघर्षों से उठकर बना जनता का चहेता चेहरा

**बंबर** ठाकुर का सियासी सफर कभी आसान नहीं रहा। सीमित संसाधनों, अथक मेहनत और निरंतर संघर्ष ने उन्हें उस मुकाम पर पहुंचाया जहां वे गांव-गांव में भरोसे का नाम बने। उनकी सरलता, उपलब्धता और जमीनी पकड़ आज भी उन्हें बाकी नेताओं से अलग खड़ा करती है।

### विधायक रहते हुए विकास की रफ्तार ने बढ़ाया कद

**विधायक** के रूप में बंबर ठाकुर ने तेज़ फैसलों और तेज़ काम के जरिए अपने क्षेत्र में कई बड़े बदलाव किए। चाहे सड़कें हों, पेयजल योजनाएं, स्वास्थ्य सुविधाएं या शिक्षा वे हर प्रोजेक्ट को खुद मौके पर जाकर देखते रहे। उनकी आवाज इतनी प्रभावी रही कि क्षेत्रहित के मुद्दों पर सरकारों को भी सजग होना पड़ा।

### कांग्रेस का मजबूत सिपाही, हमेशा सक्रिय

**बंबर** ठाकुर का संगठन के प्रति समर्पण हमेशा चर्चा में रहा है। बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठित रखने और चुनावी रणनीति को धार देने में अहम भूमिका निभाई।

### विस से बाहर लेकिन जनता के बीच मजबूत

**विधानसभा** में न होने के बावजूद बंबर ठाकुर की लोकप्रियता कम नहीं हुई। गांवों में आज भी लोग कहते है 'बंबर आया तो काम हुआ।' जनता का यही भरोसा उन्हें सदर की राजनीति का सबसे अहम और प्रभावशाली चेहरा बनाए रखता है।

### क्या संगठन में मिलेगा बड़ा पद? चर्चाएं तेज

**बंबर** ठाकुर के अनुभव, जमीनी पकड़ और जनसमर्थन का लाभ पार्टी को बड़े स्तर पर मिल सकता है। सियासी हलकों में यह चर्चा तेज है कि आने वाले समय में संगठन उन्हें और बड़ी जिम्मेदारी सौंप सकता है। राजनीतिक विश्लेषकों का यह भी कहना है कि जिला कांग्रेस अध्यक्ष जैसे पद के लिए भी बंबर ठाकुर का नाम संभावित दावेदारों में देखा जा रहा है, हालांकि इस पर अंतिम फैसला पार्टी हाईकमान ही करेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### धर्मशाला में एबीवीपी कार्यकर्ताओं पर किए गए लाठीचार्ज अमानवीय

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भारतीय जनता पार्टी के नेता महेंद्र धर्माणी ने बुधवार को धर्मशाला में विधानसभा घेराव के दौरान एबीवीपी कार्यकर्ताओं सहित अन्य युवाओं पर किए गए लाठीचार्ज को अमानवीय और शर्मनाक कृत्य करार दिया है। उन्होंने कहा कि युवा जब सरकार से अपने अधिकारों और किए गए वादों के बारे में सवाल पूछते हैं, तो उन पर लाठियां बरसाना लोकतांत्रिक मूल्यों का खुला उल्लंघन है। लाठीचार्ज में एबीवीपी के एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनमें कई युवाओं को अस्पताल में भर्ती करना पड़ा है। यह स्थिति न केवल चिंता का विषय है, बल्कि सरकार की कथित क्रूरता को भी सामने लाती है। धर्माणी ने कहा कि शांतिपूर्ण आंदोलन करना युवाओं का संवैधानिक अधिकार है, और सरकार का दायित्व है कि वह उनकी बात सुने, न कि दमनकारी कार्रवाई करे।

### कोठी पंचायत में वन भूमि से छेड़छाड़ का मामला उजागर, ग्रामीण ने दी शिकायत

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** कोठी पंचायत में सरकारी वन क्षेत्र से छेड़छाड़ का एक मामला सामने आया है, जिसमें स्थानीय ग्रामीण ने वन विभाग को शिकायत देकर अवैध गतिविधियों पर तुरंत रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीण का आरोप है कि कुछ लोग मशीनरी की मदद से सरकारी जमीन को काटकर समतल कर रहे हैं और स्थायी निर्माण की तैयारी में जुटे हैं। शिकायतकर्ता जगदीश कुमार ने वन विभाग को पत्र लिखकर बताया कि कूहल खड्ड के समीप स्थित प्राचीन मंदिर तक जाने वाला मुख्य रास्ता भी इस अवैध कार्य से बाधित हो रहा है। उनका कहना है कि जिस भूमि पर काम किया जा रहा है, वह पूरी तरह से सरकारी वन क्षेत्र है और इसके लिए न विभागीय अनुमति ली गई है, न ही पंचायत से किसी प्रकार की स्वीकृति। इससे न केवल प्राकृतिक ढांचे को क्षति पहुंची है, बल्कि पेड़ों, मिट्टी और पर्यावरण पर भी असर पड़ने की आशंका है। वन विभाग ने शिकायत पर हस्ताक्षर कर इसकी प्राप्ति की पुष्टि कर दी है।

### जिला बिलासपुर में बेसहारा पशुओं और कुत्तों पर नकेल कसने की तैयारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में बढ़ती बेसहारा पशुओं और कुत्तों की समस्या पर नियंत्रण स्थापित करने और व्यापक समाधान के लिए कार्य योजना तैयार करने को लेकर आज उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला के सभी शहरी निकायों के अधिकारियों सहित पशुपालन, पुलिस, स्वास्थ्य और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त ने बैठक में कहा कि जिला के शहरी निकायों और फोरलेन क्षेत्र में बेसहारा पशुओं तथा कुत्तों की बढ़ती संख्या जनसुरक्षा, स्वच्छता और यातायात व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बन रही है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में जिला प्रशासन त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करेगा। उपायुक्त ने बिलासपुर शहर में एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर स्थापित होने से बेसहारा कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण होने के साथ-साथ मनुष्य और जानवरों के बीच होने वाले संघर्ष में कमी आएगी तथा रेबीज समेत अन्य बीमारियों के प्रसार को रोकने में भी सहायता मिलेगी।

### स्वारघाट से थापना सड़क मार्ग यातायात के लिए 31 दिसंबर तक बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 के अंतर्गत आदेश जारी करते हुए बताया कि स्वारघाट उपमंडल के स्वारघाट से थापना सड़क मार्ग के आवश्यक मुरम्मत कार्य के चलते सभी प्रकार के यातायात के लिए आगामी 31 दिसंबर, 2025 तक बंद रहेगा। उन्होंने स्वारघाट की ओर से आने वाले वाहनों को स्वारघाट-केथला-जगातखाना रोड़ से डायवर्ट करने के आदेश जारी किए है। इसके अतिरिक्त उपायुक्त राहुल कुमार ने झंडुता उपमंडल के थेह से भुहाड़ रोड़ के मुरम्मत कार्य के चलते आगामी 27 दिसंबर, 2025 तक बंद करने के आदेश जारी किए है। उन्होंने थेह से भुहाड रोड़ को सभी प्रकार के वाहनों के लिए बंद किया है तथा इस रूट के वाहनों को भडोलीकलां-जेजवीं-सलवाड़-मरोतन सड़क तथा मरोतन से धनी सड़क मार्ग का उपयोग करने के निर्देश जारी किए है। उन्होंने बताया कि इस दौरान केवल एंबुलेंस, स्कूल बसों, वीआईपी वाहनों तथा अन्य आपातकालीन सेवा वाहनों की आवाजाही की अनुमति रहेगी।

### रूप लाल ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर साधा निशाना, बोले...

# 'रोगी मित्र' नर्सिंग कर्मचारियों के भविष्य के साथ खिलवाड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता रूप लाल ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर बेरोकटोक मनमाने फैसले लेकर शिक्षित और प्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ खेल करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि हर विभाग में 'मित्र' शब्द जोड़कर अस्थायी भर्ती करने से हजारों युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। ठाकुर ने कहा कि अब सरकार 'रोगी मित्र' के नाम पर नर्सिंग कर्मियों को ठगने पर उतारू है। उन्होंने विस्तार से बताया कि नर्सें तीन-चार साल की कठिन पढ़ाई और प्रशिक्षित पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद इंडियन नर्सिंग काउंसिल से पंजीकरण करवाती हैं और स्टाफ नर्स के पद पर कार्य करने के लिए अधिकृत होती हैं। लेकिन सरकार रोगी मित्र पद का प्रयोग कर इस पेशे की गरिमा और नियमों को ठेस पहुंचा रही है। ठाकुर ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य संस्थानों में पहले से ही नर्सिंग स्टाफ की भारी कमी है और मौजूदा नर्सें अत्यधिक दबाव में काम कर रही हैं। स्वास्थ्य विभाग में नर्सिंग पद लंबे समय से खाली हैं, परंतु सरकार नियमित भर्ती करने के बजाय आउटसोर्स भर्ती का विकल्प लागू कर रही है, जो नर्सिंग पेशे के साथ अन्याय है।



### श्रीमद्भगवतगीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं: डॉ. चिन्त राम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मोक्षदा एकादशी एवं गीता जयंती के पावन अवसर पर पंजगाई बिलासपुर स्थित संस्कृत महाविद्यालय में अध्यापकों व छात्रों द्वारा सामूहिक श्रीमद्भगवतगीता पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय प्राचार्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चिन्त राम शर्मा ने दीप प्रज्वलन और वैदिक मंत्रोच्चारण की। गीता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए डॉ. चिन्त राम शर्मा ने कहा कि श्रीमद्भगवतगीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला अद्वितीय उपदेश संग्रह है। प्राचार्य डॉ. चिन्त राम शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों, अध्यापकों और आयोजन से जुड़े सदस्यों को गीता जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

### हाईकोर्ट के फैसले से प्रभावित लाखों अवैध कब्जाधारियों के मुद्दे पर झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने सरकार को घेरा, कहा...

# सरकार ने पक्ष गंभीरता से नहीं रखा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने विधानसभा में हाईकोर्ट के 5 अगस्त 2025 के फैसले के बाद प्रदेश के लाखों अवैध कब्जाधारियों के भविष्य पर मंडराते संकट को उठाया। उन्होंने कहा कि सरकार ने अदालत में अपना पक्ष गंभीरता से नहीं रखा और लाखों लोगों को उनके हाल पर छोड़ना साफ गलत है। कटवाल ने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में लोगों ने मजबूरन सरकारी भूमि पर आशियाने और आजीविका के लिए कब्जा किया। अब हाईकोर्ट के फैसले से 1,24,780 परिवार प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने सरकार के रवैये को विरोधाभासी बताया कि एक ओर सुप्रीमकोर्ट में चुनौती देने की बात, दूसरी ओर पुनर्वास नीति में असमर्थता। विधायक ने यह भी कहा कि वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत 13 दिसंबर 2005 से पहले वन भूमि पर बसे लोगों को मान्यता देने का दावा सरकार कर रही है, लेकिन लोगों को इसका उचित लाभ नहीं मिल पाया। उन्होंने स्पष्ट जवाब और प्रगति की जानकारी की मांग की।

**लाखों लोगों को उनके हाल पर छोड़ना गलत**

### सरकार के दावों की खोली पोल

**कटवाल** ने नियुक्तियों को लेकर सरकार के दावों की भी पोल खोली। उन्होंने कहा कि जनवरी 2023 से जुलाई 2025 तक रिक्त और भरे गए पदों की जानकारी एकत्रित की जा रही है, जबकि यह स्थिति सरकार की नाकामियों को छुपाने का प्रयास है।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर रौड़ा सेक्टर में पुष्पांजलि कार्यक्रम आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि एवं निर्वाण दिवस के अवसर पर 6 दिसंबर 2025 को एक विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम कार्यक्रम संत शिरोमणि सद्गुरु रविदास मंदिर, रौड़ा सेक्टर, जिला बिलासपुर में दोपहर एक बजे संयुक्त संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में संपन्न होगा। संयुक्त संघर्ष मोर्चा के जिला प्रधान सीताराम कोंडल ने अपील करते हुए कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर सभी एकजुट होकर पुष्पांजलि अर्पित करें। संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समाज सहित सभी संबंधित संगठनों से आग्रह किया है कि वे इस श्रद्धांजलि समारोह में सहभागी बनें।

## क्लस्टर स्तर पर वार्षिकोत्सव से बच्चों की प्रतिभा प्रभावित : पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने क्लस्टर स्तर पर आयोजित किए जा रहे वार्षिकोत्सव को लेकर शिक्षा विभाग और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि एक ही दिन सामूहिक वार्षिकोत्सव करवाना बच्चों की प्रतिभा और रचनात्मकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। गर्ग ने आरोप लगाया कि बच्चों को दूर-दराज के स्कूलों में भीड़भाड़ बसों में ठूंसकर ले जाया जा रहा है। कपाहड़ा स्कूल में हुए हालिया कार्यक्रम ने इस व्यवस्था की खामियों को उजागर कर दिया, जहां पार्किंग, बैठने और भीड़ प्रबंधन की कमी साफ दिखी। उन्होंने कहा कि हर स्कूल की अपनी सांस्कृतिक पहचान और प्रस्तुति शैली होती है, जिसे क्लस्टर प्रणाली में सम्मान नहीं मिल पा रहा। पहले स्वतंत्र वार्षिकोत्सवों में बच्चों को पूरा समय मिलता था, अभिभावकों की भागीदारी रहती थी और प्रतिभा को सही पहचान मिलती थी, लेकिन वर्तमान व्यवस्था ने बच्चों के अवसर सीमित कर दिए हैं। गर्ग ने सरकार और शिक्षा विभाग से इस निर्णय पर तत्काल पुनर्विचार करने और पूर्व की तरह हर स्कूल में अलग-अलग वार्षिकोत्सव करवाने की मांग की।



### राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की महिला टीम इंटर कॉलेज बास्केटबॉल में प्रथम उपविजेता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की महिला बास्केटबॉल टीम ने घुमारवीं में 26 से 28 नवंबर तक आयोजित एचपीयू इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली बार प्रथम उपविजेता का खिताब हासिल किया। प्रदेश की 8 टीमों में से बिलासपुर कॉलेज ने लीग में दो मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया और हमीरपुर को हराकर फाइनल तक पहुंची। टीम की उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने खिलाड़ियों और टीम लीडर प्रो. शीतल धीमान को सम्मानित किया। प्रो. प्रेमजीत, प्रो. रंजीत, डॉ. सुरिंदर, डॉ. सुरजीत, डॉ. रवि, डॉ. रितु और डॉ. नम्रता ने भी टीम को बधाई दी।

## बिलासपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति जल्द : चंपा ठाकुर

**अनंत ज्ञान, नयना देवी**

कांग्रेस पार्टी के पीसीसी ऑब्जर्वर चंपा ठाकुर ने आज माता श्री नयना देवी जी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि जिला कांग्रेस अध्यक्ष के चयन के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं की आम राय को महत्व दिया जा रहा है। चंपा ठाकुर ने बताया कि उन्होंने नैना देवी विधानसभा क्षेत्र में बैठक कर कांग्रेस पार्टी के अभियान के तहत कार्यकर्ताओं और नेताओं की नब्ज टटोली है। इसके साथ ही उन्होंने झंडुता विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया और अब नयना देवी क्षेत्र में स्वारघाट में कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें की हैं। जल्द ही कार्यकर्ताओं और नेताओं की राय के आधार पर जिला अध्यक्ष की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी ने विभिन्न क्षेत्रों में स्कूल खोले और गरीबों के विकास के लिए कार्य किया। उन्होंने याद दिलाया कि पार्टी का नारा था 'गरीबी हटाओ, देश बचाओ,' और यही कांग्रेस की देन है। कांग्रेस पार्टी फिर से पूरे भारत में खड़ी होगी और देश में बीजेपी के कथित 'काले अध्याय' को समाप्त कर राहुल गांधी के नेतृत्व में केंद्र में कांग्रेस सरकार का गठन सुनिश्चित करेगी।



## दान की गई भूमि का सदुपयोग करने की लगाई गुहार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

आज स्वागत कोई 60 साल पहले भंजवाणी गांव के लोगों ने औहर स्कूल को दान में करीब 14 बीघा जमीन दी है लेकिन इतना समय बीत जाने के बाद भी आज तक किसी ने भी इस जमीन की सुध नहीं ली जबकि यहां पर काफी लंबे समय से खेल स्टेडियम बनाने की मांग उठ रही है लेकिन भारी बरसात के चलते इस जमीन का काफी हिस्सा खड्ड में बह चुका है। स्थानीय समाजसेवी सोहनलाल ठाकुर, बलवीर ठाकुर, प्रेमलाल बीणा, मुनी लाल, अमरनाथ, मनोहर लाल आदि ग्रामीणों ने कहा कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के साथ करीब 14 बीघा जमीन दान में दी थी उक्त लोगों का कहना है कि यह जमीन खेल क्रीडा आदि करने के लिए उपयुक्त स्थान है। इसलिए यहां पर समय.समय पर अनेक खेल प्रतियोगिताएं भी करवाई जाती है लेकिन आज तक स्टेडियम नहीं बन पाया, हालांकि पूर्व भाजपा सरकार के समय में यहां पर मात्र 15 लाख रुपए लगाए गए थे। जिसमें एक तरफ छोटा सा स्टेडियम बना है बाकी शेष बची जमीन भारी बरसात के चलते खड्ड में बह चुकी है। ग्रामीणों ने मांग की है कि यहां पर शीघ्र खेल स्टेडियम का निर्माण कर शेष बची भूमि को भी बचाया जाएं ताकि यह स्टेडियम खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिल सके। स्टेडियम न होने के कारण यह जमीन आवारा पशुओं व शरारती तत्वों का अड्डा बनी हुई है।

**14 बीघा जमीन औहर स्कूल को दी है दान**

## विवि की 48वीं वार्षिक एथलेटिक मीट बिलासपुर में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की 48वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन इस बार बिलासपुर में किया जा रहा है। बिलासपुर महाविद्यालय को यह बड़ा दायित्व सौंपा गया है, जिससे कॉलेज की संगठनात्मक क्षमता और उत्कृष्ट प्रबंधन कौशल एक बार फिर सिद्ध होता है। प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 9 जिलों से 58 कॉलेजों के लगभग 600 एथलीट भाग लेंगे। इतनी बड़ी संख्या में एथलीटों की मेजबानी करना बिलासपुर कॉलेज की बढ़ती प्रतिष्ठा और सक्षम व्यवस्था का प्रमाण है। यह आयोजन 8 से 10 दिसंबर तक चलेगा। उद्घाटन तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी द्वारा 8 दिसंबर को किया जाएगा, जबकि समापन पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर द्वारा 10 दिसंबर को किया जाएगा।



पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रधानाचार्य।

## बिलासपुर कॉलेज में शिक्षा का नया अध्याय

## आधुनिक के साथ-साथ प्रदेश का सबसे विकसित और स्मार्ट कॉलेज बनने की ओर अग्रसर बिलासपुर महाविद्यालय

# प्राचार्य पीएस कटवाल के नेतृत्व में 'आदर्श महाविद्यालय' की ओर तेज कदम

**अरुण डोगरा रीतू**
**अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** बिलासपुर कॉलेज इन दिनों एक अभूतपूर्व परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। प्राचार्य प्रो. पी.एस. कटवाल के नेतृत्व में महाविद्यालय न केवल आधुनिक हो रहा है, बल्कि प्रदेश के सबसे विकसित और स्मार्ट कॉलेज बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वर्तमान कार्यों की रफ्तार और उनकी गुणवत्ता देखकर विद्यार्थी, अभिभावक और प्रशासन सभी हैरान भी हैं और उत्साहित भी।

### डिजिटल लाइब्रेरी, 100 लैपटॉप के साथ नई क्रांति

**कॉलेज** में डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण 90% पूरा हो चुका है। कुछ ही दिनों में यह पूरी तरह कार्यरत हो जाएगी। इस आधुनिक लाइब्रेरी में 100 लैपटॉप विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। यह सुविधा बिलासपुर जिले में किसी भी कॉलेज में पहली बार लागू हो रही है, जिसे शैक्षणिक क्रांति कहा जाए तो गलत नहीं होगा।



### हर विभाग में स्मार्ट क्लासरूम 26 में से 10 शुरू

**कॉलेज** में कुल 26 विभाग हैं और लक्ष्य है कि हर विभाग को एक स्मार्ट क्लासरूम दिया जाए। अब तक 10 स्मार्ट क्लासरूम शुरू कर दिए गए हैं और शेष कार्य भी तेजी से चल रहा है। यह कदम पढ़ाई को पूरी तरह डिजिटल और आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

### 32 किलोवाट सोलर प्लांट, ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर

**ऑनलाइन** ग्रिड पावर प्लांट स्थापित करने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। 32 किलोवाट क्षमता वाला यह प्रोजेक्ट 10 लाख रुपये की प्रपोजल के साथ हिम ऊर्जा को भेजा गया है। इसके लगने से कॉलेज ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ जाएगा।

### हाई-टेक एआई लैब

**महाविद्यालय** में एक आधुनिक और हाई-टेक लैब तैयार की जा रही है, जहां एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित शिक्षण व प्रयोग किए जाएंगे। यह सुविधा छात्रों को आगे बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगी।

### सुंदर कैंपस, शानदार काम

**कॉलेज** परिसर अब पहले से अधिक आकर्षक दिखने लगा है।.अनचाहे पौधों को हटाकर विशेषज्ञ कमेटियों द्वारा सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। कैंपस की साफ-सफाई और सजावट को लेकर विद्यार्थी भी सकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

### ओपन एयर लाइब्रेरी और एसी लाइब्रेरी हॉल, पढ़ाई का नया माहौल

**कॉलेज** ने विद्यार्थियों के लिए अनोखी व्यवस्था करते हुए ओपन एयर लाइब्रेरी तैयार की है, जहां इंटरनेट सहित सभी सुविधाएं हैं। एसी लाइब्रेरी हॉल का निर्माण भी पूरा हो गया है। लाइब्रेरी का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बढ़ाकर इसे पब्लिक लाइब्रेरी भी घोषित कर दिया गया है।

### भवनों को महान हस्तियों के नाम, नई पहचान

**साइंस** भवन को सीवी रमन के नाम पर, पुराने भवन को रवींद्रनाथ टैगोर के नाम पर और लड़कियों के छात्रावास को रानी झांसी गर्ल्स हॉस्टल नाम दिया गया है। ऐसे नामकरण से कॉलेज की पहचान और अधिक प्रतिष्ठित हो गई है।

### शिकायतें अब प्रधानाचार्य तक पहुंचती ही नहीं

**कॉलेज** में जो कमेटियां गठित की गई हैं, वे इतना सुचारू कार्य कर रही हैं कि विद्यार्थियों की समस्याएं प्रधानाचार्य तक पहुंचने से पहले ही हल हो जाती हैं। यह कॉलेज प्रबंधन का कुशल और परिणामकारक मॉडल माना जा रहा है।

### 54 लाख से मरम्मत भवनों की छतें होंगी दुरुस्त

**कॉलेज** की कुछ खराब छतों की मरम्मत के लिए 54 लाख रुपये लोक निर्माण विभाग को जारी किए जा चुके हैं। जल्द ही यह कार्य शुरू होगा।

### पीएस कटवाल ने बिलासपुर कॉलेज को दिया नया जीवन

**दृढ़** इच्छाशक्ति, दूरदर्शिता और टीमवर्क के दम पर प्राचार्य पी.एस. कटवाल ने बिलासपुर कॉलेज को नई पहचान दी है। कमेटियों का कुशल संचालन, आधुनिक सिस्टम का निर्माण और तेज़ी से चल रहे विकास कार्य—सभी मिलकर यह साबित कर रहे हैं कि बिलासपुर कॉलेज आने वाले समय में प्रदेश का आदर्श महाविद्यालय बनने जा रहा है।

# चार महीने तक जनता के लिए बंद होगा ऐतिहासिक चौगान मैदान

**अनंत ज्ञान, चंबा**



चंबा जिले का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर चौगान मैदान आगामी चार महीनों तक आम जनता के लिए पूरी तरह बंद रहेगा।

इस दौरान मैदान में किसी भी खेल गतिविधि, सांस्कृतिक आयोजन या आम लोगों के प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। प्रशासन ने मैदान की सुरक्षा, नियमित मरम्मत और सौंदर्य-वृद्धि के लिए यह निर्णय लिया है। चौगान मैदान पूरे वर्ष मिंजर मेले, दशहरा, खेल प्रतियोगिताओं और अनेक सार्वजनिक कार्यक्रमों का मुख्य केंद्र रहता है। लगातार आयोजनों के कारण इसकी मखमली घास खराब हो जाती है और भूमि धंसने लगती है। मैदान की संरचना को सुरक्षित रखने और इसे संवारने के लिए हर सर्दी में विशेष रखरखाव पर लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं। ऐतिहासिक मान्यताओं के अनुसार, चम्बा के राजाओं ने चौगान का निर्माण विशेष शौक और दूरदर्शिता से कराया था। मैदान की मजबूती बढ़ाने के लिए कई प्रगणों की मिट्टी डाली गई थी, जबकि इसकी प्रसिद्ध मखमली घास मलेशिया से मंगवाई गई थी। राजशाही काल में राजा के सैनिक यहीं पर परेड करते थे और राजा स्वयं विदेशी खिलाड़ियों के साथ क्रिकेट खेलते थे। चौगान को आध्यात्मिक दृष्टि से भी पवित्र माना जाता है। कहा जाता है कि भगवान शंकर, जम्मू-कश्मीर से मणिमहेश यात्रा के दौरान, इसी चौगान में रुके थे। आज भी मणिमहेश यात्रा पर आने वाले श्रद्धालु अपना पहला पड़ाव यहीं करते हैं। स्थानीय लोगों ने कहा कि चौगान को चार महीनों के लिए बंद करना आवश्यक है ताकि मैदान अपनी प्राकृतिक हरियाली और सुंदरता पुन: प्राप्त कर सके। उम्मीद है कि अप्रैल में जब चौगान दोबारा खुलेगा, तो यह मखमली घास, हरियाली और सौंदर्य के साथ पर्यटकों और स्थानीय निवासियों को आकर्षित करेगा।

# किसान क्रेडिट कार्ड धारक किसानों को फसल बीमा से जोड़े बैंक : डीसी

**अनंत ज्ञान, चंबा**



जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल।

उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल कि अध्यक्षता में वीरवार को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) और पुनर्निर्मित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिला के किसानों को फसल बीमा योजनाओं से जोड़ने व लाभ दिलवाने के कार्यों कि समीक्षा की गई। डीसी ने बताया कि रबी मौसम 2025-26 के लिए गेहूं व जौ की फसलों का बीमा करवाने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर निर्धारित की गई है, जहां गेहूं की फसल के लिए 72 रुपए प्रति बीघा प्रीमियम देय है तथा प्राकृतिक आपदा से नुकसान होने पर अधिकतम 4800 रुपए प्रति बीघा का मुआवजा प्रदान किया जाएगा। वहीं, जौ की फसल के लिए 60 रूपये प्रति बीघा प्रीमियम देय है तथा नुकसान की स्थिति में अधिकतम 4 हजार रुपए प्रति बीघा की भरपाई की जाती है। उन्होंने कहा कि किसान किसी भी लोक मित्र केंद्र, जन सेवा केंद्र या ऑनलाइन पोर्टल pmfby.gov.in के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा सरलता से करवा सकते हैं। इसके लिए किसान को केवल अपनी फोटोग्राफ, पहचान पत्र तथा खेत के खसरा नंबर का प्रमाण प्रस्तुत करना होता है। सभी ऋणी किसानों को सम्बंधित वित्तीय संस्थान द्वारा स्वत: बीमित किया जाएगा। यदि कोई ऋणी किसान योजना का लाभ नहीं लेना चाहता, तो वह बैंक शाखा में घोषणा पत्र जमा करवा सकता है।

डीसी ने आगे बताया कि जिले के भरमौर, चंबा, पांगी, सलूणी व तिसा ब्लॉकों के किसान मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अंतर्गत रबी मौसम 2025-26 की फसल आलू का बीमा 31 जनवरी 2026 तक, लहसुन का 14 दिसंबर और सेब का 20 दिसंबर तक करवा सकते हैं। इस योजना के संचालन हेतु एग्रीकल्चर इंशोरेंस कंपनी को अधिकृत किया गया है। आलू की फसल का बीमा करवाने के लिए किसान को 500 रूपये प्रति बीघा प्रीमियम देना होगा। प्राकृतिक कारणों से फसल क्षति होने पर अधिकतम 10 हजार प्रति बीघा तक मुआवज़ा देय होगा। उपायुक्त नें कृषि विभाग, बीमा कम्पनी और सभी बैंकों से आपसी समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक किसानों को फसल बीमा योजना से जोड़ने विशेषकर किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) धारक सभी किसानों का फसल बीमा करवाने के लिए निर्देशित किया। जिले के किसानों से आग्रह किया है कि वे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा मौसम आधारित फसल बीमा योजना का लाभ अवश्य उठाएं, ताकि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसल नुकसान की भरपाई सुनिश्चित की जा सके।

# जिले में ग्राम, उपमंडल व जिला स्तर पर बनेंगी धरती माता बचाओ समितियां

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में धरती माता बचाओ निगरानी समिति के गठन संबंधी बैठक आयोजित की गई।

डीसी ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार गांव स्तर, उपमंडल स्तर एवं जिला स्तर पर धरती माता बचाओ निगरानी समितियों का गठन किया जाना है। बैठक में समिति के गठन, उनकी भूमिकाओं एवं कार्यप्रणाली पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने बताया कि समिति का मुख्य कार्य पंचायत तथा सीमा क्षेत्रों में खाद की बिक्री और वितरण की निगरानी करना, किसी व्यक्ति या समूह को खाद की अत्यधिक या संदिग्ध आपूर्ति की जानकारी संबंधित अधिकारियों को देना तथा अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के नजदीक अवैध तस्करी या खाद के दुरुपयोग पर सतर्क रहना है। समिति किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर रासायनिक खाद का विवेकपूर्ण उपयोग करने के लिए प्रेरित करेगी साथ ही नकली या मिलावटी खाद के उत्पादन व वितरण पर निगरानी रखते हुए इसकी सूचना उपमंडल अथवा जिला स्तर पर संबंधित अधिकारियों को देगी। ग्राम स्तरीय धरती माता बचाओ निगरानी समिति में ग्राम प्रधान अध्यक्ष होंगे जबकि ग्राम पंचायत सचिव, कृषि सखी, ड्रोन दीदी, प्रगति शील किसान, प्राथमिक कृषि ऋण समितियां/ किसान उत्पादक संगठन, संबंधित क्षेत्र के कृषि विभाग से कोई एक अधिकारी इस समिति के सदस्य होंगे।

उन्होंने बताया कि ग्राम स्तरीय समिति रबी और खरीफ सीजन से पहले ग्राम पंचायत की मासिक बैठक आयोजित करेगी, जिसमें खादों के संतुलित उपयोग तथा मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड की सिफारिशों के आधार पर पोषक तत्व आधारित उर्वरकों के सही उपयोग पर चर्चा की जाएगी। जिला प्रशासन कम से कम 100 ऐसे गांव/स्थानों की पहचान करेगा जहां रासायनिक खाद का उपयोग अत्यधिक है और इन क्षेत्रों में कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिक प्रत्येक गांव में जाकर किसानों को रासायनिक उर्वरकों के सही उपयोग के प्रति जागरूक करेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चुराह विधानसभा क्षेत्र में आज कांग्रेस पार्टी ने संगठनात्मक मजबूती का संदेश देते हुए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया, जिसमें लोकसभा सांसद एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सुखदेव भगत ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी को मजबूत करने के लिए बूथ स्तर तक संगठनात्मक सक्रियता बढ़ाना आवश्यक है, ताकि जनता से सीधे संवाद स्थापित हो और कांग्रेस की नीतियाँ घर-घर तक प्रभावी रूप से पहुंचें। उन्होंने आश्वासन दिया कि जिला कांग्रेस कमेटी का गठन जल्द किया जाएगा, जिससे संगठनात्मक ढांचे में मजबूती और कार्यों में बेहतर तालमेल आएगा। बैठक में हज कमेटी के चेयरमैन दिलदार अली बट और चुराह के कांग्रेस नेता यशवंत सिंह खन्ना भी उपस्थित रहे। दोनों नेताओं ने क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियों को तेज करने और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। सुखदेव भगत ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे एकजुट होकर जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दें, स्थानीय मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाएं और कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी भूमिका निभाएं।

### एड्स जागरूकता को मिलेगा नया आयाम

**अनंत ज्ञान, चंबा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला चंबा की ओर से मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के रेड रिबन क्लब सदस्यों के लिए एचआईवी/एड्स जागरूकता पर आधारित एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जालम भारद्वाज ने की। जिले के 14 रेड रिबन क्लबों में से 9 क्लबों के नोडल अधिकारी व पियर एजुकेटर प्रशिक्षण में शामिल हुए। सीएमओ डॉ. भारद्वाज ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि एड्स एक खतरनाक और लाइलाज बीमारी है, लेकिन समय पर जांच और थेरेपी से व्यक्ति लंबा और सामान्य जीवन जी सकता है। उन्होंने एचआईवी/एड्स के लक्षण, संक्रमण के कारण, रोकथाम के उपाय और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टोल-फ्री हेल्पलाइन 1097 पर कॉल करके कोई भी व्यक्ति एचआईवी/एड्स से जुड़ी जानकारी एवं परामर्श प्राप्त कर सकता है। सीएमओ ने रेड रिबन क्लब के सदस्यों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने शिक्षण संस्थानों में अधिक से अधिक युवाओं को एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूक करें ताकि युवाओं को इस बीमारी से बचाया जा सके। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कविता महाजन, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरित पुरी सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### संयुक्त निदेशक को सौंपा मांग-पत्र

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने वीरवार को पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, चंबा के संयुक्त निदेशक को एक महत्वपूर्ण मांग-पत्र सौंपा। इसमें कर्मचारियों से जुड़ी मूलभूत सुविधाओं, कार्य-परिस्थितियों और स्वास्थ्य सुरक्षा से संबंधित कई गंभीर मुद्दे उठाए गए। इस दौरान महासचिव हितेश शर्मा, राज्य उपाध्यक्ष चमन भरमौरी, विजय, निशा व पुष्पा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कर्मचारियों ने अस्पताल परिसर में कर्मचारी रोगी-कक्ष स्थापित करने की मांग की। उनका कहना था कि लगातार बढ़ते कार्यभार के बीच कर्मचारियों के लिए नियमित उपचार सुविधा उपलब्ध होना आवश्यक है। मांग-पत्र में रात्रि सेवाओं में आउटसोर्स कर्मचारियों की अनुपस्थिति का मुद्दा भी प्रमुख रहा। कर्मचारियों ने बताया कि कई वर्षों से आउटसोर्स पीओन और पीसीपी रात की ड्यूटी नहीं करते, जिससे पूरा बोझ नियमित चतुर्थ श्रेणी स्टाफ पर आ जाता है। उन्होंने आउटसोर्स कर्मियों की रात्रि ड्यूटी अनिवार्य करने की मांग की। इसके अतिरिक्त कर्मचारियों ने ओपीडी में अलग कर्मचारी-लाइन बनाने की मांग रखते हुए कहा कि इससे वे ड्यूटी के बीच आसानी से परामर्श ले सकेंगे और कार्य दक्षता भी बढ़ेगी। कर्मचारियों ने नियमित और आउटसोर्स दोनों श्रेणियों की सूची भी प्रशासन को सौंपी और उम्मीद जताई कि इन जन-हितैषी व कर्मचारी-हितैषी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

### सुरेश कुमार ने बच्चों को दिए पैंसिल व फल

**अनंत ज्ञान, चंबा।** ग्राम पंचायत सराहन के गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल मटेरा और गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल रान में एक सराहनीय पहल देखने को मिली, जब क्षेत्र के समाजसेवी सुरेश कुमार ठाकुर ने अपनी निजी आय से स्कूल के नन्हे बच्चों को पेंसिल और ताजे फल वितरित कर उनका उत्साह बढ़ाया। सुरेश कुमार ठाकुर की इस पहल ने बच्चों के चेहरों पर मुस्कान ला दी और उनमें शिक्षा के प्रति नए उत्साह का संचार किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है जब भविष्य की पीढ़ी यानी इन बच्चों की शिक्षा, सेहत और आत्मविश्वास को मजबूत किया जाए। विद्यालय स्टाफ और स्थानीय लोगों ने उनके इस मानवीय कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की पहल ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षकों का कहना था कि सामाजिक सहयोग की ऐसी मिसालें समुदाय में सकारात्मक वातावरण बनाती हैं और बच्चों के मनोबल को बढ़ाती हैं। क्षेत्र में अक्सर संसाधनों की कमी के कारण बच्चे हतोत्साहित हो जाते हैं, ऐसे में समाजसेवी द्वारा किया गया यह योगदान न केवल प्रेरणादायक है बल्कि भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखने वाला कदम भी है।

### जोगिंदर नगर में एसिड व रसायनों की बिक्री पर सख्ती

**अभिषेक, अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर।** जोगिंदरनगर में वीरवार को व्यापार मंडल प्रतिनिधियों और जिले के ड्रग इंस्पेक्टर की बैठक में एसिड व खतरनाक रसायनों की बिक्री एवं भंडारण को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि ज़िन व्यापारियों के पास सूचीबद्ध एसिड या रसायन निर्धारित मात्रा से अधिक सांद्रता में उपलब्ध हैं, उन्हें अब अनिवार्य रूप से लाइसेंस प्राप्त करना होगा। विभाग ने चेतावनी दी कि बिना लाइसेंस ऐसे उत्पादों का क्रय-विक्रय या भंडारण पाए जाने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में प्रदर्शित सूची में एसिटिक एसिड (25 प्रतिशत से अधिक), सल्फ्यूरिक एसिड (5 प्रतिशत से अधिक), हाइड्रोक्लोरिक एसिड, फॉस्फोरिक एसिड, फार्मिक एसिड, हाइड्रोजन पेरोक्साइड (50 प्रतिशत से अधिक), फिनॉल (30 प्रतिशत से अधिक), सोडियम हाइपोक्लोराइट (5 प्रतिशत से अधिक) सहित कई रसायनों को निगरानी श्रेणी में रखा गया है। अधिकारियों ने व्यापारियों को निर्देश दिए कि यदि वे इन रसायनों का किसी भी रूप में उपयोग, बिक्री या भंडारण करते हैं, तो तुरंत लाइसेंस प्रक्रिया पूरी करें। लाइसेंस के लिए आवश्यक दस्तावेजों में फॉर्म ए, 500 रुपए की फीस रसीद, नॉटरी सत्यापित एफिडेविट, कारोबार स्थल का लेआउट प्लान, रेंट एग्रीमेंट या जमाबंदी नकल, पहचान पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाणपत्र और पासपोर्ट फोटो शामिल हैं। व्यापार मंडल ने सभी संबंधित कारोबारियों से अपील की है कि समय पर लाइसेंस बनवाकर भविष्य की किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से स्वयं को सुरक्षित रखें।

# 100 मीटर में मनीष, लक्ष्मी दौड़े सबसे तेज



राजकीय महाविद्यालय तेलका में वीरवार को खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन पर विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजकीय महाविद्यालय तेलका में वीरवार को खेलकूद प्रतियोगिता का शानदार आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि डॉ. मोहिंद्र सलारिया, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय सलूणी ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए आयोजन की सराहना की। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि खेल न केवल शारीरिक क्षमता बढ़ाते हैं, बल्कि विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना को भी मजबूत करते हैं। प्रतियोगिता के दौरान 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, शॉटपुट सहित विभिन्न खेल आयोजित किए गए। इनमें 100 मीटर (पुरुष) – प्रथम मनीष कुमार, द्वितीय विशाल कुमार, तृतीय बबलू राम, 100 मीटर (महिला) प्रथम लक्ष्मी, द्वितीय आरती देवी, तृतीय रीना देवी, लंबीकूद (महिला) प्रथम निशा देवी, लंबीकूद (पुरुष) प्रथम मनीष कुमार, ऊंची कूद प्रथम, अखिल (पुरुष), रीना देवी (महिला), शॉट पुट में प्रथम डूम राम (पुरुष), रीना देवी (महिला) रही। कार्यक्रम में हिम पुष्प सीनियर सेकेंडरी स्कूल तेलका की प्रधानाचार्या प्रवीण शेख, असिस्टेंट प्रोफेसर दिनेश कुमार (राजकीय महाविद्यालय सलूणी), अभिभावक-शिक्षक संघ के अध्यक्ष जर्म सिंह सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का समापन विजेताओं को सम्मानित करने और अगली बार और भी उत्साह के साथ भागीदारी की अपील के साथ किया गया।

# भंजराड़ू बस अड्डे के टैक्सी स्टैंड की बदहाल स्थिति, शुल्क वसूली जारी, सुविधाएं शून्य

**अनंत ज्ञान, चुराह**



चुराह विधानसभा क्षेत्र के भंजराड़ू बस अड्डे का निर्माण कई समय पहले हो गया, लेकिन इसके बावजूद स्थानीय लोग और वाहन चालक अभी भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं।

बस अड्डे के साथ स्थित टैक्सी स्टैंड की स्थिति इतनी खराब है कि वहां खड़ा होना भी मुश्किल हो गया है। स्टैंड की सड़क पूरी तरह कच्ची है, जिससे वाहनों के गुजरने पर धूल का भयंकर गुबार उठता है। यह धूल टैक्सी चालकों, यात्रियों और आसपास के घरों में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल रही है। इसके बावजूद, स्टैंड पर आने-जाने वाले वाहनों से प्रतिदिन 50 शुल्क वसूला जा रहा है, लेकिन बदले में कोई सुविधाएँ उपलब्ध नहीं करवाई जा रही हैं। टैक्सी चालकों ने बताया कि उन्हें केवल खड़े होने की जगह ही दी गई है, लेकिन बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। कच्ची सड़क से उठने वाली धूल न केवल उनके स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही है, बल्कि रोजमर्रा की कमाई पर भी असर डाल रही है। चालकों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि स्टैंड की सड़क को पक्का किया जाए, बुनियादी सुविधाएँ बहाल की जाएं और वसूले जा रहे शुल्क का सही उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि स्थिति नहीं सुधरी तो उन्हें मजबूरन विरोध के लिए सड़क पर उतरना पड़ेगा। यह मुद्दा सिर्फ टैक्सी चालकों का नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की जनता के स्वास्थ्य और सुविधा से जुड़ा हुआ है, जिस पर प्रशासन को तुरंत कदम उठाने की आवश्यकता है।

# बनीखेत में ट्रक-बाइक की जोरदार टक्कर

**अनंत ज्ञान, बनीखेत।** चंबा-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग 154 पर बनीखेत आर्मी कॉलोनी के समीप वीरवार को एक ट्रक व बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई।

हादसा इतना जबरदस्त था कि बाइक सवार दो युवकों में से एक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दूसरे युवक को मामूली चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम व स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत राहत कार्य शुरू किया। गंभीर रूप से घायल युवक को लोगों की मदद से बाथरी अस्पताल पहुंचाया गया, जहा उसका उपचार जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक चंबा से पठानकोट की ओर जा रहा था, जबकि मोटर बाइक पठानकोट से चंबा की ओर आ रही थी। अचानक आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार अमित कुमार, पुत्र रत्तो राम, निवासी दयोली रठियार गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ में मौजूद जस्सा, निवासी भलई, को मामूली चोट आई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# अनुबंध व ट्रेनी पीरियड पूरा होते ही कर्मियों का हो स्वत: नियमितीकरण

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

अनुबंध और ट्रेनी पॉलिसी के अंतर्गत सेवाएं दे रहे कर्मचारियों का दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर स्वत: ही नियमित माना जाना चाहिए। वर्तमान में सभी विभाग नियमितीकरण के लिए दोबारा कैबिनेट अप्रूवल, नई औपचारिकताओं और अनावश्यक फाइल प्रक्रिया की मांग करते हैं, जिससे कर्मचारियों में असुरक्षा बढ़ती है और प्रशासनिक व्यवस्था पर अनावश्यक भार पड़ता है।

वर्तमान समय में स्पष्टता रहती है कि प्रारंभिक नियुक्ति के समय ही पद अनुमोदित होता है, चयन प्रक्रिया निष्पक्ष रूप से नियमित नियुक्ति की तरह ही पूरी होती है, सभी दस्तावेजों का सत्यापन भी पूर्ण किया जाता है। ऐसे में दो वर्ष की संतोषजनक सेवा के बाद किसी भी प्रकार की अतिरिक्त मंजूरी की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। जिस तिथि को कर्मचारी अनुबंध अथवा ट्रेनी अवधि के दो वर्ष पूर्ण होती है उसी तिथि से उसके नियमितीकरण को प्रभावी माना जाना चाहिए और विभागों को बिना किसी

> **हिमाचल** प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ का सरकार से आग्रह है कि अनुबंध या ट्रेनी कर्मचारी के दो वर्ष पूर्ण होने पर स्वतः नियमितीकरण को नीति के रूप में लागू करते हुए सभी विभागों को तुरंत स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।
>
> **- नरेश ठाकुर, राज्य कर्मचारी महासंघ प्रदेशाध्यक्ष।**

देरी के नियमितीकरण के आदेश जारी करने की व्यवस्था की जानी चाहिए। समय पर नियमितीकरण न होने से न केवल कर्मचारियों में आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना बढ़ती है बल्कि कार्यस्थल पर स्थिरता और दक्षता भी मजबूत होती है। नियमितीकरण में देरी से कर्मचारियों के मनोबल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और हजारों परिवारों की आजीविका अस्थिर होती है। सरकार यदि इस प्रक्रिया को सरल, स्पष्ट और स्वचालित बनाती है तो इससे पूरे प्रदेश में एक सकारात्मक संदेश जाएगा और राज्य कर्मचारी वर्ग में विश्वास तथा संतोष की भावना और अधिक मजबूत होगी।

# 6 को चिट्टे के खिलाफ रैली

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** हिमाचल ब्लड टाइगर महाकाल बैजनाथ समाजसेवी संस्था के सौजन्य से शनिवार को एसडीएम बैजनाथ, पीएस बैजनाथ, व्यापार मंडल बैजनाथ पपरोला एनसीसी, एनएसएस और सभी समाजसेवी संस्था द्वारा एकजुट होकर चिट्टे पर प्रहार अब बैजनाथ तैयार योजना के तहत बैजनाथ में सुबह दो घंटे 9 बजे से 11 बजे तक चिट्टे के विरोध में विशाल रैली का आयोजन किया जा रहा है। हिमाचल ब्लड टाइगर महाकाल बैजनाथ समाजसेवी संस्था के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने बताया कि यह चिट्टा रूपी जहर हमारे समाज में दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है, जिस कारण देशभर का युवा वर्ग इस जानलेवा नशे की ओर आकर्षित हो रहा है और इस चिट्टे रूपी जहर की चपेट में आने वाला युवा अपने साथ-साथ परिवार व पूरे समाज को भी खतरे में धकेल रहा है। उन्होंने कहा कि चिट्टा एक ऐसा जहर है कि इसका सेवन करने पर इस चिट्टे का आदि मरते दमतक नहीं पीछा ही नहीं छोड़ना चाहता है, जिसके कारण मृत्यु का होना निशचित है।

# कागजों में सुविधाएं, मैदान में शून्य सरकार की खेल नीति, खिलाड़ियों से हो रहा अन्याय : राकेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

विधानसभा में प्रश्न संख्या 3768 पर चर्चा के दौरान सुंदरनगर से भाजपा विधायक राकेश जम्वाल ने सरकार की खेल नीति की गंभीर खामियों को उजागर किया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू की सरकार केवल घोषणाएं करती है, लेकिन खिलाड़ियों को जमीनी स्तर पर कोई सुविधा नहीं मिल रही। जम्वाल ने बताया कि हाल ही में अरुणाचल प्रदेश के इटानगर में 24 अक्तूबर से 4 नवंबर 2025 तक आयोजित राष्ट्रीय अंडर-17 बॉक्सिंग प्रतियोगिता में हिमाचल के खिलाड़ी अपने खर्च पर गए, जबकि सरकार दावा कर रही थी कि 200 किलोमीटर से अधिक दूरी पर एयर इकोनॉमी क्लास की यात्रा सुविधा 2024 से लागू है। उन्होंने सवाल उठाया कि यह सुविधा स्कूल स्तर के खिलाड़ियों तक क्यों नहीं पहुंची और क्या यह इंटर-यूनिवर्सिटी, खेलो इंडिया यूथ गेम्स और खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को भी मिल रही है। जम्वाल ने डायट मनी पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यह सिर्फ कागजों में सीमित है और मैदान में खिलाड़ियों को इसका कोई लाभ नहीं मिल रहा। उन्होंने खेल मंत्री पर आरोप लगाया कि वे 'आवेदन नहीं आया' और 'रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है' जैसी बहानों के पीछे छिपते हैं। सदन में उन्होंने ज्वालामुखी महाविद्यालय की उस छात्रा का उदाहरण भी दिया, जिसने अमेरिका में गोल्ड मेडल जीतकर हिमाचल का नाम रोशन किया, लेकिन आज तक उसे न तो सम्मान मिला और न प्रोत्साहन राशि। जम्वाल ने सरकार से तत्काल यात्रा भत्ता, एयरफेयर सुविधा, डायट मनी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों के सम्मान की प्रक्रिया लागू करने की मांग की और कहा कि खिलाड़ियों को कागजी दावों से नहीं, बल्कि वास्तविक सुविधाओं और समर्थन से सम्मान मिलना चाहिए।

# प्राइवेट व्हीकल पासिंग प्रक्रिया अधिक सरल और पारदर्शी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** प्राइवेट व्हीकल श्रेणी के वाहनों की पासिंग प्रक्रिया को और अधिक सुगम, पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से आरटीओ मंडी में 19 दिसंबर को विशेष व्यवस्था लागू की जाएगी। इस दिन केवल प्राइवेट वाहनों की ही पासिंग की जाएगी। इस निर्णय का मुख्य उद्देश्य पासिंग कार्यों में भीड़भाड़ को नियंत्रित करना, अनावश्यक प्रतीक्षा से जनता को राहत प्रदान करना तथा संपूर्ण प्रक्रिया को समयबद्ध और सुविधाजनक बनाना है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंडी नवीन कुमार ने बताया कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी वाहन मालिकों को पासिंग प्रक्रिया के दौरान बेहतर सुविधा प्राप्त हो सके। इस व्यवस्था से कार्यालय परिसर में अनावश्यक भीड़ कम होगी और पासिंग कार्य समय पर सम्पन्न किया जा सकेगा। आरटीओ मंडी ने सभी वाहन मालिकों एवं नागरिकों से अनुरोध किया है कि पासिंग प्रक्रिया के लिए निर्धारित निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें तथा किसी भी अनधिकृत माध्यम का उपयोग करने से बचें, ताकि प्रक्रिया की पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित बनी रहे।

# जन संकल्प रैली में साझा होगा सरकार के 3 सालों का लेखा-जोखा और विजन डॉक्यूमेंट : पवन ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



मंडी में पत्रकारों से बात करते हुए पवन ठाकुर।

प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव पवन ठाकुर ने कहा कि आगामी 11 दिसंबर को ऐतिहासिक पड्डल के मैदान में राज्य सरकार के तीन सालों के कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत होगा।

यहां गांधी भवन में पत्रकारों से बात करते हुए पवन ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार के तीन साल के अवसर पर आयोजित होने वाली इस रैली में प्रदेश सरकार के आगामी दो सालों का विजन डाक्यूमेंट भी लोगों के समक्ष पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार ने सत्ता संभाली तो खजाना खाली था। यहां तक कि कर्मचारियों की तनख्वाह देने के लिए भी पैसा नहीं था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सबसे पहले उन लोगों के हितों की रक्षा की जिनकी कोई नहीं सुनता था। प्रदेश के बेसहारा बच्चों के लिए सुखश्रय योजना चलाई और उसके लिए एक सौ करोड़ का प्रावधान किया। आज दो बेसहारा बच्चे एनआईटी में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इसके अलावा अन्य बच्चे विभिन्न शिक्षा संस्थानों में शिक्षित हो रहे हैं। पवन ठाकुर ने कहा कि वर्ष 2022 में हिमाचल प्रदेश की शिक्षा के क्षेत्र में रैंकिंग 19वें स्थान पर थी, लेकिन सुक्खू सरकार के प्रयासों से अब हिमाचल का नंबर देश में शिक्षा के क्षेत्र में पांचवां है। आने वाले समय में शिक्षा के ढांचे को मजबूत किया जाएगा और हिमाचल शिक्षा के क्षेत्र में देश का नंबर वन राज्य बनेगा।

उसी प्रकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी क्रांतिकारी परिवर्तन किए जा रहे हैं। मेडिकल कालेजों में अलग स्टाफ की तैनाती करके लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाई जाएगी। इसी कड़ी में हिमाचल में रोबोटिक सर्जरी की सुविधा शुरू हो गई है, फिलहाल यह सुविधा शिमला आईजीएमसी और टांडा मेडिकल कालेज में उपलब्ध है। शीघ्र ही इसे मंडी के लालबहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज और चंबा में भी शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर मंडी जिला से होने के बावजूद भी मेडिकल कॉलेज नेरचौक के लिए एमआरआई की सुविधा मुहैया नहीं करवा पाए। राज्य सरकार ने कर्मचारियों के हितों की रक्षा की है। हिमाचल ओपीएस लागू करने वाला देश का पहला राज्य है। जिससे प्रदेश के एक लाख 36 हजार कर्मचारियों को लाभ हुआ है। इसके अलावा कर्मचारियों के अन्य भत्ते भी दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सरकार व्यवस्था परिवर्तन की सरकार है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू हिमाचल की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए प्रयास कर रहे हैं।

# मंत्री जगत सिंह नेगी 5 और 6 दिसंबर को मंडी के दौरे पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

राजस्व, बागवानी और जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी 5 और 6 दिसंबर को मंडी जिले के दौरे पर रहेंगे। मंत्री 5 दिसंबर को धर्मशाला से दोपहर 1.30 बजे प्रस्थान करेंगे और सायं 5.30 बजे मंडी पहुंचेंगे।

आगमन उपरांत वे परिधि गृह मंडी में सायं 6 बजे आयोजित होने वाली महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें 11 दिसम्बर को पड्डल मैदान में होने वाले आत्मनिर्भर हिमाचल जन संकल्प सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। दौरे के दौरान मंत्री 6 दिसम्बर की सुबह 9 बजे पड्डल मैदान पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करेंगे और उसी दिन प्रातः 11 बजे शिमला के लिए रवाना हो जाएंगे।

अनंत Classifieds

## नाम परिवर्तन

**मैं, मुकामियाँ राजेश कुमार,** पुत्र मलहा राम, गांव टांडा डाक घर राजपुर, तह. पालमपुर, जिला कांगड़ा 176061 हि. प्र. घोषणा करता हूँ कि कुछ अभिलेखों में मेरा नाम गलती से मुकामियाँ राजेश कुमार मलहा राम लिखा गया है। अत: सभी आधिकारिक और कानूनी उद्देश्यों के लिए सही नाम मुकामियाँ राजेश कुमार है।

फॉर्म सं. URC-2

कंपनी अधिनियम के अध्याय XXI के भाग I के अंतर्गत पंजीकरण के संबंध में सूचना देने वा… विज्ञापन [कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 374(ब) और कंपनियाँ (पंजीकृत होने हेतु अधिकृ… नियम, 2014 के नियम 4(1) के अनुसार]

1. यह द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 366 की उप-धारा (2… अनुपालन में, इस सूचना के प्रकाशन के पंद्रह दिनों के बाद लेकिन इसके प्रकाशन की तिथि… तीस दिनों की अवधि समाप्त होने से पहले, केंद्रीय पंजीकरण केंद्र (CRC), इंडियन इंस्टीट्यूट… कॉरपोरेट अफेयर्स (IICA), प्लॉट नं. 6, 7, 8, सेक्टर 5, IMT मानेसर, जिला गुरुग्राम (हरियाणा… पिन कोड-122050 में रजिस्ट्रार को एक आवेदन प्रस्तावित है, ताकि LLP को कंपनी अधिनि… 2013 के अध्याय XXI के भाग I के अंतर्गत, शेयरों द्वारा सीमित कंपनी के रूप में पंजीकृत किया… सके।
2. कंपनी के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं: ASSURITY REAL ESTATE LLP का मुख्य उद्देश्य सभी प्रकार की भूमि, भवनों और अ… संपत्तियों की खरीद और बिक्री का व्यवसाय करना है। किसी भी क्षेत्र, भूमि, भवन, संरच… अपार्टमेंट, मकान, फ्लैट, कमरा, झोपड़ी या अन्य आवास—मनुष्यों, पशुओं, उद्योग या किसी अ… उद्देश्य हेतु—को किसी भी विधिक तरीके से खरीदना, अधिग्रहित करना, पट्टे पर लेना, बनाना… विनिमय करना; तथा उनका विकास, निर्माण, पुनर्निर्माण करना और उनका विक्रय या… रखाव करना। साथ ही टाउनशिप, मार्केट, सड़कें, पोर्ट या अन्य भवनों या सुविधाओं का निर्… करना; उन्हें किसी भी प्रकार की सुविधाओं जैसे ड्रेनेज, बिजली, टेलीग्राफ, टेलीफोन आदि… सुसज्जित करना; तथा उन्हें स्वामित्व, किस्तों पर, किराए पर, हायर परचेज, पट्टे पर या निजी… नीलामी या किसी अन्य माध्यम से बेचने या सौदा करने का कार्य करना।
3. प्रस्तावित कंपनी के मसौदा ज्ञापन (Memorandum) और उपनियम (Articles… Association) की प्रति का अवलोकन कंपनी के कार्यालय—प्लॉट नं. 78, इंडस्ट्रियल एरिया, … 1, चंडीगढ़, भारत-160002—में किया जा सकता है।
4. यह द्वारा और सूचित किया जाता है कि यदि कोई व्यक्ति इस आवेदन पर आपत्ति करना चाहता… तो वह अपनी आपत्ति लिखित रूप में केंद्रीय पंजीकरण केंद्र (CRC), इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स (IICA), प्लॉट नं. 6, 7, 8, सेक्टर 5, IMT मानेसर, जिला गुरुग्राम (हरियाणा), पिन कोड-122050 को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से इक्कीस दिनों के भी… भेज सकता है, तथा उसकी एक प्रति कंपनी के पंजीकृत कार्यालय को भी भेजी जाए।

ASSURITY REAL ESTATE LLP के लि…
प्रियांका अंकित मिगल…
डिज़ाइनेट पार्ट…
DIN: 000077…

दिनांक: 05 दिसंबर, 2025

नियमों का विधान मनुष्य के लिए हुआ है, मनुष्य का निर्माण नियमों के लिए नहीं।

–रामतीर्थ

## संपादकीय

### ओल्ड पेंशन स्कीम की गूंज

विधानसभा में ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) को लेकर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के सवाल पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का यह बयान कि उनकी सरकार ने ओपीएस राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि मानवीय आधार पर प्रदान की है, एक नई बहस को जन्म दे गया है। सत्तापक्ष द्वारा दिए गए इस बयान को विपक्ष अपनी तरह से व्याख्यायित कर रहा है, और परिणामस्वरूप यह पूरा मुद्दा प्रदेशभर में चर्चा का विषय बना हुआ है। हिमाचल की राजनीति में ओपीएस कोई नया विषय नहीं है, वर्ष 2022 के विधानसभा चुनावों के दौरान भी यह सवाल चुनावी अभियान का केंद्रीय मुद्दा था। उस समय भाजपा नेतृत्व ने ओपीएस लागू करने से साफ शब्दों में इंकार कर दिया था, जिसके बारे में कई राजनीतिक विश्लेषकों ने इसे उनकी चुनावी हार के प्रमुख कारणों में से एक माना। इसके विपरीत, कांग्रेस पार्टी ने स्पष्ट घोषणा की थी कि यदि उसकी सरकार बनी तो कैबिनेट की पहली बैठक में ही ओपीएस बहाल कर दी जाएगी।

चुनाव नतीजों में कांग्रेस की जीत के बाद सुक्खू सरकार ने अपने किए वादे को निभाते हुए प्रदेश के कर्मचारियों को ओपीएस की सौगात दे दी। एक बड़े वर्ग ने इसे सरकार के प्रति विश्वास और संवेदनशीलता का कदम माना। इस फैसले से हजारों कर्मचारियों में उत्साह और राहत का माहौल उत्पन्न हुआ, क्योंकि नई पेंशन योजना (एनपीएस) को लेकर कर्मचारियों में लंबे समय से असंतोष बना हुआ था। हालांकि, सरकार के इस निर्णय ने एक नए राजनीतिक अध्याय की शुरुआत भी कर दी, जिसमें ओपीएस को लेकर नीतिगत बहसें, वित्तीय पक्ष का मूल्यांकन, और केंद्र व राज्य सरकारों के संबंधों पर चर्चाएं खुलकर सामने आने लगीं।

केंद्र सरकार की ओर से पहले ही दिशा-निर्देश जारी किए गए थे कि राज्य सरकारें ओपीएस लागू न करें। इन्हीं निर्देशों का हवाला देकर भाजपा का पक्ष अक्सर यह कहता रहा है कि ओपीएस वित्तीय रूप से दीर्घकालिक समाधान नहीं है और यह भविष्य में राज्य की अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव डाल सकता है। वहीं, राज्य सरकार इस कदम को कर्मचारियों के सामाजिक सुरक्षा अधिकार और भावनात्मक स्थिरता से जोड़कर देखती है। इस प्रकार, आर्थिक और मानवीय दृष्टिकोण के बीच टकराव ने इस मुद्दे को और अधिक जटिल बना दिया है।

अब चर्चा का केंद्र यह है कि केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल को उस हिस्से की राशि उपलब्ध नहीं करवाई जा रही, जो पहले एनपीएस में जाती थी, जिससे राज्य सरकार की आर्थिक स्थिति पर दबाव पड़ने की आशंकाएं व्यक्त की जा रही हैं। राजनीतिक विश्लेषक यह भी तर्क देते हैं कि इस स्थिति ने कांग्रेस सरकार को कठिन परिस्थिति में ला खड़ा किया है, क्योंकि वित्तीय संसाधनों की कमी का प्रभाव अन्य विकासात्मक योजनाओं और दायित्वों पर भी पड़ सकता है। इसी क्रम में यह बात भी राजनीतिक विमर्श में उभरती रही कि प्रदेश में हाल ही में आई भयंकर प्राकृतिक आपदा के मद्देनजर घोषित सहायता राशि राज्य को समय पर उपलब्ध नहीं हो सकी। इससे विपक्ष को सरकार की वित्तीय विफलता और केंद्र के साथ तालमेल पर सवाल उठाने का अवसर मिला। इन स्थितियों ने प्रदेश के कर्मचारियों के मन में भी अनिश्चितता पैदा कर दी है।

विधानसभा में जब इस विषय पर तीखी बहस हुई तो कर्मचारियों के मन में यह प्रश्न और प्रबल हुआ कि कहीं भविष्य में ओपीएस के अधिकार को लेकर कोई बाधा या जोखिम न उत्पन्न हो जाए। कर्मचारियों को इस बात की चिंता स्वाभाविक है कि वे जिस पेंशन व्यवस्था पर भविष्य की सुरक्षा के रूप में भरोसा कर रहे हैं, वह व्यवस्था कहीं वित्तीय या राजनीतिक कारणों से प्रभावित न हो। ■

## अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र — आज की प्रमुख हस्ती

### शाहाना अंदाज, अनोखी खलनायिका

**नादिरा** अथवा फरहत एजेकेल नादिरा हिंदी फिल्मों की बेहद खूबसूरत, आत्मविश्वासी और सशक्त अभिनेत्रियों में से एक थीं। बगदादी यहूदी परिवार में जन्मी नादिरा बचपन से ही लड़कों जैसी बेबाक और उन्मुक्त स्वभाव की थीं। उन्हें फुटबॉल और गिल्ली-डंडा खेलना बेहद पसंद था।



नादिरा
जन्म : 5 दिसंबर, 1932
मृत्यु : 8 फरवरी, 2006

उनके फिल्मी सफर की शुरुआत महबूब खान की 1952 की फिल्म 'आन' से हुई, जिसमें उन्होंने एक बिगड़ैल राजकुमारी का यादगार किरदार निभाया। इसी फिम से 'फरहत' का नाम बदलकर 'नादिरा' रखा गया और वे रातोंरात सितारा बन गईं। इसके बाद उन्होंने दिलीप कुमार, देव आनंद, राज कपूर, अशोक कुमार, शम्मी कपूर, तलत महमूद, धर्मेंद्र और राजेश खन्ना सहित अनेक कलाकारों के साथ काम किया। 'श्री 420' की माया, 'दिल अपना और प्रीत पराई', 'पाकीजा' तथा 'अमर अकबर एंथनी' जैसे फिल्मों में उनकी अनोखी अदाकारी ने उन्हें विशिष्ट पहचान दी। वे उन शुरुआती अभिनेत्रियों में थीं जिन्होंने नायिका के बजाय खलनायिका के साहसिक किरदार निभाने का जोखिम उठाया और उन्हें प्रतिष्ठा दिलाई।

नादिरा ने दो विवाह किए, लेकिन बदकिस्मती से दोनों ही असफल रहे। जीवन के उत्तरार्ध में वे अकेली रहीं और 2006 में उनका निधन हो गया। नादिरा भारतीय सिनेमा में अपने शाही अंदाज और दमदार अभिनय के लिए हमेशा याद की जाएंगी। ■



कविता — अनंत ज्ञान

### लेया इंटरनेट आई गेया

चंचल सरोलवी
चंबा, हिमाचल प्रदेश

**लेया** इंटरनेट आई गेया!
दुनियां बिच छाई गेया!
घरे घरे लोका लुआई लेया!
दुनिया अपणे अन्दर खपाई गेया!
बड्डे ता बड्डे निक्के याणेया चलाई लेया!
ओ इसेरे अन्दर ही समाई गेया!!
सम्मकणी शुद्ध बुद्ध विसराई गेया !
अपणा होस भी गुआई गेया!!
अपणा बगान्ना बिसराई गेया!
कदेया कैहर ढाई गेया!!
लज्ज सर्म भुन्नी खाई गेया!
पडदे दी गल्लां बेपडदा कराई गेया!!
बेसरमी सरे उप्परे टप्पाई गेया !
संस्कार खुआ पाई गेया!!
मोबाइल सारेयां हात्था आई गेया!
सारे किल्ल मकिल्ले बेई चलाई रेया!
जे मर्जी दिक्खा जे मर्जी दिखाई लेया!
जे मर्जी वेचा जे मर्जी मंगाई लेया!!
इंटरनेट दुनियां विच छाई गेया!
हर कुसी जो चस्सका पाई गेया!!
लेया इंटरनेट आई गेया!
सारी दुनिया बिच छाई गेया!!
घर घर लोकां लुआई लेया!
दुनियां अपणे अन्दर खपाई गेया!!

### भूल सुधार

'अनंत ज्ञान' के 4-12-2025 के अंक में प्रकाशित आलेख 'मानवाधिकारों के लिए अभूतपूर्व बलिदान का एक स्वर्णिम अध्याय' में गुरु तेग बहादुर जी की शहादत के संदर्भ में त्रुटिवश 'फांसी' शब्द छप गया। कृपया इसे 'शहादत' पढ़ा जाए। ऐतिहासिक तथ्य है कि काजी के फतवे के अनुसार गुरु जी का 'सिर कलम' किया गया था। सिख गुरु हमारे लिए अत्यंत पूजनीय हैं। इस त्रुटि के लिए हम 'क्षमाप्रार्थी' हैं।

–संपादक

# ओटीटी की अनियंत्रित सामग्री : युवा पीढ़ी और संस्कृति पर संकट

नवंबर माह में देश के सांस्कृतिक परिदृश्य में दो ऐसी घटनाएँ सामने आईं, जिन्होंने भारतीय समाज के नैतिक स्वास्थ्य, सांस्कृतिक संरचना और युवा पीढ़ी के मानसिक भविष्य पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। एक ओर अखिल भारतीय साहित्य परिषद् ने ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित हो रही अश्लील और मूल्यहीन सामग्री के विरुद्ध अपनी चिंता दर्ज कराते हुए एक व्यापक प्रस्ताव पारित किया। दूसरी ओर देश के सर्वोच्च न्यायालय ने भी ओटीटी की अनियंत्रित सामग्री को लेकर सरकार को कठोर कदम उठाने की सलाह दी। दोनों घटनाएँ मिलकर एक ऐसे संकट की ओर संकेत करती हैं, जिसे अब अनदेखा करना राष्ट्र के लिए संभव नहीं है।



डॉ. प्रवीण
स्वतंत्र लेखक

भारतीय समाज लंबे समय से अपनी सांस्कृतिक आत्मा, नैतिक मर्यादाओं और पारिवारिक मूल्यों के लिए जाना जाता रहा है, किंतु पिछले कुछ वर्षों में मनोरंजन के नाम पर इन मूल्यों को व्यवस्थित रूप से ध्वस्त किया जा रहा है। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स, जो एक समय रचनात्मकता, स्वतंत्र प्रयोग और कलात्मक अभिव्यक्ति का माध्यम माने जाते थे, अब बड़े स्तर पर अश्लीलता, उग्रता, विकृति और अराजकता के केंद्र बनते जा रहे हैं। फिल्मों और वेबसीरीज में नग्नता और हिंसा को 'रियलिज्म' का नाम दिया जा रहा है, पात्रों की भाषा में गालियों और भद्दे संवादों को 'क्रिएटिव फ्रीडम' बताकर परोसा जा रहा है और युवा पीढ़ी इसे आधुनिकता का प्रतीक समझने के भ्रम में फँसती जा रही है।

अखिल भारतीय साहित्य परिषद् जो भारत की सभी भाषाओं, बोलियों और लिपियों के संरक्षण-संवर्धन का संवैधानिक दायित्व निभाने वाला संगठन है ने इसी संकट को रेखांकित किया है। परिषद् का कहना है कि ओटीटी की सामग्री युवाओं के मन-मस्तिष्क में उग्रता, अश्लीलता, विकृत यौनाचार, नशाखोरी और हिंसक प्रवृत्तियों को बढ़ावा दे रही है। न केवल सामग्री, बल्कि उस सामग्री के प्रचार-प्रसार की शैली भी उतनी ही चिंताजनक है। पोस्टर, ट्रेलर, सोशल मीडिया रीले—सबमें आकर्षण का आधार 'संस्कृति-विरोध' और 'वर्जना-भंग' बनता जा रहा है।

विभिन्न शोध भी इस संकट की पुष्टि करते हैं। हाल ही में दिल्ली और मुंबई के कॉलेजों में किए गए सर्वे से पता चला कि 14 से 18 वर्ष के बीच के 70त्न बच्चे बिना किसी आयु-नियंत्रण के




ओटीटी पर वयस्क सामग्री देखते हैं। अनेक मनोवैज्ञानिक रिपोर्टें बताती हैं कि लगातार हिंसा और अश्लीलता के संपर्क में रहने से किशोरों में तनाव, अवसाद, आ, ामकता और संबंधों की गलत समझ विकसित होती है।

साहित्य परिषद् ने केवल ओटीटी ही नहीं, बल्कि ऑनलाइन गेमिंग की बढ़ती विकृति पर भी चिंता जताई है। आज कई लोकप्रिय गेम, जिनमें हिंसा, हत्याएं और आभासी अपराध मुख्य तत्व हैं, युवाओं में नशे की तरह फैल चुके हैं। बीते वर्षों में 'ब्लू व्हेल चैलेंज', 'पबजी' की लत से मानसिक विकृति, चोरी-डकैती और आत्महत्या तक की घटनाएँ सामने आईं। कई राज्यों में ऐसी घटनाओं के बाद गेमिंग पर प्रतिबंध और निगरानी की मांग उठी, किंतु इसका व्यापक समाधान आज भी प्रतीक्षित है। इस संदर्भ में परिषद् ने जो पांच प्रमुख मांगें रखी हैं, वे पूरी तरह तार्किक एवं राष्ट्रीय हित में हैं- स्वायत्त नियामक संस्था का गठन, सांस्कृतिक संवेदनशीलता की अनिवार्यता, बच्चों के लिए आयु-आधारित सामग्री का नियंत्रण, विकृत सामग्री पर कानूनी कार्रवाई और भारतीय मूल्यों पर आधारित वैकल्पिक मनोरंजन को प्रोत्साहन। वास्तव में, यदि एक राष्ट्र अपनी किशोर और युवा पीढ़ी को ही सुरक्षित न रख सके, तो उसकी प्रगति और सांस्कृतिक गरिमा दोनों खतरे में पड़ जाती हैं।

इसी के समानांतर सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणियाँ इस मुद्दे को और गंभीर बनाती हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की पीठ ने स्पष्ट कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अमूल्य अधिकार है, पर इसका दुरुपयोग समाज के लिए हानिकारक है। अदालत ने यह भी कहा कि अश्लील सामग्री देने से पहले चेतावनी और नियमन अनिवार्य होना चाहिए। न्यायालय का यह संकेत महज कानूनी टिप्पणी नहीं, बल्कि समाज के प्रति नैतिक चेतावनी है यदि समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया, तो यह प्रवृत्ति विकृति और अराजकता का रूप ले सकती है।

साहित्य परिषद् ने अपने अधिवेशन में आत्मबोध से विश्वबोध की परिकल्पना को आगामी वर्षों के वैचारिक पथ के रूप में निर्धारित किया है। यह संकल्प इस बात का संकेत है कि राष्ट्र की आत्मा तभी विश्वगुरु बन सकती है जब वह पहले स्वयं के भीतर की विकृतियों को पहचाने और उन्हें दूर करने का प्रयास करे। ओटीटी और डिजिटल माध्यमों की यह उच्छृंखलता भारत की सांस्कृतिक आत्मा के सामने वही चुनौती खड़ी कर रही है, जो औपनिवेशिक काल में भाषा, संस्कृति और परंपरा के सामने खड़ी हुई थी—बस माध्यम बदल गए हैं, स्वरूप बदला है, संकट वही है।

आज आवश्यकता सांस्कृतिक पुनर्जागरण की है। कई देश जैसे दक्षिण कोरिया, जापान और चीन—अपने डिजिटल माध्यमों पर कठोर सांस्कृतिक नियंत्रण रखते हैं। चीन में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को गेमिंग खेलने के घंटे कानूनी रूप से सीमित हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अवैध घुसपैठियों का संकट : भारत की सुरक्षा, समाज और संसाधनों पर बढ़ता दबाव

भारत आज एक ऐसी चुनौती से जूझ रहा है जिसे राजनीतिक शोरगुल और मानवीय दलीलों की आड़ में अक्सर दबा दिया जाता है, जबकि उसकी तीक्ष्णता लगातार बढ़ रही है। बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की बढ़ती संख्या अब केवल आंकड़ों का खेल नहीं रही, यह देश की सामाजिक संरचना, सुरक्षा व्यवस्था और आर्थिक संतुलन को गहराई तक चोट पहुंचा चुकी समस्या बन चुकी है। अलग-अलग आकलनों के अनुसार भारत में दो करोड़ से लेकर छह करोड़ तक अवैध घुसपैठिये मौजूद हो सकते हैं। केवल पश्चिम बंगाल में पचपन से साठ लाख तक और असम में पचास लाख तक की संख्या बताई जाती है। गुजरात, दिल्ली और महाराष्ट्र में लगातार चल रही छापेमार कार्रवाइयाँ इस संकट की जड़ें कितनी गहरी हैं, इसका प्रमाण देती हैं। इन परिस्थितियों के बीच सुप्रीम कोर्ट का हालिया रुख एक चेतावनी के रूप में सामने आया है। कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा कि भारत अवैध प्रवेश करने वालों के लिए लाल कालीन नहीं बिछा सकता। यह चेतावनी अचानक नहीं आई। यह दशकों से खुली सरहदों और राजनीतिक ढिलाई का नतीजा है। न्यायालय ने पूछा कि क्या इन लोगों को भारत सरकार ने शरणार्थी घोषित किया है। जब इसका जवाब न में मिला, तो अदालत ने स्पष्ट कर दिया कि फिर कानून की दृष्टि से वे घुसपैठिये हैं। यह स्थिति साफ है और इसमें कोई दुविधा नहीं रहनी चाहिए।



डॉ. मयंक चतुर्वेदी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

न्यायालय की टिप्पणी वस्तुतः उस वास्तविकता की ओर सीधा संकेत है जिसे लगातार नजरअंदाज किया जाता रहा है। भारत के अपने नागरिक आज भी गरीबी, बेरोजगारी और संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं। ऐसे में जो लोग अवैध तरीके से सीमा पार करके भारत में दाखिल होते हैं, वे सुरक्षा के लिए खतरा होने के साथ ही कहना होगा कि देश के सीमित संसाधनों पर भारी बोझ हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह सवाल कि क्या



भारतीय नागरिकों की कीमत पर अवैध घुसपैठियों को संसाधन और लाभ दिए जाएं, बिल्कुल उचित है। अदालत ने कहा कि भारत में भी बहुत गरीब लोग मौजूद हैं जिनके अधिकारों और जरूरतों की अनदेखी नहीं की जा सकती।

सबसे बड़ा खतरा सुरक्षा का है। घुसपैठिये बाड़ काटकर, नदी पार करके या नकली दस्तावेजों के सहारे भारत में आते हैं। इनमें से कई अपराधी, तस्कर या कट्टरपंथी संगठनों से जुड़े भी हो सकते हैं। कई बार ऐसे नेटवर्क पकड़े गए हैं। असम, बंगाल और दिल्ली में मिले फर्जी पहचान पत्र इस खतरे को और पुष्ट करते हैं। जब अवैध प्रवासी मतदाता सूची में घुसने लगते हैं, तब वे सिर्फ सुरक्षा पर हमला नहीं कर रहे होते हैं, वास्तव में ये लोकतंत्र की बुनियादी संरचना पर हमला होता है।

घुसपैठ का दूसरा बड़ा दुष्परिणाम आर्थिक और सामाजिक असंतुलन है। अवैध तरीके से बसे लोग सरकारी योजनाओं का लाभ ले लेते हैं, राशन कार्ड हासिल कर लेते हैं, मजदूरी पर प्रभाव डालते हैं और स्थानीय लोगों के रोजगार को प्रभावित करते हैं। उनके कारण मजदूरी दरें गिरती हैं और सरकारी संसाधनों पर दबाव बढ़ता है। शहरों में भीड़ और अवैध बस्तियों की बढ़ोतरी इसी का परिणाम है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि अवैध प्रवासी जिस राज्य में बसते हैं वहाँ की जनसांख्यिकीय संरचना बदलने लगती है। असम, त्रिपुरा और बंगाल जैसे राज्यों में यह बदलाव अब साफ दिखने लगा है। यह बदलाव भविष्य में सामाजिक तनाव, राजनीतिक अस्थिरता और सांस्कृतिक संघर्ष की जमीन तैयार कर सकता है।

इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा उत्तर प्रदेश में घर-घर घुसपैठियों की तलाश का आदेश बताता है कि यह समस्या आज सिर्फ पूर्वोत्तर या पूर्वी भारत तक सीमित नहीं रह गई है। अवैध प्रवासी अब देश के हर हिस्से में पहुँच चुके हैं। वे पहचान पत्र बनवा लेते हैं और धीरे-धीरे स्थायी बसावट की प्र,ि या शुरू कर देते हैं। यह स्थिति पूरे प्रशासनिक ढांचे के लिए चुनौती बन चुकी है। फिर इन सबके बीच यह तर्क दिया जाता है कि निर्वासन केवल कानूनी प्रक्रिया के अनुसार हो।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# क्या कांग्रेस की नीति राष्ट्रवादी संगठनों के प्रति अधिक आलोचनात्मक होती जा रही?

हाल के राजनीतिक घटनाक्रमों ने एक बार फिर यह प्रश्न उठाया है कि क्या कांग्रेस संगठनात्मक रूप से राष्ट्रवादी और हिंदुत्व से जुड़े संगठनों के प्रति अधिक आलोचनात्मक रुख अपनाती जा रही है। इस सवाल के केंद्र में हिमाचल प्रदेश के वे बयान और घटनाएं हैं जिन्होंने राजनीतिक वातावरण को संवेदनशील बना दिया है।



शिशु गुप्ता
स्वतंत्र लेखक, चंबा

प्रदेश में कांग्रेस सरकार के गठन के तुरंत बाद मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया बयान कि हमने 97 प्रतिशत हिंदुत्व की विचारधारा को हराया है व्यापक चर्चा का विषय बना। राजनीतिक विपक्ष ने इसे कांग्रेस की कथित हिंदुत्व-विरोधी दृष्टि के रूप में प्रस्तुत किया, जबकि सरकार समर्थकों का तर्क है कि यह टिप्पणी चुनावी वैचारिक मतभेदों के संदर्भ में दी गई थी, न कि किसी धार्मिक पहचान के विरोध में।

इसके समानांतर, कांग्रेस नेता जगत सिंह नेगी का आरएसएस पर दिया गया विवादित बयान भी सुर्खियों में रहा। यह वक्तव्य ऐसे समय आया जब प्रदेश संगठनात्मक पदों को लेकर आंतरिक हलचल जारी थी। इसने यह सवाल खड़ा किया कि क्या पार्टी के भीतर केंद्र नेतृत्व की नजरों में आने के लिए नेताओं द्वारा अधिक तीखे वक्तव्य देने की प्रवृत्ति मजबूत हो रही है, या यह सिर्फ व्यक्तिगत बयानबाजी का मामला था।

सीएम के एक वायरल वीडियो में बच्चों से राधे-राधे क्यों कहते हो? पूछने को लेकर भी बहस छिड़ी। विपक्ष ने इसे धार्मिक हस्तक्षेप के रूप में देखा, जबकि सरकार समर्थकों ने इसे साधारण बातचीत बताते हुए विवाद को अनावश्यक बताया।

इसी क्रम में, एबीवीपी कार्यकर्ताओं के शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर हुए लाठीचार्ज ने राजनीतिक तापमान बढ़ाया। विपक्ष ने इसे छात्र संगठन के लोकतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन बताया, जबकि सरकार ने इसे कानून-व्यवस्था से जुड़े निर्णय के रूप में



पेश किया। किंतु घटना ने यह सवाल अवश्य खड़ा किया कि प्रदेश में असंतोष से निपटने की सरकारी नीति क्या वास्तव में संतुलित है।

इन घटनाओं के समग्र विश्लेषण से स्पष्ट है किकांग्रेस की आलोचना विशेष रूप से उन संगठनों या विचारधाराओं पर अधिक केंद्रित दिखाई दे रही है जिन्हें वह राजनीतिक रूप से भारतीय जनता पार्टी से जुड़ा मानती है। दूसरी ओर, भाजपा और उसके समर्थक इस आलोचना को सीधे हिंदुत्व या सनातन संस्कृति पर हमला बताकर प्रस्तुत करते हैं। यही वजह है कि बहस अक्सर राजनीतिक से अधिक वैचारिक रूप धारण कर लेती है। मूल प्रश्न यह है कि क्या कांग्रेस की आलोचना आरएसएस और समान संगठनों की नीतियों तक सीमित है, या वह अनजाने में ऐसी स्थिति में पहुंच रही है जहां यह आलोचना व्यापक धार्मिक-सांस्कृतिक ढांचे के विरोध के रूप में समझी जा रही है? इस प्रश्न का उत्तर शायद आने वाले समय की राजनीतिक घटनाओं और पार्टी नेतृत्व की स्पष्ट नीति-घोषणाओं में मिलेगा। राजनीतिक दलों के लिए यह समझना आवश्यक है कि वैचारिक बहस लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन सांस्कृतिक आस्थाओं को लेकर किसी भी प्रकार का अस्पष्ट या तीखा संदेश समाज में गलत व्याख्या पैदा कर सकता है।

कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती यह है कि वह अपनी वैचारिक आलोचना को केवल राजनीतिक संदर्भ तक सीमित रखे, ताकि उसे किसी सांस्कृतिक या धार्मिक पहचान के विरोध के रूप में न देखा जाए। दूसरी ओर, विपक्षी दलों के लिए भी यह ज़रूरी है कि वे राजनीतिक टिप्पणियों और वैचारिक असहमतियों के बीच स्पष्ट रेखा खींचें।

भारत जैसे बहुधर्मी और बहुसांस्कृतिक समाज में किसी भी राजनीतिक दल की रणनीति तभी प्रभावी होती है जब वह संवाद, संतुलन, संवेदनशीलता और स्पष्टता पर आधारित हो। लोकतांत्रिक वातावरण में यही दृष्टिकोण सामाजिक समरसता और स्वस्थ राजनीतिक प्रतिस्पर्धा को सुनिश्चित करता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सोशल मीडिया की चकाचौंध में खोता बचपन और टूटती मानसिक सेहत

बदलाव सकारात्मक हो तो चिंता का विषय नहीं है, लेकिन अगर यही बदलाव नकारात्मक हो तो समाज के ऊपर इसका गहरा असर पड़ने की संभावना हो जाती है। प्रतिपल बदलती दुनिया में रिश्ते, व्यवहार भी, कपड़ों के बदलने जैसे होते जा रहे हैं। लोगों की प्रतिक्रियाओं का असर हमारे मानसिक स्वास्थ्य को ठेस पहुंचा रहा है।



कनुप्रिया
अध्यापिका, गर्ल्स स्कूल, नूरपुर

प्रतिदिन का कंटेंट बनाने के लिए रातों को जागना, अपनों से दूरी और परिचितों को परिचित करने के लिए जो की मीलों दूर बैठे हैं के लिए समय सीमा और अपनत्व को भूल जाना काफी आम दृश्य हो गया है। अपनी निजी जीवन की जानकारी सोशल प्लेटफॉर्म पर शेयर करना दिनचर्या की झलक दिखाने कहां तक सही है यह वास्तविक रूप से बहस का विषय है और चिंतन का विषय भी है। कहीं न कहीं इन सारी बातों का असर मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है, जिसकी बहुत कम लोग बात करते हैं। हालांकि, अगर किसी और तरह की बीमारी हो तो पूरे मोहल्ले या रिश्तेदारों को इसकी खबर होती है, लेकिन हम अपनी मनः स्थिति और दिमागी उलझन को छुपाने का भरकस प्रयत्न करते हैं, क्योंकि इन सोशल एक्टिविटीज में हम इतने उलझ चुके हैं और धीरे-धीरे हम उन समस्याओं से दो-चार हो रहे हैं जो हम किसी के साथ भी साझा नहीं करना चाहते। जो भी दिखावे की बातें हैं वो तो सोशल प्लेटफॉर्म पर हैं, लेकिन जो स्व का भितरघात है उससे तो साथ रहने वाले भी अनभिज्ञ हैं।

तारीफ पसंद तो आती है और उनके साथ ही हमें पंख मिल जाते हैं, लेकिन यही प्रशंसा हमें वास्तविकता की जमीन से भी तो अलग कर देती है। दूसरों के हाथ दिया गया भावनाओं का रिमोट कंट्रोल हमारी मानसिक सेहत पर भी बहुत असर डालता है। आजकल जो सोशल मीडिया का प्रचलन बढ़ रहा है और हम उसमें सदैव एक्टिव रहने के लिए हर वह कोशिश करते हैं जो कि कहीं न कहीं अंदर से हमें खोखला कर रही है। शेयर लाइक और



सब्सक्राइब के चक्कर में युवा बच्चे और तो और बुजुर्ग व्यक्ति भी इस जगह चकाचौंध भरी प्लेटफार्म पर अक्सर दिखाई देते हैं। कहीं न कहीं बच्चे भी चाहे अनचाहे प्रतिदिन इस तरह की गतिविधियों में शामिल होते जा रहे हैं, जो वाकई चिंता का विषय बन गया है। स्वयं के हुनर को दिखाना बेशक अच्छी बात है, लेकिन प्रतिक्रिया अच्छी न मिलने पर मानसिक तनाव में आ जाना किसी भी रूप में सही नहीं है। जल्दी पैसा कमाने की होड़ में आज कई माता-पिता भी अपने बच्चों को डिजिटल प्लेटफॉर्मों की इस दौड़ में धकेल रहे हैं। इसका सबसे सीधा असर बच्चों के मानसिक विकास और उनकी स्वस्थ दिनचर्या पर पड़ रहा है। कोमल मन वाले बच्चे बहुत जल्दी किसी भी प्रभाव को आत्मसात कर लेते हैं। जब वे अपने आसपास के साथियों को रील बनाकर लोकप्रिय होते या पैसे कमाते देखते हैं, तो वे भी उसी राह पर चलने को प्रेरित होते हैं।

इस कारण उनकी पढ़ाई, खेलकूद और प्राकृतिक विकास की प्रक्रियाएं बाधित होने लगती हैं। सोशल मीडिया पर लगातार सक्रिय रहने का दबाव बच्चों में तनाव, तुलना और आत्मविश्वा की कमी जैसे प्रभाव भी छोड़ रहा है। जो बच्चे पहले समय पर पढ़ाई और मनोरंजन में संतुलन बनाए रखते थे, वे अब अधिकतर समय मोबाइल, कैमरा और लाइक-फॉलोअर्स के चक्कर में खोने लगे हैं। इसका नकारात्मक प्रभाव न केवल उन पर, बल्कि उनके साथ पढ़ने वाले अन्य विद्यार्थियों पर भी प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से पड़ रहा है।

यदि समय रहते इस समस्या पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया, तो भविष्य की पीढ़ी-जो देश की असली निर्माता है असंतुलित रूप से रीलों और आभासी दुनिया में ही अधिक दिखाई देगी, जो समाज के लिए चिंताजनक संकेत है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### मीडिया की सामाजिक भूमिका पर चर्चा की




**अनंत ज्ञान, मंडी।** प्रेस क्लब कोटली में पूर्व प्रो. वाइस चांसलर अनुपमा सिंह का सम्मान समारोह आयोजन के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई, जिसमें उन्होंने पत्रकारिता की सामाजिक जिम्मेदारी और जन-जागरूकता में मीडिया की भूमिका पर अपने विचार रखे। सरदार पटेल विश्वविद्यालय में नेतृत्व तथा रोटरी क्लब छोटी काशी, मंडी के माध्यम से जनसेवा में सक्रिय योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया गया, जबकि प्रेस क्लब अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने कहा कि ऐसे व्यक्तित्व समाज में प्रेरक प्रभाव उत्पन्न करते हैं और उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने इसे समाज को जोड़ने वाला आयोजन बताया। कार्यक्रम प्रेस क्लब कार्यालय कोटली में संपन्न हुआ, जिसमें विजय सिंह, चंपा, अजय ठाकुर सहित पत्रकार उपस्थित रहे।

### छात्रों को दी नशा व साइबर सुरक्षा की जानकारी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रिस्सा में वीरवार को आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी सरकाघाट रजनीश ठाकुर एवं उनकी टीम ने छात्रों को चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान, नशे के दुष्प्रभाव, सड़क सुरक्षा तथा साइबर सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। थाना प्रभारी रजनीश ठाकुर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा न केवल स्वास्थ्य बल्कि पूरे भविष्य को प्रभावित करता है, इसलिए युवाओं को इससे दूर रहकर समाज को नशामुक्त बनाने में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने, हेलमेट व सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग करने तथा यातायात संकेतों का सम्मान करने की बात भी कही। साइबर सुरक्षा सत्र में ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया सुरक्षा और डिजिटल जागरूकता के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी गई।

### सरकाघाट में संघ की मासिक बैठक कल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** आगामी 6 दिसंबर को सेवानिवृत्त सीएफीएफ संघ की मासिक बैठक सरकाघाट में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में सेवानिवृत्त जवानों की मांगों व उनकी समस्याओं को लेकर विस्तृत रूप से गहन चर्चा की जाएगी तथा लिक्वड कैन्टीन व ग्रोसरी कैन्टीन कब आनी है, उस पर भी जानकारी दी जाएगी। इसलिए सेवानिवृत अधिकारियों जेसीओ जवानों व वीरनारियों से इस बैठक में बढ़.चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया है, ताकि उन्हें उनके कल्याण के लिए एसोशिएसन द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी दी जाए। यह जानकारी कुलदीप सिंह ठाकुर व प्रांत मीडिया प्रभारी विजय ठाकुर ने दी।

### बीएसएल वर्कर्स यूनियन ने की गेट मीटिंग

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** बीएसएल वर्कर्स यूनियन (इंटक) सुंदरनगर ने अपनी मांगों को वीरवार को प्रधान राजिंद्र पाल की अध्यक्षता में गेट मीटिंग की। गेट मीटिंग में यूनियन ने प्रबंधन के समक्ष कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। इस मौके पर प्रधान राजिन्दर पाल ने कहा कि वर्तमान में बीएसएल परियोजना में लगभग 60 प्रतिशत पद खाली पड़े हैं, जिन्हें शीघ्र भरा जाए। साथ ही लिपिकों को तैनाती उप मुख्य लेखा अधिकारी कार्यालय की जाए। इसके अलावा वेतन पर्ची कर्मचारियों को प्रति माह समय पर उपलब्ध कराने, पानी की समस्या का तुरंत समाधान करने तथा बिजली की फ्री यूनिट 1 दिसंबर 2011 के पश्चात रखे गये सभी नियमित एवं बीबीएमबी द्वारा स्वयं नियुक्त अनुबंध पर रखे गये कर्मचारियों को प्रदान की जाए। इस मौके पर महासचिव सुभाष चंद, रंजीत शर्मा, वित्त सचिव तेजपाल व उपाध्यक्ष रूप लाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो कर्मचारी आंदोलन करने पर बाध्य होंगे।

### जीवन और मानसिक संतुलन के सूत्र सिखाए

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय, जोगिंद्रनगर में ब्रह्मकुमारी आश्रम के सहयोग से आयोजित पांच दिवसीय 'तनाव प्रबंधन' कार्यशाला 28 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यशाला में विद्यार्थियों को तनाव से मुक्ति, सकारात्मक जीवनशैली, ध्यान साधना और नशा-निवारण जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। मुख्य प्रशिक्षक सिस्टर पल्लवी और सिस्टर सीमा ने विभिन्न सत्रों में मानसिक संतुलन बनाए रखने, ध्यान और आत्म-अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. निशा वैद्य ने कहा कि तनावमुक्त मन ही रचनात्मक सोच और प्रेरणा का स्रोत है। कार्यशाला में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे अपने लिए सकारात्मक अनुभव बताया। प्रो. प्रकाश ने भगवद्गीता के सिद्धांतों के माध्यम से जीवन में अध्यात्म और नैतिक मूल्यों के महत्व को समझाया। महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारियों ने भी आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।

### छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मोहा मन



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उपमंडल क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बस्सी में वार्षिक पारितोषिक समारोह बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ आयोजित हुआ। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। छात्रों ने नृत्य, समूह गीत, नाटक और देशभक्ति प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को मनमोहक बनाया। प्रधानाचार्य राजकुमारी ने वर्षभर की उपलब्धियों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और शिक्षकों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। समारोह में शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक और सह-पाठ्यक्रम क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जीवन ठाकुर ने छात्रों को मेहनत, अनुशासन और नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी और लक्ष्य निर्धारण के महत्व पर जोर दिया।

### 1500 मीटर पुरुष दौड़ में आशीष ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजीव गांधी मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय, जोगिंद्रनगर में दो दिवसीय 25वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का शुभारंभ बुधवार को हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. निशा वैद्य ने की और विद्यार्थियों को खेल भावना के साथ भाग लेने और जीत-हार से ऊपर उठकर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उद्घाटन समारोह में डायरेक्टर प्रो. प्रकाश चौहान और ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी प्रो. ज्योति प्रकाश ने संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रथम दिन की स्पर्धाओं में 1500 मीटर पुरुष दौड़ में आशीष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि महिला वर्ग की 100 मीटर दौड़ में कशिश धरवाल ने स्वर्ण पदक जीता। 400 मीटर पुरुष दौड़ में शिव ने पहला स्थान हासिल किया। शॉटपुट और डिस्कस थ्रो जैसी प्रतियोगिताओं में भी छात्रों ने उत्साहपूर्ण प्रदर्शन किया। एथलेटिक मीट का अगला चरण गुरुवार को आयोजित किया जाएगा।

### ड्राइविंग टेस्ट कल और पासिंग 26 को

**भीम बसेडू राजपूत, अनंत ज्ञान, महादेव।** सुंदरनगर प्रशासन द्वारा गाड़ियों की पासिंग सहित ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट की तिथियां तय कर दी गई हैं।एस डी एम (सिविल)अमर नेगी ने बताया कि 6दिसम्बर को ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट बी बी एम बी कॉलोनी करनोडी में मॉडल स्कूल के निकट मैदान में लिए जाएंगे। वहीं गाड़ियों की पासिंग भी आगामी 26दिसम्बर को की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि निर्धारित ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट के लिए स्लॉट बुकिंग वेबसाइट के माध्यम से की जा सकती है।

### हिम आंचल पेंशनर्स संघ की बैठक 8 को

**अनंत ज्ञान, पधर।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ दरंग खंड की महत्वपूर्ण बैठक 8 दिसंबर को पधर में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रधान बेसर राम करेंगे। यह जानकारी देते हुए महासचिव केसी नेगी ने बताया कि बैठक में आगामी माह निर्धारित संघ स्थापना दिवस समारोह को लेकर विस्तृत चर्चा एवं योजना तैयार की जाएगी। महासचिव ने बताया कि बैठक में जनवरी 2016 के बाद से सेवानिवृत्त सभी विभागों के पेंशनरों के संशोधित वेतनमान निर्धारण, डी.ए. (महंगाई भत्ता) के बकाया तथा स्वीकृत मेडिकल बिलों के भुगतान में आ रही देरी जैसे प्रमुख मुद्दों पर भी विमर्श होगा। साथ ही इन समस्याओं के समाधान हेतु आगामी कार्ययोजना तय की जाएगी। उन्होंने सभी पेंशनरों से विनम्र आग्रह किया है कि समय पर उपस्थित होकर संगठन की मजबूती तथा अपने हितों की रक्षा हेतु सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

# लघु हरिद्वार कांढापतन में अवैध कब्जे बरकरार, प्रशासन खामोश

## मंडी आयुक्त के आदेश के बावजूद नहीं हटे कब्जे, तीन दशक पुराने वारंट भी फाइलों में दफन, वर्षों से शिकायतें अनसुनी

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** धर्मपुर उपमंडल मुख्यालय से तीन किलोमीटर दूर ब्यास नदी और सोन खड्ड के संगम पर बने अति प्राचीन नीलकंठ महादेव मंदिर की मलकीयत और आसपास की सरकारी जमीन पर कुंडली मार कर बैठे अवैध कब्जाधारियों पर प्रशासन का चाबुक आज तक नहीं चल पाया है जिसके पीछे राजनीतिक संरक्षण सबसे बड़ा कारण बतलाया जा रहा है जबकि आसपास के गांवों से संबंध रखने वाले श्रद्धालु दर्जनों बार राजस्व विभाग व एसडीएम कार्यालय को सूचित कर चुके हैं। मजेदार बात यह है कि एसडीएम कार्यालय की खामोशी ही इन कब्जाधारियों के लिए संजीवनी का काम कर रही है जबकि तीन दिन पहले ही सरकाघाट से अवैध कब्जे हटाने के लिए मंडलायुक्त मंडी द्वारा कड़ा फरमान जारी किया गया है।

बता दें कि प्रदेश में हजारों लोगों की आस्था के प्रतीक लघु हरिद्वार कांढा पतन स्थित महादेव मंदिर का विशेष धार्मिक महत्व है। इसे जेठी गंगा के नाम से भी जाना जाता है तथा हरिद्वार की तरह यहां लोग अपने दिवंगत परिजनों की अस्थियां विसर्जित करते हैं लेकिन कुछ व्यक्तियों द्वारा विभागीय सांठगांठ के माध्यम से मंदिर की बेशकीमती जमीन और साथ लगती सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे कर कई मंजिला भवन बना दिए गए हैं जिससे अनैतिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इन लोगों द्वारा साथ लगती सोन खड्ड में अवैध खनन को अंजाम दिया जाता है तथा इनके ट्रैक्टर टिपर मंदिर के सामने पार्क होते हैं।

हैरान कर देने वाली बात यह है कि इस धार्मिक स्थल में मंदिर के इर्द गिर्द डटे अवैध कब्जाधारियों की एक इंच मलकीयत भूमि मौजूद नहीं है जिससे साफ प्रतीत होता है कि यह अतिक्रमणकारी प्रशासन की दयादृष्टि से मजे लूट रहे हैं। सरकारी भूमि पर कुंडली मार कर बैठे इन कब्जाधारियों में से कई लोगों के खिलाफ जारी वारंट बेदखली तीन दशकों से फाइलों में दफन हैं। एसडीएम धर्मपुर की अध्यक्षता वाली मंदिर कमेटी केवल मंदिर से आने वाले चढ़ावे से कथा-भंडारे तक सीमित हो चुकी है। हजारों लोगों के आराध्य देव नीलकंठ मंदिर की जमीन और सरकारी जमीन पर अवैध कब्जों को लेकर कुछ समाजसेवी माननीय उच्च न्यायालय की शरण में जाने का मन बना चुके हैं जिसमें प्रशासन की अकर्मण्यता को भी कटघरे में खड़ा करने की योजना है।

### बेदखली वारंट के बावजूद बढ़ा अतिक्रमण

**कांढापतन** स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर के पास सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का सबसे बड़ा उदाहरण रोशन लाल का मामला है, जिसे 1991 में मिसल नंबर 79/91 के तहत बेदखली और 10,000 रुपए जुर्माने का आदेश जारी हुआ था। विभागीय मिलीभगत के कारण यह वारंट आज तक लागू नहीं हो पाया। दिलचस्प तथ्य यह है कि दोषी करार दिए जाने के बावजूद उसके बेटे ने पंचायत के चार चुनाव लड़े और दो बार विजयी भी रहा, जिससे स्पष्ट है कि अतिक्रमण को राजनीतिक संरक्षण मिला हुआ है। मंदिर परिसर के पास खड़े बहुमंजिला भवन रातों-रात नहीं बने, बल्कि लंबे समय से चली सांठगांठ का नतीजा हैं। पूर्व कमेटी पदाधिकारियों का आरोप है कि उन्होंने बार-बार प्रशासन से अवैध कब्जे हटाने की मांग की, पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं वर्तमान कमेटी में उन लोगों को शामिल करने का आरोप है, जो स्वयं अवैध कब्जाधारियों का समर्थन कर रहे हैं।

अनंत ज्ञान मुद्दा



### खंगाला जा रहा है रिकॉर्ड: एसडीएम

**एसडीएम** धर्मपुर जोगिंद्र पटियाल ने कहा त्रिवेणी रिकॉर्ड तहसीलदार के पास है और उनकी ट्रांसफर हो चुकी है अवैध कब्जे पर क्यों कार्यवाही नहीं हुई इस बारे में रिकॉर्ड खंगाल जा रहा है अवैध कब्जे वालों को बक्शा नहीं जाएगा।

> **कुछ** स्वयंभू नेताओं जिन पर मंदिर के नाम पर पैसा उगाही करने का आरोप था, जनता की शिकायत पर तुरंत बाहर का रास्ता दिखाया था और मंदिर को सरकार के हवाले किया था, ताकि लूट पर लगाम लग सके। जिसमें एसडीएम की अध्यक्षता कार्य करने की नोटिफिकेशन जारी की थी, लेकिन कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में मंदिर को लूटा जा रहा है। जनता की आस्था को दरकिनार कर राजनीति हावी है। सब डिविजन में एसडीएम से बड़ा अधिकारी कोई नहीं होता, लेकिन न अवैध कब्जे हटाए जा रहे और न ही अवैध निर्माणों पर अंकुश लग पा रहा जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।
>
> **-ठाकुर महेंद्र सिंह, पूर्व मंत्री, हिमाचल प्रदेश।**

# एबीवीपी का प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन, पुतला फूंका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



छात्र संघ चुनाव, रोजगार, कानून-व्यवस्था और पुलिस लाठीचार्ज के मुद्दों पर एबीवीपी कार्यकर्ता प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी इकाई ने वीरवार को प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार धरना प्रदर्शन कर पुतला दहन किया और सरकार पर छात्रों व युवाओं से किए गए वादे न निभाने का आरोप लगाया। प्रदेश मीडिया सह संयोजक चिराग ठाकुर ने कहा कि सरकार ने सत्ता में आने से पहले छात्र संघ चुनाव बहाल करने, एक लाख स्थायी नौकरियां देने और कर्मचारियों की सेवा अवधि 58 वर्ष करने जैसे कई आश्वासन दिए थे, किंतु तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी एक भी वादा पूरा नहीं हुआ, जबकि प्रदेश में नशा माफिया बेखौफ सक्रिय है और सरकार कार्रवाई करने में विफल साबित हो रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण ढंग से विधानसभा घेराव करने पहुंचे एबीवीपी कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने सरकार के निर्देश पर लाठीचार्ज किया, जिसमें कई कार्यकर्ता, विशेषकर छात्राएं घायल हुईं, और पुरुष पुलिस कर्मियों द्वारा छात्राओं पर लात-घूसे चलाना अत्यंत शर्मनाक, निंदनीय और कानून व गरिमा का उल्लंघन है; उन्होंने संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। इकाई अध्यक्ष करन धामी ने कहा कि सरकार ने युवाओं, महिलाओं और छात्रों से किए गए वादों को पूरी तरह भुला दिया है न रोजगार मिला, न महिला सम्मान राशि, न छात्रों की समस्याओं पर कोई कदम उठाया गया, जबकि प्रदेश में अपराध और कानून-व्यवस्था लगातार बिगड़ रही है। उन्होंने कहा कि जोरावर स्टेडियम में शांतिपूर्ण प्रदर्शन के बावजूद पुलिस द्वारा लाठीचार्ज करना सरकार की तानाशाही मानसिकता को दर्शाता है। एबीवीपी ने चेतावनी दी कि यदि छात्रों की मांगों का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो परिषद और व्यापक व उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

### पुश्तैनी कब्जाधारकों के लिए राहत की मांग की

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल किसान यूनियन ने प्रदेशभर के किसानों, बागबानों और पशुपालकों को उनकी दशकों से चली आ रही पुश्तैनी कब्जाधारित भूमि से बेदखल किए जाने के विरोध में कड़ा रोष व्यक्त किया है। संगठन ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, प्रदेश सरकार और राजस्व विभाग से आग्रह किया कि अधिकतम पांच विश्वा तक की भूमि पर दशकों से बने मकान, गोहड़, खलवाड़े, खेत और बगीचों वाले गरीब परिवारों को बेदखली से राहत दी जाए। यूनियन ने बताया कि वर्ष 2002 में नाजायज कब्जे के नियमितीकरण हेतु फॉर्म भरे गए थे, जिन्हें बाद में स्थगित कर दिया गया, जिससे हजारों परिवार अनिश्चितता में हैं। प्रदेशाध्यक्ष सीताराम वर्मा और अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार को स्थायी और जनहितैषी नीति बनाकर किसानों को कानूनी सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए। यूनियन ने जोर देकर कहा कि यदि सरकार संवेदनशीलता दिखाए, तो पूरे प्रदेश का जनमानस मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल का आभारी रहेगा।

# पंडोह के व्यापारियों को बिजली दे रही झटके

## अतिरिक्त सिक्योरिटी चार्ज ने बढ़ाई उपभोक्ताओं की मुश्किलें

**बालक राम, अनंत ज्ञान**

**पंडोह।** अभी तो सर्दी अपने असली रूप में आई ही नहीं है मगर उससे पहले ही पंडोह में विद्युत आपूर्ति सिस्टम पूरी तरह से डगमगा गया है। इसका ज्वलंत उदाहरण वीरवार को सामने आया जब पंडोह के तीन पीपल, सयोग, नवोदय, ट्रांजिट कैंप और जागर तक सुबह 9 बजे से विद्युत सप्लाई बंद कर दी गई और शाम तक बाधित रही। विद्युत विभाग द्वारा को पूर्व सूचना समाचार-पत्रों या अन्य सूचना तंत्र से जनहित में जारी नहीं की गई, जिससे आम उपभोक्ताओं के साथ व्यापारी वर्ग को बड़ा नुकसान हुआ। जिसमें सबसे ज्यादा नुकसान लोकमित्र केंद्र और व्यापारियों को हुआ है, जबकि पीएनबी बैंक, नवोदय विद्यालय, ट्रांजिट कैंप वेल्डिंग और कार वॉश स्टेशन ज्यादा प्रभावित हुए हैं।

उपभोक्ता जोगेंद्र सिंह ठाकुर, दीपक, आर्यन, राम सिंह, अर्जुन, रामकुमार, दलीप सिंह और नरेंद्र कुमार ने विद्युत विभाग पंडोह पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पंडोह में लगातार बिना किसी सूचना के अघोषित कट से हम बहुत परेशान हैं। हमारा रोजगार तो प्रभावित होता ही है, वहीं कुछ माल ऐसा है जो बिना विद्युत के खराब हो जाता है। यदि कट की पूर्व सूचना होती है तो हमारा माल ज्यादा खराब नहीं होता है। इनका कहना है कि बिना कारण के भी बार.बार बिजली की आंख-मिचौली से हम बहुत ही परेशान हैं। वहीं विद्युत बिल के साथ इस माह अतिरिक्त सिक्योरिटी चार्ज के नोटिस भी थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। उपभोक्ताओं की शिकायत के लिए पंडोह में बनाया गया शिकायत कक्ष में बंद रहता है। उसमें लगाया गया पब्लिक टेलीफोन कभी रिसीव ही नहीं होता है। उपभोक्ता अपनी शिकायत करें भी तो कहां? एसडीओ का पद पिछले दो माह से रिक्त चल रहा है। यानी पंडोह विद्युत वितरण इन दिनों राम भरोसे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को भारी परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है। वहीं तीन पीपल और धडोल गांव में कम वोल्टेज भी बड़ी परेशानी बनी हुई है। जो पिछले 4-5 वर्षों से लोगों को परेशान कर रही है। सबसे ज्यादा समस्या सर्दियों में आती है जब बल्ब दीपक बन जाता है। इन्होंने विद्युत विभाग के आला अधिकारियों से पंडोह क्षेत्र में चौबीसों घंटे विद्युत सप्लाई की मांग की है।

**कम वोल्टेज और सर्दियों में बिजली की समस्या बनी चुनौती**

इस संबंध में विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता ई. कमलेश ने बताया कि फोरलेन के कारण और भारी बरसात ने विद्युत लाइनों को प्रभावित किया है। फिर भी विद्युत आपूर्ति निरंतर हो रही है।

### सरकार की सुस्ती व लंबित भर्तियों से युवा परेशानः चंदन

**अनंत ज्ञान, बरोट।** युवा कांग्रेस के विरोध प्रदर्शनों पर भाजपा युवा मोर्चा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजयुमो प्रदेश सचिव चंदन पंडित ने कहा कि यह आंदोलन युवाओं की समस्याओं के समाधान का माध्यम न होकर राजनीतिक छलावा बन गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार बेरोजगारी बढ़ने और सरकारी पद रिक्त रहने के बावजूद केवल नाटकीय प्रदर्शन कर रही है। चंदन पंडित ने कहा कि चुनावी वादों से मुकरने और भर्ती प्रक्रिया में देरी के कारण युवा निराश हैं। युवा कांग्रेस केवल फोटो और पोस्टर पर ध्यान दे रही है, जबकि प्रदेश का युवा जानना चाहता है कि लंबित भर्तियां कब पूरी होंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि युवा मोर्चा बेरोजगारी और प्रशासनिक सुस्ती की राजनीति को बेनकाब करता रहेगा और युवाओं की आवाज़ सड़क से सदन तक पहुंचाने के लिए संघर्ष जारी रखेगा।

# सुंदरनगर में व्यापारियों को गुमराह कर रही भाजपा: पं. अरुण प्रकाश

**अनंत ज्ञान, मंडी**

**युवा कांग्रेस ने प्रशासन पर सवाल उठाने को भ्रामक और राजनीतिक बताया**

सुंदरनगर में व्यापारियों के मुद्दों को लेकर बढ़ती राजनीतिक सरगर्मी के बीच युवा कांग्रेस नेता और अधिवक्ता पंडित अरुण प्रकाश आर्य ने भाजपा पर तीखे आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा सुनियोजित तरीके से व्यापारियों को गुमराह करने तथा सरकार और प्रशासन की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रही है। वास्तविकता यह है कि जवाहर पार्क पूर्णत: नगर परिषद के अधीन आता है और उसकी देखरेख, किराया वसूली, अनुमति और एनओसी जारी करने तक के सभी अधिकार नगर परिषद के पास निहित हैं।



अरुण प्रकाश आर्य ने बताया कि जब मेला आयोजित करने से लेकर स्थल आवंटन तक की जिम्मेदारी नगर परिषद की है, तब प्रशासन या सरकार पर सवाल उठाना दुर्भावनापूर्ण राजनीतिक प्रयास है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह व्यापारियों की आड़ में केवल राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है, जिससे व्यापारी अनावश्यक विवाद और भ्रम का शिकार हो रहे हैं।

युवा कांग्रेस ने व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्धता जताई और चेताया कि यदि भाजपा अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं करती, तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जा सकता है। अरुण प्रकाश आर्य ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस संगठनात्मक रूप से व्यापारियों की समस्याओं का समाधान चाहती है, जबकि भाजपा भ्रम फैलाकर माहौल को दूषित कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता अब राजनीतिक हथकंडों को समझ चुकी है और सच्चाई जल्द सामने आएगी।

# मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

## बग्गी स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

**आदर्श, अनंत ज्ञान**



**नेरचौक।** मंडी जिला के नाचन विधानसभा क्षेत्र की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बग्गी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निगम हिमाचल प्रदेश के चेयरमैन लाल सिंह कौशल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

मुख्य अतिथि लाल सिंह कौशल ने कहा कि बच्चे पूरे वर्ष कठिन परिश्रम करते हैं। ऐसे आयोजन न केवल उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ाते हैं। विद्यालयों में होने वाले प्रतियोगी और सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास का आधार हैं। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पाठशाला के प्रधानाचार्य वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर स्कूल की हर गतिविधियों बारे जानकारी प्रदान की। उन्होंने मुख्य अतिथि को शाल टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। लाल सिंह कौशल ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, खेलकूद पुरस्कारों और शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता सिधु राम भारद्वाज, दीपक गुप्ता, दीप शर्मा, केसरी लाल, लेख राज वैद्य, श्याम चंद, दया राम उप प्रधान बग्गी, मनोज गुप्ता, चन्दर कौशल, रौकी सोहल, खीमु चौहान, अजय आनंद समेत स्कूल के प्रधानाचार्य, स्टाफ, अभिभावक समेत स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

### इन्हें किया सम्मानित

**अंश,** महेंद्र पाल, शिवम भारती, कशिश, दिव्यांश सिंह, चाहत, मानसीरत, लक्ष्य, सुजल, यासीन, तानिया, विजय, आयुष, कनिका, तरुण, तुषार, हिमांशु, युवराज, अभिषेक, वीरेंद्र कुमार भारती, अनामिका, भूमिका, पल्लवी, निहारिका, दुर्गेश ठाकुर, भूपेश, नवजोत सिंह, चांद, लक्ष्य, श्रद्धा, मीनाक्षी, रिद्धिमा, साक्षी, मोहित, आदिति के अलावा अन्य बच्चों को विभिन्न प्रतिस्पर्धा मे भाग लेने के लिए सम्मानित किया।

# बीबीएमबी प्रशासन के खिलाफ सलापड़ में पेयजल संकट पर कर्मचारियों का हंगामा



पेयजल संकट को लेकर बीबीएमबी प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करते यूनियन सदस्य।

**भीम बसेडू राजपूत, अनंत ज्ञान**

**महादेव।** बीएसएल परियोजना बीबीएमबी प्रशासन के विरुद्ध सलापड़ के पावर विंग क्षेत्र में भाखड़ा ब्यास एम्पलाइज यूनियन एटक ने पेयजलापूर्ति जो पिछले 15 दिनों से ठप्प बताई जा रही है के संकट को लेकर बीबीएमबी प्रशासन के विरुद्ध एक रैली निकाल जोरदार नारेबाजी की।

संबंधित उच्चाधिकारियों द्वारा पानी की आपूर्ति जो 30 नवम्बर तक सुचारू रूप से बहाल करने की बात कही गई थी, मगर पानी की आपूर्ति न होने पर यूनियन के प्रधान इंदर कुमार की अगुवाई में यह रैली निकाल यूनियन ने अपना रोष जताते हुए लारे लप्पे लगाने वाले अधिकारियों के विरोध में अपना मोर्चा खोला। जिसमें खासतौर पर यूनियन से जुड़े तिलक राज, बृजेश कुमार, दिनेश कुमार आदि ने रैली एवं गेट मीटिंग करने के तदोपरांत अधिशासी अभियंता इरीगेशन सलापड़ डिवीजन, डैहर पावर हाउस सहित, सुपरिटेंडेंट इंजीनियर तथा रेजीडेंस इंजीनियर के साथ भी बीएसएल परियोजना के इतिहास में पहली बार ऐसी पेयजल आपूर्ति के ठप्प रहने को लेकर हंगामेदार बैठक को अंजाम दिया।

**परेशानी** लंबे समय से तहसीलदार-नायब तहसीलदार के पद खाली, लोगों में गहरा रोष

# धर्मपुर और संधोल में प्रशासनिक कामकाज ठप

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** उपमंडल धर्मपुर की दो प्रमुख तहसीलें धर्मपुर और संधोल इन दिनों गंभीर प्रशासनिक संकट से जूझ रही हैं, जहां तहसीलदार और नायब तहसीलदार दोनों के पद लंबे समय से रिक्त पड़े हैं, जिससे आम जनता के दैनिक कार्य ठप हो गए हैं और लोगों का रोष लगातार बढ़ रहा है।

संधोल में हाल ही में तहसीलदार विपिन कुमार के तबादले के बाद यह पद पूर्णत: खाली हो गया, जबकि वर्तमान में टिहरा के तहसीलदार को संधोल और मंडप के नायब तहसीलदार को धर्मपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है, परंतु अतिरिक्त कार्यभार होने के कारण दोनों तहसीलों के मामलों में आवश्यक गति नहीं आ पा रही है। ग्रामीणों के अनुसार जाति, आय एवं हिमाचली प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री से जुड़े मामलों, भूमि विवादों की सुनवाई, राजस्व रिकॉर्ड में सुधार, आपदा राहत और राजस्व नुकसान से संबंधित रिपोर्ट तैयार करने जैसे महत्वपूर्ण कार्य लगातार लंबित पड़े हैं, जिससे आम लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

### लगातार विलंब के कारण रुक रहे जरूरी कार्य

**ग्रामीणों** का कहना है कि लगातार विलंब से जरूरी कार्य रुकते जा रहे हैं और लोगों को आर्थिक, सामाजिक तथा कानूनी स्तर पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। धर्मपुर उपमंडल में यह समस्या नई नहीं है, लेकिन इस बार दोनों तहसीलों में एक साथ अधिकारियों की कमी ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन से तत्काल स्थायी नियुक्तियां करने की मांग उठाई है, ताकि जनहित के काम सुचारू रूप से चल सकें।

### अतिरिक्त प्रभार देकर संभाली जा रही व्यवस्था

**उपमंडल** अधिकारी नागरिक धर्मपुर जोगिंद्र पटियाल ने कहा कि दोनों जगह पर आर्डर हो चुके हैं, लेकिन उन्होंने अभी तक ज्वाइन नहीं किया है। तहसीलदार और नायब तहसीलदार ना होने के कारण समस्या तो पेश आ ही रही है फिर भी उन्होंने नायब तहसीलदार मंडप और टिहरा को संधोल और धर्मपुर का अतिरिक्त प्रभार दिया है।

अनंत ज्ञान खास खबर

स्थानीय निवासियों का कहना है कि अधिकारियों की यह कमी धर्मपुर उपमंडल में नई नहीं है, लेकिन इस बार दोनों तहसीलों के एक साथ खाली होने से समस्या और भी गंभीर हो गई है, यहां तक कि जिले के एकमात्र लम्बरदार के दोनों हाथ खाली होने के कारण कई स्तरों पर प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है।

**प्रमाण पत्रों से लेकर राजस्व कार्य हो रहे प्रभावित**

ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि आवश्यक पदों पर त्वरित रूप से स्थायी नियुक्तियां की जाएं, ताकि जनहित के कार्य पटरी पर लौट सकें। उधर, उपमंडल अधिकारी नागरिक धर्मपुर जोगिंद्र पटियाल ने स्वीकार किया कि दोनों स्थानों के लिए नियुक्ति आदेश जारी हो चुके हैं, लेकिन अधिकारियों ने अभी तक पदभार ग्रहण नहीं किया है। उन्होंने कहा कि यद्यपि अतिरिक्त प्रभार देकर व्यवस्था संभालने की कोशिश की जा रही है, फिर भी तहसीलदार और नायब तहसीलदार की अनुपस्थिति से कार्य प्रभावित होना स्वाभाविक है।

स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि प्रशासन शीघ्र ठोस कदम उठाएगा, जिससे गांवों से लेकर कस्बों तक लंबित कार्यों में तेजी आए और जनता को राहत मिल सके।

# उद्योग में कार्यरत कामगार ने पंखे से फंदा लगाकर की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

औद्योगिक क्षेत्र गगरेट में स्थित एक उद्योग में कार्यरत एक कामगार ने गगरेट में स्थित अपने क्वार्टर में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक शुभम शर्मा पुत्र राजेश शर्मा हमीरपुर जिला के दरयोटा गांव का रहने वाला था और बुधवार को ही अपने घर से वापस आया था।

गगरेट पुलिस ने मृतक के परिजनों के समक्ष ही शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेजा, लेकिन मृतक के परिजनों द्वारा मृतक का पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड से करवाने के आग्रह पर अब उसका पोस्टमार्टम डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में होगा। फिलहाल मृतक के परिजनों ने मौत पर किसी पर कोई शक जाहिर नहीं किया है। हमीरपुर के दरयोटा गांव का शुभम शर्मा (23 वर्ष) शादीशुदा था और यहां के एक निजी उद्योग में कार्यरत था। वह भरवाईं रोड गगरेट में ही एक किराये के घर में रहता था। बताया जा रहा है कि शुभम बुधवार को ही घर से वापस आया था और रात करीब दस बजे उसने फोन पर अपनी पत्नी से भी बात की। वीरवार सुबह एक अन्य लड़का, जब उसके कमरे से आगे से गुजरा, तो उसने खिड़की में से शव को चादर के फंदे से पंखे से झूलते पाया। उसने इसकी सूचना मकान मालिक को दी और मकान मालिक ने यह सूचना पुलिस के साथ साझा की। मौके पर पहुंची पुलिस ने नगर पंचायत प्रधान की मौजूदगी में कमरे का दरवाजा खोलना चाहा, तो दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़कर जब अंदर जाकर देखा तो शुभम का शरीर ठंडा पड़ चुका था और शव पंखे से ही झूल रहा था। इसकी जानकारी उसके परिजनों को दी गई।

मौके पर आए शुभम के पिता व चाचा ने इस मौत पर किसी पर कोई शक जाहिर नहीं किया है। हालांकि, उन्होंने मृतक के शव का पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड से करवाने का आग्रह किया है। डीएसपी अनिल पटियाल ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया जाएगा।

# बाजारों में अतिक्रमण पाए जाने पर पुलिस करेगी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

▶ **जिले के तमाम प्रमुख कस्बों से हर हाल में अतिक्रमण हटाया जाए : डीसी**

जिले के प्रमुख कस्बों के मार्गों से अतिक्रमण हटाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा चलाई गई मुहिम का असर, अब गगरेट कस्बे व दौलतपुर चौक कस्बे में भी दिखेगा। प्रशासन ने इन कस्बों के उन दुकानदारों को अल्टीमेटम दिया है, जिन्होंने अपनी दुकान सड़कों तक फैला रखी है।

एसडीएम सौमिल गौतम ने कहा कि गगरेट व दौलतपुर चौक कस्बे में दुकानदार स्वयं प्रशासन का सहयोग करते हुए सड़क तक बनाए गए दुकान के छज्जे व सड़क तक फैलाया गया सामान स्वयं हटा लें। इस मुद्दे को लेकर शुक्रवार को एसडीएम कार्यालयों में व्यापार मंडलों, नगर पंचायत के अधिकारियों व पुलिस विभाग के साथ एक बैठक भी रखी गई है। इसके बाद प्रशासन स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए सड़कों पर उतरेगा और जिन दुकानदारों का भी अतिक्रमण पाया गया उनके विरुद्ध पुलिस भारतीय न्याय संहिता की धारा 285 के तहत प्राथमिकी दर्ज करेगी। जिला में बिगड़ी कानून व्यवस्था के बाद जिला प्रशासन अब जिले में बिगड़ी हुई हर व्यवस्था को पटरी पर लाने का प्रयास कर रहा है।

इसी कड़ी में जिला प्रशासन द्वारा जिला मुख्यालय पर ही सबसे पहले अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इसके बेहतर परिणाम सामने आने के बाद उपायुक्त जतिन लाल ने अब जिले के तमाम उपमंडलाधिकारियों को आदेश दिए हैं कि जिले के तमाम प्रमुख कस्बों से हर हाल में अतिक्रमण हटाया जाए, जिसके चलते अब गगरेट व दौलतपुर चौक कस्बों में भी यह अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का मूल उद्देश्य राहगीरों को पैदल चलने के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध करवाने के साथ यातायात को निर्बाध तरीके से चलाना है। यही नहीं बल्कि इसके साथ प्रशासन इन कस्बों में वाहन पार्क करने के लिए भी स्थान चिंहित करेगा और अगर किसी का वाहन कस्बे की सड़कों पर पार्क पाया गया तो पुलिस उनके न सिर्फ चालान करेगी बल्कि ऐसे वाहनों को जब्त भी किया जा सकेगा।

एसडीएम सौमिल गौतम ने बताया कि उपायुक्त के आदेश को अमलीजामा पहनाने के लिए शीघ्र ही अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान में दुकानदार प्रशासन का पूरा सहयोग करें। अगर किसी दुकानदार का छज्जा बढ़ा हुआ है या फिर सामान दुकान के बाहर है तो वह स्वयं ही इसे हटा लें। अगर किसी दुकानदार द्वारा नियमों की अवहेलना की गई है तो उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 285 के तहत पुलिस कार्रवाई करेगी।

# राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी तनु का स्कूल में स्वागत

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दौलतपुर चौक में वीरवार को राष्ट्रीय स्तर पर कबड्डी में उम्दा प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ी तनु सिंह का सम्मान समारोह उत्साह के साथ किया गया। विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य वासुदेव ठाकुर, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उनका स्वागत फूल मालाओं, पुष्पगुच्छ और स्मृति चिह्न भेंट कर किया। विद्यार्थियों के बीच पहुंचकर तनु सिंह भावुक हो उठीं। उन्होंने कहा कि वे भी इसी विद्यालय की छात्रा रही हैं और यहीं की शिक्षा, अनुशासन और सकारात्मक वातावरण ने उन्हें जीवन में बड़ी उपलब्धियां हासिल करने की राह दिखाई। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। तनु सिंह ने बच्चों को मोबाइल फोन से दूरी बनाए रखने और नशे से पूरी तरह दूर रहने की सख्त सलाह देते हुए कहा कि नशा किसी भी व्यक्ति का भविष्य खत्म कर देता है। हाल ही में तनु सिंह ने मलेशिया में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार जीत दर्ज की है।

# हत्या के प्रयास मामले में पकड़े आरोपी तीन दिन की रिमांड पर

**अनंत ज्ञान, ऊना।**

लाल सिंगी में 19 नवंबर को आशु पुरी पर गोली चलाने वाले गुट पर तेजधार हथियारों से हमला करने के आरोप में पकड़े तीन आरोपियों को अदालत ने वीरवार को तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा।

आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास टी प्राथमिकी दर्ज है और उन्हें बीते मंगलवार देर शाम पंजाब के रोपड़ से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपियों में दीपांशु शर्मा, अभी पुरी, नितिश सभी निवासी संतोषगढ़ जिला ऊना शामिल हैं। उधर, आरोपियों के हमले में घायल पुरजिंद्र सिंह उर्फ पिंदू निवासी उदयपुर मराला और परविंद्र निवासी सनोली अभी भी बयान दर्ज कराने की हालत में नहीं है। वीरवार को एसएचओ थाना ऊना सदर गौरव भारद्वाज घायलों के बयान लेने पीजीआई पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उन दोनों को बयान देने के लिए अनफिट बताया। दोनों का इलाज अभी भई आईसीयू में चल रहा। ध्यान रहे कि पुरजिंद्र व परविंद्र रिश्ते में जीजा-साला हैं और उनपर आशु पुरी निवासी संतोषगढ़ की हत्या का आरोप है। हत्या के आरोप में उनके एक साथी गुरजीत मान पहले से जेल में हैं। आशु पुरी की हत्या के बाद उसके साथियों ने परविंद्र और पुरजिंद्र पर तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में दोनों को सिर, चेहरे, गर्दन व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। तेजधार हथियारों से हमला करने के मामले में शिकायत के आधार पर पुलिस ने मृतक आशु पुरी सहित सात युवकों पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। उनमें से तीन आरोपियों को मंगलवार शाम पंजाब के रोपड़ से काबू किया गया। पुलिस ने आरोपियों के साथ उनकी एक कार भी जब्त की है।

आरोपियों के तीन साथी अभी पकड़ से बाहर हैं। पुलिस अधीक्षक ऊना अमित यादव ने बताया कि जिला पुलिस की टीम ने टेक्निकल इंटेलिजेंस, एसआईटी और साइबर सहित अन्य टीमों की मदद से आरोपियों से जुड़ी इनपुट हासिल की। इसके बाद पंजाब के रोपड़ जिला में गुरुद्वारा टिब्बी साहिब के पास आरोपियों को काबू किया गया। आरोपियों से रिमांड के दौरान पूछताछ में पता लगाया जाएगा कि उनके बाकी साथी कहां छिपे हैं।

# राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के माध्यम से की जाएगी गेहूं खरीद प्रक्रिया : राजीव शर्मा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले ऊना राजीव शर्मा ने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए ऊना जिले में गेहूं की खरीद का कार्य प्रदेश सरकार द्वारा अधिकृत नोडल एजेंसी हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसान अपनी गेहूं की बिक्री के लिए httpsÑ//hpappp.nic.in/ पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। पोर्टल पर टोकन सेवा शुरू होने के बाद किसान अपने निर्धारित समय स्लॉट के लिए ऑनलाइन टोकन बुक कर सकेंगे। इसके साथ ही, उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,585 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

# भाजपा नेताओं ने अपने शक्ति प्रदर्शन के लिए रखी थी धर्मशाला रैली : विवेक शर्मा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

राज्य भाजपा की राज्य स्तरीय रैली को लेकर कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने जारी बयान में इस रैली को पूरी तरह फ्लॉप करार देते हुए प्रदेश भाजपा नेतृत्व पर बड़ा हमला बोला।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि यह रैली राज्य की सुक्खू सरकार के खिलाफ जनाक्रोश नहीं, बल्कि भाजपा नेताओं का आपसी शक्ति प्रदर्शन थी, जिसमें जनता से अधिक व्यक्तिगत राजनीतिक महत्वा कांक्षाएं हावी दिखाई दीं। विधायक ने दावा किया कि वर्तमान समय में प्रदेश भाजपा पांच अलग-अलग गुटों में बंटी हुई है। उन्होंने कहा कि रैली के मंच पर जैसे ही कोई नेता पहुंचता था, उसके समर्थक अपने-अपने नेता के पक्ष में नारेबाजी शुरू कर देते थे। यह दृश्य साफ बता रहा था कि भाजपा अंदरूनी खींचतान से जूझ रही है और सामूहिक नेतृत्व की कमी पूरी तरह उजागर हो चुकी है। विवेक ने राज्य की सुक्खू सरकार के तीन वर्ष के कार्यकाल का जिक्र करते हुए बताया कि वर्तमान मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में चल रही सरकार ने तीन वर्षों में हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए अनेक योजनाओं को धरातल पर उतारा है। आपदा में बेघर हुए परिवारों को आठ लाख रुपए की आर्थिक सहायता मिलना शुरू हो चुकी है। इससे हजारों प्रभावित परिवारों को राहत मिली है। सरकार ने आपदा से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, कन्या विवाह, टूटी-फूटी झोपड़ियों और जर्जर मकानों तक हर स्तर पर आर्थिक मदद दी है। विधायक ने राज्य भाजपा नेताओं पर आरोप लगाया कि उन्होंने धर्मशाला रैली के मंच से केंद्र द्वारा रोके गए प्रदेश के धन और आपदा राहत के लिए मांगे गए 1500 करोड़ रुपए का जिक्र ही कर देते, ताकि प्रधानमंत्री को हिमाचल प्रदेश में आपदा के राहत पैकेज 1500 करोड़ देने की याद आ जाती।



मुख्य चौक भरवाईं से लेकर मोईन शिव मंदिर तक शोभायात्रा का आयोजन किया।

# शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ महायज्ञ का आयोजन

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

वीरवार को मुख्य चौक भरवाईं से लेकर मोईन शिव मंदिर तक शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा महायज्ञ के आयोजन के लिए आयोजित की गई थी।

इसमें श्री स्वामी स्वयमानंन्द गिरि जी महाराज द्वारा प्रवचन किया जाएगा। शुक्रवार से रोजाना दोपहर 2 से लेकर शाम 5 बजे तक 11 दिसंबर तक श्री स्वामी स्वयमानंद गिरि जी महाराज द्वारा प्रवचन किया जाएगा। इसके अलावा माता श्री शक्ति गिरी जी महाराज भी इस यज्ञ में शामिल होंगी। 12 दिसंबर को महायज्ञ का आयोजन होगा, जिसमें भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन चिंतपूर्णी मंदिर में आयोजित किया जा रहा है, जो हिमाचल प्रदेश के प्रमुख तीर्थ स्थलों में से एक है।

# सुरक्षित यातायात के नियमों पर छात्रों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय, बंगाणा में आज रोड सेफ़्टी क्लब के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु भव्य हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



रोड सेफ्टी सुरक्षा जागरूकता शिविर का आयोजन।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों तथा महाविद्यालय समुदाय को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के प्रति प्रेरित करना और युवा पीढ़ी में जिम्मेदार यातायात व्यवहार को प्रोत्साहित करना रहा।कार्यक्रम की अध्यक्षता रोड सेफ़्टी क्लब की नोडल ऑफिसर डॉ. किरण ठाकुर ने की, जबकि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर रहे। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत करते हुए सभी विद्यार्थियों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का आह्वान किया।अपने संबोधन में डॉ. रमेश ठाकुर ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक नियम नहीं, बल्कि जीवन से जुड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्रों को हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, नशे में वाहन न चलाने, ओवरस्पीडिंग से बचने और सड़क संकेतों का पालन करने जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में जागरूक किया।

उन्होंने कहा कि युवा ही समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है।कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ. किरण ठाकुर ने बताया कि डायरेक्टर ऑफ हायर एजुकेशन द्वारा जारी एसओपी के अनुसार महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा को लेकर पूरे वर्ष विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, रैली, वर्कशॉप, प्रतियोगिताएँ और प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर, रोड सेफ्टी क्लब की नोडल ऑफिसर डॉ. किरण ठाकुर, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर प्रो. सिकंदर नेगी सहित विभिन्न विभागों के शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम छात्रों में जागरूकता फैलाने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था के प्रति जिम्मेदार दृष्टिकोण विकसित करने में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### एकल नारी शक्ति संगठन की समस्याएं सुनीं

**अनंत ज्ञान, ऊना।** एकल नारी शक्ति संगठन से संबंधित जनसुनवाई बैठक वीरवार को बचत भवन ऊना में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने की। बैठक में हरोली, अंब, गगरेट व ऊना ब्लॉक की महिलाएं उपस्थित रहीं। बैठक के दौरान डीसी ने एकल नारी शक्ति संगठन से जुड़ी महिलाओं की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। डीसी जतिन लाल ने बताया कि गरीब बच्चों के लिए उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष कोचिंग सुविधा जिला प्रशासन की ओर से उपलब्ध करवाई जा रही है, ताकि शिक्षा के क्षेत्र में उनका भविष्य सुरक्षित एवं सुदृढ़ हो सके। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न विभागों के माध्यम से कई जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका उद्देश्य एकल नारियों को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना है। डीसी ने सभी उपस्थित महिलाओं को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन उनके हितों की रक्षा एवं कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है तथा उनकी समस्याओं का तेज़, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इस मौके पर एकल नारी संगठन से जुड़ी रजनी, सोनिका, नीलम और मीना सहित अन्य उपस्थित रहीं।

### हरमेश पूर्व सैनिक कल्याण बोर्ड में सदस्य नियुक्त

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** गगरेट विधानसभा क्षेत्र के कैप्टन बतन सूबेदार हरमेश सिंह राणा एवं प्रकाश चंद को हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण बोर्ड का सदस्य मनोनीत किया गया है। यह जानकारी विधायक राकेश कालिया के निजी सचिव नरेश कुमार ने दी।

# झूठी गारंटियों के सहारे चल रही सरकार : भुट्टो

## कहा-आने वाले विस चुनावों में जनता सुक्खू सरकार को उखाड़ फेंकेगी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कुटलैहड़ के पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने धर्मशाला में आयोजित भाजपा रैली को पार्टी कार्यकर्ताओं की अंगड़ाई करार देते हुए कहा कि आने वाले विधानसभा चुनावों में जनता मौजूदा कांग्रेस सरकार के प्रति अपना रोष स्पष्ट रूप से प्रकट करेगी।



भाजपा की धर्मशाला रैली में भुट्टो के नेतृत्व में कुटलैहड़ से पहुंचे थे 600 कार्यकर्ता।

उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुक्खू की सरकार झूठी गारंटियों के सहारे चल रही है और अब सुक्खू सरकार वेंटिलेटर पर पहुंच चुकी है। भुट्टो ने मीडिया से बातचीत में कहा कि दस गारंटियों के सहारे सरकार सत्ता में आई, लेकिन एक भी गारंटी पूरी नहीं हुई। उनके अनुसार, सरकार के वादे सिर्फ कागजों तक सिमटकर रह गए हैं और जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर हो रही है और कर्ज लेकर सरकार अपने मित्रों को खुश कर रही है, जिसके चलते हिमाचल प्रदेश दिवालिया होने की कगार पर जा पहुंचा है। पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि भाजपा की धर्मशाला रैली में राज्य की जनता ने स्पष्ट संदेश दे दिया है कि कार्यकर्ता अब पूरी मजबूती के साथ चुनावी मैदान में उतरने को तैयार हैं। उन्होंने इसे आने वाले राजनीतिक माहौल की बड़ी शुरुआत बताया। दविंदर भुट्टो ने कहा कि प्रदेश में जनता सरकार की नीतियों से निराश है और महंगाई, बेरोजगारी तथा आर्थिक प्रबंधन जैसे मुद्दों पर सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। भुट्टो ने यह भी दावा किया कि अब कांग्रेस के कार्यकर्ता भी सरकार की बदहाली देखकर भाजपा का दामन थामने लगे हैं। उनके अनुसार जनता और कार्यकर्ता दोनों समझ चुके हैं कि प्रदेश को विकास की पटरी पर वापस लाने के लिए भाजपा ही विकल्प है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में जनता गिन-गिन कर बदला लेगी और सुक्खू सरकार को उसके कार्यकाल का हिसाब देना होगा। दविंदर भुट्टो ने विश्वास जताया कि प्रदेश में जल्द ही राजनीतिक परिस्थितियां भाजपा के पक्ष में मजबूत होंगी और जनता विकास, स्थिरता तथा पारदर्शिता वाली सरकार को चुनने का मन बना चुकी है।

# धर्मशाला में छात्र आंदोलन पर लाठीचार्ज स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट ने की कड़ी निंदा

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

धर्मशाला विधानसभा परिसर में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं पर हुए पुलिस लाठीचार्ज के बाद प्रदेश में राजनीतिक व सामाजिक माहौल गर्मा गया है।

शांतिपूर्ण व लोकतांत्रिक तरीके से अपने अधिकारों को लेकर आवाज उठा रहे छात्रों पर हुए इस बर्बर बल प्रयोग की आलोचना अब तेज हो गई है। स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट, चिंतपूर्णी ने इस घटना को लोकतांत्रिक मर्यादाओं का खुला उल्लंघन बताते हुए सरकार की कड़ी निंदा की है। ट्रस्ट के अध्यक्ष गौरव कुमार ने कहा कि पुलिस की कार्रवाई सरकार की तानाशाही मानसिकता को उजागर करती है। उन्होंने बताया कि कई छात्र गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जो सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है। गौरव कुमार ने कहा कि जब जनता के भरोसे चुनी गई सरकार छात्रों की शांतिपूर्ण आवाज को भी सहन न कर पाए और लाठियों के सहारे आंदोलन को कुचलने लगे, तो यह स्पष्ट है कि प्रदेश में लोकतंत्र नहीं, बल्कि सत्ता का अहंकार चल रहा है। उन्होंने कहा कि यदि मुख्यमंत्री सचमुच प्रदेश को अराजकता व दमनकारी शासन से बचाना चाहते हैं, तो उन्हें तुरंत अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। प्रदेश को बचाने का यह सबसे बड़ा और आवश्यक कदम होगा। गौरव कुमार ने आरोप लगाया कि सरकार अपनी विफलताओं को छुपाने के लिए युवाओं पर अत्याचार कर रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं की आवाज दबाना किसी भी लोकतांत्रिक सरकार का तरीका नहीं हो सकता। संवैधानिक अधिकारों का हनन समाज और प्रदेश दोनों के लिए घातक है। ट्रस्ट ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने अपनी दमनकारी नीतियां नहीं बदलीं, तो युवा संगठनों, सामाजिक संस्थाओं और आम जनता को मिलकर प्रदेशव्यापी लोकतांत्रिक आंदोलन शुरू करना पड़ेगा। हम किसी भी कीमत पर छात्रों की आवाज पर हो रहे अत्याचार को स्वीकार नहीं करेंगे।

# छात्रों से संवाद कर बढ़ाया उत्साह

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की समाजसेविका व विधायक विवेक शर्मा की धर्मपत्नी मृदु शर्मा ने वीरवार को पीएम आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धुंधला का दौरा किया। विद्यालय पहुंचते ही स्कूल प्रशासन व स्टाफ ने उनका गर्मजोशी से स्वागत करते हुए सम्मानित किया। मृदु शर्मा ने विभिन्न व्यवस्थाओं, कक्षाओं, प्रयोगशालाओं एवं छात्रहित में चल रही गतिविधियों का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रों से संवाद स्थापित किया और उनकी पढ़ाई, जरूरतों तथा भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली। मृदु शर्मा ने शिक्षकों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही क्षेत्र के विकास की आधारशिला है और विद्यालयों में बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। कुटलैहड़ क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है तथा सरकारी स्कूलों को सुविधाओं के मामले में सशक्त बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

# टकारला स्कूल को मिला तंबाकू मुक्त संस्थान प्रमाणपत्र

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**



स्वास्थ्य विभाग की ओर से वीरवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टकारला का तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के संदर्भ में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण टीम का नेतृत्व स्वास्थ्य पर्यवेक्षक राजेश शर्मा ने किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर में तंबाकू निषेध से संबंधित साइन बोर्ड, जागरूकता पोस्टर, विद्यार्थियों के लिए समय-समय पर आयोजित जागरूकता गतिविधियां, स्टाफ की सहभागिता और स्वच्छ परिसर व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की। विद्यालय द्वारा तंबाकू मुक्त भारत अभियान के तहत किए जा रहे प्रयासों को प्रभावशाली और अनुकरणीय बताया। राजेश शर्मा ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित सभी प्रमुख मापदंडों, जैसे 100 मीटर परिसर में तंबाकू बिक्री पूर्ण प्रतिबंध, जागरूकता कार्यक्रम, विद्यार्थियों की भागीदारी, धूम्रपान रहित वातावरण और निगरानी प्रणाली को प्रभावी तरीके से लागू किया है। विद्यालय को तंबाकू मुक्त बनाने की दिशा में उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्होंने प्रधानाचार्य अनिल बख्शी, समस्त विद्यालय स्टाफ और छात्रों की सराहना की। इस उपलब्धि पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से विद्यालय को तंबाकू मुक्त संस्थान प्रमाणपत्र भेंट किया गया, जिसे विद्यालय स्टाफ ने गर्व के साथ ग्रहण किया। प्रधानाचार्य अनिल बख्शी ने इस सम्मान के लिए स्वास्थ्य विभाग का धन्यवाद किया और कहा कि विद्यालय आगे भी बच्चों को नशे से दूर रखने तथा स्वस्थ समाज निर्माण के लिए लगातार जागरूकता अभियानों को जारी रखेगा।

**दौरा** डीएसपी ने बाजारों का दौरा कर सुरक्षा व ट्रैफिक व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

# नो-पार्किंग, खनन व देर रात शराब बिक्री पर दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

ऊना जिला पुलिस द्वारा सुरक्षा व अनुशासन को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत डीएसपी हेडक्वार्टर अजय ठाकुर ने वीरवार को बंगाणा मुख्या लय सहित लाठियानी, रायपुर तथा आसपास के प्रमुख बाजारों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सड़क सुरक्षा व्यवस्थाओं की गहन जांच की, स्थानीय लोगों से संवाद किया और दुकानदारों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना।



डीएसपी अजय ठाकुर बाजारों में सड़क सुरक्षा-व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए।

डीएसपी ने स्पष्ट कहा कि डीसी ऊना जतिन लाल और एसपी ऊना अमित यादव द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का हर नागरिक पालन करे, ताकि क्षेत्र में सुरक्षित और अनुशासित माहौल सुनिश्चित हो सके। अपने निरीक्षण के दौरान डीएसपी अजय ठाकुर ने बाजारों में बढ़ती पार्किंग अव्यवस्थाओं पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नो-पार्किंग जोन में वाहन खड़े करना गंभीर समस्या पैदा करता है, जिससे न केवल ट्रैफिक बाधित होता है, बल्कि दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाती है। उन्होंने दुकानदारों व आम नागरिकों से अपील की कि वे नियमों का सख्ती से पालन करें और प्रशासन की ओर से तय किए गए पार्किंग क्षेत्रों का ही उपयोग करें। डीएसपी अजय ठाकुर ने अवैध खनन पर निगरानी बनाए रखने की भी बात कही। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अवैध खनन की गतिविधियां कानून के खिलाफ हैं और पर्यावरण व सड़क सुरक्षा दोनों के लिए हानिकारक हैं। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि ऐसे मामलों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके। इसके साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश जारी किए कि रात 10 बजे के बाद कोई शराब की दुकान, अहाता या बीयर बार खुला न मिले, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लाठियानी सहित अन्य बाजारों में डीएसपी ने दुकानदारों से मुलाकात की और उनके साथ पुलिस-जन सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा की। इस दौरान कई लोगों ने पुलिस थाना बंगाणा के व्यवहार व कार्यशैली की सराहना की। जनता की यह सकारात्मक प्रतिक्रिया सुनकर डीएसपी अजय ने थाना बंगाणा प्रभारी और उनकी टीम की पीठ थपथपाते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। जनता से अधिक सहयोग की अपील करते हुए डीएसपी ने कहा कि कानून सभी के लिए बराबर है और पुलिस का उद्देश्य जनता की सुरक्षा व सुविधा सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि यदि किसी नागरिक को कोई भी समस्या हो तो वह सीधे उन्हें फोन पर संपर्क कर सकता है। हम जनता के सेवक हैं और उनकी सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। क्षेत्र में डीएसपी के इस दौरे को लोगों ने सकारात्मक कदम बताते हुए स्वागत किया और उम्मीद जताई कि इससे सुरक्षा व्यवस्थाओं में और सुधार आएगा।

# सर्वहितकारी सभा कमेटी ने दिखाई मानवता कन्यादान योजना के तहत बेटी को दी शगुन राशि



सहयोग राशि भेंट करते संस्था के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

सर्वहितकारी सभा कमेटी पंजोआ-लड़ोली ने सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए गांव सुंधारी में एक जरूरतमंद परिवार की बेटी को आर्थिक सहायता प्रदान की। संस्था ने अपनी कन्यादान योजना के अंतर्गत शगुन राशि भेंट कर परिवार को सहारा दिया।

जानकारी के अनुसार विपिन प्रीत, पुत्री मुकेश कुमार, जो एक साधारण व मेहनतकश परिवार से संबंध रखते हैं, उनकी बेटी के विवाह का शुभ अवसर निकट है। परिवार की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए सर्वहितकारी सभा कमेटी आगे आई और सहयोग का हाथ बढ़ाया। कमेटी का कहना है कि ऐसे परिवारों को सहायता प्रदान करना संस्था का दायित्व ही नहीं, बल्कि सामाजिक कर्तव्य भी है। कार्यक्रम के दौरान कमेटी के चेयरमैन मदन धीमान, वाईस चैयरमेन अधिवक्ता अनिल शर्मा, सचिव कुशल धीमान, फतेह सिंह तथा भाजपा पार्टी जिला एससी मोर्चा के उपाध्यक्ष राम पाल सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर परिवार को शगुन राशि भेंट की ओर भविष्य में भी हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। कमेटी सदस्यों का कहना है कि समाज के कमजोर वर्गों को आर्थिक व सामाजिक रूप से सशक्त बनाना ही उनकी संस्था का मुख्य उद्देश्य है। यह कदम भी उसी दिशा में एक छोटा, लेकिन महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने बताया कि कमेटी समय-समय पर जरूरतमंद परिवारों की सहायता करती रहती है और आने वाले समय में भी ऐसी सामाजिक पहलें जारी रहेंगी। गांव के लोगों ने सर्वहितकारी सभा कमेटी के इस मानवीय कार्य की सराहना की और संस्था के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसी संस्थाएं समाज में सहयोग और एकता की भावना को और मजबूत करती हैं।

# पर्यटन स्थलों में लगा पर्यटकों का तांता

## पर्यटकों की संख्या बढ़ी, ऑक्यूपेंसी भी हुई 60 के पार, मनाली में सुबह-शाम ट्रैफिक जाम की भी गहराई समस्या



कुल्लू व लाहौल के पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की खूब भरमार, ट्रैफिक जाम में फंसे सैकड़ों वाहन।

**अनंत ज्ञान, कुल्लू/केलांग**

कुल्लू व लाहौल के पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की खूब भरमार है, ऐसे में पर्यटन कारोबार ने गति पकड़ ली है। पर्यटकों की संख्या धीरे धीरे बढ़ने से पर्यटन कारोबार भी बढा है। रोजाना सात सौ से अधिक पर्यटक वाहन बाहरी राज्यों से मनाली पहुंचने लगे हैं।

लग्जरी बसों की संख्या बढ़ी हैं। धर्मशाला, शिमला व डलहौजी से भी तीन सौ से अधिक हिमाचल के पर्यटक वाहन मनाली पहुंचे। सप्ताहांत के चलते लग्जरी बसों की संख्या भी बढ़कर 50 से 60 हो गई है। दूसरी ओर वीरवार सुबह शाम को मनाली में भारी ट्रैफिक जाम लगा। मनाली से बाहंग के बीच बीआरओ का सड़क निर्माण कार्य चल रहा है जबकि अलेउ के पास भी सड़क की हालत खस्ता है। इस कारण भी ट्रैफिक जाम की समस्या हो रही है। होटल कारोबारी रवि व किशन ने बताया कि सप्ताहांत के चलते पर्यटन कारोबार ने गति पकड़ी है। उन्होंने बताया कि होटलों में आक्यूपेंसी 55 से 60 के बीच पहुंच गई है। ट्रैवल एजेंट बुद्धि प्रकाश व सुरेश ने कहा कि विंटर सीजन गति पकड़ने लगा है। उन्होंने कहा कि विंटर सीजन के गति पकड़ने से पहले अलेउ सड़क की हालत सुधारना जरूरी है। उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग से आग्रह किया कि सड़क की जल्द हालत सुधारे ताकि ट्रैफिक जाम का सामना न करना पड़े। उधर, होटल एसोसिएशन के निवर्तमान उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर ने कहा कि सप्ताहांत में पर्यटन कारोबार गति पकड़ने लगा है। उधर, रोहतांग दर्रा, अटल टनल रोहतांग के नॉर्थ व साउथ पोर्टल सहित सिस्सू, कोकसर व बारालाचा, शिंकुला में भी खूब पर्यटक पहुंच रहे हैं। हालांकि रोहतांग सहित लाहुल के विभिन्न पर्यटन स्थलों में तो बर्फबारी होते ही पर्यटकों की रफ्तार थम जाएगी लेकिन कुल्लू, मनाली के पर्यटन कारोबारी बर्फबारी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## मौसम का बदला मिजाज, धूप-छांव की आंख-मिचौनी जारी

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू/केलांग।** जिला कुल्लू के मनाली सहित जनजातीय जिला लाहुल स्पीति में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। धूप- छांव की आंख-मिचौनी लगातार जारी है। वीरवार को भी सुबह से जहां आसमान में बदरा छाए रहे वहीं दोपहर को कभी कुछ देर धूप तो कभी छांव का दौर जारी रहा। इसी के साथ दोनों जिला में तेज हवाओं का दौर भी लगातार जारी है और तापमान में भी भारी गिरावट दर्ज की जा रही है। मौसम में आए बदलाव के कारण जिला में ठंड का प्रकोप भी बढ़ गया है। दिसंबर माह शुरू होते ही ठंड का प्रकोप बढ़ जाने से जनजीवन प्रभावित होने लगा है। जैसे-जैसे दिसंबर माह बितता जाएगा वैसै-वैसे जिला कुल्लू व लाहुल-स्पीति में ठंड का प्रकोप निरंतर बढता जाएगा। वीरवार को मौसम में आए बदलाव के बाद जिला कुल्लू, मनाली, ऊझी

### गर्म कपड़ों में लिपटा कुल्लू मनाली और लाहौल में बढ़ी ठंड, गर्म कपड़ों की डिमांड

घाटी, मणिकर्ण, लगवैली, आनी, बंजार सहित सभी ग्रामीण इलाकों में ठंड बढ़ गई है और ठंड से बचने के लिए लोग तंदूर, हीटरों के आगे दुबक गए हैं।

वहीं सर्दियों से बचने के लिए ग्रामीण लोग लकड़ियां एकत्रित करने में जुट गए हैं, ताकि बर्फबारी के दिनों कोई परेशानी पेश न आए। सर्दियों के दिन शुरू होते ही शहर की दुकानों में तंदूर और हीटर लेने के लिए इन दिनों ग्रामीण रुख कर रहे हैं, जहां पर ग्रामीण लोग 4500 के 15000 तक के तंदूरों की खरीद फरोख्त कर रहे हैं। इसके अलावा यदि बात करें कुल्लू जिला की तो जिला अब गर्म कपड़ों में लिपट गया है और कुल्लू, मनाली, भुंतर, कटराईं, पतलीकूहल, मणिकर्ण,

### हीटर व तंदूर की खरीद फरोख्त में जुटे ग्रामीण

बंजार व आनी में गर्म कपड़ों की डिमांड बढ़ गई है। जिला की सभी दुकानों में 500 से 1500 तक की महिला व पुरूषों के लिए स्वेटर व 1000 से 5000 हजार और उससे अधिक कीमत के जैकेटे उपलब्ध है। गर्म कपड़ों के व्यापारी महेश का कहना है कि धीरे-धीरे ठंड बढ़ रही है और अब दुकान में गर्म कपड़ों की भी खूब बिक्री हो रही है। वहीं लोअर ढालपुर में कपड़ों के व्यापारी रमेश ठाकुर ने बताया कि उन्होंने अब अपनी दुकान में समर सीजन का सारा सामान उठा दिया है और अब उनकी दुकान में विंटर सीजन को लेकर हर तरह के गर्म कपड़े उपलब्ध हैं। लिहाजा, बारिश, बर्फबारी न होने से कुल्लू, मनाली सहित लाहौल-स्पीति जिला में ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ गया है।

## केंद्र से मिली करोड़ों की राशि का सही उपयोग तक नहीं कर पा रही सुक्खू सरकार: सुरेंद्र शौरी

**अनंत ज्ञान बंजार**

बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने विधानसभा में पूछे गए अपने प्रश्न के जवाब पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश सरकार को कड़ी आलोचना से घेरे में लिया है।

उन्होंने कहा कि विभागीय उत्तर ने सरकार की नाकामी को सार्वजनिक तौर पर उजागर कर दिया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई-III) के तहत बंजार क्षेत्र की चारों महत्वपूर्ण सड़कों के लिए कुल 4431.61 लाख की धनराशि स्वीकृत होने के बावजूद, आज इन सभी सड़कों पर कार्य पूरी तरह बंद पड़ा है। शौरी ने कहा कि उत्तर में स्वयं सरकार यह स्वीकार कर रही है कि चारों सड़कों की निविदा एमएस गर्ग सनस एस्टेट प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित की गई थी, लेकिन इस वर्ष की बरसात के बाद से निर्माण कार्य पूरी तरह रुक गया है। ठेकेदार पर 1,63,02,826 का जुर्माना लगाने तक की नौबत आ गई, फिर भी कार्य दोबारा शुरू नहीं हो सका। यह स्थिति साफ दिखाती है कि सरकार न तो ठेकेदार पर नियंत्रण रख पा रही है और न ही केंद्र सरकार द्वारा भेजी गई राशि का सही उपयोग सुनिश्चित कर पा रही है। विधायक ने कहा कि बंजार क्षेत्र की जनता को विकास के नाम पर सिर्फ खोखले भाषण और कागजी वादे दिए जा रहे हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि सैंज न्यूली-करताह, डमोठी-बरठीधार, ढोरू रोपा- पलाच और बंजार-बठाड़ जैसी महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़कें महीनों से अधर में लटकी पड़ी हैं। केंद्र से मिली राशि का राज्य की कांग्रेस सरकार ने दुरुपयोग किया है और अब इन सड़कों की स्थिति खराब होने के बाद सड़कों को लावारिस छोड़ दिया गया है। इन सड़कों के ठप होने से ग्रामीणों को भारी असुविधा झेलनी पड़ रही है, बच्चों की आवाजाही से लेकर एम्बुलेंस सुविधा तक बाधित हो रही है, लेकिन सरकार सिर्फ इतना कहकर अपना पल्ला झाड़ रही है कि विभाग ठेकेदार से संपर्क में है। शौरी ने कहा कि सरकार की यह निष्क्रियता और लापरवाही साबित करती है कि प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह विफल हो चुकी है। यदि करोड़ों की राशि उपलब्ध होने के बावजूद विकास कार्य शुरू नहीं हो पा रहे, तो यह सुक्खू सरकार की सबसे बड़ी असफलता है। उन्होंने मांग की कि सरकार तुरंत कार्रवाई करे, कार्यों को पुनः शुरू करवाए और बंजार की जनता से किए गए वादों को निभाए।

## न्यूज ब्रीफ

### आर्ट ऑफ लिविंग निकालेगा अनुग्रह यात्रा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के संस्थापक आध्यत्मिक गुरु श्री श्री रवि शंकर जी के सानिध्य में पूरे विश्व में कई वर्षों से समाज से जुड़े कार्यों में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। वहीं ध्यान, योग प्रणायाम व सुदर्शन क्रिया से लोगों के जीवन बदलाव ला रही है। इसी कड़ी में आर्ट ऑफ संस्था कुल्लू चैप्टर द्वारा अनुग्रह यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। आर्ट ऑफ लिविंग कुल्लू के प्रशिक्षक सुंदर ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि अनुग्रह यात्रा-भक्ति की लहर, 6 दिसंबर शनिवार को पद यात्रा दोपहर 1 बजे रथ मैदान ढालपुर से शुरु होकर हनुमान मंदिर, रामशिला तक की जाएगी। इस दौरान हनुमान चालीसा का पाठ मंदिर में किया जाएगा। इस अनुग्रह यात्रा-भक्ति की लहर के दौरान बेंगलोर आश्रम से आए पूज्य साध्वी अमृता की दिव्य उपस्थिति में गुरुदेव के आशीर्वाद से, साध्वी अमृता कुल्लू चैप्टर से अनुग्रह यात्रा शुरू करने जा रहीं है। इस यात्रा का उद्देश्य- ज्ञान, भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार करना। आध्यात्मिक सद्भाव के माध्यम से सामूहिक चेतना का उत्थान करना। वहीं, 7 दिसंबर महासत्संग समय- दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक। महासत्संग वैष्णो देवी मंदिर रामशिला में किया जाएगा। इस दिव्य यात्रा का हिस्सा हम सभी बनकर कृपा और भक्ति के प्रवाह अनुभव करें। प्रशिक्षक सुंदर ने जन मानस से आग्रह किया कि सभी इस पुण्य अवसर का भागीदार बने और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करें।

### भुंतर भवन में ऑफ लाइन बुकिंग करने की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति के लोगों ने जनजातीय भवन भुंतर में आफ लाइन बुकिंग शुरू करने की मांग की है। घाटी के लोगों ने वीरवार को अपनी समस्याओं को लेकर त्रिलोकीनाथ व नालडा पंचायत प्रधान की अध्यक्षता में एसडीएम उदयपुर अलीशा चौहान को ज्ञापन सौंपा। लोगों ने एसडीएम उदयपुर से कमरों और डोरमेट्री के बढ़े किरायों को भी कम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि लाहुल स्पीति सहित किन्नौर, भरमौर व पांगी से भी लोग जनजातीय भवन भुंतर में ठहरने आते है। लेकिन ओन लाइन बुकिंग की व्यवस्था होने के कारण उन्हें कमरा नहीं मिलता। लोग कई बार आधी रात को भुंतर पहुंचते है। ऐसे में उन्हें कमरा ओन लाइन बुक करने में दिक्कत आ रही है। उन्होंने प्रशासन व सरकार से आग्रह किया कि आफ लाइन बुकिंग की व्यवस्था फिर से शुरू की जाए ताकि देर रात भुंतर पहुंचने वाले लोगों को भी आसानी से कमरा मिल सके। नालडा पंचायत के उप प्रधान विकास जसपा ने कहा कि आज उन्होंने अपनी समस्याओं को लेकर एसडीएम उदयपुर को ज्ञापन सौंपा और प्रशासन सहित प्रदेश सरकार से समस्या का जल्द समाधान करने का आग्रह किया।

### बरशानघर स्कूल को भेंट किया कंप्यूटर

**अनंत ज्ञान, सैंज।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला बरशानघर ग्राम पंचायत शांघड़ में हिमालयन मोंक राइडर्स एसोसिएट्स प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक शरद त्यागी के द्वारा बच्चों के लिए एक कंप्यूटर सिस्टम प्रदान किया गया। इस पाठशाला में अध्ययनरत आठ बच्चों के साथ ही यह कंप्यूटर बारशान गांव के अन्य बच्चों एवं सीखने की इच्छा रखने वाले वयस्कों के लिए भी उपलब्ध रहेगा। शरद त्यागी जी 2023 से अपनी कंपनी एच एम आर ए के माध्यम शांघड़ में रहकर घाटी में ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के साथ ही समाज सेवा के कार्यों में भी अपना योगदान देते रहे हैं जिसमें उनका प्रमुख ध्यान शिक्षा के क्षेत्र में रहा है। शरद त्यागी 2009 बैच के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर हैं जिसके बाद इन्होंने 8 वर्ष आईबीएम जैसी विश्व की सबसे बड़ी आई टी कंपनियों में अपनी सेवाएं प्रदान की जिसके बाद इन्होंने सब कुछ त्याग कर अपनी कंपनी हिमालयन मोंक राइडर्स एसोसिएट्स प्राइवेट लिमिटेड की संस्थापना की और शांघड़ में आके बस गए।इस कंप्यूटर के माध्यम से त्यागी द्वारा रोज निश्चित समय पर आधुनिक व व्यावहारिक कंप्यूटर ट्रेनिंग भी प्रदान की जाएगी ताकि बच्चों को आज के समय के हिसाब से कंप्यूटर का समुचित ज्ञान व लाभ मिल सके ताके वे आगे जाकर खुद ही यहां आने वाले टूरिज्म को बेहतर ढंग से सम्हाल पाने में सक्षम हों।

## भुंतर हवाई अड्डे पर एनसीसी हैंगर जल्द शुरू करने की तैयारियां तेज

# राज्य सरकार से एमओयू पर जल्द हस्ताक्षर की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



बैठक के दौरान अधिकारी व कर्मचारी चर्चा करते हुए।

भुंतर हवाई अड्डे पर एनसीसी के निर्माणाधीन हैंगर को जल्द क्रियाशील करने की दिशा में कदम तेज हो गए हैं। लेकिन माइक्रोलाइट एसडब्ल्यू-80 विमान की उड़ान प्रशिक्षण शुरू कराने के लिए राज्य सरकार द्वारा आवश्यक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर समय पर हस्ताक्षर अब भी सबसे अहम कड़ी बना हुआ है।

नवंबर और दिसंबर 2025 में इस विषय पर उच्च स्तरीय बैठकें की गई। 18 नवंबर को 1 एचपी एयर स्क्वॉड्रन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर, विंग कमांडर कुनाल शर्मा ने उप महानिदेशक नागरिक उड्डयन (एनआर) कार्यालय के उप निदेशक (ऑपरेशंस) मछिंद्र नेवासे से मुलाकात की। इस बैठक में हैंगर को संचालित करने के लिए जरूरी नियामकीय प्रक्रियाओं और परिचालन ढांचे पर चर्चा हुई। इसके बाद 3 दिसंबर को विंग कमांडर कुनाल शर्मा ने भून्तर हवाईअड्डे के निदेशक सिद्धार्थ और एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में ढांचे की उपलब्धता, सुरक्षा अनुपालन और लॉजिस्टिक तैयारियों का आकलन किया गया। चर्चा का निष्कर्ष साफ था, हैंगर को शुरू करने के लिए आवश्यक एमओयू को तुरंत औपचारिक रूप से हस्ताक्षरित किया जाए।

अधिकांश आधारभूत कार्य पहले ही पूरा किया जा चुका है। अब पूरी प्रक्रिया राज्य सरकार द्वारा एमओयू को मंजूरी देने और हस्ताक्षर करने पर निर्भर है। जैसे ही यह औपचारिकता पूरी होती है, हैंगर के संचालन का अंतिम चरण शुरू हो जाएगा और हिमाचल प्रदेश के एनसीसी कैडेट पहली बार माइक्रोलाइट एसडब्ल्यू-80 विमान उड़ान प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। हैंगर के चालू होने से एनसीसी कैडेट्स की एविएशन ट्रेनिंग को नई दिशा मिलेगी, युवाओं में विमानन क्षेत्र के प्रति रुचि बढ़ेगी और क्षेत्र में एरोनॉटिकल गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि एमओयू पर शीघ्र हस्ताक्षर ही अब उन तैयारियों को वास्तविक उड़ान में बदल सकता है जो पिछले महीनों से तेजी से आगे बढ़ रही हैं।

# 18 दिसंबर से पहले होंगे होटल एसोसिएशन के चुनाव: अनिल

**अनंत ज्ञान, मनाली**

होटल एसोसिएशन के प्रशासक एवं तहसीलदार अनिल राणा ने कहा कि होटल एसोसिएशन के चुनाव 18 दिसंबर से पहले करवाए जाएंगे।



उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान में 10 दिसंबर को आयोजित हो रहे जनरल हाउस में सभी सदस्यों की उपस्थिति जरूरी है। उन्होंने कहा कि जनरल हाउस में चुनाव के महत्वपूर्ण मुद्दों सहित आरोप प्रत्यारोप पर भी विस्तृत चर्चा होगी। पत्रकारों से बातचीत में तहसीलदार अनिल राणा ने कहा कि जनरल हाउस की तैयारी शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन के हर सदस्य को जनरल हाउस में आने के लिए न्योता दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनरल हाउस में सभी मुद्दों पर चर्चा को जाएगी। उसी दिन चुनाव की तिथि भी निर्धारित की जाएगी। गौर हो कि 15 महीने से मनाली होटल एसोसिएशन के चुनाव नहीं हो पाए है। 25 सितंबर 2024 को मनाली होटलियर एसोसिशन के चुनाव होना तय थे, लेकिन निवर्तमान कार्यकारिणी के कार्यकाल को लेकर एसोसिएशन के ही कुछ सदस्यों ने आपत्ति जताई थी, जिसके चलते चुनावों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी थी। लंबे समय के बाद अब प्रशासन होटल एसोसिएशन के चुनाव करवाने जा रहा है। एसोसिएशन के प्रशासक अनिल राणा ने एसोसिएशन के सभी सदस्यों से आग्रह किया कि इस महत्वपूर्ण जनरल हाउस में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएं।बहरहाल, एसोसिएशन 10 दिसंबर को आयोजित हो रहे जनरल हाउस की तैयारी में जुटी है। एसोसिएशन के चुनाव के चलते मनाली में सरगर्मियां भी तेज हो गई है।

## हाउस टैक्स में की गई अत्यधिक वृद्धि तुरंत वापस ले सरकार: गौतम

**अनंत ज्ञान, मनाली।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गौतम ठाकुर ने नगर परिषद मनाली सहित प्रदेश के सभी स्थानीय निकायों द्वारा हाउस टैक्स में पांच से दस गुना तक की गई भारी बढ़ोतरी पर कड़ा विरोध जताया है। यह निर्णय आम जनता, दुकानदारों और छोटे मकान मालिकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डालने वाला है और वर्तमान परिस्थितियों में बिलकुल भी न्यायसंगत नहीं है। विभाग द्वारा हाउस टैक्स बढ़ाने के आधार स्वरूप किए गए सर्वेक्षण पर भी गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण में कई त्रुटियां सामने आई हैं और बिना उचित आधार के इस प्रकार की अत्यधिक वृद्धि लागू करना विभागीय लापरवाही को दर्शाता है, जिससे लोगों में व्यापक रोष उत्पन्न हुआ है। गौतम ने मुख्यमंत्री तथा शहरी विकास विभाग से आग्रह किया कि बढ़े हुए हाउस टैक्स का तुरंत पुनर्मूल्यांकन किया जाए और इस निर्णय को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए।

# विद्यार्थियों ने लोक संस्कृति लोक साहित्य का किया अध्ययन



आनी कॉलेज के विद्यार्थी बागासराहन में भ्रमण के दौरान।

**अनंत ज्ञान, आनी**

राजकीय महाविद्यालय आनी के बीए हिंदी तृतीय वर्ष के छात्रों ने एकदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के तहत विकास खंड निरमंड के प्राचीन एवं ऐतिहासिक गांव बागासराहन का भ्रमण किया। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्थानीय लोक संस्कृति, लोक साहित्य एवं परंपरागत मान्यताओं से अवगत कराना रहा।

हिंदी विभाग के सहायक प्रोफेसर निर्मल सिंह शिवांश ने बताया कि छात्रों ने गांव की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, लोक साहित्य की विविध विधाओं एवं लोक संस्कृति से जुड़े अनछुए पहलुओं का सूक्ष्म अध्ययन किया। गांव के वयोवृद्ध बुजुर्गों एवं लोकविदों से लोकगीतों, लोकगाथाओं तथा विभिन्न लोकाख्यानों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी संकलित की। विद्यार्थियों ने बागासराहन के रीति-रिवाजों, देव परंपराओं एवं लोक मान्यताओं का अवलोकन भी किया। इस दौरान छात्रों ने स्थानीय देवता बूढ़ा सरौहणी तथा गांव में मनाए जाने वाले प्रसिद्ध झिरु पर्व की ऐतिहासिक एवं पौराणिक पृष्ठभूमि को समझने का प्रयास किया।

## आज आयकर विभाग का जागरूकता कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** आयकर विभाग कुल्लू द्वारा शुक्रवार को कुल्लू के अखाड़ा बाजार में एक विशेष आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य आम करदाताओं, कारोबारियों और पेशेवरों को आयकर से जुड़ी नई प्रक्रियाओं, सुविधाओं तथा कर पालन के बारे में विस्तृत जानकारी देना है। यह कार्यक्रम प्रिंसिपल कमिश्नर ऑफ इनकम टैक्स-1, चंडीगढ़ के संरक्षण में तथा एडिशनल कमिश्नर ऑफ इनकम टैक्स, शिमला रेंज, शिमला के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। आयकर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को रिटर्न भरने, नोटिसों का जवाब देने, पोर्टल पर उपलब्ध नई सेवाओं, पैन - आधार लिंकिंग, कर भुगतान तथा डिजिटल प्रक्रियाओं के बारे में जागरूक किया जाएगा। आयकर विभाग, कुल्लू ने सभी संबंधित लोगों से कार्यक्रम में शामिल होकर इसका लाभ उठाने की अपील की है।

# नग्गर ब्लॉक के 15वें वित्त आयोग में उत्कृष्ट प्रदर्शन, मनाली पंचायत जिले में रही अव्वल

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

नग्गर विकास खंड ने 15वें वित्त आयोग के तहत फंड का उपयोग करने में जिले भर में सफलता हासिल की है। इस शानदार प्रदर्शन ने नग्गर ब्लॉक को जिले के सभी 6 ब्लॉकों में शीर्ष स्थान पर ला दिया है।

नग्गर विकास खंड ने 15वें वित्त आयोग के तहत 71 प्रतिशत व्यय कर जिले के सभी 6 ब्लॉकों में नंबर 1 का स्थान प्राप्त किया है। ब्लॉक की पंचायतों ने न केवल ब्लॉक स्तर पर, बल्कि पूरे जिले में शीर्ष प्रदर्शन किया है। बीडीओ नग्गर, मुकेश कुमार ने जानकारी दी कि जिले की कुल 235 पंचायतों में से शीर्ष 4 स्थान नग्गर ब्लॉक की पंचायतों ने हासिल किए हैं, जो एक बड़ी उपलब्धि है। इन पंचायतों ने 90 फीसदी से अधिक व्यय दर्ज किया है। ग्राम पंचायत मनाली: 95.8 फीसदी (पूरे जिले में अव्वल) दूसरे स्थान पर ग्राम पंचायत बुरुआ, 95.1 फीसदी, तीसरे स्थान पर ग्राम पंचायत कराडसू, 93.1 फीसदी चौथे स्थान पर ग्राम पंचायत बैंची, 92.8 फीसदी रही हैं। उन्होंने बताया कि 15वें वित्त आयोग की धनराशि का उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण व सुधार, स्वच्छता व अपशिष्ट प्रबंधन, पेयजल स्रोत संरक्षण, नालों का निर्माण, और सामुदायिक परिसंपत्तियों का सुदृढ़ीकरण जैसे महत्वपूर्ण विकास कार्यों को प्राथमिकता से करने में किया जा रहा है। 15th एफसी में शानदार प्रदर्शन के अलावा, नग्गर ब्लॉक ने एमजीएनआरईजीए योजना में भी उत्कृष्ट कार्य किया है। ब्लॉक ने नवंबर तक जिले द्वारा निर्धारित श्रम-बजट लक्ष्य का 109 प्रतिशत पूरा करके ग्रामीण रोजगार सृजन और स्थायी संपत्ति निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता साबित की है। बीडीओ मुकेश कुमार ने इस बात पर जोर दिया कि मनाली क्षेत्र में तेजी से शहरीकरण होने के बावजूद, 15वें वित्त आयोग और एमजीएनआरई जीए जैसी योजनाएं ग्रामीण विकास और स्थानीय रोजगार सृजन में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रही हैं।

### बीडीओ नग्गर ने पूरी टीम को दी बधाई

**बीडीओ** मुकेश कुमार ने इस उल्लेखनीय सफलता का श्रेय पूरी नग्गर ब्लॉक टीम को दिया है। उन्होंने सभी प्रधानों, उपप्रधानों, वार्ड सदस्यों, पंचायत सचिवों, जूनियर इंजीनियरों, तकनीकी सहायकों, साथ ही पंचायत निरीक्षक सुरेश और डाटा एंट्री ऑपरेटर निशा को उनकी कड़ी मेहनत और समन्वय के लिए बधाई दी। उन्होंने विधायक मनाली भूवनेश्वर गौड़, डीसी कुल्लू और अतिरिक्त उपायुक्त कुल्लू का भी उनके निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद व्यक्त किया।

# सरकार की गलत नीतियों का विरोध करना लोकतांत्रिक अधिकार: ऋत्विक



एबीवीपी कुल्लू इकाई के कार्यकर्ता प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुल्लू इकाई द्वारा वीरवार को प्रदेश सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया और पुतला दहन किया गया। इस मौके पर इकाई अध्यक्ष ऋत्विक कार्तिक ने बताया कि गत दिन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों पर लाठी चार्ज के विरोध में कुल्लू कॉलेज में सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया गया और सरकार का पुतला फूंका गया।

उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज एक निंदनीय घटना है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इसकी निंदा करती है। एबीवीपी केवल अपनी मांगों को लेकर विधानसभा गई थी, लेकिन हमारी मांगों को अनदेखा किया गया,और लाठीचार्ज किया गया। कार्यकर्ताओं ने इस प्रदर्शन कर सरकार की 'नीतियों की विफलता को सीधे तौर पर दर्शाया और बताया कि आज प्रदेश में हालात इतने खराब हो गए हैं कि युवाओं को प्रतीकात्मक रूप से सड़क पर उतरकर सरकार की असफलता दिखानी पड़ रही है। इकाई अध्यक्ष ऋतिक कार्तिक ने कहा कि कल की घटना का अंजाम इस प्रदेश सरकार को आने वाली 2 साल में लगातार भुगतना पड़ेगा। एबीवीपी कुल्लू इकाई चेतावनी देती है आने वाले समय में इससे भी कड़े से कड़े आंदोलन करेगी,और इस प्रदेश सरकार की विफलता दिखायेगी। वहीं, जिला के अन्य कॉलेजों में भी एवीबीपी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस मौके पर भारी संख्या में एबीवीपी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**समारोह** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर नई दिल्ली में भारत की राष्ट्रपति द्वारा दिया गया सम्मान

# डॉ. श्रुति राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सांफिया की संस्थापक डॉ. श्रुति मोरे भारद्वाज को भारत के राष्ट्रपति द्वारा 'राष्ट्रीय पुरस्कार 2025' से सम्मानित किया गया। हिमाचल प्रदेश व भारत में दिव्यांग अधिकारों के क्षेत्र के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है। सांफिया की संस्थापक एवं कार्यकारी निदेशक डॉ. श्रुति मोरे भारद्वाज को भारत के राष्ट्रपति द्वारा 'राष्ट्रीय पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में प्रदान किया गया। डॉ. श्रुति को 'दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत सर्वश्रेष्ठ पुनर्वास पेशेवर' श्रेणी में चयनित किया गया है। यह पुरस्कार हिमाचल प्रदेश के दुर्गम व पर्वतीय क्षेत्रों में बच्चों की विकासात्मक विकलांगताओं के लिए उनके एक दशक से अधिक समय से किए जा रहे परिवर्तनकारी कार्य की मान्यता है। सांफिया हिमाचल प्रदेश में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण, समावेशन व गुणवत्तापूर्ण पुनर्वास सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य कर रहा है। संगठन का विश्वास है कि भौगोलिक दूरी कभी भी सेवा-अधिकार में बाधा नहीं बननी चाहिए।



डॉ. श्रुति मोरे भारद्वाज को सम्मानित करती हुई राष्ट्रपति।

### विज्ञान भवन दिल्ली में हुआ समारोह

**यह** राष्ट्रीय सम्मान समारोह नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित हुआ। समारोह में देशभर से आए 2423 आवेदनों में से चयनित विजेताओं को यह सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार, सचिव वी. विद्यावती सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

### सभी का मिला पूर्ण सहयोग

**सम्मान** प्राप्त करने के बाद अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए डॉ. श्रुति ने कहा 'इस यात्रा में मुझे समुदायों, संस्थाओं और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के माता-पिता से अथाह सहयोग मिला है। माता-पिता ही अपने बच्चों के पहले और सबसे महत्वपूर्ण थेरेपिस्ट होते हैं। उनका धैर्य, शक्ति और प्रेम हमारे हर कदम की प्रेरणा है। हमारी 'आश' पहल को एडी हाइड्रो पावर लिमिटेड का सहयोग प्राप्त है। 'थैरेपी ऑन व्हील्स' परियोजना को आईआरडीए (नई दिल्ली) और एनएचपीसी चंबा द्वारा सशक्त बनाया गया है।

### मुंबई से आकर कई नवोन्मेषी पहलें की शुरू

**एक** दशक का परिवर्तनकारी नेतृत्व मुंबई से कुल्लू आकर बाल पुनर्वास सेवाओं में आई भारी कमी को दूर करने वाली व्यावसायिक चिकित्सक डॉ. श्रुति ने कई नवोन्मेषी पहलें शुरू कीं। इनमें प्रमुख हैं आश चाइल्ड डेवलपमेंट सेंटर- प्रारंभिक हस्तक्षेप, थैरेपी और विशेष शिक्षा की एकीकृत सेवाएं, थैरेपी ऑन व्हील्स ग्रामीण व दूरस्थ इलाकों तक पहुंचने वाली मोबाइल पुनर्वास इकाई, डीईआईसी के सहयोग से क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के डिस्ट्रिक्ट अरली इंटर इंटरवेंशन सैंटर में आरबीएसके कार्यक्रम के लिए तकनीकी सहयोग। इन सभी पहलों के केंद्र में माता-पिता की भागीदारी है, जिन्हें बच्चों का पहला और सबसे महत्वपूर्ण थेरेपिस्ट माना गया है।

# 'एक बूथ पर 10 किसान प्रहरी' में प्रदेश में मनाली मंडल सबसे आगे



मनाली मंडल के अध्यक्ष सुशील कुमार साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

वर्तमान समय में किसान मोर्चे के तहत चलाए जा रहे 'एक बूथ पर 10 किसान प्रहरी' कार्यक्रम में पूरे हिमाचल प्रदेश के मंडल सक्रियता से योगदान दे रहे हैं।

हर बूथ पर किसान प्रहरी व कार्यकर्ता पहुंचकर जनसंपर्क कर अपना कर्तव्य निभा रहे हैं। इस बीच, किसान मोर्चा मनाली मंडल ने पूरे प्रदेश में सबसे पहले अपना निर्धारित लक्ष्य पूरा कर एक उदाहरण स्थापित किया है। मनाली मंडल के अध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि उनकी पूरी टीम ने निर्धारित समय से पहले ही 'एक बूथ पर 10 किसान प्रहरी' का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। इस अहम उपलब्धि पर हिमाचल किसान मोर्चा के अध्यक्ष संजीव देष्टा ने विशेष बधाई दी। प्रवीण कुमार जिला महामंत्री किसान मोर्चा ने कहा कि इसके अलावा, किसान मोर्चा के मंगलौर व बंजार मंडलों के अध्यक्षों व उनकी टीमों ने भी समय से पूर्व लक्ष्य पूरा कर कदम बढ़ाया है, जो सराहनीय है। किसान मोर्चा के जिला महामंत्री प्रवीण कुमार ने सभी अन्य मंडल अध्यक्षों से आग्रह किया है कि वे जल्द अपने निर्धारित कार्यों को पूर्ण कर इस अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं के समर्पण व मेहनत की सराहना करते हुए निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया है। किसान मोर्चा का यह प्रयास किसानों की आवाज को मजबूती देने व आम जन के सुख-दुख में साझेदारी निभाने का प्रतिबिंब है। आगे भी ऐसे ही उत्साह और जिम्मेदारी के साथ किसान मोर्चा प्रदेश में काम करता रहेगा।

# प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत सोलन में 4398 लाभार्थियों को 214.53 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत

**अनंत ज्ञान, सोलन**

उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि जिला के समस्त बैंकों को ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की आर्थिकी सुदृढ़ करने के लिए कृषि आधारित क्षेत्र तथा पशुपालन में अधिक से अधिक ऋण उपलब्ध करवाना चाहिए ताकि ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर रोजगार के बेहतर अवसर सृजित किए जा सकें। मनमोहन शर्मा आज यहां जिला स्तरीय सलाहकार समिति की 181वीं त्रैमासिक बैठक तथा यूको ग्रामीण स्वरोज़गार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) की 53वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत के प्रत्येक वार्ड को बैंकिंग तथा ऑनलाइन बैंकिंग के बारे में जागरूक करना आवश्यक है ताकि कोई भी व्यक्ति ठगी का शिकार ना हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक सदस्य को वित्तीय शिक्षा के बारे में जागरूक करने के लिए ग्रामीण स्तर पर ग्राम पंचायत के प्रत्येक वार्ड में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन करें। उन्होंने बैठक में प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जन सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना व स्टैंड अप इंडिया योजना, डॉ. वाई.एस. परमार ऋण योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत जिला वासियों को अधिक से अधिक ऋण व जीवन बीमा के अंतर्गत कवर करने के निर्देश दिए। उन्होंने घर-घर के.सी.सी. अभियान पर अधिक बल देने के निर्देश भी दिए

### कृषि एवं पशुपालन क्षेत्र को सुदृढ़ करने में बैंकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : मनमोहन शर्मा



बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त सोलन।

ताकि लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त किया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि बैंक वार्षिक ऋण योजना के निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित बनाएं। समय पर लक्ष्य प्राप्त होने से लोगों की आर्थिक आवश्यकताएं बेहतर तरीके से पूरी की जा सकती हैं।

उन्होंने किसानों के अधिक से अधिक क्रेडिट कार्ड बनाने, कृषि उपकरणों के लिए ऋण प्रदान करने तथा लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के निर्देश भी दिए। मनमोहन शर्मा ने कहा कि यूको आरसेटी को कृषि व्यवसाय से सम्बन्धित प्रशिक्षण कार्यक्रम आरम्भ करने की सम्भावनाएं तलाशनी चाहिएं। यूको ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (यूको आरसेटी) को ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने चाहिएं, जो युवाओं को रोज़गार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्रदान कर सकें। भारतीय रिजर्व बैंक के सहायक महाप्रबंधक राहुल जोशी ने बैंकों को समय-समय पर जारी होने वाले दिशा-निर्देशों की जानकारी दी तथा इनकी अनुपालना का आग्रह करते हुए सभी बैंक अधिकारियों से खण्ड स्तरीय कार्यशाला तथा प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित रहने के निर्देश भी दिए। बैठक में वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत सलाहकार समिति द्वारा बैंकों को ऋण प्रदान करने के लिए दिए गए लक्ष्यों की सघन समीक्षा भी की गई।

बैठक में जिला के अग्रणी बैंक यूको बैंक की प्रबंधक तमन्ना मोदगिल द्वारा जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत सोलन ज़िला में 30 सितम्बर, 2025 तक 4398 लाभार्थियों को 214.53 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई।

इसमें शिशु श्रेणी के तहत 548 लाभार्थियों को लगभग 9 करोड़ 47 लाख रुपए, किशोर श्रेणी में 2469 व्यक्तियों को लगभग 48 करोड़ 07 लाख रुपए तथा तरुण श्रेणी के तहत 1240 लाभार्थियों को लगभग 80 करोड़ 89 लाख रुपए व तरुण प्लस के लगभग 141 लाभार्थियों को 76 करोड़ 14 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

## टैलेंट हंट प्रतियोगिता में आयुष्मान आंगिरस प्रथम

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

प्रदेश के 11 जिलों में आयोजित राज्य की सबसे बड़ी टैलेंट हंट परीक्षा ब्रेन ऑफ हिमाचल में डीएवी अंबुजा विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल दाड़लाघाट के कक्षा 12 (विज्ञान) के विद्यार्थी आयुष्मान आंगिरस ने प्रथम स्थान हासिल कर पूरे प्रदेश में अपने अभिभावकों और विद्यालय का नाम रोशन किया। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में प्रदेश भर के 1009 विद्यालयों के कुल 20,569 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर आयुष्मान आंगिरस को हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री द्वारा 21,000 रुपये की राशि का चेक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष एलएमसी एवं सीएओ (नॉर्थ) एसीएल मुकेश सक्सेना और विद्यालय के प्रधानाचार्य नसीब ठाकुर ने आयुष्मान को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकगण को भी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आयुष्मान की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत है।

## न्यूज ब्रीफ

### स्पेशल डिटेक्शन टीम ने पांवटा साहिब में नशीले कैप्सूलों और नेशनल टारगेट का बड़ा जखीरा पकड़ा

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** स्पेशल डिटेक्शन टीम सब डिविजन पांवटा साहिब ने नशीले कैप्सूलों और नेशनल टारगेट का बड़ा जखीरा पकड़ा। स्पेशल डिटेक्शन टीम सब डिविजन पांवटा साहिब ने एक बार फिर से बड़ी कामयाबी हासिल की है तथा नशीली गोलियां व कैप्सूलों की बड़ी खेप बरामद की है। जानकारी के मुताबिक 3 दिसंबर की रात्रि को स्पेशल डिटेक्शन टीम ने बहराल चैक पोस्ट से आगे मोड़ पर दौराने नाकाबंदी हरियाणा की तरफ से आ रही गाडी न.एच 51बीएस-9267 डस्टन गो ब रंग सलेटी जिसमे दो व्यक्ति अर्जुन पुत्र श्री रामअवतार निवासी मकान न. 17 शिवपुरी कलोनी यमुनानगर हरियाणा उम्र 35 वर्ष व राहुल कपूर पुत्र श्री विनोद कपूर निवासी मकान न. 321 मोडल कलोनी यमुनानगर हरियाणा उम्र 35 वर्ष तथा गाडी को अर्जुन चला रहा था की गाडी की पिछली सीट के नीचे एक मिले रंग के बैग से कुल 4560 नशीले कैप्सूल व 3000 नशीली गोलियां बरामद की हैं। जिस पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध पुलिस थाना पांवटा साहिब में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया जाकर गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों को आज माननीय अदालत में पेश किया।

### कथेड़ में 5 दिसंबर को विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड सोलन से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत 5 दिसंबर, 2025 को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता राहुल वर्मा ने दी। राहुल वर्मा ने कहा कि 5 दिसंबर, 2025 को प्रातः 09.30 बजे से सांय 5.30 बजे तक आयकर कार्यालय, बी.एस.एन.एल. कॉलोनी, शिव मंदिर के समीप व कथेड़ एवं आस-पास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि इसी दिन प्रातः 9.30 बजे से प्रातः 10.30 बजे तक तथा सांय 4.30 बजे से सांय 5.30

### सिरमौर पुलिस ने यमुनानगर से दबोचा अपराधी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर पुलिस द्वारा उद्घोषित अपराधियों की धरपकड़ के लिए बनाई गई विशेष टीम को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने फरार चल रहे उद्घोषित अपराधी साजिद अली को हरियाणा के यमुनानगर से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उद्घोषित अपराधी साजिद अली पुत्र रैस अली, निवासी यमुनानगर (हरियाणा), पुलिस थाना रेणुका जी में वर्ष 2015 में दर्ज अभियोग संख्या 35/15 में वांछित था। गौरतलब है कि यह मामला भारतीय दण्ड संहिता की धारा 353, 332, 34 और वाइल्ड लाइफ एक्ट की धाराओं के तहत दर्ज किया गया था। बावजूद इसके आरोपी सुनवाई के दौरान माननीय अदालत में पेश नहीं हो रहा था, जिसके कारण इसे अदालत ने उद्घोषित अपराधी घोषित कर दिया था।

### धरना प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिलने पर एबीवीपी के आक्रोशित छात्रों ने की नारेबाजी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन महाविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्रों के धरने-प्रदर्शन की अनुमति नहीं देने से आक्रोशित छात्रों ने प्रिंसिपल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छात्रों का आरोप है कि प्रिंसिपल ने सरकार से मिलीभगत कर उनकी आवाज को दबाने की कोशिश की है। छात्रों का कहना है कि वे अपनी मांगों को लेकर कई बार प्रिंसिपल से मिल चुके हैं, लेकिन हर बार उन्हें टाल दिया जाता है। इकाई ने वीरवार को धरना देने का फैसला किया था लेकिन महाविद्यालय प्रशासन ने अनुमति नहीं दी। छात्रों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गई तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

### पुलिस ने दो व्यक्तियों से किया चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ पुलिस द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत चिट्टे के खिलाफ चल रहे की मुहिम के दौरान पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में दो युवकों से चिट्टा बरामद करने में सफलता हासिल की। पहला मामला राजगढ़-सोलन मार्ग पर स्तौली के समीप सामने आया, जहां पुलिस ने कनैच निवासी 24 वर्षीय अखिल से तलाशी के दौरान 0.94 ग्राम चिट्टा बरामद कियादूसरे मामले में पुलिस ने देर सायं नेरी के समीप राजगढ़ वार्ड नंबर-1 के निवासी अजय से 0.72 ग्राम चिट्टा पकड़ा। डीएसपी वी.सी. नेगी ने दोनों मामलों की पुष्टि करते हुए बताया कि अजय के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस नशे के खिलाफ सघन अभियान चला रही है, जिसके तहत लगातार सफलताएं मिल रही हैं।डीएसपी ने लोगों से अपील की कि युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए पुलिस को पूर्ण सहयोग प्रदान करें तथा नशा करने या इसकी तस्करी करने वालों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने आश्वासन दिया कि सूचना देने वालों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

### उपायुक्त सोलन की अध्यक्षता में हुई जिला पटवारी कानूनगो महासंघ की त्रैमासिक बैठक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** बचत भवन में उपायुक्त सोलन की अध्यक्षता में जिला पटवारी कानूनगो महासंघ की त्रैमासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में पटवारी कानूनगो द्वारा फील्ड स्तरीय विभिन्न समस्याओं पटवार भवनों की स्थिति, इंटरनेट सुविधा, पदोन्नति से जुड़े मामले, लंबित मानदेय, लंबित वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट तथा अन्य फील्ड संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने सभी उठाए गए मुद्दों के समाधान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने का आश्वासन दिया। बैठक में जिलाधीश सोलन मनमोहन शर्मा, उपमंडलाधिकारी (ना.) बद्दी मानवेन्द्र संजीव धीमान, नरेंद्र कुमार, तहसीलदार बद्दी सतेंद्र जीत, जिला पटवार कानूनगो महासंघ के प्रधान सुमित ठाकुर, महासचिव तरित् शर्मा, सदस्य विक्की, अमनदीप सिंह, दिनेश कपिला, रवि वर्मा, चंदन गुप्ता, कृष्ण प्रकाश, प्रवीण शर्मा, महेश तनवर, निशा राम सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### अंतरिक्ष ने डायमंड जुबली जम्बूरी में भाग लेकर किया राजगढ़ कॉलेज का नाम रोशन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ के सर्विस रोवर्स अंतरिक्ष ठाकुर ने लखनऊ में आयोजित भारत स्काउटस एवं गाइड्स राष्ट्रीय डायमंड जंबूरी में अपनी सेवाएं प्रदान करके कॉलेज व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय जम्बूरी बीते दिनों लखनऊ में आयोजित की गई। इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम के लिए अंतरिक्ष ठाकुर को पूर्वाभ्यास शिविर में महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दिया गया था। इस समारोह में देश विदेश से करीब 35 हजार प्रतिभागियों ने भाग लिया था। समारोह के समापन अवसर पर देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की थी। महाविद्यालय के रोवर यूनिट प्रभारी डॉ. अभिषेक कुमार ने बताया कि कॉलेज के लिए यह गौरव का विषय है कि सर्विस रोवर अंतरिक्ष ठाकुर ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सेवाएँ प्रदान करके सिरमौर व प्रदेश का नाम रोशन किया है।

### शूलिनी विश्वविद्यालय में सहानुभूति और माइंडफुलनेस पर सत्र का आयोजन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** प्रसिद्ध वक्ता और मार्गदर्शक विवेक अत्रे के नेतृत्व में आईटीओ आईएसओ टीम के सहयोग से शूलिनी विश्वविद्यालय में सहानुभूति और माइंडफुलनेस पर एक प्रभावशाली सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों के बीच भावनात्मक बुद्धिमत्ता, करुणा और सार्थक मानवीय संबंधों को मजबूत करना था। सिमर, सौम्या ऋषि और किरण ने प्रतिभागियों को ध्यानपूर्वक सुनने, खुलेपन और वास्तविक बातचीत के माध्यम से सहानुभूति का अनुभव करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु आकर्षक गतिविधियाँ आयोजित कीं। इन अभ्यासों ने उपस्थित लोगों को एक-दूसरे के साथ अधिक गहराई से जुड़ने और दैनिक जीवन में संवेदनशीलता के महत्व को समझने में मदद की। सत्र का एक प्रमुख आकर्षण डॉ. रुचिता उप्पल का व्याख्यानिक संबोधन था, जिन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सहानुभूति एक सेतु का काम करती है जो रिश्तों को पोषित करती है और समझ का निर्माण करती है। उनके संदेश ने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया और एक स्थायी प्रभाव छोड़ा।

### दिव्यांगजन के उत्थान के लिए सभी को एकजुट होकर करना होगा कार्य : अजय कुमार यादव

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास निगम के प्रबंध निदेशक अजय कुमार यादव ने कहा कि समाज को दिव्यांगजनों के लिए केवल सहानुभूति नहीं सम्मानता और सम्मान भी देना होगा। अजय कुमार यादव आज कोठों स्थित इंटिग्रेटेड मस्कुलर डिस्ट्रॉफी रिहैबिलिटेशन सेंटर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय विश्व दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर एम.डी. वॉरियर व अन्य छात्रों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को समाज में बराबर का हक व सम्मान दिलाने तथा उनसे भेदभाव को दूर करने के लिए हम सभी को मिलकर मानवीय दृष्टिकोण अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष दिव्यांगता दिवस पर 'सामाजिक प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए विकलांगता समावेशी समाजों को बढ़ावा देना' विषय रखा गया है।

## प्रदेश के किसानों के लिए कृषि वैज्ञानिकों का शोध बना कवच

**एसपी जैरथ, नाहन**

### नई एडवाइजरी नुकसान कम करके खेती को अधिक लाभकारी बनाएगी

प्रदेश के किसानों को अब की जाने वाली खेती में वैज्ञानिक शोध उनकी फसलों को नुकसान रहित और फायदा पहुंचाने वाला साबित होगा। कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा हिमाचल प्रदेश की मिट्टी और जलवायु के अनुरूप आगामी फसलों के लिए किए गए शोध के बाद एडवाइजरी जारी की गई है। इस एडवाइजरी के सहारे किसान उन्नत बीज की किस्म, बुआई का समय, और बीमारियों के उपचार के साथ साथ जमीन को और अधिक उपजाऊ बनाने की जानकारी सटीक तरीके से ले पाएंगे। कृषि विज्ञान केन्द्र जिला सिरमौर के प्रभारी और प्रधान विज्ञानी डॉ. पंकज मित्तल ने बताया कि चौधरी श्रवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के द्वारा दिसंबर दो हजार पच्चीस के पखवाड़े के लिए एक विस्तृत मार्गदर्शिका जारी की गई है। डॉ. पंकज मित्तल ने इस बाबत जानकारी देते हुए बताया कि सिंचित अथवा बरानी क्षेत्रों में जहाँ अभी तक गेहूं की बुआई नहीं हुई है वहां सिंचाई करने के उपरांत पछेती बुआई तुरंत शुरू कर देनी चाहिए।

उन्होंने पछेती बुआई के लिए एचपीडब्ल्यू 373, एच एस 490 और वी. एल। आठ सौ बानवे जैसी उन्नत किस्में ही इस्तेमाल करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि निचले पर्वतीय क्षेत्रों में एचडी 3086 किस्म कारगर साबित होगी।

## स्वास्थ्य खंड धगेड़ा में 200 शिक्षण संस्थान और छह गांव हुए तंबाकू मुक्त

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर जिला में चलाए जा रहे तंबाकू मुक्त अभियान का असर देखने को मिल रहा है जिला के अकेले धगेड़ा ब्लॉक में 200 शिक्षण संस्थान और छह गांव तंबाकू मुक्त हो चुके है इसी कड़ी में नाहन में आज स्वास्थ्य खंड धगेड़ा द्वारा एक तंबाकू मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई। विभाग द्वारा तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तहत अलग-अलग कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभाव के बारे में जागरुक किया जा रहा है। बीएमओ धगेड़ा डॉक्टर मोनिषा अग्रवाल ने बताया कि देशभर में चल रहे तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तहत स्वास्थ्य खंड धगेड़ा के तहत अब तक 200 शिक्षण संस्थानों और 6 गांवों को तंबाकू मुक्त घोषित किया जा चुका है। इस अभियान के तहत अलग-अलग कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभावों को लेकर जागरूक किया जा रहा है।

## सरकार व पुलिस की छात्र-विरोधी कार्रवाई के खिलाफ एबीवीपी

**अनंत ज्ञान, नालागढ़**

### शांतिपूर्ण आंदोलन पर लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की : मधु

एबीवीपी की नालागढ़ इकाई ने वीरवार को धर्मशाला में छात्रों पर हुए लाठी चार्ज की कड़ी निंदा करते हुए आक्रोश प्रदर्शन किया। इस दौरान अपने संबोधन में नालागढ़ ईकाई की महामंत्री मधु राजपूत ने कहा के

पिछले कुछ दिनों से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लगातार अपने 11 मुख्य छात्र हितों से जुड़े मांगपत्र को लेकर पूरे प्रदेश में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन कर रही थी। सभी जिलों और महाविद्यालय परिसरों में विद्यार्थी संयमित, अनुशासित और शांतिपूर्ण ढंग से अपनी आवाज सरकार तक पहुंचा रहे थे। लेकिन 3 दिसम्बर को धर्मशाला में आयोजित शांतिपूर्ण विधानसभा घेराव के दौरान पुलिस प्रशासन ने बिना किसी उकसावे के एबीवीपी के कार्यकर्ताओं और छात्रों पर अनुचित एवं बर्बर लाठीचार्ज किया। इस कार्रवाई में कई छात्रों को चोटें भी आई, जिसके बाद प्रदेशभर के युवाओं में गहरा रोष है।



नालागढ़ कॉलेज में आक्रोश रैली निकालते एबीवीपी के कार्यकर्ता।

एबीवीपी नालागढ़ इकाई ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि जब छात्र शांतिपूर्ण तरीके से अपनी 11 वैध मांगों को लेकर लोकतांत्रिक ढंग से प्रदर्शन कर रहे थे, तब पुलिस द्वारा उन पर लाठियां बरसाना न केवल अमानवीय है बल्कि प्रदेश सरकार की दमनकारी सोच को दर्शाता है। सरकार और पुलिस प्रशासन को छात्रों की आवाज दबाने का कोई अधिकार नहीं है।

परिषद ने स्पष्ट किया कि लाठीचार्ज की यह घटना सरकार की छात्र-विरोधी नीतियों और प्रशासनिक असंवेदनशीलता को उजागर करती है।

## धांधली की जांच से तिलमिलाए लोग मंत्री से कर रहे अधिकारियों की शिकायत

**अनंत ज्ञान, सुन्नी/शिमला**

शिमला ग्रामीण नगर पंचायत सुन्नी में भ्रष्टाचार पर नकेल कसने वाले अधिकारियों से परेशान राजनीतिक लोग अधिकारियों की शिकायत लेकर अब मंत्रियों के पास पहुंच रहे हैं। दरअसल शहरी निदेशालय ने स्थानीय प्रशासन को अतिक्रमण की शिकायतों की जांच किए जाने के निर्देश दिए हैं। मामले की जांच एसडीएम सुन्नी की देखरेख में हो रही है। बता दें कि पिछले कुछ माह से आरटीआई के माध्यम से नगर पंचायत सुन्नी के अध्यक्ष पर अतिक्रमण व अन्य अनियमितताओं पर अधिकारियों द्वारा की जा रही कार्यवाही के चलते क्षुब्ध होकर कुछ अन्य राजनीतिक लोग अधिकारियों की कार्यवाही की मौखिक शिकायत लेकर मंत्री के पास पहुंच गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत सुन्नी के अध्यक्ष द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा होने की बात सामने आने से अधिकारियों द्वारा जाँच शुरू की गयी।

जाँच शुरू होने पर अध्यक्ष द्वारा नगर पंचायत में कुछ अन्य अनियमितताएं भी सामने आई जिसकी जाँच एसडीएम कार्यालय व तहसील कार्यालय द्वारा की जा रही है। जांच के बाद इन मामलों में कुछ और बड़े खुलासे होने की सम्भावना भी जताई जा रही है। इसी प्रकार एक अन्य पार्षद द्वारा भी अतिक्रमण किए जाने का मामला सामने आया है।

### अनियमितताओं को लेकर चल रही जांच

**अनियमितताओं** को लेकर जांच चल रही है। आरोप लगे है कि सरकारी पैसा का सही उपयोग नहीं हुआ है।अभी जांच हो रही है कि पैसा का सही उपयोग हुआ है कि नहीं। अभी कुछ कह पाना मुश्किल है। **राजेश वर्मा, एस.डी.एम सुन्नी**

### नहीं हुआ कोई भ्रष्टाचार, साफ सुथरा काम

**नगर** पंचायत सुन्नी में कोई भी भ्रष्टाचार नहीं हुआ है। यहां पर साफ सुथरा काम हो रहा है।नगर पंचायत सरकारी पैसा का कोई दुरुपयोग नहीं कर रहा है। नगर पंचायत की ओर सुन्नी में पार्क का निर्माण, रास्ते में टॉयलेट व अन्य काम किए जा रहे हैं। इसके अलावा गेट बनाया जा रहा है। **प्रदीप शर्मा, अध्यक्ष नगर पंचायत सुन्नी**

## नशे के खिलाफ नाहन पुलिस ने पकड़ी अवैध देसी शराब, आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर पुलिस द्वारा नशा माफिया के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस थाना सदर नाहन को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध रूप से देसी शराब की बोतलें ले जाते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस थाना सदर नाहन की टीम बिल्लीवाला रोड पर गश्त कर रही थी। बिल्लीवाला रोड़ मोड़ पर पगडण्डी रास्ते से आ रहे एक व्यक्ति ने अपने कंधे पर प्लास्टिक का कट्टा उठाया हुआ था। पुलिस पार्टी को देखकर यह व्यक्ति डर कर पीछे मुड़ने लगा, जिससे पुलिस को उस पर शक हुआ और शक के आधार पर उसे रोका गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम काबल कुमार, निवासी ओलीवाला कोटड़ी, नाहन बताया। तलाशी लेने पर उसके कट्टे के अंदर से देसी शराब संतरा नंबर 1 की कुल 12 कांच वाली बोतलें बरामद हुई।

## भगवान दत्तात्रेय जयंती पर रामचरित मानस का अखंड पाठ

**अनंत ज्ञान, अर्की**

उपमंडल अर्की की ग्राम पंचायत देवरा के डांगरी स्थित हनुमान मंदिर में भगवान दत्तात्रेय जयंती के उपलक्ष्य में धार्मिक आयोजन बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में हनुमान मंदिर डांगरी के महंत मनमीत गिरी और लूटरू महादेव मंदिर अर्की के महंत विजय भारती के सानिध्य में सभी साधु-संतों एवं क्षेत्रवासियों द्वारा रामचरित मानस का अखंड पाठ और यज्ञ विधिवत संपन्न किया गया। इस दौरान आचार्य लोकेश कौशिक, आचार्य तरुण कुमार, संजीव और अरुण द्वारा संपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान करवाया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर पूजा-अर्चना कर धर्म लाभ अर्जित किया। आचार्य



भगवान दत्तात्रेय जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे साधु संत।

लोकेश ने बताया कि मंदिर में सभी श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की विशेष व्यवस्था की गई, जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण किया और परमात्मा का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## कोटडी व्यास स्कूल में मनाया गया वार्षिक वितरण समारोह

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

शहीद कमल कांत मेमोरियल गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोटरी व्यास जिला सिरमौर (एच.पी.) ने अपना वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह 'नवरंग-3' सफलतापूर्वक आयोजित किया। यह आयोजन एसकेकेएम गवर्नमेंट एसएसएस कोटरी ब्यास में सुबह 10:30 बजे हुआ। स्टेज सेक्रेटरी शशि गुप्ता ने मंच संचालन से सब का मन मोह लिया सबसे पहले अतिथियों का जोरदार स्वागत प्रधानाचार्य रघुबीर तोमर व एस एम सी अध्यक्ष मान सिंह द्वारा हुआ। दीप प्रजवलित समारोह में मुख्य अतिथि पवन चौधरी, सामाजिक कार्यकर्ता, उपस्थित थे। सम्मानित अतिथियों में ओम प्रकाश ठाकुर, एक व्यवसायी और सामाजिक कार्यकर्ता जो सिरमौर कबड्डी एसोसिएशन के सदस्य भी हैं और अजय शर्मा शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त प्रिंसिपल और हिल व्यू पब्लिक स्कूल के शिक्षा निदेशक शामिल थे। समारोह में विशेष अतिथि के रूप में प्रसिद्ध पंजाबी गायक राज गुरु, स्पोर्ट्स सेलिब्रिटी व इंटरनेशनल पैसा पोला व फिजियोथेरेपिस्ट योगा लक्ष्मी शर्मा, स्पोर्ट्स इंटरनेशनल स्टार हैंडबॉल प्लेयर अंजलि ठाकुर कांस्टेबल बी एस एफ स्पोर्ट्स कोटा भी थे उसके बाद सरस्वती वंदना, स्वागत गीत व उसके बाद जूनियर गर्ल्स ने भाँगड़ा, लड़को का नशे ऊपर एक्ट व प्राइमरी स्कूल का डान्स, रीडमिक प्रोफेशनल योग शो ने सभी का मन मोह लिया, गिद्दा, नाटी आदि समारोह मे मुख्य आकर्षक का केंद्र रहे। वार्षिक वितरण समारोह में एकेडमिक अवार्ड, अटेंडेंस अवार्ड, स्कूल एक्टिविटी अवार्ड, हाउस कंपटीशन अवार्ड, स्पोर्ट्स अवार्ड स्टेट व नेशनल लेवल, बेस्ट स्पोर्ट्स मेन व बेस्ट स्पोर्ट्स गर्ल्स आफ द ईयर अवार्ड, बोर्ड मेरीटोरियस अवार्ड, बोर्ड मेरिट में बैशाली चौधरी रिजल्ट 96.5% करण ने 93.6 % मेरिटोरियस अवार्ड प्राप्त किया व बच्चों को चीफ गेस्ट व गेस्ट ऑफ़ होनर व स्पेशल गेस्ट ने सम्मानित किया गया।

### पारिश व महक रहे बेस्ट स्पोर्ट्स मैन आफ द ईयर

## चेतावनी : सदन में गरजे पांवटा साहिब के विधायक सुखराम चौधरी

# आपदा राहत में लापरवाही पर सरकार को दी चेतावनी

**अनुराग गुप्ता, पांवटा साहिब**

बरसात के दौरान पांवटा साहिब में प्राकृतिक आपदा से हुए भारी नुकसान को लेकर विधानसभा आज गर्मा गई। पांवटा साहिब के जननायक विधायक सुखराम चौधरी ने क्षेत्र की बदहाली और राहत कार्यों में हो रही देरी पर सरकार को सीधे कटघरे में खड़ा कर दिया। सदन में उनकी तेज़ आवाज़ गूँजी जनता संकट में हो और सरकार बयानबाज़ी में उलझी रहे यह सहन नहीं होगा। चौधरी ने सदन को बताया कि 1 सितंबर को फूलपुर पंचायत के बागरण गांव में आई भीषण आपदा ने 25 परिवारों को तबाह कर दिया। प्रशासन ने उस समय परिवारों को शिफ्ट किया और किराया देने का वादा किया, लेकिन आज तीन महीने बाद भी उन्हें एक रुपया तक नहीं मिला। उन्होंने कहा प्रशासन सिर्फ कागजों में राहत दे रहा है, जमीन पर जनता अब भी बेआसरा है। विधायक ने खुद उठाया मोर्चा-राशन, टीन की व्यवस्था; सरकार गायब! घटना के बाद जब वे मौके पर पहुंचे तो



सदन को सम्बोधित करते पांवटा के विधायक सुखराम चौधरी।

हालात बेहद भयावह थे। 40 परिवारों को तत्काल राशन दिया, 15 दिन बाद दोबारा राशन पहुंचाया,खुले में घूम रहे पशुओं को बचाने के लिए टीन शेड भिजवाए लेकिन बरसात के दौरान 20–25 पशु सड़कों पर बेसहारा घूमते रहे, और सरकार ने एक बार भी पीछे मुड़कर नहीं देखा। चौधरी ने चेतावनी दी कि प्रभावित क्षेत्र का करीब 1.5 किलोमीटर हिस्सा अब पूरी तरह खतरनाक हो चुका है। कई घर 'हवा में लटके' हुए हैं उन्होंने कटाक्ष किया अगर अगली बरसात से पहले समाधान नहीं हुआ, तो बागरण गांव नक्शे से मिट सकता है।' सदन में चौधरी ने अपने पहले किए गए प्रश्न (3535) का जवाब पढ़कर सुनाया 16 सिंचाई योजनाएं क्षतिग्रस्त,78 पेयजल योजनाएं ठप,1978 में बागरण के पास जल शक्ति विभाग की बड़ी योजना पहले भी बह चुकी थी और अब फिर से बह गई, जिसका नुकसान करीब 100 करोड़ रुपये आंका जा रहा है। उन्होंने कहा कि पांवटा साहिब में योजनाएं सड़ रही हैं और सरकार सिर्फ भाषण दे रही है। 'राहत और मुआवजे में देरी तुरंत बंद हो। अगर नहीं—तो सदन में और भी कड़ा जवाब सुनने के लिए तैयार रहे सरकार। उन्होंने कहा कि पांवटा साहिब की जनता की आवाज़ न कभी दबने दी है, न आगे दबने दूंगा।

## बघाट बैंक के गंभीर मुद्दे को लेकर सोलन के विधायक एवं मंत्री मौन: शैलेन्द्र

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारतीय जनता पार्टी सोलन शहरी मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि बघाट अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक पिछले दो महीनों से गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रहा है, जिसके चलते लगभग 77,000 खाताधारकों और 11,000 शेयरधारकों की मेहनत की कमाई अधर में अटकी हुई है। इनमें से अधिकांश खाताधारक सोलन विधानसभा क्षेत्र से संबंध रखते हैं तथा लगभग ₹450 करोड़ रुपये फंस चुके हैं। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है और प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली पर गहरे प्रश्नचिह्न खड़े करती है। पर दुखद है कि सोलन विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं मंत्री धनीराम शांडिल पिछले दो महीनों से इस गंभीर मुद्दे पर पूर्णतः मौन हैं। वहीं, मुख्यमंत्री और सहकारिता मंत्री के एक-दूसरे से विपरीत बयानों ने खाताधारकों की चिंता, भ्रम और बेचैनी को और बढ़ा दिया है। सरकार की यह उदासीनता हजारों परिवारों के आर्थिक भविष्य को संकट में धकेल रही है। भारतीय जनता पार्टी सोलन शहरी मंडल प्रदेश सरकार से मांग करता है कि तुरंत हस्तक्षेप कर बैंक के संकट का समाधान निकाला जाए तथा प्रभावित खाताधारकों को राहत देने के लिए ठोस बेल-आउट पैकेज की घोषणा की जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### योग ब्रेक से बढ़ा स्वास्थ्य और कार्यक्षमता

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सिविल सचिवालय में हरियाणा योग आयोग द्वारा कर्मचारियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए प्रतिदिन 5 मिनट का योग ब्रेक (वाई ब्रेक) आयोजित किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य अधिकारियों और कर्मचारियों को तनाव मुक्त करना और उनकी कार्यक्षमता बढ़ाना है। आयुष मंत्रालय की अनुशंसा पर शुरू की गई इस गतिविधि के तहत योग शिक्षकों द्वारा सचिवालय की विभिन्न शाखाओं में योग क्रियाएं करवाई जाती हैं। डॉ. भीम राव अंबेडकर कॉन्फ्रेंस हॉल में सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक विशेष कक्षाएं आयोजित की जाती हैं। योग डेमोंस्ट्रेटर रमेश भाटी ने बताया कि व्यस्त दिनचर्या में 5 मिनट योग समय निकालना तनाव कम करने और मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य सुधारने में मदद करता है। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है।

### नशा मुक्ति अभियान के तहत जांचे मेडिकल स्टोर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के मार्गदर्शन में 'नशा मुक्त भारत अभियान' और ड्रग डी-एडिक्शन अभियान के तहत सिरसा जिला में मेडिकल स्टोर्स पर छापेमारी की गई। फूड एंड ड्रग अथॉरिटी के आयुक्त मनोज कुमार के निर्देश पर स्टेट ड्रग कंट्रोलर ललित गोयल ने 7 ड्रग्स कंट्रोल ऑफिसरों की ड्यूटी लगाई। पुलिस की मदद से बड़ागुढ़ा, झुप्प, नीमला, मसीतां, गोरीवाला, धोलपालिया, कासी का बास, देसू जोधा, मोरीवाला और डिंग में 26 मेडिकल स्टोर्स की जांच की गई। छापे में कोई नशीली दवा नहीं मिली, लेकिन 17 स्टोर्स में नियमों की अवहेलना पाई गई। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है और अभियान लगातार जारी रहेगा।

### भाड़वास पीएचसी किया सीएचसी में अपग्रेड

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि जनता को घर के पास सस्ती, गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में रेवाड़ी जिले के पीएचसी भाड़वास को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के रूप में अपग्रेड करने की सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी गई है। अपग्रेडेशन के बाद केंद्र में विशेषज्ञ चिकित्सक, उन्नत जांच सुविधाएं, आपातकालीन सेवाएं, अधिक बिस्तर और आधुनिक उपकरण उपलब्ध होंगे। इससे भाड़वास और आसपास के गांवों के हजारों लोग समय पर चिकित्सा सहायता प्राप्त कर सकेंगे। स्वास्थ्य मंत्री ने आश्वस्त किया कि सरकार स्वास्थ्य ढांचे को और मजबूत करती रहेगी।

### छात्रों को डिजिटल व एआई पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, अमृतसर।** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने यशोदा एआई के तहत फ्यूचर शिफ्ट लैब्स (एफएसएल) के सहयोग से गुरु नानक देव विश्वविद्यालय में छात्रों के लिए विशेष वर्कशॉप का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की भूमिका, इसके सकारात्मक प्रभाव और संभावित दुरुपयोगों जैसे ऑनलाइन उत्पीड़न, साइबर धोखाधड़ी, फेक न्यूज से सुरक्षा के बारे में जागरूक करना था। छात्रों को एआई के जिम्मेदार उपयोग, डिजिटल अधिकारों की सुरक्षा और वास्तविक जीवन में तकनीक के व्यावहारिक उपयोग पर जानकारी दी गई। वर्कशॉप में विभिन्न विभागों के छात्रों को एक मंच पर लाकर उन्हें शिक्षा, रोजगार और समाज में एआई की संभावनाओं और जिम्मेदार प्रयोग की समझ दी।

### पूर्व राष्ट्रपति आर वेंकटरमन को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने वीरवार को लोक भवन में पूर्व राष्ट्रपति श्री आर वेंकटरमन को उनकी जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल प्रो घोष ने इस अवसर पर कहा कि एक जाने-माने राजनेता, स्वतंत्रता सेनानी और दूरदर्शी नेता, उनका योगदान भारत की लोकतांत्रिक यात्रा को प्रेरित करता रहेगा। डीके बेहरा, राज्यपाल के सचिव श्री शुभम सिंह, राज्यपाल के एडीसी और लोक भवन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी पूर्व राष्ट्रपति आर वेंकटरमन को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी।

# सरकार का नई तकनीक व सहकारिता सशक्तिकरण पर विशेष फोकस : शर्मा

## हरियाणा के सहकारिता मंत्री ने किया गोहाना चीनी मिल के 25वें पेराई सत्र का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने आज चौधरी देवीलाल सहकारी चीनी मिल, गोहाना के 25वें पेराई सत्र 2025-26 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह मिल केवल औद्योगिक इकाई नहीं, बल्कि किसानों की मेहनत, क्षेत्र की धड़कन और हजारों परिवारों की आजीविका का आधार है। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रीटा शर्मा भी उपस्थित रहीं।

डॉ. शर्मा ने कहा कि किसान की मेहनत, पसीना और विश्वास ही इस मिल की सबसे बड़ी पूंजी है। हरियाणा सरकार किसानों को समय पर भुगतान, मिल संचालन में सुधार और नई तकनीक अपनाने को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने बताया कि गन्ने की अगेती किस्म का भाव 415 रुपये और पछेती किस्म का भाव 408 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। पिछले पेराई सत्र में प्रदेश के किसानों को 1211 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया, जिनमें गोहाना मिल के 80 करोड़ और सोनीपत मिल के 103 करोड़ रुपये शामिल हैं।

### गन्ना लेकर आने वाले किसानों का सम्मान



**वर्ष** 2025-26 पेराई सत्र के तहत बुग्गी पर सबसे पहले गन्ना लेकर आने वाले गांव आहुलाना के दल सिंह और ट्रैक्टर-ट्रॉली से सबसे पहले गन्ना लाने वाले गांव छिछड़ाना के किसान कृष्ण को विशेष सम्मान दिया गया। समारोह में हरियाणा राज्य सहकारी चीनी मिल प्रसंघ के प्रबंध निदेशक कैप्टन शक्ति सिंह, एसडीएम अंजलि क्षोत्रिय, मिल की एमडी अंकिता वर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

उन्होंने कहा कि सहकारी चीनी मिलों में लागू ऑनलाइन टोकन सिस्टम से किसानों के समय की बचत हुई है। गन्ना कटाई में श्रम संबंधी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग के सहयोग से सब्सिडी पर हार्वेस्टिंग मशीनें उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी तेज की जा रही है।

सहकारिता मंत्री ने मिल प्रबंधन को निर्देश दिए कि किसान, कर्मचारी और मजदूर मिल की रीढ़ हैं, इसलिए उनके सम्मान और सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक और बेहतर प्रबंधन से ही मिल की कार्यप्रणाली और मजबूत होगी तथा यह पेराई सत्र खुशहाली और नए अवसरों का सत्र बनेगा। डॉ. शर्मा ने पिछले वर्ष पुराने गन्ना किसानों को दोबारा मिल से जोड़ने के अपने आह्वान की याद दिलाते हुए जनप्रतिनिधियों और प्रबंधन से इस दिशा में और प्रयास करने की बात कही। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में सहकारिता क्षेत्र की भूमिका महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सहकारिता विभाग और शुगर फेडरेशन किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

समारोह में गोहाना सहकारी चीनी मिल के चेयरमैन एवं उपायुक्त सुशील सारवान ने किसानों से साफ-सुथरा गन्ना लाने की अपील की ताकि बेहतर रिकवरी प्राप्त हो सके। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री डॉ. शर्मा ने सीजन 2024-25 में सर्वाधिक गन्ना आपूर्ति और सबसे साफ गन्ना लाने वाले किसानों को सम्मानित किया। गांव बुसाना के संजय (16625 क्विंटल) और भैंसवाल कलां के दर्शन (7727 क्विंटल) को सबसे अधिक गन्ना आपूर्ति के लिए सम्मानित किया गया। वहीं साफ-सुथरा गन्ना लाने के लिए गांव आहुलाना के दिनेश, गांव कासंडा के सुमेर और गांव खंदराई के सुरेंद्र को सम्मानित किया गया।

# हरियाणा की जेलों में कौशल विकास पहल व डिप्लोमा पाठ्यक्रम होंगे शुरू

**भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा 6 दिसंबर जिला जेल गुरुग्राम से की जाएगी शुरुआत**

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय, हरियाणा सरकार के साथ मिलकर प्रदेश की विभिन्न जेलों में कौशल विकास केंद्रों, पॉलिटेक्निक डिप्लोमा पाठ्यक्रमों और आईटीआई-स्तरीय व्यावसायिक प्रशिक्षण की शुरुआत करेगा। इसका उद्घाटन भारत के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति सूर्यकांत द्वारा 6 दिसंबर को जिला जेल, गुरुग्राम में किया जाएगा। इस अवसर पर भारतीय सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल, न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति शील नागू तथा उच्च न्यायालय के सभी न्यायाधीश भी मौजूद रहेंगे।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि न्यायमूर्ति कुलदीप तिवारी की अध्यक्षता वाली 'विचाराधीन / जेल कैदियों के पुनर्वास एवं कौशल विकास' संबंधी समिति के निरंतर प्रयासों ने इस पहल को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनका साझा दृष्टिकोण इस विश्वास को रेखांकित करता है कि जेलों को सुधार, क्षमता निर्माण और मानवीय गरिमा के संस्थानों के रूप में विकसित होना चाहिए। हरियाणा की जेलों में पॉलिटेक्निक व कौशल विकास कार्यक्रमों का उद्घाटन सुधारात्मक न्याय के प्रति राज्य के दृष्टिकोण में एक क्रांतिकारी बदलाव का प्रतीक है। इस पहल के तहत कैदियों को व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुंच प्राप्त होगी, जिसमें कंप्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग सहायक, वेल्डर, प्लंबर, ग्रेस मेकर, इलेक्ट्रीशियन, वुडवर्क टेक्नीशियन, सिलाई तकनीक और कॉस्मेटोलॉजी जैसे व्यवसायों में आईटीआई पाठ्यक्रम और कंप्यूटर इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय पॉलिटेक्निक डिप्लोमा शामिल है। इस पहल का उद्देश्य कैदियों को वर्तमान उद्योग की मांगों के अनुरूप रोजगारपरक कौशल से परिपूर्ण करना है। इन कार्यक्रमों की न केवल तकनीकी ज्ञान प्रदान करने के लिए बल्कि कैदियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और उद्देश्य का संचार करने के लिए भी रूपरेखा तैयार की गयी है। इस कार्यक्रम का व्यापक उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि रिहाई के बाद, कैदियों पर सामाजिक अस्वीकृति या आर्थिक अनिश्चितता का बोझ न पड़े।

# फोर्टिस मोहाली में ट्रांसकैथेटर पल्मोनरी वाल्व रिप्लेसमेंट से मरीज का सफल इलाज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

फोर्टिस हॉस्पिटल मोहाली ने जन्मजात दिल की बीमारी से पीड़ित 31 वर्षीय मरीज पर अपना पहला ट्रांसकैथेटर पल्मोनरी वाल्व रिप्लेसमेंट (टीपीवीआर) सफलतापूर्वक किया। यह प्रोसीजर उत्तर भारत के निजी अस्पतालों में किए गए पहले मामलों में से एक है। मरीज को सांस लेने में तकलीफ, चक्कर और दाईं ओर हार्ट फेलियर के लक्षणों के साथ अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बचपन में उनकी इंट्राकार्डियक रिपेयर सर्जरी हुई थी, लेकिन पल्मोनरी वाल्व धीरे-धीरे खराब हो गया। इसके बाद नई दिल्ली में दूसरी सर्जरी की गई, जो सफल नहीं रही। ओपन-हार्ट सर्जरी के उच्च जोखिम के कारण डॉक्टरों ने मिनिमली इनवेसिव टीपीवीआर का विकल्प चुना। ग्रोइन वेन के माध्यम से कैथेटर डालकर नया वाल्व दाहिने दिल और मेन पल्मोनरी आर्टरी के जंक्शन पर स्थापित किया गया। प्रोसीजर सफल रहा और मरीज को अगले ही दिन डिस्चार्ज कर दिया गया।



फोर्टिस मोहाली के कार्डियोलॉजी हेड डॉ. आर.के. जसवाल ने बताया कि यह प्रोसीजर पारंपरिक ओपन-हार्ट सर्जरी की तुलना में तेज़ रिकवरी और कम जोखिम प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि फोर्टिस मोहाली अब कार्डियक साइंसेज के क्षेत्र में सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस के रूप में स्थापित हो चुका है। यह सफल प्रोसीजर जटिल दिल की समस्याओं के लिए सुरक्षित और प्रभावी वैकल्पिक उपचार साबित हुआ।

# आतंकियों की खरीद से जुड़ी दो केमिकल दुकानें की सील

**अनंत ज्ञान, फरीदाबाद।** जिले के एनआईटी नेहरू ग्राउंड क्षेत्र में आतंकियों डॉक्टर मुजम्मिल और डॉक्टर शाहीन शहीद द्वारा विस्फोट में उपयोग किए गए हाइड्रोजन (एसीटोन) के संदर्भ में दो केमिकल दुकानों को सील कर दिया गया। गुरुवार को इस कार्रवाई में एसडीएम बड़खल त्रिलोकचंद और कोतवाली के एसएचओ श्रीभगवान भी मौजूद रहे। मिली जानकारी के अनुसार, एनआईए की जांच में पाया गया कि आतंकियों ने बीआर साइंटिफिक एंड कैमिकल्स सहित दूसरी दुकान से विस्फोट में इस्तेमाल होने वाले रासायनिक पदार्थ खरीदे थे। इससे पहले भी जांच एजेंसी ने इन दुकानों पर छापेमारी कर केमिकल की बिक्री और स्टॉक रिकार्ड की जांच की थी।

# यवनिका गार्डन में गूंजेगा संगीत का जादू

## बॉलीवुड व पंजाबी कलाकार मचाएंगे धमाल, सुर संगम व ट्विस्ट म्यूजिक करेंगे पेश

**अनंत ज्ञान, पंचकूला**

पंचकूला के सेक्टर 5 स्थित यवनिका पार्क इस साल दिसंबर में संगीत प्रेमियों के लिए खास बनने जा रहा है। सुर संगम और ट्विस्ट म्यूजिक एंटरटेनमेंट की ओर से 7 दिसंबर 2025 को शाम 5 बजे से 8 बजे तक गाला म्यूजिकल नाइट 2025 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस बारे में आज यहां आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम में कई नामचीन कलाकार दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। आयोजन से जुड़े वरिष्ठ हस्तियों में आईएएस जगदीप ढाँडा, प्रसिद्ध गायक डॉ. प्रदीप भारद्वाज, शिक्षाविद व समाजसेवी संजय सेठी, तथा जाने-माने एंटरप्रेन्योर एम. के. भाटिया शामिल हैं। संगीत की इस शाम में विभिन्न गायक और कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य न सिर्फ मनोरंजन उपलब्ध कराना है, बल्कि सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देना भी है।




सुर संगम और ट्विस्ट म्यूलिक टीम गाला म्यूजिकल नाइट की घोषणा करते हुए।

इसमें स्थानीय समुदाय के अनेक कलाकार, एक्टर्स और आर्टिस्ट भी अपने प्रदर्शन देंगे। टू होप कल्चरल एंड वेलफेयर सोसाइटी चंडीगढ़ के संचालक और आयोजक मंडल डॉ. प्रदीप भारद्वाज, विशाल खन्ना, संजय सेठी , बॉबी बाजवा और प्रसिद्ध कारोबारी तथा समाजसेवी एमके भाटिया ने बताया कि यह आयोजन पंचकूला की सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत करेगा। यवनिका गार्डन में होने वाली यह म्यूज़िकल नाइट शहर के लिए एक यादगार शाम साबित होने वाली है। सभी दर्शकों के लिए प्रवेश निशुल्क रखा गया है।

## देश-विदेश

# यूरोपीय देशों ने पुतिन पर शांति दिखावा करने का लगाया आरोप

**एजेंसी, कीव**

यूक्रेन और उसके यूरोपीय सहयोगियों ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर शांति वार्ता में केवल दिखावा करने का आरोप लगाया है। ब्रिटेन की विदेश मंत्री य्वेट कूपर ने कहा कि पुतिन को खूनखराबा बंद करके वार्ता में गंभीर होना चाहिए और दीर्घकालिक शांति के प्रयासों का समर्थन करना चाहिए। यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने भी पुतिन से 'दुनिया का समय बर्बाद न करने' की अपील की।

इससे एक दिन पहले पुतिन ने यूरोपीय देशों पर अमेरिका के नेतृत्व में शांति प्रयासों पर रोक लगाने का आरोप लगाया और आगाह किया कि यदि रूस को उकसाया गया तो वह यूरोप में भी युद्ध के लिए तैयार है। 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद अमेरिका और उसके सहयोगियों ने यूक्रेन को अरबों डॉलर की वित्तीय और सैन्य सहायता दी है।

ब्रसेल्स में बुधवार को नाटो के यूरोपीय विदेश मंत्रियों की बैठक में पुतिन के रवैये पर चिंता व्यक्त की गई। एस्टोनिया की विदेश मंत्री मार्गुस त्साह्कना और फिनलैंड की विदेश मंत्री एलीना वाल्टोनन ने कहा कि युद्धविराम लागू किए बिना भरोसा बहाल नहीं हो सकता। नाटो महासचिव मार्क रूट ने कहा कि सैन्य सहायता जारी रहेगी ताकि रूस पर दबाव बना रहे।

कनाडा, जर्मनी, पोलैंड और नीदरलैंड ने मिलकर सैकड़ों मिलियन डॉलर का अतिरिक्त समर्थन देने की घोषणा की, ताकि अमेरिका से हथियार खरीदकर यूक्रेन को दान दिया जा सके। यूरोपीय और अमेरिकी प्रयास युद्धविराम और स्थायी शांति को लेकर तनावपूर्ण परिस्थितियों में जारी हैं। (अनंत ज्ञान)

### सोना 1.28 लाख और चांदी 1,565 1.77 लाख किलो बिकी



**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में आज यानी 4 दिसंबर को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम सोना 369 रुपए सस्ता होकर 1,27,845 रुपए पर आ गया है। इससे पहले सोना 1,28,214 रुपए का था। वहीं, चांदी का दाम 1,565 रुपए गिरकर 1,76,625 रुपए हो गया है। इससे पहले चांदी की कीमत 1,78,190 रुपए प्रति किलोग्राम थी। (अनंत ज्ञान)

# ईसाइयों के खिलाफ हिंसा में शामिल नाइजीरियाई लोगों पर वीजा प्रतिबंध लगाएगा अमेरिका

**एजेंसी, अबूजा (नाइजीरिया)**

अमेरिका ने घोषणा की है कि वह नाइजीरिया में ईसाइयों के खिलाफ सामूहिक हत्याओं और हिंसा में शामिल इस पश्चिम अफ्रीकी देश के नागरिकों और उनके परिवारों के सदस्यों पर वीजा प्रतिबंध लगाएगा। अमेरिकी विदेश विभाग ने एक बयान में कहा कि यह कार्रवाई पश्चिम अफ्रीकी देश में लंबे समय से जारी जटिल सुरक्षा संकट का हिस्सा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में नाइजीरिया में 'चरमपंथी इस्लामवादियों' द्वारा ''ईसाइयों की हत्या'' का जिक्र किया था।

पिछले महीने ट्रंप ने अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन को ईसाई उत्पीड़न के दावों के मद्देनजर नाइजीरिया में संभावित सैन्य कार्रवाई की योजना शुरू करने का भी आदेश दिया था। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, 'अमेरिका, नाइजीरिया और उससे बाहर चरमपंथी इस्लामी आतंकवादियों, फुलानी जातीय मिलिशिया और अन्य हिंसक तत्वों द्वारा ईसाइयों के खिलाफ सामूहिक हत्याओं और हिंसा के जवाब में निर्णायक कार्रवाई कर रहा है।'

उन्होंने कहा कि यह नीति धार्मिक स्वतंत्रता के उल्लंघन में शामिल अन्य सरकारों या व्यक्तियों पर भी लागू होगी और ये प्रतिबंध आप्रवासन एवं राष्ट्रीयता अधिनियम के तहत एक नयी नीति के अनुरूप हैं। यह कदम पिछले महीने अमेरिका द्वारा नाइजीरिया को अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत 'विशेष चिंताजनक देश' के रूप में नामित किए जाने के बाद उठाया गया है। (अनंत ज्ञान)

# इसराइल ने दक्षिणी गाजा में किया हवाई हमला

**एजेंसी, यरूशलम।** इसराइल ने कहा कि उसने चरमपंथियों के हमले में पांच सैनिकों के घायल होने के बाद पूर्वी गाजा में हमास के खिलाफ हवाई हमले किए हैं। बुधवार देर रात हुए इस हमले को दोनों पक्षों के बीच जारी संघर्ष विराम के लिए एक नई परीक्षा माना जा रहा है, जो इजराइल और हमास दोनों की ओर से संघर्ष विराम उल्लंघन किए जाने के आरोप-प्रत्यारोपों के बीच अक्टूबर की शुरूआत से जारी है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हमास ने संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। सेना के अनुसार, चरमपंथी एक भूमिगत सुरंग से निकले और अपने नियंत्रण वाले क्षेत्र में इजराइली सैनिकों पर हमला किया। इजराइली सेना ने कहा कि गाजा के दक्षिणी शहर रफह में भूमिगत सुरंग से चरमपंथियों द्वारा किए गए हमले में पांच इजराइली सैनिक घायल हो गए, जिनमें से एक गंभीर रूप से जख्मी है। सेना ने अपने नियंत्रण वाले क्षेत्र में हुए इस हमले को संघर्ष विराम का उल्लंघन बताया और कहा कि उसने जवाबी हमला किया है। गाजा शहर में इजराइली हमले में फिलीस्तीनी व्यक्ति की मौत हो गई। एक अस्पताल ने यह जानकारी दी। (अनंत ज्ञान)

# ब्रिटेन ने रूस की खुफिया एजेंसी पर लगाया प्रतिबंध

**एजेंसी, लंदन।** ब्रिटेन ने 2018 के 'नर्व एजेंट' हमले को लेकर वीरवार को रूस की खुफिया एजेंसी 'जीआरयू' पर प्रतिबंध लगा दिया और मॉस्को के राजदूत को तलब किया। ब्रिटेन ने यह कदम एक जांच में निकले निष्कर्ष के बाद उठाया है, जिसमें दावा गया कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 2018 में ब्रिटेन की भूमि पर हुए 'नर्व एजेंट' हमले के लिए जिम्मेदार थे। 'नर्व एजेंट' ऐसे जहरीले रसायन हैं जो सीधे तंत्रिका तंत्र पर असर करते हैं। ये मस्तिष्क तक जाने वाले संकेतों को बाधित कर देते हैं, जिससे शरीर ठीक तरह से काम करना बंद कर देता है। ब्रिटिश सरकार ने कहा कि सैलिसबरी शहर में हुए उस हमले के लिए जीआरयू पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जा रहा है, जिसमें ब्रिटेन आए पूर्व सोवियत एजेंट सर्गेई स्क्रिपल को निशाना बनाया गया था। 'नोविचोक नर्व एजेंट' के संपर्क में आने से एक ब्रिटिश महिला डॉन स्टर्गेस की मौत हो गई थी। स्टर्गेस की मौत की जांच का नेतृत्व करने वाले ब्रिटेन के उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एंथनी ह्यूजेस ने कहा कि स्क्रिपल पर हमले को पुतिन द्वारा ''उच्चतम स्तर पर अधिकृत किया गया होगा।'' (अनंत ज्ञान)

# नेपाल में भारतीय करंसी पर रोक हटी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नेपाली रुपया और भारतीय रुपया के प्रचलन से संबंधित पुराने नियमों में बड़ा बदलाव (संशोधन) किया है। अब नेपाल में भारतीय रुपए के 200 और 500 मूल्य के नोट भी ले जाने और इस्तेमाल करने की अनुमति मिल गई है। इससे पहले नेपाल में बड़े मूल्य के भारतीय नोटों पर प्रतिबंध था, जिससे यात्री और व्यापारियों को काफी परेशानी होती थी। भारतीय रिजर्व बैंक ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन नियमों में संशोधन करते हुए यह फैसला लिया है कि भारत से नेपाल या भूटान यात्रा करने वाले यात्री अब 25,000 रुपए तक की भारतीय मुद्रा, जिसमें 200 और 500 के नोट भी शामिल हैं, अपने साथ ले जा सकेंगे। (अनंत ज्ञान)

## शेयर बाजार में चार दिनों की गिरावट पर लगाम

# सेंसेक्स 158 अंक चढ़ा, निफ्टी 2600 के पार

**एजेंसी, मुंबई**



घरेलू शेयर बाजारों में चार दिनों से जारी गिरावट का सिलसिला बृहस्पतिवार को खत्म हो गया। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और प्रौद्योगिकी शेयरों में खरीदारी आने से सेंसेक्स 158 अंक और निफ्टी 48 अंक चढ़ गए।

बीएसई का 30-शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 158.51 अंक यानी 0.19 प्रतिशत मजबूत होकर 85,265.32 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 380 अंक से अधिक चढ़कर 85,487.21 तक चला गया था। एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी भी 47.75 अंक बढ़कर 26,033.75 अंक पर पहुंच गया।

इससे पहले पिछले चार कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स में करीब 613 अंक की गिरावट आई थी जबकि निफ्टी लगभग 230 अंक टूटा था। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टीसीएस, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, भारती एयरटेल, सन फार्मा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और ट्रेंट में मुख्य रूप से तेजी रही। (अनंत ज्ञान)

# बांसुरी स्वराज के पिता स्वराज कौशल का निधन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज के पिता, पूर्व मिजोरम राज्यपाल और वरिष्ठ वकील स्वराज कौशल का गुरुवार को निधन हो गया। वह 73 वर्ष के थे। हिमाचल के सोलन में 12 जुलाई 1952 को उनका जन्म हुआ था। सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट और स्वर्गीय सुषमा स्वराज के पति के आकस्मिक निधन से राजनीतिक हलकों में शोक की लहर दौड़ गई है।



# बिहार में सोने के बिस्किट के साथ इंटरनेशनल स्मगलर गिरफ्तार

**एजेंसी, भोजपुर**

जिले के आरा शहर के नवादा थाने की पुलिस ने सोने की तस्करी का खुलासा करते हुए एक अंतरराष्ट्रीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 100-100 ग्राम के सोने के पांच बिस्किट, एक लाख 40 हजार रुपए नकदी और एक मोबाइल भी जब्त किया गया है। सोने की बिस्किट की कीमत लगभग 63 लाख रुपए बताई जा रही है।

तस्कर की पहचान बक्सर जिले के डुमरांव थाना क्षेत्र के पुराना भोजपुर गांव निवासी रामनरेश पांडेय के रूप में हुई है। उसे नवादा थाना क्षेत्र के करमन टोला स्थित पेट्रोल पंप के पास से एक गली से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार यह तस्कर नेपाल के वीरगंज से तस्करी कर नगर थाना क्षेत्र के गोपाली चौक स्थित एक आभूषण दुकानदार को सोने की बिस्किट बेचता था। पूछताछ में तस्कर ने आरा के आभूषण दुकानदार को बिस्किट बेचने के लिए आने की बात भी स्वीकार की है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन और तस्करी गिरोह के नेटवर्क को खंगालने में जुटी है। (अनंत ज्ञान)

# बांग्लादेश : शेख हसीना के बेटे के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**एजेंसी, ढाका**

बांग्लादेश के विशेष अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी-बीडी) ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के निर्वासित बेटे साजिब वाजेद जॉय के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। यह कार्रवाई उनकी मां को मानवता के खिलाफ अपराध के लिए मौत की सजा सुनाए जाने के एक महीने बाद की गई।

अभियोजन के अनुसार, जॉय पर जुलाई के विद्रोह के दौरान मानवता के विरुद्ध अपराध करने का आरोप है। आईसीटी-बीडी ने इसी तरह पूर्व कनिष्ठ मंत्री जुनैद अहमद पलक के खिलाफ भी वारंट जारी किया था। जॉय, जो वर्तमान में अमेरिका में हैं, सूचना संचार विशेषज्ञ और पूर्व प्रधानमंत्री के आईसीटी मामलों के सलाहकार रहे हैं।

इस विद्रोह में छात्रों के नेतृत्व में हिंसक आंदोलन के दौरान 834 लोगों की मौत हुई थी। न्यायाधिकरण ने आंदोलन के अन्य मामलों में पूर्व कानून मंत्री और निवेश सलाहकार के खिलाफ भी औपचारिक आरोप तय किए हैं और उन्हें 10 दिसंबर को उपस्थित होने का आदेश दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

## आपातकालीन सेवाओं के लिए भारतीय सेना के विशेषज्ञ और मेडिकल टीम भी रवाना

# भारत ने श्रीलंका को सचल पुल प्रणाली भेजी

**एजेंसी, कोलंबो**

भारत ने चक्रवात प्रभावित श्रीलंका के लिये सचल मॉड्यूलर पुल प्रणाली और सैकड़ों जल शोधन इकाईयां हवाईमार्ग से भेजी हैं। भारतीय मिशन ने वीरवार को यह जानकारी दी।



मिशन की तरफ से बताया गया कि यह सहायता अलग-थलग पड़े समुदायों को जोड़ने और आवश्यक सेवाएं बहाल करने के लिए मानवीय समर्थन का हिस्सा है। चक्रवात 'दित्वा' के कारण बाढ़ और भूस्खलन से जूझ रहे श्रीलंका में अवसंरचनाएं ध्वस्त होने से कई जिले अलग-थलग पड़ गए हैं। 16 नवंबर से लगातार बनी इन अत्यधिक खराब मौसमी स्थितियों के कारण बुधवार शाम तक कम से कम 479 लोगों की जान जा चुकी है और 350 लापता हैं। भारतीय उच्चायोग ने बताया कि कोलंबो के अनुरोध पर भारतीय वायु सेना का एक सी-17 ग्लोबमास्टर परिवहन विमान बुधवार को बेली ब्रिज प्रणाली के साथ 500 जल शोधन इकाइयां लेकर पहुंचा।

मिशन ने कहा, 'क्षतिग्रस्त पुलों को बदलने के लिए यह विशाल संरचना कुछ ही घंटों में स्थापित की जा सकती है, जिससे बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में आपातकालीन सेवाओं की पहुंच मजबूत होगी।' पुल को स्थापित करने के लिए विमान में विशेषज्ञ इंजीनियरों सहित 22 कर्मी और पहले तैनात किए गए फील्ड अस्पताल की सहायता के लिए एक मेडिकल टीम भी भेजी गई है। (अनंत ज्ञान)

# ममता का दावा : एसआईआर से जुड़े मामलों में आधे से अधिक मृतक हिंदू

**एजेंसी, ब्राह्मपुर**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वीरवार को एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) को लेकर भाजपा पर निशाना साधा और दावा किया कि देशभर में इस प्रक्रिया से जुड़ी घटनाओं में मृत लोगों में आधे से अधिक हिंदू हैं। उन्होंने भाजपा को आगाह करते हुए कहा कि वह 'उसी डाल को काट रही है जिस पर बैठी है।'


ममता ने मुर्शिदाबाद जिले में आयोजित रैली में भाजपा पर धार्मिक राजनीति करने का आरोप लगाया और दोहराया कि वह बंगाल में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) या निरुद्ध केंद्र की अनुमति कभी नहीं देंगी। उन्होंने वक्फ संपत्तियों और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को अपनी जिम्मेदारी बताया और अफवाहों व भ्रामक सूचनाओं का भी विरोध किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा बंगाल में अवैध घुसपैठ को लेकर डर फैला रही है, जबकि सीमा की निगरानी केंद्र की जिम्मेदारी है। उन्होंने खुद एसआईआर गणना फॉर्म भरने से परहेज किया है और लोगों की मदद के लिए हर बूथ पर 'क्या मैं आपकी मदद कर सकता हूं' शिविर लगाने के निर्देश दिए। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### विराट कोहली की धमाकेदार पारी पर बोले गावस्कर-छक्के से शुरू, शतक पर खत्म

**एजेंसी, रायपुर।** पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे में विराट कोहली के



शुरुआती छक्के ने ही बता दिया था कि वह एक और शतक जड़ने वाले हैं। उन्होंने कहा कि कोहली ने रांची में खेली पिछली शतकीय पारी का आत्मविश्वास इस मैच में भी बनाए रखा। कोहली ने 93 गेंदों पर 102 रन बनाए, जो वनडे में उनका 53वां और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 84वां शतक है। हालांकि, भारत यह मुकाबला चार विकेट से हार गया। रांची में पहले मैच में कोहली ने 135 रन बनाए थे और भारत ने 17 रन से जीत दर्ज की थी। गावस्कर ने बताया कि कोहली का हुक शॉट पर लगाया गया शुरुआती छक्का उनके आत्मविश्वास का संकेत था। उन्होंने ऋतुराज गायकवाड़ (105) के साथ 195 रन जोड़कर भारत के लिए तीसरे विकेट की सबसे बड़ी वनडे साझेदारी का रिकॉर्ड भी बनाया। गावस्कर ने कहा कि गीली गेंद और आउटफील्ड का प्रभाव गेंदबाजों और फील्डरों दोनों पर पड़ा, इसलिए टॉस ने मैच में बड़ा फर्क पैदा किया। (अनंत ज्ञान)

### बीबीएल में अच्छा प्रदर्शन कर टी20 टीम में वापसी करना चाहते हैं रिजवान

**एजेंसी, लाहौर।** पाकिस्तान के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को उम्मीद है कि वह ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग (बीबीएल) में अच्छा प्रदर्शन करके आगे साल होने वाले विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टी20 टीम में वापसी करने में सफल रहेंगे। वनडे और टी20 टीम के पूर्व कप्तान रिजवान को दिसंबर 2024 के बाद से राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने सबसे छोटे प्रारूप के लिए राष्ट्रीय टीम में नहीं चुना है और ऐसे में यह खिलाड़ी बीबीएल को बड़े अवसर के रूप में देख रहा है। रिजवान ने पत्रकारों से कहा, "मुझे बिग बैश में अच्छा प्रदर्शन करने का भरोसा है और अगर आप ऑस्ट्रेलिया में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो सभी का ध्यान आपकी तरफ जाता है।" उन्होंने कहा, "मुझे ऑस्ट्रेलिया में खेलने में हमेशा सबसे ज्यादा मजा आया है, क्योंकि वहां प्रतिस्पर्धा का स्तर बहुत ऊंचा होता है और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी अलग अंदाज में खेलते हैं। अगर कोई खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया में अच्छा प्रदर्शन करता है तो उसे पता होता है कि वह किसी अन्य स्थान पर भी अच्छा प्रदर्शन कर सकता है।" रिजवान मेलबर्न रेनेगेड्स की तरफ से बिग बैश में खेलने के लिए इस सप्ताह ऑस्ट्रेलिया रवाना होंगे। उनके अलावा पाकिस्तान के अन्य खिलाड़ी बाबर आजम, शाहीन शाह अफरीदी, शादाब खान, हारिस रऊफ और हसन अली भी इस टूर्नामेंट में खेलेंगे। (अनंत ज्ञान)

### एमबाप्पे के दो गोल से रियाल मैड्रिड की आसान जीत

**एजेंसी, मैड्रिड।** काइलियन एमबाप्पे के दो गोल और एक अन्य गोल में मदद करने की बदौलत रियाल मैड्रिड ने एथलेटिक बिलबाओ को 3-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में पिछले तीन मैच से जीत हासिल नहीं कर पाने का सिलसिला खत्म किया। एडुआर्डो कैमाविंगा ने भी मैड्रिड के लिए गोल किया, जिससे उसकी टीम ने शीर्ष पर काबिज बार्सिलोना से अंतर कम कर दिया है। बार्सिलोना अब अपने इस चिर प्रतिद्वंद्वी से केवल एक अंक आगे है। उसने मंगलवार को एटलेटिको मैड्रिड को 3-1 से हराया था। एमबाप्पे ने सभी प्रतियोगिताओं में अपने पिछले तीन मैचों में सात गोल किए हैं। उन्होंने गिरोना के खिलाफ एक गोल किया था और ओलंपियाकोस के खिलाफ चैंपियंस लीग के मैच में 4-3 की जीत में चार गोल दागे थे। इस फ्रांसीसी स्टार ने इस सत्र में अपने क्लब और देश के लिए कुल 24 मैचों में 30 गोल किए हैं। वह स्पेनिश लीग (16 गोल) और चैंपियंस लीग (नौ गोल) दोनों में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। एमबाप्पे ने सातवें मिनट में अपना पहला गोल किया। कैमाविंगा ने 42वें मिनट में एमबाप्पे की मदद से बढ़त दोगुनी कर दी। फ्रांस के खिलाड़ी ने 59वें मिनट में अपना दूसरा गोल दागा। (अनंत ज्ञान)

## वेस्टइंडीज बैकफुट पर, न्यूजीलैंड की बढ़त पहुंची 481 पर

# रचिन रविंद्र और लैथम के शतकों से न्यूजीलैंड ने खड़ा किया रनों का पहाड़





**एजेंसी, क्राइस्टचर्च**

रचिन रविंद्र और टॉम लैथम के शतकों की मदद से न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन गुरुवार को यहां 481 रन की बढ़त हासिल करके मैच पर अपना शिकंजा मजबूत कस दिया। रविंद्र ने 176 रन की लाजवाब पारी खेली, जबकि सलामी बल्लेबाज लैथम ने 145 रन बनाए। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 279 रन की साझेदारी की जिससे न्यूजीलैंड ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 417 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 231 रन बनाने के बाद वेस्टइंडीज को 167 रन पर आउट करके 64 रन की बढ़त हासिल की थी। न्यूजीलैंड को दूसरी पारी में 417 रन में से 200 रन 50 चौकों से आए, जिनमें से 27 चौके रविंद्र ने लगाए। दिन का खेल समाप्त होने के समय विल यंग 20 और माइकल ब्रेसवेल छह रन बनाकर खेल रहे थे। लैथम ने 179 गेंदों में नौ चौकों की मदद से अपना शतक पूरा किया। रविंद्र ने अपना चौथा टेस्ट शतक 108 गेंदों में 16 चौकों और एक छक्के की मदद से पूरा किया। लैथम ने अपनी पारी में 250 गेंद का सामना किया और 12 चौके लगाए, जबकि रविंद्र ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। उन्होंने 185 गेंद का सामना किया और अपनी पारी में 27 चौके लगाने के अलावा एक छक्का भी जड़ा। इन दोनों के अलावा डेवोन कॉनवे ने 37 रन का योगदान दिया। स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन केवल नौ रन ही बना सके। उनके आउट होने से न्यूजीलैंड का स्कोर दो विकेट पर 100 रन हो गया था। इसके बाद रविंद्र और लैथम ने बड़ी साझेदारी निभाई। (अनंत ज्ञान)

### हार्दिक पांड्या फैंस की भीड़ मुश्ताक ट्रॉफी का वेन्यू बदला

**एजेंसी, हैदराबाद।** भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को देखने के लिए जबरदस्त भीड़ को देखते हुए आयोजकों को वीरवार को यहां जिमखाना मैदान जैसे साधारण स्थल से सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के मैच को अधिक सुरक्षित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में स्थानांतरित करना पड़ा। यह मुकाबला उनकी टीम बड़ौदा और गुजरात के बीच खेला गया। इसमें बड़ौदा ने आठ विकेट से जीत दर्ज की। हार्दिक की मौजूदगी के कारण अप्रत्याशित भीड़ और सुरक्षा चिंताओं की वजह से यह फैसला लिया गया। भारतीय हरफनमौला का चोट से उबरने के बाद यह दूसरा प्रतिस्पर्धी मैच था। वह आगामी पांच मैचों की टी20 सीरीज में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की जर्सी में नजर आएंगे जो नौ दिसंबर से कटक में शुरू होगी। अधिकारियों ने पुष्टि की कि टीम होटल, अभ्यास नेट्स और टिकट काउंटरों के आसपास असामान्य रूप से बड़ी भीड़ देखी गई जो घरेलू मैच के दर्शकों की सामान्य संख्या से कहीं अधिक थी। आयोजन समिति के एक सीनियर अधिकारी ने कहा, "दर्शकों की संख्या और दर्शकों की आवाजाही हमारे अनुमान से बहुत अधिक थी। सुरक्षा और मैच संचालन को सुचारू रखने के लिए हमने मैच को राजीव गांधी स्टेडियम में स्थानांतरित करने का फैसला किया।" (अनंत ज्ञान)

## पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप

# बेल्जियम के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में होगी भारत की असली परीक्षा



**एजेंसी, चेन्नई**

भारत ने अपेक्षाकृत आसान पूल में लगभग प्रत्येक विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन एफआईएच पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप में उसकी असली परीक्षा बेल्जियम के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले क्वार्टर फाइनल मैच में होगी। चिली, ओमान और स्विट्जरलैंड के साथ पूल बी में शामिल भारत ने शानदार प्रदर्शन करके पहले स्थान पर रहते हुए नाकआउट दौर में प्रवेश किया। भारतीय टीम ने पूल चरण में 29 गोल किए और एक भी गोल नहीं खाया, जो टूर्नामेंट में भाग ले रही सभी 24 टीमों में सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइक रेट है, लेकिन पीआर श्रीजेश की कोचिंग वाली टीम यह बात अच्छी तरह जानती है कि इन परिणामों का आगे कोई महत्व नहीं होगा, क्योंकि टूर्नामेंट के अंतिम चरण में उनका सामना मजबूत टीमों से होगा। यहां से कोई भी चूक भारत के नौ साल बाद घरेलू मैदान पर खिताब जीतने के सपने को चकनाचूर कर सकती है। भारत ने आखिरी बार 2016 में लखनऊ में खिताब जीता था। भारत पूल चरण में शानदार प्रदर्शन करके इस उपलब्धि को दोहराने की स्थिति में दिख रहा है। उसने अभी तक 18 मैदानी गोल किए हैं। इसके अलावा उसने नौ गोल पेनल्टी कॉर्नर से और दो पेनल्टी स्ट्रोक से किए हैं, लेकिन यहां से भारतीय टीम की राह आसान नहीं होगी और किसी भी तरह का अति आत्मविश्वास उसे खिताब की दौड़ से बाहर कर सकता है। रोसन कुजूर, एड्रोई एक्का, अंकित पाल व इंगलेम्बा लुवांग थोउनाओजम ने मध्यपंक्ति में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन उनकी असली परीक्षा अब होगी। श्रीजेश भी पूल चरण के प्रदर्शन को लेकर ज्यादा उत्साहित नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'कुछ क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है। अगले मैच से असली टूर्नामेंट शुरू होगा और हमारे लिए उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना बहुत महत्वपूर्ण है।" (अनंत ज्ञान)

### श्रीलंका में टी20 सीरीज में नए खिलाड़ियों को मौका दे सकता है पाक: पीसीबी

**एजेंसी, लाहौर**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की चयन समिति श्रीलंका में सात से 11 जनवरी तक होने वाली तीन मैच की टी20 सीरीज के लिए अपनी टीम में कुछ नए चेहरे शामिल कर सकती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि पीसीबी ने ऑस्ट्रेलिया में 14 दिसंबर से जनवरी तक चलने वाली बिग बैश लीग में खेलने के लिए छह मुख्य खिलाड़ियों को एनओसी जारी कर रखी है। इसके बाद ही उसने श्रीलंका दौरे का कार्यक्रम बनाया। यह पहला अवसर है जब पाकिस्तान के इतने खिलाड़ी बीबीएल में खेलेंगे। इन खिलाड़ियों में बाबर आजम, शाहीन शाह अफरीदी, मुहम्मद रिजवान, हसन अली, हारिस रऊफ और शादाब खान शामिल हैं। रिजवान को छोड़कर अन्य सभी खिलाड़ी टी20 में पाकिस्तान की टीम के लिए खेल रहे हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टीमों को पाकिस्तानी खिलाड़ियों को अनुबंधित करने की अनुमति देने से पहले यह स्पष्ट कर दिया था कि वे पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे। एक सूत्र ने कहा, "क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और पीसीबी के बीच यह सहमति थी कि दिसंबर में पाकिस्तान को कोई भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेलना है और जनवरी के अंतिम सप्ताह तक खिलाड़ी पूरे बिग बैश टूर्नामेंट में खेल सकते हैं, लेकिन अब स्थिति बदल गई है।" पीसीबी ने फखर जमां, हसन नवाज और नसीम शाह को भी एमिरेट्स लीग में खेलने की अनुमति दे दी है, लेकिन यह टूर्नामेंट श्रीलंका में होने वाली सीरीज से पहले समाप्त हो जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### सुनील नारायण बने 600 टी20 विकेट लेने वाले पहले क्रिकेटर

**एजेंसी, अबु धाबी।** गेंदबाजी में विविधता के लिए पहचाने जाने वाले रहस्यमयी स्पिनर



सुनील नारायण ने अपना नाम इतिहास में दर्ज करा लिया जब वह प्रतिस्पर्धी टी20 क्रिकेट में 600 विकेट चटकाने वाले पहले गेंदबाज बने। वेस्टइंडीज के नारायण ने बुधवार को यहां शारजाह वारियर्स के खिलाफ अबु धाबी नाइट राइडर्स की ओर से खेलते हुए यह उपलब्धि हासिल की। त्रिनिदाद के इस 37 वर्षीय क्रिकेटर ने टॉम एबेल को आउट करके यह उपलब्धि हासिल की। उनकी यह उपलब्धि टी20 प्रारूप में महानतम गेंदबाजों में से एक के रूप में नारायण के दर्जे को और मजबूत करती है। मैच के बाद अबु धाबी नाइट राइडर्स ने सोशल मीडिया पर एक विशेष जर्सी दी जिसमें 600 अंक लिखा था जो उनकी अभूतपूर्व उपलब्धि को दर्शाता है। (अनंत ज्ञान)

# अर्जुन एरिगैसी ने आनंद को हराकर जेरूशलम मास्टर्स का खिताब जीता

**एजेंसी, जेरूशलम**



ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने यहां फाइनल में हमवतन और पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद को हराकर जेरूशलम मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीता। इन दोनों खिलाड़ियों ने शुरुआती रैपिड गेम ड्रॉ किए। इसके बाद एरिगैसी ने पहले ब्लिट्ज टाईब्रेक मैच में सफेद मोहरों से जीत हासिल कर निर्णायक बढ़त हासिल कर ली। 'चेसबेस डॉट कॉम' की रिपोर्ट के अनुसार 22 वर्षीय एरिगैसी दूसरे ब्लिट्ज मुकाबले में भी जीत हासिल करने के करीब पहुंच गए थे, लेकिन आखिर में उन्हें ड्रॉ से संतोष करना पड़ा, लेकिन यह उनके लिए 2.5-1.5 से मुकाबला और खिताब जीतने के लिए पर्याप्त था। एरिगैसी ने बाद में कहा, "यह जीत आसान नहीं थी। मेरे सामने कई चुनौतियां थीं और मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी नहीं कर पाया। इसके बावजूद खिताब हासिल करके मैं बहुत खुश हूं।" उन्होंने आगे कहा, "आज के दोनों मुकाबले (पीटर स्विडलर और फिर आनंद के खिलाफ) काफी तनावपूर्ण रहे। आनंद सर के खिलाफ पहले गेम में हम दोनों ने मौके गंवाए, लेकिन मुझे लगता है कि ब्लिट्ज में मैंने अच्छा प्रदर्शन किया।" इस जीत के साथ एरिगैसी को 55,000 अमेरिकी डॉलर, जबकि आनंद को 35,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिली। (अनंत ज्ञान)

# सुन्नी क्षेत्र में सिल्ट पर होगा सोनार तकनीक से सर्वेक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सुन्नी क्षेत्र में सतलुज नदी में बढ़ते जलस्तर और तेजी से इकट्ठी हो रही सिल्ट को गंभीर चुनौती मानते हुए उपायुक्त अनुपम कश्यप ने सुन्नी में विशेष बैठक की। उन्होंने बताया कि कोलडैम प्रबंधन की ओर से सिल्ट पर सोनार तकनीक के माध्यम से वैज्ञानिक सर्वेक्षण कराया जा रहा है, जो 15 दिसंबर से शुरू होगा और करीब 15 से 20 दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। सर्वेक्षण रिपोर्ट आने के बाद क्षेत्र की सुरक्षा और भविष्य की रणनीति तय की जाएगी। उपायुक्त ने आईटीआई परिसर, विश्राम गृह सुन्नी, गोसदन और आसपास के रिहायशी इलाकों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया, जहां इस वर्ष जलभराव और गाद ने काफी नुकसान पहुंचाया था। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि लोगों की जान और संपत्ति की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि थली पुल की मरम्मत के लिए दस करोड़ रुपये स्वीकृत हो चुके हैं और इसी माह कार्य शुरू किया जाएगा। नया पुल मौजूदा स्तर से तीन मीटर ऊंचा और सस्पेंशन तकनीक पर आधारित होगा, ताकि भविष्य में बढ़ते जलस्तर का सामना किया जा सके। कोल डैम बनने के बाद नदी के तल में बदलाव से चाबा हाइड्रो प्रोजेक्ट, चाबा ब्रिज तथा थली ब्रिज को भारी नुकसान पहुंचा है। केबल चाबा ब्रिज टूटने से वर्ष 2023 में 15 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ, जबकि इस वर्ष थली ब्रिज को भी कई बार क्षति झेलनी पड़ी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सुन्नी क्षेत्र में जमा सिल्ट भवन निर्माण के लिए उपयोगी है और वैज्ञानिक तरीके से इसकी माइनिंग जलस्तर कम करने में सहायक हो सकती है। एनटीपीसी ने माइनिंग के लिए राज्य सरकार को एनओसी देने पर सहमति जताई है।

# रेहड़ी-फड़ी यूनियन का शिमला में विरोध-प्रदर्शन



शिमला डीसी ऑफिस के बाहर नगर निगम प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करते तहबाजारी यूनियन के सदस्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

तहबाजारी यूनियन (सीटू) ने शिमला में नगर निगम प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। डीसी ऑफिस के बाहर दो घंटे तक चले विरोध में प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि निगम कर्मियों ने तहबाजारियों के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की, जिससे एक महिला वेंडर अंजली की बाजू तक टूट गई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सत्यापन और पंजीकरण के नाम पर अनावश्यक दस्तावेज और एफिडेविट मांगे जा रहे हैं, जो सुप्रीम कोर्ट के आदेशों व स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट 2014 का स्पष्ट उल्लंघन है। विरोध जताते हुए तहबाजारी संयुक्त आयुक्त कार्यालय और फिर पुलिस अधीक्षक कार्यालय भी पहुंचे, जहां डीएसपी डॉ. अमित ठाकुर से मुलाकात कर दोषियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई। यूनियन नेताओं ने कहा कि पिछले छह महीनों से शिमला में तयबजारियों को कई इलाकों से हटाया जा रहा है, जबकि उन्हें वैकल्पिक स्थान उपलब्ध नहीं कराया जा रहा, जो कानूनन गलत है। यूनियन नेताओं विजेंद्र मेहरा, अमित कुमार, बालक राम, विवेक कश्यप, दर्शन लाल और शब्बू आलम ने कहा कि नगर निकाय प्रशासन वर्षों से स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट का पालन नहीं कर रहा है। सैकड़ों तयबजारी आज भी प्रमाण पत्र से वंचित हैं और टीवीसी की बैठकें महीनों से आयोजित नहीं हो रहीं। अगर बेदखली और मनमानी बंद न हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# जिंदगी को चुनो, नशे को नहीं : एडीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** एंटी चिट्टा अभियान के तहत पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बसंतपुर में गुरुवार को एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) पंकज शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बच्चों से भावपूर्ण संवाद करते हुए बताया कि चिट्टा और अन्य नशे की लत न केवल शरीर और दिमाग को बर्बाद करती है बल्कि सपनों और भविष्य को भी अंधकार में धकेल देती है। उन्होंने बच्चों को समझाया कि सच्चे दोस्त वही होते हैं जो गलत रास्ते से दूर ले जाकर सही दिशा दिखाएं। एडीएम पंकज शर्मा ने बच्चों से आह्वान किया कि यदि कहीं किसी संदिग्ध गतिविधि या नशे से जुड़े व्यवहार की जानकारी मिले तो तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षकों या पुलिस को बताएं। उन्होंने कहा कि खेल, व्यायाम और अच्छे शौक युवाओं को नशे से दूर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी बच्चे को लगे कि वह गलत राह पर जा रहा है, तो बिना झिझक परिवार या शिक्षकों से सलाह लेनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को नशे से दूर रहने और समाज को भी नशामुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई।

### लवी मेले में 8 दिसंबर तक अस्थायी ढांचे हटाने के आदेश

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** अंतरराष्ट्रीय लवी मेला 2025 की अवधि को 7 दिसंबर तक बढ़ाने के उपरांत उपमंडलाधिकारी (ना.) हर्ष अमरेंद्र सिंह ने 8 दिसंबर से मेला मैदान को पूर्णतः खाली कराने के सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी अस्थायी स्टॉल, दुकानें, झूले, कैनोपी और अन्य ढांचों को समय पर हटाना अनिवार्य होगा, जिसकी जिम्मेदारी नगर परिषद को सौंपी गई है। राष्ट्रीय उच्चमार्ग-05 पर एचपीपीसीएल के भारी वाहनों की आवाजाही को देखते हुए 6 दिसंबर तक हाईवे किनारे लगी टिन शीटों और अवरोधकों को हटाना जरूरी है। मेला समाप्ति के बाद सफाई एवं पुनर्स्थापन कार्य सुचारु रूप से हो सके, इसके लिए पुलिस, तहसील और नगर परिषद को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### राष्ट्रीय कुडो प्रतियोगिता में सृष्टि ने जीते तीन कांस्य

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** स्प्रिंग डेल स्कूल खनेरी की प्रतिभाशाली छात्रा सृष्टि वर्मा ने सूरत, गुजरात के इंडोर स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय कुडो प्रतियोगिता में अंडर-13 आयु वर्ग में तीन कांस्य पदक जीतकर हिमाचल का नाम रोशन किया है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद उनका चयन अंतरराष्ट्रीय ट्रायल के लिए किया गया है, जहां से उन्हें विश्व चैंपियनशिप या अन्य अंतरराष्ट्रीय



मुकाबलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिल सकता है। सृष्टि की इस उपलब्धि पर उनके कोच पवन वर्मा और स्कूल प्रधानाचार्य मनीष आनंद ने गर्व व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### धर्मशाला लाठीचार्ज के विरोध में एबीवीपी का धरना

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रामपुर महाविद्यालय इकाई ने धर्मशाला में विधानसभा घेराव के दौरान एबीवीपी कार्यकर्ताओं पर हुए लाठीचार्ज और दुर्व्यवहार के विरोध में वीरवार को रामपुर में उग्र धरना-प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता बड़ी संख्या में महाविद्यालय परिसर में एकजुट हुए और प्रदेश सरकार व पुलिस प्रशासन के खिलाफ कड़ा रोष व्यक्त किया। इकाई अध्यक्ष आदित्य धीमान ने सरकार पर छात्र विरोधी रुख अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि शांतिपूर्ण आंदोलन पर लाठियां बरसाना लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या है। उन्होंने चेतावनी दी कि दोषी पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई और छात्रों की मांगों पर तुरंत समाधान न हुआ तो एबीवीपी प्रदेशव्यापी उग्र आंदोलन छेड़ेगी।

### फेसबुक दोस्ती में युवती से शोषण का किया भंडाफोड़

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** शिमला की 18 वर्षीय युवती ने पुलिस थाना रामपुर में एक चौंकाने वाली शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि करीब तीन से चार वर्ष पहले फेसबुक के जरिए जुब्बल क्षेत्र के राहुल पुत्र शोभा राम से उसकी जान-पहचान हुई थी। चैटिंग और मोबाइल पर बातचीत बढ़ने के बाद अप्रैल 2025 में जब वह रामपुर में राहुल से मिली, तो उसने दबाव बनाकर उसे अपने घर ले गया और वहां उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद युवती गर्भवती हो गई और राहुल द्वारा मानसिक उत्पीड़न शुरू हो गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### कोटखाई अग्निकांड पर कांग्रेस अध्यक्ष ने जताया दुख

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने शिमला जिले की कोटखाई तहसील के बड़ेवी गांव में हुए भीषण अग्निकांड पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना जताई और जिला प्रशासन से उन्हें हरसंभव सहायता एवं राहत प्रदान करने का आग्रह किया। विनय ने प्रदेशवासियों से सर्दियों में आग से सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में लकड़ी के घरों में आग तेजी से फैलती है, इसलिए अग्नि सुरक्षा उपकरण लगाना और सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है।

## धर्म

## 6 दिसंबर तक चलेगा शांत महायज्ञ, 20 देवता ले रहे भाग

# शिक्षा मंत्री ने की नागेश्वर देवता से क्षेत्र की उन्नति की कामना

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** जुब्बल उपमंडल के झड़ग क्षेत्र में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शांत महायज्ञ में विधिवत शिरकत की। तीन दिवसीय यह महायज्ञ 4 से 6 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। नागेश्वर देवता की उपस्थिति और बुशहर क्षेत्र के लगभग 20 देवताओं की परंपरागत भागीदारी ने इस आयोजन को और भी ऐतिहासिक बना दिया है। शिक्षा मंत्री ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि झड़ग क्षेत्र से उनका वर्षों पुराना पारिवारिक और भावनात्मक संबंध है। उन्होंने बताया कि नागेश्वर देवता न केवल बुशहर क्षेत्र बल्कि पूरे जुब्बल क्षेत्र के भी आराध्य देव हैं। इस महायज्ञ ने लोगों को उनकी जड़ों, संस्कारों और प्राचीन देव परंपरा से दोबारा जोड़ने का अवसर



शांत महायज्ञ में श्रद्धालुओं को संबोधित करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

प्रदान किया है। रोहित ठाकुर ने देवता नागेश्वर का आशीर्वाद प्राप्त करने पर स्वयं को सौभाग्यशाली बताया और क्षेत्र की समृद्धि, शांति और उन्नति की कामना की। उन्होंने कहा कि महायज्ञ के सुचारू संचालन के लिए प्रशासन ने चाक-चौबंद व्यवस्था की है। पुलिस, अग्निशमन, जल शक्ति, विद्युत तथा अन्य सभी विभागों की टीम स्थल पर मुस्तैदी से डटी हैं। इसके अतिरिक्त जुब्बल और रोहड़ू से विशेष बस सेवाओं का प्रबंध, ट्रैफिक प्लान और भीड़ प्रबंधन की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने एसडीएम सहित सभी विभागीय अधिकारियों और अभियंताओं का विशेष आभार जताया, जिन्होंने रात-दिन मेहनत कर जनता को सुविधाओं को सुनिश्चित किया।

### उठाऊ जलापूर्ति योजना का किया निरीक्षण

**महायज्ञ** में भाग लेने के बाद शिक्षा मंत्री ने पब्बर नदी से जुब्बल-कोटखाई क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों को जल उपलब्ध कराने के लिए प्रस्तावित उठाऊ जलापूर्ति योजना का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य में और तेजी लाई जाए, ताकि क्षेत्र की पेयजल समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर पूर्व मंडलाध्यक्ष मोती लाल डेरटा, पूर्व जिला परिषद सदस्य मोती लाल सिरटा, हिमफेड के निदेशक भीम सिंह झोटा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# बरागटा ने शांत महायज्ञ में नागेश्वर महाराज के मंदिर में की पूजा-अर्चना



चेतन बरागटा देवता नागेश्वर महाराज के दरबार में माथा टेकते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जुब्बल तहसील के झड़ग में 54 वर्षों बाद आयोजित किए जा रहे तीन दिवसीय शांत महायज्ञ की शुरुआत गुरुवार को धार्मिक श्रद्धा के साथ हुई। भाजपा नेता चेतन बरागटा ने महायज्ञ स्थल पर पहुंचकर नागेश्वर जी महाराज के मंदिर में पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए आशीर्वाद लिया। आयोजन समिति के अनुसार महायज्ञ में हजारों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, जबकि बुशहर क्षेत्र के करीब 20 देवी-देवताओं को भी समारोह में आमंत्रित किया गया है। स्थानीय मान्यता है कि नागेश्वर जी महाराज की कृपा से क्षेत्र में शांति और खुशहाली बनी रहती है।